| **व्याज-स्तुति** | स्त्री. | 1. ऐसी स्तुति जो व्याज या किसी बहाने से की जाए और ऊपर से देखने में स्तुति न जान पड़े फिर भी उसकी स्तुति ही हो; | ವ್ಯಾಜಸ್ತುತಿ | व्याजस्तुति | indirect eulogy, ironical praise or commendation; |
| | | 2. साहित्य में एक अलंकार जो उस समय माना जाता है जब कोई कथन अभिधा शक्ति की दृष्टि से निंदासूचक होता है परन्तु जिसका वाक्यार्थ वस्तुत: स्तुतिपरक होता है । | | | a figure of speech resembling the English 'Irony' wherein praise is implied by apparent censure. |
| **व्याघ** | पुं. | 1. बहेलिया, चिड़ीमार; | ಬೇಟೆಗಾರ; | बेटेगार; | a hunter, a fowler; |
| | | 2. प्राचीन भारत में शिकार द्वारा जीविका उपार्जित करने वाली एक जाति । | ಬೇಡರ ಜಾತಿ | बेडर जाति | a caste in ancient India living on hunting. |
| **व्याधि** | स्त्री. | 1. किसी प्रकार का शारीरिक कष्ट; 2. रोग, बीमारी । | ವ್ಯಾಧಿ | व्याधि | any type of bodily pain; disease, illness. |
| **व्यापक** | वि. | 1. चारों ओर फैला हुआ, समाया हुआ; | ಹರಡಿದ; | हरडिद; | pervading; |
| | | 2. विस्तृत | ವಿಶಾಲವಾದ; | विशालवाद; | widespread, extensive; |
| | | 3. जिसके कार्यक्षेत्र में या पेटे में बहुत-सी बातें आती हों, बृहद । | ದೊಡ್ಡದಾದ | दोड्डदाद | comprehensive. |
| **व्यापार** | पुं. | 1. कार्य, आचरण, प्रयोग आदि के रूप में की जाने वाली कोई बात, किया जानेवाला या किया हुआ कोई काम; | ಕಾರ್ಯ | कार्य; | action, performance; |
| | | 2. क्रियात्मक रूप धारण करने का भाव, काम करना; | ಕಾರ್ಯ ಆರಂಭ; | कार्य आरंभ; | operation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. वह जो आचरण, व्यवहार, प्रयोग आदि के रूप में किया जाए; | ವ್ಯವಹಾರ; | व्यवहार; | conduct; |
| | | 4. रोजगार । | ಜೀವಿಕೋಪಾರ್ಜನೆ | जीविकोपार्जन | trade, business. |
| व्यापारिक | वि. | व्यापार या रोजगार से संबंधित, व्यापार या रोजगार का । | ವ್ಯಾಪಾರ ಸಂಬಂಧವಾದ, ಜೀವನ ನಿರ್ವಹಣದ | व्यापार संबंधवाद, जीवन निर्वहणद | pertaining to a trade or business, mercantile. |
| व्यापारी | पुं. | व्यापार या रोजगार करनेवाला व्यक्ति । | ವ್ಯಾಪಾರಿ | व्यापारि | businessman, trader, merchant. |
| व्यापी | वि. | 1. व्याप्त होनेवाला; | ವ್ಯಾಪಿಸಿದ; | व्यापिसिद; | all pervading; |
| | | 2. सर्वत्र फैलने वाला या फैला हुआ; | ಹರಡಿದ; | हरडिद; | spreading, widespread; |
| | | 3. आच्छादक । | ಒಳಗೊಂಡ | ओळगोंड | comprehensive, covered. |
| व्याप्त | वि. | 1. जो किसी के अंदर पूरी तरह से फैला या समाया हुआ हो; | ವ್ಯಾಪ್ತ | व्याप्त | pervaded; |
| | | 2. जिसमें कुछ फैला या समाया हुआ हो; | | | permeated, extended, spread through; |
| | | 3. सब ओर से घिरा या ढका हुआ । | | | covered, comprehended. |
| व्याप्ति | स्त्री. | 1. किसी वस्तु या स्थान के सब अंगों या भागों में फैले हुए या व्याप्त होने की अवस्था, क्रिया या भाव; | ವ್ಯಾಪ್ತಿ | व्याप्ति | pervasion; |
| | | 2. साधारणतः सभी अवस्थाओं में व्याप्त होने का भाव; | | | generality, universality; |
| | | 3. न्यायशास्त्र में किसी कथन, तत्व, विषय आदि में दूसरे कथन, विषय, तत्व आदि का मिला या फैला हुआ होना (उदा. – अतिव्याप्ति, अव्याप्ति); | | | omnipresence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. स्थिर सहवर्तिता (न्याय-शास्त्र); | | | invariable concomitance; |
| | | 5. फैलाव, विस्तार । | | | extension. |
| व्यामोह | पुं. | 1. ऐसी मानसिक अवस्था जिसमें घबराहट के कारण मनुष्य अपना कर्तव्य स्थिर करने में असमर्थ हो, सम्भ्रम, किंकर्तव्यविमूढ़ता; | ವ್ಯಾಮೋಹ | व्यामोह | mental confusion, bewilderment; |
| | | 2. भ्रम, भ्रांति; | | | illusion; |
| | | 3. विशेषरूप से होनेवाला मोह, अज्ञान । | | | foolishness. |
| व्यायाम | पुं. | 1. कोई ऐसी क्रिया या व्यापार जिसमें शरीर अथवा उसके किसी एक या अनेक अंगों को किसी असामान्य स्थिति में अथवा विभिन्न स्थितियों में इस उद्देश्य से लगाया जाता है जिससे शरीर पुष्ट हो तथा रक्त संचार ठीक प्रकार से होता हो, कसरत; | ವ್ಯಾಯಾಮ | व्यायाम | physical exercise, exercise, gymnastics; |
| | | 2. परिश्रम । | | | labour. |
| व्यावसायिक | वि. | व्यवसाय से, पेशे से संबंधित । | ವ್ಯವಸಾಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | व्यवसायगळिगॆ संबंधिसिद | professional, vocational. |
| व्यावहारिक | वि. | 1. (व्यक्ति) जो व्यवहारशील हो, उपयुक्त व्यवहार करनेवाला, व्यवहार-कुशल; | ವ್ಯವಹಾರ ತಿಳಿದ; | व्यवहार तिळिद; | a practical man; |
| | | 2. जिसे व्यवहार में लाया जा सकता हो, प्रायोगिक; | ಪ್ರಯೋಗ ಸಂಬಂಧವಾದ; | प्रयोग संबंधवाद; | practical, experimental; |
| | | 3. जो व्यवहार में आ सकता हो, उपयोगी | ಉಪಯೋಗಿಯಾಗಬಲ್ಲ | उपयोगि-याग बल्ल | customary, useful. |
| व्यास | पुं. | 1. किसी वृत्त की वह रेखा जो उसके केन्द्र से होकर एक सिरे से दूसरे सिरे तक सीधी जाती हो; | ವ್ಯಾಸ | व्यास | diameter; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. फैलाव, प्रसार, विस्तार; | | | diffusion, calibre; |
| | | 3. पराशर के पुत्र कृष्ण द्वैपायन जिन्होंने महाभारत की रचना की थी । | | | a celebrated ancient Indian sage and savant who wrote Mahabharat. |
| व्युत्पत्ति | स्त्री. | 1. किसी शब्द का वह मूल रूप जिससे निकल या बिगड़ कर उसका प्रस्तुत रूप बना हो; | ವ್ಯುತ್ಪತ್ತಿ | व्युत्पत्ति | derivation (Spe. of words from roots etc.); |
| | | 2. व्याकरण, कोश आदि में किसी शब्द की मौलिक रचना आदि का विवरण; | | | etymology (of words); |
| | | 3. किसी चीज का मूल उद्गम या उत्पत्ति का स्थान; | | | origin; |
| | | 4. किसी विज्ञान या शास्त्र का अच्छा ज्ञान, बहुज्ञता । | | | perfect proficiency, scholarship. |
| व्युत्पन्न | वि. | 1. (शब्द) जो किसी अन्य मूल शब्द से निकलकर या बिगड़कर बना हो, व्युत्पादित; | ಮೂಲಶಬ್ದದಿಂದ ಉತ್ಪನ್ನವಾದ; | मूलशब्ददिंद उत्पन्नवाद; | formed by derivation, originated; |
| | | 2. (शब्द) जिसकी व्युत्पत्ति-ज्ञात हो; | ತಿಳಿದ ಉತ್ಪತ್ತಿ ಮೂಲದ; | तिळिद उत्पत्ति मूलद; | explained etymologically; |
| | | 3. विद्वान्, पंडित । | ಪಂಡಿತನಾದ | पंडितनाद | learned, quite conversant (with), thoroughly proficient (in). |
| व्यूह | पुं. | युद्ध में सुदृढ़ रक्षा पंक्ति बनाने के उद्देश्य से सैनिकों को किसी विशेष क्रम से खड़ा करना । | ಯುದ್ಧಕ್ಷೇತ್ರದಲ್ಲಿ ರಕ್ಷಾದಳ ಸೈನಿಕರ ವಿಶೇಷ ಸ್ಥಿತಿಯ ಸನ್ನದ್ಧತೆ, ವ್ಯೂಹ | युद्धदल्लि रक्षादळद सैनिकर विशेष स्थितिय सन्नद्धते, व्यूह | military array. |
| व्योम | पुं. | आकाश, अंतरिक्ष, आसमान । | ಆಕಾಶ, ಅಂತರಿಕ್ಷ | आकाश, अंतरिक्ष | sky, heaven, ether, space; |
| व्रण | पुं. | 1. किसी प्रकार के प्राकृतिक विकार से होनेवाला घाव, फोड़ा; | ಹುಣ್ಣು; | हुण्णु; | wound, sore, boil; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. घाव, क्षत । | ಪೆಟ್ಟಿನಿಂದಾದ ಗಾಯ | पॆट्टिनिंदाद गाय | ulcer, bruise. |
| व्रत | पुं. | 1. धार्मिक या नैतिक पवित्रता के निमित्त किया जाने वाला दृढ़ निश्चय या संकल्प; | ವ್ರತ | व्रत | a vow, resolve; |
| | | 2. पुण्य-प्राप्ति या धार्मिक अनुष्ठान के लिए किया जानेवाला उपवास । | | | fast. |
| व्रती | वि., पुं. | 1. जिसने किसी प्रकार का व्रत धारण किया हो, व्रत धारण करनेवाला, दृढ़ निश्चय या संकल्प करनेवाला; | ದೃಢಸಂಕಲ್ಪ ಮಾಡಿದವ; | दृढसंकल्प माडिदव; | engaged in observance of the religious obligations or vows; |
| | | 2. उपवास करने वाला । | ನಿರಾಹಾರಿ | निराहारि | one who fasts. |
| व्रीड़ा | स्त्री. | लज्जा, शरम । | ನಾಚಿಕೆ, ಲಜ್ಜೆ | नाचिकॆ, लज्जॆ | shame, modesty, bashfulness. |
| शंका | स्त्री. | 1. संशय, संदेश; | ಸಂದೇಹ; | संदेह; | doubt, uncertainty; |
| | | 2. भय, आशंका, अंदेशा, खटका; | ಭಯ ; | भय; | fear, apprehension,dread, alarm; |
| | | 3. शक, शुबहा । | ಅನುಮಾನ | अनुमान | suspicion, distrust, misgiving. |
| शंकालु | वि. | शंकायुक्त, जिसे शंका हो । | ಸಂದೇಹ ಸ್ವಭಾವದ | संदेह स्वभावद | suspicious, distrustful, doubting. |
| शंकित | वि. | 1. शंकायुक्त; | ಸಂದೇಹಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | संदेहिसल्पट्ट; | suspicious, suspecting, distrustful, filled with doubt; |
| | | 2. डरा हुआ, भीत । | ಭಯಭೀತ | भयभीत | alarmed, frightened, apprehensive. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शंकु** | पुं. | कोई ऐसा घन पदार्थ जिसका नीचे वाला भाग तो गोलाकार हो, मध्य भाग क्रमश: पतला होता गया हो और ऊपरी सिरा बिल्कुल नुकीला हो । | ಶಂಕು | शंकु | cone. |
| **शंख** | पुं. | 1. समुद्र में पैदा होनेवाले एक जंतु का खोल जो पत्थर की तरह कड़ा और सफेद होता है; | ಶಂಖ | शंख | the conch-shell, a shell; |
| | | 2. दस लाख करोड़ की संख्या; | | | a number equal to 10,00,000 crores or a thousand billion; |
| | | 3. युद्ध का नगाड़ा । | | | military drum or other musical instrument. |
| **शऊर** | पुं. | 1. कोई बात या काम करने का ढंग, तरीका, सलीका, तमीज; | ಶೀಲ; | शील; | mannerliness, manners, decency, etiquette; |
| | | 2. समझ, समझदारी, बुद्धि, लियाकत । | ತಿಳಿವಳಿಕೆ | तिळिवळिके | sense, sensibility, discretion, discernment. |
| **शक** | पुं. | संदेह, संशय, शुबहा । | ಸಂದೇಹ | संदेह | doubt, suspicion. |
| **शकर (शक्कर)** | पुं. | घी चीनी, शर्करा । | ಸಕ್ಕರೆ | सक्करे | sugar. |
| **शकरकंद** | पुं. | मोटी मूली की शक्ल का एक कंद जो काफी मीठा होता है और जिसे उबालकर या भूनकर खाते हैं । | ಗೆಣಸು | गॆणसु | the sweet potato. |
| **शकरपारा** | पुं. | एक तरह का मीठा (या नमकीन) पकवान । | (ಸಿಹಿ ಅಥವಾ ಖಾರ) ಶಂಕರಪೋಳಿ (ತಿನಿಸು) | (सिहि अथवा कार) शंकरपोळि (तिनिसु) | a kind of sweet (or saltish) preparation of fried flour. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शकुन (सगुन)** | पुं. | 1. विशिष्ट पशु, पक्षी, व्यक्ति, वस्तु, व्यापार आदि के देखने-सुनने, होने आदि से मिलनेवाली शुभ-अशुभ की पूर्व-सूचना; | ಶಕುನ | शकुन | an omen; |
| | | 2. शुभ अवसर पर गाये जाने-वाले गीत; | | | a kind of song (sung at festivals); |
| | | 3. पक्षी । | | | a bird (in general). |
| **शक्की** | वि. | हर बात को संदेह की दृष्टि से देखनेवाला, शंकाशील, संदेहशील । | ಸಂದೇಹ ಸ್ವಭಾವದ | संदेह स्वभावद | sceptical, suspicious. |
| **शक्ति** | स्त्री. | 1. बल, सामर्थ्य; | ಶಕ್ತಿ | शक्ति | strength, power, force; |
| | | 2. क्षमता, योग्यता; | | | ability, competency, capacity, energy, potency; |
| | | 3. वश; | | | control; |
| | | 4. प्रभाव; | | | influence, effect; |
| | | 5. साधन; | | | means, resources; |
| | | 6. साधन और शक्ति संपन्न राष्ट्र या राज्य; | | | powerful and resourceful nation or country; |
| | | 7. दुर्गा; | | | name of the goddess personifying divine power, the goddess Durga; |
| | | 8. गुण । | | | quality. |
| **शक्तिमान्** | वि. | बलवान्, बलिष्ठ, ताकतवर । | ಶಕ್ತಿವಂತ | शक्तिवंत | strong, powerful, mighty, forceful. |
| **शक्तिशाली** | वि. | शक्तिसंपन्न, बलवान्, शक्तिमान् । | ಶಕ್ತಿಶಾಲಿ | शक्तिशालि | powerful, strong, mighty, forceful. |
| **शक्तिहीन** | वि. | निर्बल, सामर्थ्यरहित । | ಶಕ್ತಿಹೀನ | शक्तिहीन | powerless, weak, impotent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शक्य | वि. | होने योग्य, साध्य, संभव । | ಸಾಧ್ಯ | साध्य | possible, feasible, practicable, capable of being done or effected. |
| शक्ल | स्त्री. | 1. रूप, आकृति; | ಆಕಾರ; | आकार; | shape, form, figure; |
| | | 2. चेहरा; | ಮುಖ; | मुख; | appearance, countenance, looks; |
| | | 3. रेखागणित की कोई आकृति । | ರೇಖಾಗಣಿತದ ಆಕೃತಿ | रेखागणितद आकृति | (in Geom.) a diagram, figure. |
| शठ | वि. | 1. दुष्ट; | ದುಷ್ಟ; | दुष्ट; | wicked, crafty, dishonest, cunning, rogue; |
| | | 2. धोखेबाज । | ಮೋಸಗಾರ | मोसगार | deceitful, fraudulent, cheat, swindler. |
| शठता | स्त्री. | शठ का भाव, कर्म या धर्म, दुष्ट उद्देश्य से किया जानेवाला कोई काम, दुष्टता । | ದುಷ್ಟತನ | दुष्टतन | wickedness, cunningness, roguery, deceitfulness, knavery, craftiness, perfidiousness. |
| शत | वि. | सौ । | ನೂರು | नूरु | a hundred. |
| | पुं. | सौ का सूचक अंक । | ನೂರರ ಸಂಖ್ಯೆ | नूरर संख्ये | the number one hundred. |
| शतक | पुं. | 1. प्राय: एक ही प्रकार या एक ही व्यक्ति की सौ वस्तुओं, रचनाओं आदि का संग्रह; | ನೂರು ಪದ್ಯಗಳ ಅಥವಾ ನೂರು ವಸ್ತುಗಳ ಸಂಗ್ರಹ; | नूरु पद्यगळ अथवा नूरुवस्तुगळ संग्रह; | a collection of one hundred stanzas, containing a hundred; |
| | | 2. शती, शताब्दी । | ಶತಾಬ್ದಿ | शताब्दि | a century. |
| शतदल | पुं. | कमल (पुष्प) । | ಕಮಲದ ಹೂ | कमलद हू | a lotus flower. |
| शतधा | अव्य. | सैकड़ों प्रकार से । | ನೂರಾರು ರೀತಿಗಳಲ್ಲಿ | नूरारु रीतिगळल्लि | in a hundred ways. |
| | वि. | 1. सौ गुना; | ನೂರರಷ್ಟು; | नूररष्टु; | hundred-fold; |
| | | 2. सौ तरह का । | ನೂರಾರು ರೀತಿಗಳ | नूरारु रीतिगळ | of hundred kinds. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शतरंज** | स्त्री., पुं. | एक प्रकार का प्रसिद्ध खेल जो चौंसठ खानों की बिसात पर छत्तीस गोटियों से खेला जाता है । | ಚದುರಂಗ (ಆಟ) | चदुरंग (आट) | the game of chess. |
| **शतरंजी** | स्त्री. | 1. शतरंज खेलने की बिसात; 2. रंग-बिरंगे (खानों वाली दरी या चादर) । | ಚದುರಂಗದ ಹಾಸು; ಬಣ್ಣ-ಬಣ್ಣಗಳ ರತ್ನ ಕಂಬಳಿ | चदुरंगद हासु; बण्ण-बण्णगळ रत्न कंबळि | chess-board; a bed-cover with chess-board design printed over it. |
| | पुं. | शतरंज खेलने वाला । | ಚದುರಂಗದಾಟಗಾರ | चदुरंगदाटगार | a chess-player. |
| **शतशः** | क्रि. वि. | सैकड़ों प्रकार से, बहुत प्रकार से । | ನೂರಾರು ರೀತಿಗಳಲ್ಲಿ | नूरारु रीतिगळल्लि | in a hundred ways, variously. |
| **शतांश** | पुं. | सौवां हिस्सा । | ನೂರರಲ್ಲಿ ಒಂದು ಭಾಗ | नूररल्लि ऒंदु भाग | a hundredth part. |
| **शताब्दी** | स्त्री. | 1. सौ वर्षों की अवधि, शती, सदी; 2. वह जो सौ वर्षों के उपरांत हो । | ಶತಾಬ್ದಿ | शताब्दि | a century, span of hundred years; centenary. |
| **शतायु** | वि. | सौ वर्षों की आयुवाला । | ನೂರು ವರ್ಷ ತುಂಬಿದ ವಯಸ್ಸಿನ | नूरु वर्ष तुंबिद वयस्सिन | hundred years of age, a centenarian. |
| **शती** | स्त्री. | 1. सौ का संग्रह या समूह; | ನೂರರ ಸಂಗ್ರಹ; | नूरर संग्रह; | a collection of hundred, containing a hundred; |
| | | 2. शताब्दी, शती । | ಶತಾಬ್ದಿ | शताब्दि | century. |
| **शत्रु** | पुं. | 1. वैरी, दुश्मन, अहित चाहनेवाला; | ಹಗೆ; | हगें; | an enemy, adversary, foe; |
| | | 2. अपकारी । | ಅಪಕಾರಕ ವ್ಯಕ್ತಿ | अपकारक व्यक्ति | malefactor. |
| **शत्रुता** | स्त्री. | द्वेषभाव से उत्पन्न वह मनोभावना जिससे किसी को कष्ट या हानि पहुंचाने की प्रवृत्ति होती है, वैर, दुश्मनी । | ಹಗೆತನ | हगेंतन | enmity, hostility, animosity. |
| **शनाख्त (शिनाख्त)** | स्त्री. | ठीक-ठाक और पूरी-पूरी पहचान । | ಗುರುತಿಸುವುದು | गुरुतिसुवुदु | identificatio.. |
| **शनि** | पुं. | 1. नौ ग्रहों में से सातवां ग्रह, शनैश्चर; | ಶನಿ | शनि | the planet Saturn; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 2. शनिवार । | | | Saturday. |
| शनिवार | पुं. | शुक्रवार के बाद का दिन । | ಶನಿವಾರ | शनिवार | Saturday. |
| शनैः शनैः | क्रि. वि. | 1. धीरे-धीरे, मंदगति से; | ಸಾವಧಾನವಾಗಿ; | सावधानवागि; | slowly, by slow degrees; |
| | | 2. क्रमशः । | ಕ್ರಮಶಃ | क्रमशः | taking place by degrees, gradually, in order. |
| शपथ | स्त्री. | अंतःकरण, ईश्वर, किसी पूजा या प्रिय वस्तु को साक्षी रखकर किया गया कथन, सौगंध, कसम । | ಶಪಥ | शपथ | an oath, swearing. |
| शपथ-ग्रहण | पुं. | ईश्वर, अंतःकरण, पूज्य या प्रिय वस्तु को साक्षी रखकर कोई कथन करना, कसम खाना, सौगंध खाना । | ಶಪಥಗ್ರಹಣ | शपथग्रहण | taking an oath, swearing. |
| शपथपत्र | पुं. | ईश्वर या अंतःकरण को साक्षी रखकर लिखा जानेवाला वह पत्र जो न्यायालय में या किसी वरिष्ठ अधिकारी के सामने यह सूचित करने के लिए उपस्थित किया जाता है कि मेरा अमुक कथन या प्रस्थापन बिलकुल ठीक है, हलफनामा । | ಪ್ರತಿಜ್ಞಾ ಪತ್ರ | प्रतिज्ञा पत्र | an affidavit, a statement on oath. |
| शब्द | पुं. | 1. आकाश में किसी भी प्रकार से उत्पन्न क्षोभ जो वायु-तरंग द्वारा कानों में पहुंचकर सुनाई पड़े, ध्वनि, आवाज; | ಶಬ್ದ | शब्द | sound, note, noise, the sound of a musical instrument; |
| | | 2. निर्विभक्तिक नाम जो वर्णसमूह द्वारा निर्मित और सार्थक हो; | | | a word, significant word, terms; |
| | | 3. आप्तवचन । | | | verbal authority. |
| शब्दकोश | पुं. | वह ग्रंथ जिसमें शब्दों के सम्यक् वर्ण-विन्यास, अर्थ, प्रयोग, पर्याय आदि हों, अभिधान । | ಶಬ್ದಕೋಶ | शब्दकोश | a lexicon, dictionary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शब्दचित्र** | पु. | चुने हुए शब्दों में किसी घटना या बात का किया जानेवाला सजीव वर्णन । | ಘಟನೆಯ ಸಜೀವ ವರ್ಣನೆ | घटनॆय सजीव वर्णनॆ | a word sketch. |
| **शब्दभेद** | पु. | व्याकरण में अपने कार्य, स्थिति, संबंध आदि के आधार पर किया गया शब्दों का वह विभाजन जिससे निश्चय होता है कि कोई शब्द संज्ञा है या सर्वनाम, क्रिया या अव्यय इत्यादि । | ಶಬ್ದಭೇದ | शब्दभेद | part of speech. |
| **शब्दवेध** | पुं. | किसी ऐसे लक्ष्य पर तीर चलाना जो देखा तो न गया हो परन्तु जिससे या जिसका होता हुआ शब्द सुना गया हो । | ಕಾಣದ ಧ್ವನಿಮಾತ್ರ ಕೇಳಿಬರುತ್ತಿರುವ ವಸ್ತುವನ್ನು ಧ್ವನಿಯ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಗುರಿಯಿಟ್ಟು ಹೊಡೆಯುವಿಕೆ | काणदॆ ध्वनिमात्र केळिबरुत्तिरुव वस्तुवन्नु ध्वनिय आधारद मेलॆ गुरियिट्टु हॊडॆयुविकॆ | the act of shooting at or hitting an invisible mark or object, the sound of which is only heard, hitting at the sound. |
| **शब्दवेधी** | पुं. | वह व्यक्ति जो बिना लक्षित किए ऐसे लक्ष्य का वेधन करता हो जहां से कुछ शब्द हुआ हो । | ವಸ್ತುವನ್ನು ನೋಡದೆ ಶಬ್ದ ಮಾತ್ರವನ್ನನುಸರಿಸಿ ಗುರಿಯಿಟ್ಟು ಹೊಡೆಯುವ ಗುರಿಕಾರ | वस्तुवन्नु नोडदॆ शब्द मात्रवन्ननु सरिसि गुरियिट्टु हॊडॆयुव गुरिकार | hitting an invisible mark or object, the sound of which is only heard. |
| | वि. | शब्द सुनकर लक्ष्य का वेध करनेवाला । | ಶಬ್ದವನ್ನು ಕೇಳಿಯೇ ಗುರಿಯಿಡುವಂತಹ | शब्दवन्नु केळिये गुरियिडुवंतह | a man who can pierce an invisible object,the sound of which is only heard. |
| **शब्दशः** | क्रि. वि. | 1. जैसे शब्द हैं वैसे; | ಇದ್ದದ್ದು ಇದ್ದಂತೆ; | इद्ददद्दु इद्दंतॆ; | verbatim; |
| | | 2. एक-एक शब्द करके, प्रत्येक शब्द का ठीक-ठीक अनुसरण करते हुए । | ಪ್ರತಿ ಶಬ್ದವನ್ನೂ ಅನುಸರಿಸಿ | प्रति शब्दवन्नू अनुसरिसि | word for word. |
| **शब्दाडंबर** | पुं. | 1. साधारण बात कहने के लिए बड़े-बड़े शब्दों और जटिल वाक्यों का प्रयोग, शब्दजाल; | ಶಬ್ದಾಡಂಬರ | शब्दाडंबर | bombast, verbosity, high sounding or grandiloquent word, verbiage; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त प्रकार की चमत्कार-रहित उक्ति । | | | a bombastic statement (lacking any miracle or charm). |
| **शब्दानुशासन** | पुं. | व्याकरण । | ಶಬ್ದಾನುಶಾಸನ | शब्दानुशासन | the science of words i.e. grammar. |
| **शब्दार्थ** | पुं. | शब्द का अर्थ । | ಶಬ್ದಾರ್ಥ | शब्दार्थ | the sense or meaning of a word. |
| **शब्दावली** | स्त्री. | 1. किसी कथन, रचना या भाषा में प्रयुक्त होनेवाले शब्दों का समूह; | ಶಬ್ದ ಸಮೂಹ; | शब्द समूह; | vocabulary; |
| | | 2. किसी वाक्य आदि के शब्दों का प्रकार तथा क्रम; | ವಾಕ್ಯದಲ್ಲಿನ ಶಬ್ದ ಕ್ರಮ; | वाक्यदल्लिन शब्दक्रम; | the words used and their order followed in a sentence etc.; |
| | | 3. किसी विषय में प्रयुक्त होनेवाले पारिभाषिक शब्दों की सूची, विशेषत: ऐसी जो अक्षरक्रम से लगी हो और जिसके साथ उसके पर्याय या व्याख्याएं दी गई हों, शब्दसंग्रह । | ಶಬ್ದ ಸೂಚಿ | शब्द सूचि | terminology, glossary. |
| **शम** | पुं. | 1. शांति; | ಶಾಂತಿ; | शांति; | quiet, tranquility, calmness; |
| | | 2. अंत:करण और मन का संयम । | ಸಂಯಮ | संयम | absence or restraint of passions, mental quietness, quietism. |
| **शमन** | पुं. | 1. शांत करना; | ಶಾಂತಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | शांतगॊळिसुविकॆ; | appeasing, allaying, soothing, pacification, alleviating; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बुझाना; | ಆರಿಸುವಿಕೆ; | आरिसुविकॆ; | quenching, extinguishing; |
| | | 3. दबाना, दमन । | ಅಡಗಿಸುವಿಕೆ | अडगिसुविकॆ | quelling, suppression, subduing. |
| शमा | स्त्री. | 1. मोमबत्ती; | ದೀಪ, | दीप, हणतॆ, | a wax candle; |
| | | 2. दीया, बत्ती । | ಹಣತೆ, ಸೊಡಿಲು | सॊडिलु | a candle, a lamp. |
| शयन | पुं. | 1. निद्रित होने या सोने की क्रिया, सोना; | ನಿದ್ರಿಸುವಿಕೆ; | निद्रिसुविकॆ; | sleeping, sleep, lying down; |
| | | 2. शय्या, पलंग; | ಹಾಸಿಗೆ, ಮಂಚ | हासिगॆ, मंच; | a bed, couch; |
| | | 3. बिस्तर, बिछौना; | ಮಲಗುವ ಮೆತ್ತೆ; | मलगुव मॆत्तॆ; | bedding; |
| | | 4. मैथुन, संभोग । | ಸಂಭೋಗ | संभोग | copulation, sexual union. |
| शयनागार | पुं. | सोने का स्थान, शयनगृह । | ಮಲಗುವ ಮನೆ | मलगुव मनॆ | a bed chamber, bed-room. |
| शय्या | स्त्री. | 1. खाट, पलंग; | ಮಂಚ; | मंच; | a bed, bedstead, couch; |
| | | 2. बिस्तर, बिछौना । | ಹಾಸಿಗೆ | हासिगॆ | bedding. |
| शर | पुं. | तीर, बाण । | ಬಾಣ, ಅಂಬು | बाण, अंबु | an arrow, a shaft. |
| शरण | स्त्री. | 1. आश्रय, पनाह; | ಆಶ್ರಯ; | आश्रय; | refuge, shelter; |
| | | 2. रक्षा का स्थान; | | | a place of refuge, resort, asylum; |
| | | 3. बचाव, संरक्षण । | ಸಂರಕ್ಷಣೆ | संरक्षणॆ | protection, defence. |
| शरणागत | वि. | शरण में आया हुआ । | ಶರಣಾಗತ | शरणागत | (one who has) come for protection or shelter. |
| शरणार्थी | पुं. | 1. शरण चाहनेवाला, असहाय; | ಶರಣಾರ್ಥಿ | शरणार्थि | seeking refuge or shelter; |
| | | 2. विस्थापित, किसी अन्य देश से उजड़कर और भागकर शरण लेने के लिए आया हुआ । | | | a refugee. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शरत् (शरद्)** | स्त्री. | आश्विन और कार्तिक महीनों की ऋतु । | ಶರದೃತು | शरदृतु | the autumn, autumnal season (comprising the two months Ashwin & Kartik). |
| **शरबत** | पुं. | पानी तथा चीनी, फल के रस आदि से तैयार किया गया पेय, मधुर पेय या रस । | ಶರಬತ್ತು | शरबत्तु | sweet beverage, syrup. |
| **शरम** | स्त्री. | 1. लज्जा; | ನಾಚಿಕೆ; | नाचिके; | shame, bashfulness; |
| | | 2. लिहाज, संकोच; | ಸಂಕೋಚ; | संकोच; | modesty, shyness; |
| | | 3. इज्जत, प्रतिष्ठा, लाज । | ಗೌರವ, ಪ್ರತಿಷ್ಠೆ | गौरव, प्रतिष्ठे | honour. |
| **शरमाना** | अ. क्रि. | 1. झेंपना, लाज से नम्र होना; | ನಾಚು; | नाचु; | to be bashful, to feel abashed, to blush, to feel embarrassed; |
| | | 2. लज्जित होना । | ನಾಚಿಕೆಗೊಳ್ಳು | नाचिकॆगॊळ्ळु | to feel shame, to be ashamed, to feel shy. |
| | स. क्रि. | लज्जित करना । | ನಾಚುವಂತೆ ಮಾಡು | नाचुवंते माडु | to make (one) ashamed, to put to shame, to abash. |
| **शराफत** | स्त्री. | सज्जनता, भलमनसी, सज्जनोचित व्यवहार, शिष्टाचार । | ದೊಡ್ಡತನ, ಸಜ್ಜನತೆ | दॊड्डतन, सज्जनते | nobility, civility, gentlemanliness. |
| **शराब** | स्त्री. | मद्य, मदिरा । | ಮದ್ಯ, ಹೆಂಡ, ಸಾರಾಯಿ | मद्य, हॆंड, सारायि | wine, liquor. |
| **शराबखोरी** | स्त्री. | शराब पीने की आदत । | ಹೆಂಡಕುಡುಕತನ | हॆंडकुडुकतन | addiction to liquor, habitual drinking, drunkenness. |
| **शराबी** | पुं. | शराब पीने की आदत वाला, मद्यव्यसनी । | ಹೆಂಡಕುಡುಕ | हॆंडकुडुक | drunkard, boozy. |
| **शरारत** | स्त्री. | पाजीपन, दुष्टता, दुष्टतापूर्ण कार्य । | ದುಷ್ಟತನ | दुष्टतन | wickedness, mischief, vice, villainy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शरीक | वि. | शामिल, सम्मिलित । | ಸೇರಿದ, ಮಿಳಿತವಾದ | सेरिद, मिळितवाद | included. |
| | पुं. | साझीदार, हिस्सेदार । | ಭಾಗಸ್ತ | भागस्त | sharer, participator, partaker, co-partner, co-sharer. |
| शरीफ | पुं. | 1. भलामानस, सज्जन व्यक्ति; | ದೊಡ್ಡ ವ್ಯಕ್ತಿ, ಸಜ್ಜನ; | दोड्ड व्यक्ति, सज्जन; | gentleman, nobleman, virtuous man; |
| | | 2. कुलीन व्यक्ति । | ಉತ್ತಮ ವ್ಯಕ್ತಿ, ಅಭಿಜಾತ | उत्तम व्यक्ति, अभिजात | a man of good family, a high-born. |
| | वि. | 1. भला, नेक; | ಒಳ್ಳೆಯತನದ; | ओंळ्ळेयतनद; | gentlemanly, noble, virtuous; |
| | | 2. कुलीन । | ಆಭಿಜಾತ್ಯ | आभिजात्य | of good family, high born. |
| शरीफा | पुं. | एक प्रकार का वृक्ष तथा उसका फल, जिसका छिलका गोल और उभरे हुए छोटे-छोटे खंडों से बना होता है तथा गूदा मीठा तथा सफेद और लंबोतरे काले बीजों में लिपटा रहता है, सीताफल । | ಸೀತಾಫಲದ ಹಣ್ಣು | सीताफलद हण्णु | custard apple (tree and fruit). |
| शरीर | पुं. | मनुष्य या पशु आदि के समस्त अंगों की समष्टि, देह, तन, जिस्म । | ಶರೀರ, ದೇಹ | शरीर, देह | body. |
| शरीरांत | पुं. | मृत्यु, देहावसान । | ಶರೀರಾವಸಾನ, ಮರಣ | शरीरावसान, मरण | the end or destruction of the body, death, demise. |
| शर्करा | स्त्री. | शक्कर, चीनी । | ಸಕ್ಕರೆ | सक्करॆ | sugar. |
| शर्त | स्त्री. | 1. किसी बात, घटना आदि की सत्यता तथा असत्यता आदि के संबंध में दो पक्षों द्वारा दांव पर लगाया जानेवाला धन बाजी; | ಪಣ, ಪಂದ್ಯ; | पण, पंद्य; | wager, bet; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी काम या बात के लिए आवश्यक रूप से अपेक्षित वस्तु; | ಷರತ್ತು; | षरत्तु; | condition, term; |
| | | 3. उपबंध । | ಕರಾರು | करारु | provision. |
| शर्तिया | वि. | अचूक, पक्का, निश्चित । | ಖಚಿತವಾದ | खचितवाद | sure, unfailing, definite. |
| | अव्य. | शर्त बदकर, निश्चयपूर्वक । | ಖಚಿತವಾಗಿ | खचितवागि | surely, without fail, definitely, certainly, positively. |
| शर्म (शरम) | स्त्री. | दे. 'शरम' । | ನೋಡಿ "शरम" | नोडि "शरम" | see 'शरम'. |
| शर्मनाक | पुं. | लज्जाजनक, निर्लज्जतापूर्ण । | ಲಜ್ಜಾಜನಕ | लज्जाजनक | shameful, disgraceful. |
| शर्मिंदा | वि. | लज्जित । | ನಾಚಿಕೆಗೊಂಡ, ನಾಚಿದ | नाचिकॆगॊंड,, नाचिद | ashamed, abashed, shamefaced. |
| शर्मीला (शर्मीली) | वि. | लाजभरा, लज्जाशील । | ನಾಚುವ ಸ್ವಭಾವದ, ಲಜ್ಜಾಶೀಲ | नाचुव स्वभावद, लज्जाशील | shy, shamefaced, bashful etc. |
| शलगम (शलजम) | पुं. | एक प्रकार का कंद जिसकी जड़ की तरकारी आदि बनाई जाती है तथा पत्ते साग की तरह खाए जाते हैं । | ಸಿಹಿ ಮೂಲಂಗಿ | सिहि मूलंगि | a turnip. |
| शलभ | पुं. | 1. पतंग, फतिंगा; | ದೀಪದ ಹುಳ, ಪತಂಗದ ಹುಳ; | दीपद हुळ, पंतगद हुळ; | moth; |
| | | 2. टिड्डी । | ಮಿಡತೆ | मिडतॆ | grass-hopper, locust. |
| शलाका | स्त्री. | 1. धातु, लकड़ी आदि की बनी लंबी सलाई, सलाखा, सीख; | ಸಲಾಕೆ; | सलाकॆ; | small stick, rod, thin bar (of any-thing); |
| | | 2. आंख में सुरमा लगाने की सलाई; | (ಸುರ್ಮಾ ಹಚ್ಚುವ) ತೆಳುವಾದ ಕಡ್ಡಿ; | (सुर्मा हच्चुव) तॆळुवाद कड्डि; | pencil, small stick (used in painting the eyes with collyrium), arrow; |
| | | 3. घाव की गहराई नापने की सलाई; | ಶಸ್ತ್ರಕ್ರಿಯಾ ಉಪಕರಣ; | शस्त्रक्रिया उपकरण; | a probe or a kind of pointed surgical instrument; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. काठ का छोटा टुकड़ा जिसकी सहायता से निर्वाचन में मत लिया जाता है । | ಚುನಾವಣೆಯಲ್ಲಿ ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಮತಶಲಾಕೆ | चुनावणॆयल्लि उपयोगिसुव मतशलाकॆ | ballot-stick. |
| शल्य | पुं. | 1. कांटा; | ಮುಳ್ಳು; | मुळ्ळु; | thorn; |
| | | 2. डाक्टर का चीड़-फाड़ करने का औज़ार; | ಆಪರೇಷನ್ ಮಾಡುವ ಉಪಕರಣ; | आपरेषन् माडुव उपकरण; | surgical instrument; |
| | | 3. वे पदार्थ जिनसे शरीर में भयंकर पीड़ा होती है । | ಶರೀರದಲ್ಲಿ ಚುಚ್ಚಿದ ಮುಳ್ಳು; | शरीरदल्लि चुच्चिद मुळ्ळु; | any extraneous substance lodged in the body and giving it very great pain; |
| | | 4. बाण । | ಬಾಣ | बाण | arrow, shaft, dart. |
| शल्यचिकित्सा | स्त्री. | 1. चीड़फाड़ के द्वारा की जाने-वाली चिकित्सा, शस्त्र-चिकित्सा, शल्य क्रिया; | ಶಲ್ಯಚಿಕಿತ್ಸೆ | शल्यचिकित्सॆ | operation, surgical operation; |
| | | 2. चीड़फाड़ द्वारा की जानेवाली चिकित्सा का विज्ञान, शल्यविज्ञान, शल्यक्रिया-विज्ञान, शल्यशास्त्र । | | | surgery. |
| शव | पुं. | लाश, मृतशरीर । | ಮೃತ ಶರೀರ, ಹೆಣ | मृत शरीर, हॆण | dead body, corpse. |
| शवपरीक्षा | स्त्री. | मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए मृतव्यक्ति के शव की की जानेवाली परीक्षा या जाँच । | ಶವ ಪರೀಕ್ಷೆ | शव परीक्षॆ | post-mortem, autopsy. |
| शवयात्रा | स्त्री. | 1. शव के साथ चलनेवाला जनसमूह या जलूस आदि; | ಶವಯಾತ್ರೆ | शवयात्रॆ | funeral procession; |
| | | 2. श्मशान अथवा कब्रिस्तान तक शव को ले जाने की क्रिया । | | | taking or carrying the dead body to the cremation or the burial ground. |
| शशि | पुं. | चंद्रमा । | ಚಂದ್ರ | चंद्र | moon. |
| शस्त्र | पुं. | 1. हाथ में रखकर प्रयोग में लाया जानेवाला हथियार; | ಆಯುಧ; | आयुध; | weapon, arms; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उपकरण, औजार । | ಕೆಲಸದ ಮುಟ್ಟುಗಳು ಉಪಕರಣಗಳು | कॆलसद मुट्टुगळु, उपकरणगळु | instrument, a tool in general. |
| **शस्त्रास्त्र** | पुं. | शस्त्र और अस्त्र, हाथ में लेकर और फेंककर मारने के हथियार । | ಶಸ್ತ್ರಾಸ್ತ್ರಗಳು | शस्त्रास्त्रगळु | weapons for striking and throwing, arms and missiles, arms or weapons. |
| **शस्त्रीकरण** | पुं. | आक्रमण आदि से राष्ट्र की रक्षा के उद्देश्य से सेना तथा निवासियों को शस्त्रों आदि से सज्जित करना । | ಶಸ್ತ್ರಾಸ್ತ್ರಗಳಿಂದ ಸೈನ್ಯವನ್ನು ಸಜ್ಜುಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | शस्त्रास्त्रगळिंद सैन्यवन्नु सज्जुगॊळिसुविकॆ | armament, (the act or process of) equipping with arms. |
| **शस्य** | पुं. | 1. फसल;<br>2. अन्न, धान्य । | ಫಸಲು, ಬೆಳೆ;<br>ಬೆಳೆದ ಕಾಳು ಕಡ್ಡಿ | फसलु, बॆळॆ;<br>बॆळॆद काळु कड्डि | crop, harvest;<br>corn or grain in general. |
| **शह** | स्त्री. | 1. गुप्त रूप से किसी को भड़काने या उकसाने की क्रिया या भाव;<br>2. हिमायत, तरफदारी, मदद;<br>3. शतरंज के खेल में कोई मोहरा किसी ऐसे स्थान पर रखना जहां से बादशाह उसकी घात में पड़ता हो । | ಗುಪ್ತ ಪ್ರೋತ್ಸಾಹ;<br>ಪಕ್ಷ ವಹಿಸಿ ಮಾಡುವ ಸಹಾಯ;<br>ಚದುರಂಗದ ಆಟದಲ್ಲಿ ರಾಜನ ಗತಿಯನ್ನು ತಡೆಗಟ್ಟಲು ಕೊಡುವ ಚೆಕ್ | गुप्त प्रोत्साह;<br>पक्ष वहिसि माडुव सहाय;<br>चदुरंगद आटदल्लि राजन- गतियन्नु तडॆगट्टलु कॊडुव चॆक् | instigation, incitement;<br>support, help;<br>check (in chess). |
| **शहतीर** | पुं. | पाटन के नीचे दी जानेवाली बड़ी कड़ी, धरन । | ದೂಲ, ದಿಮ್ಮಿ | दूल, दिम्मि | beam, girder. |
| **शहतूत** | पुं. | एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जो पकने पर काफी मीठा होता है, तूत । | ಹಿಪ್ಪನೇರಳೆ | हिप्पनेरळॆ | mulberry (tree and fruit). |
| **शहद** | पुं. | एक बहुत मीठा, गाढ़ा और स्वादिष्ट तरल पदार्थ जिसे मधुमक्खियां अनेक प्रकार के फूलों के मकरंद से संग्रह करके अपने छत्तों में रखती हैं, मधु । | ಜೇನುತುಪ್ಪ | जेनुतुप्प | honey. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शहनाई** | स्त्री. | बांसुरी या अलगोजे की भांति मुंह से फूककर बजाया जाने-वाला एक प्रकार का बाजा जो प्राय: रोशनचौकी के साथ बजाया जाता है, नफीरी । | ಶಹನಾಯಿ | शहनायि | a musical instrument, Indian clarinet (clarionet). |
| **शहर** | पुं. | नगर । | ಪಟ್ಟಣ | पट्टण | city, town. |
| **शहरी** | वि. | 1. शहर का, शहर से संबंधित; | ಪಟ್ಟಣದ; | पट्टणद; | of or belonging to city, urban; |
| | | 2. शहर का निवासी; | ಪಟ್ಟಣಿಗ; | पट्टणिग; | inhabitant of city, city-dweller, citizen; |
| | | 3. शहर निवासियों की तरह का । | ಪಟ್ಟಣಿಗನಂತಹ | पट्टणिगनंतह | similar to a city-dweller or citizen, urban. |
| **शहादत** | स्त्री. | 1. शहीद होने की अवस्था या भाव, विशेषत: किसी श्रेष्ठ उद्देश्य के लिए लड़ते हुए प्राण देना, बलिदान; | ಬಲಿದಾನ; | बलिदान; | martyrdom; |
| | | 2. गवाही; | ಸಾಕ್ಷ್ಯ; | साक्ष्य; | evidence, testimony, witness; |
| | | 3. प्रमाण । | ಪ್ರಮಾಣ | प्रमाण | proof. |
| **शहीद** | पुं. | अपने धर्म, सदाचार, कर्तव्यपरायणता या देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण देनेवाला, हुतात्मा । | ಹುತಾತ್ಮ | हुतात्म | martyr. |
| **शांत** | वि. | 1. जिसका शमन हो चुका हो, दमित, उग्रता या प्रचंडता रहित; | ಶಾಂತ | शांत | abated, subsided, suppressed, allayed, pacified; |
| | | 2. समाप्त; | | | ceased, stopped; |
| | | 3. चंचलता या आवेग आदि से रहित; | | | calm, quiet, unpert-urbed, tranquil; |
| | | 4. चुप, मौन; | | | silent, quiet; |
| | | 5. बुझा हुआ; | | | quenched, extinguished; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 6. चिंतारहित | | | carefree; |
| | | 7. निःशब्द, सुनसान । | | | peaceful, pacific, still, undisturbed. |
| | पुं. | साहित्य में नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव निर्वेद है । | | | tranquility. |
| शांति | स्त्री. | 1. उत्पात, उपद्रव, मारपीट, संघर्ष आदि से रहित स्थिति; | ಶಾಂತಿ | शांति | peace; |
| | | 2. दिल का आराम, इतमीनान और चैन; | | | comfort, rest, ease, repose; |
| | | 3. शमन होने या करने की अवस्था या भाव, निवारण, दमन; | | | abatement, subsidence, suppression, allayment, pacification; |
| | | 4. चंचलता, आवेग आदि से रहित स्थिति; | | | calmness, tranquility, quietness, unperturbedness, absence of passion; |
| | | 5. नीरवता, सन्नाटा; | | | silence, quietude; |
| | | 6. समाप्ति, अंत; | | | cessation, stop; |
| | | 7. निश्चिंतता । | | | carefreeness. |
| शांतिभंग | पुं. | शांति का नाश, उपद्रव का होना, शासन, अनुशासन आदि का न माना जाना, विघ्न उपस्थित करना । | ಶಾಂತಿಭಂಗ | शांतिभंग | breach of peace, eruption of disturbances. |
| शाक | पुं. | 1. वनस्पति, विशेषत: ऐसी वनस्पति जिसकी तरकारी बनाई जाती हो; | ಸೊಪ್ಪಿನ ತರಕಾರಿ; | सॊप्पिन तरकारि; | vegetable, pot herb, any edible leaf, fruit or root used as a vegetable, greens; |
| | | 2. उक्त की बनी हुई तरकारी, साग । | ಸೊಪ್ಪಿನ ಪಲ್ಯ | सॊप्पिन पल्य | cooked vegetable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाकाहार** | पुं. | अनाज, फल, फूल, पत्ते आदि का भोजन (मांसाहार से भिन्न)। | ಶಾಕಾಹಾರ | शाकाहार | vegetarian diet or food. |
| **शाकाहारी** | पुं., वि. | केवल अन्न, फल, सागभाजी खानेवाला, निरामिषभोजी। | ಶಾಕಾಹಾರಿ | शाकाहारि | vegetarian. |
| **शाक्त** | वि. | शक्ति अर्थात् दुर्गा से संबंधित। | ಶಕ್ತಿ (ದುರ್ಗೆ) ಸಂಬಂಧವಾದ; | शक्ति (दुर्गॆ) संबंधवाद | relating to **Sakti** or the female personification of divine energy. |
| | पुं. | तंत्र संप्रदाय में दीक्षित, शक्ति अर्थात् देवी का उपासक। | ತಂತ್ರ ಸಂಪ್ರದಾಯದ ದೇವಿ ಉಪಾಸಕ | तंत्र संप्रदायद देवि उपासक | worshipper of Sakti. |
| **शाखा** | स्त्री. | 1. पेड़ की टहनी, डाल; | ಮರದ ಕೊಂಬೆ; | मरद कॊंबॆ; | branch, off-shoot, bough, twig (of a tree); |
| | | 2. किसी मूल वस्तु का अंश, विभाग, हिस्सा; | ಮೂಲ ವಸ್ತುವಿನ ಭಾಗ; | मूल वस्तुविन भाग; | lateral extension or subdivision, part, section etc.; |
| | | 3. किसी सिद्धांत, दर्शन या शास्त्र आदि के संप्रदाय, वर्ग या भेद। | ದರ್ಶನ, ಸಿದ್ಧಾಂತ, ಶಾಸ್ತ್ರ ಮುಂತಾದವುಗಳ ಸಂಪ್ರದಾಯ ಭೇದ | दर्शन, सिद्धांत, शास्त्र मुंतादवुगळ संप्रदाय भेद | school (of thought etc.). |
| **शागिर्द** | पुं. | 1. शिष्य, चेला; 2. संबंध के विचार से किसी के द्वारा सिखाया-पढ़ाया गया व्यक्ति। | ಶಿಷ್ಯ; ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ | शिष्य; विद्यार्थि | pupil, disciple; student, apprentice. |
| **शाठ्य** | पुं. | दे. 'शठता'। | ನೋಡಿ "शठता" | नोडि "शठता" | see 'शठता'. |
| **शातिर** | वि. | चालाक, धूर्त। | ಧೂರ್ತ, ಮೋಸಗಾರ | धूर्त, मोसगार | cunning, sly, mischievous, roguish, vicious. |
| | पुं. | शतरंज का अच्छा खिलाड़ी। | ಚದುರಂಗದ ಒಳ್ಳೆಯ ಆಟಗಾರ | चदुरंगद ऒळ्ळॆय आटगार | good chess player. |
| **शादी** | स्त्री. | विवाह। | ಮದುವೆ | मदुवॆ | marriage, wedding. |
| **शान** | स्त्री. | 1. ठाठ-बाट, तड़कभड़क-वाली सजावट; | ಆಡಂಬರ, ಸಜ್ಜು; | आडंबर, सज्जु; | grandeur, pomp, splendour; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. मर्यादा, प्रतिष्ठा; | ಗೌರವ ಪ್ರತಿಷ್ಠೆಗಳು; | गौरव प्रतिष्ठॆगळु; | honour, dignity; |
| | | 3. गर्व, गौरव, बड़प्पन; | ಗರ್ವ, ಹೆಮ್ಮೆ; | गर्व, हॆम्मॆ; | pride, glory; |
| | | 4. विशालता, भव्यता । | ಭವ್ಯತೆ | भव्यतॆ | grandness, vastness. |
| | पुं. | सान नामक कृत्रिम पत्थर का उपकरण जिससे चाकू आदि की धार तेज की जाती है । | ಸಾಣೆಕಲ್ಲು | साणॆकल्लु | whet stone. |
| **शानदार** | वि. | 1. भड़कीला, तड़कमड़क-वाला; | ಆಡಂಬರದಿಂದ ಕೂಡಿದ; | आडंबरदिंद कूडिद; | pompous, splendid; |
| | | 2. उच्चकोटि का प्रशंसनीय; | ಉತ್ತಮ ದರ್ಜೆಯ | उत्तम दर्जॆय; | glorious, praise-worthy; |
| | | 3. ऐश्वर्यपूर्ण । | ಐಶ್ವರ್ಯದಿಂದ ಕೂಡಿದ ,ಭವ್ಯವಾದ | ऐश्वर्यदिंद कूडिद, भव्यवाद | stately, grand, opulence. |
| **शानशौकत** | स्त्री. | ठाठ-बाट, तड़क-मड़क । | ಆಡಂಬರಪೂರ್ಣವಾದ ಭವ್ಯ ವ್ಯವಸ್ಥೆ | आडंबरपूर्णवाद भव्य व्यवस्थॆ | embellishment, pomp and show, pomp and dignity, splendour, grandeur. |
| **शाप** | पुं. | अनिष्ट कामना के उद्देश्य से किया गया कथन, अभिशाप, बद्दुआ । | ಶಾಪ | शाप | curse, imprecation, anathema. |
| **शापित** | वि. | जिसे शाप दिया गया हो, अभिशप्त । | ಶಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | सपिसल्पट्ट | imprecated, cursed, accursed. |
| **शाबाश (शाबास)** | अव्य. | एक प्रशंसासूचक शब्द, वाह-वाह, धन्य हो, खुश रहो आदि के लिए प्रयुक्त । | ಮೆಚ್ಚುಗೆಯ ಸೂಚಕ, ಶಾಬಾಸ್ | मॆच्चिगॆय सूचक, शाबास् | well done ! bravo ! excellent ! |
| **शाबाशी (शाबासी)** | स्त्री. | 'शाबास' कहना, साधुवाद, वाहवाही । | ಮೆಚ್ಚುಗೆ, ಶಾಬಾಸ್‌ಗಿರಿ | मॆच्चिगॆ. शाबास्गिरि | praise, applause, plaudit. |
| **शाब्दिक** | वि. | 1. शब्दसंबंधी; | ಶಬ್ದ ಸಂಬಂಧವಾದ; | शब्द संबंधवाद; | relating to sounds or words; |
| | | 2. शब्द पर आश्रित; | ಶಬ್ದಾಶ್ರಿತ; | शब्दाश्रित; | literal; |
| | | 3. मौखिक । | ಮೌಖಿಕ | मौखिक | verbal, oral. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाम** | स्त्री. | सूर्यास्त का समय, सायंकाल, संध्या । | ಸಾಯಂಕಾಲ | सायंकाल | evening, dusk. |
| **शामत** | स्त्री. | 1. विपत्ति, मुसीबत; | ವಿಪತ್ತು; | विपत्तु; | adversity, calamity; |
| | | 2. दुर्भाग्य, बदकिस्मती । | ದುರ್ಭಾಗ್ಯ | दुर्भाग्य | ill luck, misfortune. |
| **शामियाना** | पुं. | एक प्रकार का तंबू जो बांसों पर रस्सियों की सहायता से टांगा जाता है । | ಟೆಂಟು, ಗುಡಾರ, ಚಪ್ಪರ | टॆंटु, गुडार, चप्पर | a kind of tent, a pavilion, a canopy. |
| **शामिल** | वि. | 1. मिला हुआ, सम्मिलित; | ಮಿಳಿತವಾದ; | मिळितवाद; | included; |
| | | 2. संबद्ध; | ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | संबंधिसिद; | associated; |
| | | 3. संयुक्त । | ಒಂದಿಗೆ ಸೇರಿದ | ऒंदिगॆ सेरिद | united (to), connected (with). |
| **शायद** | अव्य. | कदाचित्, संभवतः । | ಪ್ರಾಯಶಃ, ಬಹುತೇಕ | प्रायशः, बहुतेक | it may be, perhaps, possibly, probably. |
| **शायर** | पुं. | काव्यरचना करनेवाला, कवि । | ಕವಿ | कवि. | a poet. |
| **शायरी** | स्त्री. | 1. कविता करने की कला, भाव या कार्य, कविकर्म; | ಕವಿಕರ್ಮ; | कविकर्म; | the art or practice of poetry; |
| | | 2. कविता, काव्य । | ಕವಿತೆ | कवितॆ | poetry, poetic compositions. |
| **शारदा** | स्त्री. | 1. सरस्वती; | ಸರಸ್ವತಿ; | सरस्वति; | a name of Saraswati; |
| | | 2. भारत की एक प्राचीन लिपि । | ಶಾರದಾ ಲಿಪಿ | शारदा लिपि | an ancient Indian script. |
| **शारदीय** | वि. | शरद्कालीन, शरदऋतु संबंधी । | ಶರತ್ಕಾಲದ | शरत्कालद | autumnal, pertaining to autumn. |
| **शारीरिक** | वि. | 1. शरीर संबंधी; | ಶರೀರ ಸಂಬಂಧವಾದ | शरीर संबंधवाद | relating to the body, bodily, corporeal, physical; |
| | | 2. भौतिक । | | | material. |
| **शार्दूल** | पुं. | 1. सिंह, केसरी; | ಸಿಂಹ; | सिंह; | a lion; |
| | | 2. चीता, बाघ । | ಹುಲಿ, ಚಿರತೆ | हुलि, चिरतॆ | a tiger.. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाल** | पुं. | **साखू या सखुआ नामक पेड़ ।** | ಸಾಲ ವೃಕ್ಷ | साल वृक्ष | a tree (very tall and stately), the sal tree. |
| | स्त्री. | **ओढ़ने की एक प्रकार की गरम चादर ।** | ಶಾಲು | शालु | a shawl. |
| **शाला** | स्त्री. | **1. गृह, घर, मकान;** | ಮನೆ; | मने; | house, residence, abode; |
| | | **2. किसी विशिष्ट कार्य के लिए बना हुआ स्थान (समास में) ।** | ವಿಶೇಷ ಉದ್ದೇಶಕ್ಕಾಗಿ ಮೀಸಲಾದ ಕಟ್ಟಡ ಅಥವಾ ಸ್ಥಾನ (ಯಾಗಶಾಲೆ, ಪಾಠಶಾಲೆ ವಗೈರೆ) | विशेष उद्देशक्कागि मीसलाद कट्टड अथवा स्थान (यागशाले, पाठशाले वगैरे) | a place dedicated to or meant for a particular purpose, an apartment, a room, a hall (in comp.). |
| **शाली** | प्रत्य. | **एक प्रत्यय जो संज्ञा शब्दों के अंत में लगकर उसे विशेषण बना देता है और 'युक्त, वाला, सहित' आदि का अर्थ देता है ।** | ನಾಮವಾಚಕವನ್ನು ವಿಶೇಷಣವನ್ನಾಗಿ ಮಾಡಲು ಸೇರಿಸುವ ಪ್ರತ್ಯಯ (ಭಾಗ್ಯ + ಶಾಲಿ) ಆದಿ | नामवाचकवन्नु विशेषणवन्नागि माडलु सेरिसुव प्रत्यय (भाग्य + शालि आदि) | an adjectival suffix used at the end (comp.), endowed with, possessed of, possessing, having. |
| **शालीन** | वि. | **1. नम्र, विनीत;** | ವಿನೀತ; | विनीत; | modest, humble, gentle; |
| | | **2. सुशील, शिष्ट, अच्छे आचरणवाला ।** | ಶೀಲವಂತ, ಉತ್ತಮ ಆಚರಣೆಯ | शीलवंत, उत्तम आचरणेय | well-behaved, cultured. |
| **शालीनता** | स्त्री. | **शालीन होने की अवस्था, धर्म या भाव, नम्रता, शिष्टता ।** | ನಮ್ರತೆ, ಶಿಷ್ಟತೆ | नम्रते, शिष्टते | modesty, gentleness, humbleness, politeness. |
| **शावक** | पुं. | **किसी पशु या पक्षी का बच्चा ।** | ಪಶುಪಕ್ಷಿಗಳ ಮರಿ | पशुपक्षिगळ मरि | young (of an animal). |
| **शाश्वत** | वि. | **जो सदा से चला आ रहा हो और सदा चलता रहने को हो, नित्य, सनातन, सतत, स्थायी ।** | ಶಾಶ್ವತ | शाश्वत | eternal, constant, perpetual, immortal, everlasting. |
| **शासक** | पुं. | **शासन करनेवाला व्यक्ति, शासनकर्ता ।** | ಶಾಸಕ | शासक | a ruler, administrator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शासन** | पुं. | 1. सरकार, हुकूमत; | ಆಳ್ವಿಕೆ; | आळ्विकॆ; | government; |
| | | 2. सरकार द्वारा किए जानेवाले नियन्त्रण, संचालन, व्यवस्था आदि से संबंधित कार्य; | | | administration, rule; |
| | | 3. नियंत्रण, निर्देशन, देखरेख; | ಕಟ್ಟು, ಕಟ್ಟಳೆ; | कट्टु कट्टळॆ; | control, check, restraint; |
| | | 4. आज्ञा, आदेश । | ಅಪ್ಪಣೆ | अप्पणॆ | order, command. |
| **शासनिक** | वि. | 1. शासन संबंधी; | ಶಾಸನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | शासनक्कॆ संबंधिसिद; | pertaining to administration, administrative; |
| | | 2. सरकारी, राजकीय । | ರಾಜಕೀಯ | राजकीय | governmental, official. |
| **शासित** | वि. | 1. (प्रदेश) जो शासन के अधीन हो; | ಆಳ್ವಿಕೆಗೊಳಪಟ್ಟ; | आळ्विकॆ गॊळपट्ट; | ruled, governed, administered; |
| | | 2. नियंत्रण के अधीन (व्यक्ति) । | ಅಧೀನದಲ್ಲಿರುವ | अधीनदल्लिरुव | restrained, controlled. |
| **शास्त्र** | पुं. | 1. आचार, नीति आदि के नियमों का विधान करने-वाला ऐसा धर्मग्रंथ जिसे लोग पवित्र तथा पूज्य मानते हों; | ಶಾಸ್ತ್ರ | शास्त्र | a religious or sacred treatise, sacred book, scripture, a code of law; |
| | | 2. किसी कला, विषय या विशिष्ट विषय का सांगोपांग वैज्ञानिक विवेचन और विश्लेषण या तत्संबंधी ग्रंथ, विज्ञान; | | | systematic knowledge, science; |
| | | 3. किसी गंभीर विषय पर किसी के द्वारा प्रतिपादित मत या सिद्धांत; | | | philosophy; |
| | | 4. ज्ञान की कोई शाखा । | | | any department of knowledge, discipline. |
| **शास्त्रार्थ** | पुं. | 1. शास्त्र का अर्थ; | ಶಾಸ್ತ್ರಾರ್ಥ | शास्त्रार्थ | the meaning or purpose of the sacred precept or scriptures; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शास्त्रों के ठीक अर्थ तक पहुंचने के लिए होनेवाला तर्कवितर्क या वादविवाद; | | | discussion, contention, debate or discourse on the scriptures (शास्त्र); |
| | | 3. किसी प्रकार का तात्विक वादविवाद । | | | material or substantial discussion. |
| शास्त्री | पुं. | 1. शास्त्रज्ञ, शास्त्र का जानकार, शास्त्र का पूर्ण अधिकारी विद्वान; | ಶಾಸ್ತ್ರಜ್ಞ; | शास्त्रज्ञ; | one who is well versed or skilled in the Sastras, a scholar of authority on the scriptures; |
| | | 2. कुछ विशिष्ट परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने पर मिलनेवाली एक प्रकार की उपाधि । | ಒಂದು ಉಪಾಧಿ | ओंदु उपाधि | one who has mastered the Sastras, learned, a great Pandit. |
| शास्त्रीय | वि. | 1. शास्त्र संबंधी; | ಶಾಸ್ತ್ರ ಸಂಬಂಧವಾದ; | शास्त्र संबंधवाद; | scriptural; |
| | | 2. शास्त्र सम्मत, शास्त्र में विहित ढंग का; | ಶಾಸ್ತ್ರ ಸಮ್ಮತವಾದ; | शास्त्र सम्मतवाद; | classical, authorised by or conformable to Sastras; |
| | | 3. वैज्ञानिक; | ವೈಜ್ಞಾನಿಕ; | वैज्ञानिक; | scientific; |
| | | 4. शास्त्रीय ज्ञान से संबंधित, शास्त्रीय ज्ञान पर आधारित । | ಶಾಸ್ತ್ರ ಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | शास्त्र ज्ञानक्कें संबंधिसिद | academic. |
| शाह | पुं. | 1. राजा, महाराजा, बादशाह; | ರಾಜ, ಚಕ್ರವರ್ತಿ; | राज, चक्रवर्ति; | king, monarch; |
| | | 2. शतरंज का एक मोहरा । | ಚದುರಂಗದ ಕಾಯಿ | चदुरंगद कायि | the king in chess or cards. |
| शाहजादा | पुं. | बादशाह का लड़का, राजकुमार । | ರಾಜಕುಮಾರ | राजकुमार | king's son, prince. |
| शाही | वि. | 1. शाह या बादशाह का, शाह द्वारा बनवाया हुआ; | ಚಕ್ರವರ್ತಿಯ; | चक्रवर्तिय; | of or built by a king, royal, imperial; |
| | | 2. शाहों का सा, राजसी । | ರಾಜನಂತಿರುವ | राजनंतिरुव | like a king, princely, kingly, royal, majestic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्त्री. | शासन, राज्य, राज्यकाल । | ರಾಜ್ಯ, ರಾಜ್ಯಶಾಸನ, ರಾಜ್ಯಕಾಲ | राज्य, राज्यशासन, राज्यकाल | reign, kingdom, rule, period of the rule. |
| **शिकंजा** | पुं. | 1. चीजों को कसकर दबाने का यंत्र;<br>2. पकड़, दबाव । | ಬಲವಾಗಿ ಒತ್ತುವ, ಬಿಗಿಸುವ ಯಂತ್ರ;<br>ಬಿಗಿಯುವಿಕೆ, ಒತ್ತುವಿಕೆ | बलवागि ओत्तुव, बिगिसुव यंत्र;<br>बिगियुविके, ओत्तुविके | clamp, pressing appliance;<br>clasp, grasp, clutches (fig.). |
| **शिकंजी (शिकंजवी)** | स्त्री. | मधुरपेय जो जल में नीबू का रस और चीनी मिलाकर तैयार किया जाता है, शिकंजवी । | ಶರಬತ್ತು | शरबत्तु | lemon squash, syrup prepared with fresh lemon. |
| **शिकन** | स्त्री. | सिकुड़न, सिलवट । | ಸುಕ್ಕು | सुक्कु | wrinkle, crease, shrivelling. |
| **शिकमी** | पुं. | वह काश्तकार जो असल काश्तकार से जमीन लेकर जोते-बोए, उपपट्टाधारी (काश्तकार) । | ಒಳಗೇಣಿದಾರ | ओळगेणिदार | subtenant of a holding. |
| | वि. | किराए, लगान आदि के विचार से जो किसी दूसरे के अन्तर्गत हो, उपपट्टे पर लेनेवाला । | | | subtenanted, subleased. |
| **शिकस्त** | स्त्री. | 1. पराजय, हार, मात,<br>2. विफलता । | ಪರಾಜಯ | पराजय | defeat;<br>failure, unsuccess. |
| **शिकायत** | स्त्री. | 1. किसी के दोष या अनुचित काम का किसी के समक्ष किया गया कथन, दोषकथन;<br>2. किसी के अनुचित काम के प्रति होनेवाला असंतोष;<br>3. उक्त असंतोष को दूर करने के लिए किया गया निवेदन;<br>4. दोष, त्रुटि, खराबी । | ದೋಷಾರೋಪಣೆ;<br>ಅಸಂತೋಷ;<br>ದೂರು;<br>ದೋಷ | दोषारोपण;<br>असंतोष;<br>दूरु;<br>दोष | accusation;<br>complaint, grievance;<br>complaining, making complaint;<br>defect. |
| **शिकायती** | वि. | 1. शिकायत करनेवाला, फरियादी; | ಫಿರ್ಯಾದಿ; | फिर्यादि; | complainant; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसमें किसी की शिकायत हो । | ನಿಂದಾಸ್ಪದ | निंदास्पद | containing a complaint or grievance. |
| **शिकार** | पुं. | 1. क्रीड़ा या आहार के लिए पशु-पक्षियों के मारने या पकड़ने का कार्य, मृगया, आखेट; | ಬೇಟೆ; | बेटॆ; | hunting, hunt,the chase; |
| | | 2. शिकार में मारा या पकड़ा गया पशु-पक्षी । | ಬೇಟೆಯಲ್ಲಿ ಹಿಡಿದ ಅಥವಾ ಕೊಂದ ಪ್ರಾಣಿ | बेटॆयल्लि हिडिद अथवा कॊंद प्राणि | prey, game, victim. |
| **शिकारी** | पुं. | शिकार करनेवाला, व्याध, अहेरी । | ವ್ಯಾಧ, ಬೇಟೆಗಾರ | व्याध, बेटॆगार | a hunter, huntsman. |
| | वि. | 1. शिकारसंबंधी; | ಬೇಟೆಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | बेटॆगॆ संबंधिसिद; | of or belonging to the chase, relating to hunting; |
| | | 2. जिससे शिकार किया जाता हो या शिकार में सहायक हो । | ಬೇಟೆಯಾಡುವ | बेटॆयाडुव | hunting. |
| **शिक्षक** | पुं. | 1. अध्यापक, गुरु; | ಗುರು; | गुरु; | teacher, educator; |
| | | 2. सिखानेवाला । | ಶಿಕ್ಷಣ ಕೊಡುವಾತ | शिक्षण कॊडुवात | instructor, tutor, trainer. |
| **शिक्षण** | पुं. | शिक्षा देने का काम, पढ़ाना, अध्यापन । | ಶಿಕ್ಷಣ, ವಿದ್ಯಾಭ್ಯಾಸ | शिक्षण, विद्याभ्यास | teaching, instruction, educating, education. |
| **शिक्षा** | स्त्री. | 1. किसी प्रकार के ज्ञान के सीखने-सिखाने का क्रम, पढ़ाई; | ವಿದ್ಯೆ; | विद्यॆ; | learning, study, teaching, instruction; |
| | | 2. उक्त प्रकार से प्राप्त ज्ञान या विद्या; | ಜ್ಞಾನ; | ज्ञान; | education, knowledge; |
| | | 3. उपदेश, नसीहत, सबक; | ಉಪದೇಶ; | उपदेश; | teaching, moral, lesson; |
| | | 4. दंड, सजा (ला.); | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಸಜಾ, ದಂಡನೆ; | (लाक्षणिक) सजा, दंडनॆ; | punishment (fig.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. छ: वेदांगों में से एक जिसमें वैदिक साहित्य के वर्णों, मात्राओं, स्वरों, आदि के उच्चारण का विवेचन है । | ವೈದಿಕ ಸಾಹಿತ್ಯದ ಅಂಗಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು-ಶಿಕ್ಷಾ | वैदिक साहित्यद अंगगळल्लि ऒंदु-शिक्षा | one of the six vedangas, the science which teaches the proper pronunciation of words and laws of euphony. |
| शिक्षार्थी | पुं. | 1. शिक्षा प्राप्त करने का इच्छुक व्यक्ति; | ವಿದ್ಯಾಕಾಂಕ್ಷಿ; | विद्याकांक्षि; | desirous of getting education; |
| | | 2. शिक्षा प्राप्त करनेवाला, छात्र, विद्यार्थी । | ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ | विद्यार्थि | student, pupil. |
| शिक्षित | वि. | 1. जो शिक्षा प्राप्त कर चुका हो, पढ़ा-लिखा; | ಓದು ಬರಹ ಬಲ್ಲ; | ओदु बरह बल्ल; | educated; |
| | | 2. सिखाया हुआ । | ಪ್ರಾಪ್ತ ವಿದ್ಯೆ | प्राप्त विद्यॆ | taught, instructed, trained. |
| शिखर | पुं. | 1. किसी चीज का सबसे ऊपरी भाग, सिरा, चोटी; | ಶಿಖರ | शिखर | top, peak, point in general; |
| | | 2. पर्वत की चोटी; | | | top, summit or peak of a mountain; |
| | | 3. मंदिर या मकान के ऊपर का उठा हुआ नुकीला सिरा, कंगूरा । | | | turret, pinnacle. |
| शिखर सम्मेलन | पुं. | किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक विषय पर विचार करने के लिए कई राष्ट्रों के सर्वोच्च अधिकारियों या शासकों का सम्मेलन । | ಶೃಂಗ ಸಭೆ | शृंग सभॆ | summit conference. |
| शिखा | स्त्री. | 1. सिर के बीचों-बीच छोड़ा हुआ बालों का गुच्छा जो कटाया नहीं जाता, चोटी, चुटिया, चूड़ा; | ಶಿಖೆ | शिखॆ | a lock of hair left on the crown of the head; |
| | | 2. मोर आदि के सिर की कलगी; | | | crest or comb of a cock or peacock; |
| | | 3. आग, दीपक आदि की लौ; | | | flame; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. नोक, ऊपर उठा हुआ सिरा । | | | sharp end, point, peak, pinnacle, end tip, top, summit. |
| **शिखी** | पुं. | 1. मोर, मयूर; | ನವಿಲು; | नविलु; | peacock; |
| | | 2. मुर्गा । | ಹುಂಜ | हुंज | cock. |
| | वि. | शिखायुक्त, चोटीवाला । | ಶಿಖೆಯುಳ್ಳ | शिखॆयुळ्ळ | crested, having a lock of hair on top of the head. |
| **शिथिल** | वि. | 1. ढीला, जो कसकर बंधा न हो; | ಶಿಥಿಲ | शिथिल | loosened, loose, slack, lax; |
| | | 2. आलसी, सुस्त; | | | slow, tardy, languid; |
| | | 3. थका हुआ, निढाल; | | | weary, tired; |
| | | 4. जिसे कुछ छूट दी गई हो, जिसका पालन दृढ़तापूर्वक न हो । | | | loosely done, not strictly or rigidly performed, relaxed. |
| **शिथिलता** | स्त्री. | 1. शिथिल होने की अवस्था, धर्म या भाव, ढीलापन; | ಶಿಥಿಲತೆ | शिथिलतॆ | looseness, slackness, laxity; |
| | | 2. आलस्य, सुस्ती; | | | slowness, tardiness; |
| | | 3. थकान; | | | weariness, tiredness; |
| | | 4. छूट, दृढ़तापूर्वक पालन न करना; | | | relaxation, remission, unrigid or unstrict performance; |
| | | 5. वाक्यरचना संबंधी एक दोष जिसमें अर्थ की दृष्टि से शब्द भलीभांति गठे हुए नहीं होते । | | | a kind of flaw in the construction of a sentence, laxity or looseness of words in the construction of a sentence |
| **शिर** | पुं. | 1. सिर; | ತಲೆ; | तलॆ; | head; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कपाल, खोपड़ी; | ಬುರುಡೆ; | बुरुडॆ; | skull; |
| | | 3. ऊपरी भाग, चोटी; | ಮೇಲ್ಭಾಗ; | मेल्भाग; | a peak, summit, top; |
| | | 4. प्रधान, अगुआ; | ಪ್ರಧಾನ; | प्रधान; | chief, principal; |
| | | 5. मस्तक, माथा । | ಹಣೆ | हणॆ | forehead, head, front, forepart. |
| **शिरा** | स्त्री. | खून की छोटी नाड़ी, रक्त-वाहनी छोटी नाड़ी । | ರಕ್ತನಾಡಿ | रक्तनाडि | vein, blood vessel. |
| **शिरोधार्य** | वि. | 1. आदरपूर्वक स्वीकार किए जाने योग्य, अतिशय माननीय, सादर स्वीकार्य । | ಶಿರಸಾವಹಿಸಲಾದ | शिरसावहिसलाद | to be greatly honoured, worthy of respect or to be respected, to be honourably accepted. |
| **शिरोमणि** | पुं. | 1. सिर या मस्तक पर धारण करने का रत्न, चूड़ामणि;<br>2. श्रेष्ठ पुरुष । | ಶಿರೋಮಣಿ | शिरोमणि | jewel worn on the head, a crest jewel; the most outstanding person. |
| | वि. | सर्वश्रेष्ठ । | | | most outstanding. |
| **शिरोरेखा** | स्त्री. | वर्णों के ऊपर लगाई जानेवाली आड़ीलकीर या रेखा । | ಶಿರೋರೇಖೆ | शिरोरेखॆ | top line, a horizontal line drawn on the top of the letters. |
| **शिरोरुह** | पुं. | सिर के बाल । | ತಲೆಗೂದಲು | तलॆगूदलु | the hair of the head. |
| **शिला** | स्त्री. | 1. पत्थर; | ಕಲ್ಲು; | कल्लु; | a stone; |
| | | 2. पत्थर का बड़ा खंड, चट्टान; | ದೊಡ್ಡ ಕಲ್ಲು<br>ಗುಂಡು; | दॊड्ड कल्लु<br>गुंडु; | rock; |
| | | 3. पत्थर की पटिया या पट्टी, सिल । | ಕಲ್ಲು ಚಪ್ಪಡಿ | कल्लु चप्पडि | a flat stone or stone slab (on which condiments are ground.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शिलाजीत** | स्त्री. | सूर्य के ताप से तपी हुई कुछ विशिष्ट प्रकार की चट्टानों से निकला काला रस जो बहुत पौष्टिक माना जाता है, शिलारस । | ಶಿಲಾಜಿತ್ತು | शिलाजित्तु | storax, rock-exudation. |
| **श्वासोच्छ्वास** | पुं. | वेगपूर्वक सांस लेना और बाहर निकालना । | ಉಚ್ಛ್ವಾಸ-ನಿಶ್ವಾಸ | उच्छ्वास-निश्वास | deep inspiration and expiration, exhalation and inhalation, respiration. |
| **श्वेत** | वि. | 1. सफेद, धवल, उजला, उज्ज्वल; | ಬಿಳುಪಾದ; | बिळुपाद; | white; |
| | | 2. निर्मल, स्वच्छ, साफ; | ನಿರ್ಮಲವಾದ; | निर्मलवाद; | clean; |
| | | 3. निर्दोष; | ದೋಷರಹಿತ; | दोषरहित; | flawless, blemishless; |
| | | 4. उज्ज्वलवर्ण का, गोरा । | ಬೆಳ್ಳಗೆ ಹೊಳೆಯುವ | बेळ्ळगे होळेयुव | fair complexioned. |
| **श्वेतपत्र** | पुं. | आधुनिक राजनीति में वह राजकीय विज्ञप्ति जो किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक चर्चा, वार्ता आदि के संबंध में (प्राय: सफेद कागज पर लिखकर) प्रकाशित की जाती है । | (ರಾಜನೀತಿ) ಶ್ವೇತಪತ್ರ | (राजनीति) श्वेतपत्र | white paper. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **श्वेतसार** | पुं. | अनाज, आलू, मटर आदि में पाया जानेवाला एक प्रकार का गंधहीन सफेद खाद्य पदार्थ जिसका उपयोग औषधों और शिल्पीय कार्यों में होता है, चावल में यही माड़ के रूप में निकलता है, मण्ड, मांड़ी । | ಪಿಷ್ಟ ಪದಾರ್ಥ, ಗಂಜಿ | पिष्ट पदार्थ, गंजि | starch. |
| **षट्** | वि. | पांच और एक, छः । | ಆರು | आरु | six. |
| | पुं. | छः का सूचक अंक या संख्या । | ಆರರ ಸಂಖ್ಯೆ | आरर संख्ये | the number six. |
| **षट्कोण** | वि. | छः कोणोंवाला (क्षेत्र), छपहला, षट्कोणीय, षड्भुजाकार । | ಆರು ಕೋಣಗಳುಳ್ಳ | आरु कोणगळुळ्ळ | hexagonal, six-angled. |
| | पुं. | ज्यामिति में छह कोणोंवाली आकृति, षड्भुज । | (ರೇಖಾಗಣಿತ) ಷಡ್ಭುಜ | (रेखागणित) षड्भुज | a hexagon, any six-angled figure (in geometry). |
| **षट्पद** | पुं. | 1. भ्रमर; | ದುಂಬಿ; | दुंबि; | a bee, big male black bee; |
| | | 2. छः पदोंवाला छंद । | ಷಟ್ಪದಿ ಛಂದಸ್ಸು | षट्पदि छंदस्सु | a type of verse. |
| | वि. | छः पैरोंवाला । | ಆರು ಕಾಲಿನ | आरु कलिन | six footed. |
| **षड्यंत्र** | पुं. | 1. कुछ लोगों द्वारा सामूहिक रूप से कोई अनुचित तथा अपराधपूर्ण काम करने के लिए गुप्त रूप से बनाई गई योजना, साजिश, दुरभिसंधि, कुचक्र; | ಪಿತೂರಿ | पितूरि | underhand plotting, plot, intrigue; |
| | | 2. कोई बड़ा परिवर्तन करने के लिए गुप्त रूप से की जानेवाली कार्यवाही, अभिसंधि । | | | conspiracy. |
| **षष्टि** | स्त्री. | साठ की सूचक संख्या । | ಅರುವತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | अरुवत्तर संख्ये | the number sixty. |
| | वि. | जो गिनती में पचास से दस अधिक हो, साठ । | ಅರುವತ್ತು | अरुवत्तु | sixty. |
| **षष्ठ** | वि. | छठा । | ಆರನೆಯ | आरनेय | sixth, the sixth. |
| **षष्ठी** | स्त्री. | 1. चांद्रमास के शुक्ल या कृष्ण पक्ष की छठी तिथि, छठ; | ಷಷ್ಠಿ ತಿಥಿ; | षष्ठि तिथि; | the sixth day of a lunar fortnight. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बच्चे के जन्म दिन से छठा दिन तथा उस दिन होनेवाला कृत्य, छठी; | ನವಜಾತ ಶಿಶುವಿಗೆ ಆರನೆಯ ದಿನ ಮಾಡುವ ಒಂದು ಸಂಸ್ಕಾರ; | नवजात शिशुविगॆ आरनॆय दिन माडुव ऒंदु संस्कार; | the sixth day from the day of child-birth, and the celebrations of that day; |
| | | 3. संबंध कारक की विभक्ति (व्याकरण) । | ಷಷ್ಠಿ ವಿಭಕ್ತಿ | षष्ठि विभक्ति | (in gram.) the sixth or genitive case, possessive case. |
| **षोडश** | वि. | जो गिनती में दस से छः अधिक हो, सोलह । | ಹದಿನಾರು | हदिनारु | sixteen. |
| | पुं. | सोलह की सूचक संख्या । | ಹದಿನಾರರ ಸಂಖ್ಯೆ | हदिनारर संख्यॆ | the number sixteen. |
| **षोडशी** | वि. | सोलह वर्षों की (युवती), तरुणी । | ಹದಿನಾರು ವಯಸ್ಸಿನ | हदिनारु वयस्सिन | (a girl) of sixteen years of age, young (girl or woman); |
| | स्त्री. | सोलह वर्षों की युवती स्त्री । | ತರುಣಿ | तरुणि | a girl of sixteen years of age, or woman in the period of youth. |
| **संकट** | पुं. | विपत्ति, मुसीबत । | ಆಪತ್ತು, ಸಂಕಟ | आपत्तु, संकट | distress, crisis, emergency. |
| **संकटापन्न** | वि. | कष्ट में पड़ा हुआ, विपद्ग्रस्त । | ವಿಪತ್ತಿಗೆ ಸಿಕ್ಕಿದ | विपत्तिगॆ सिक्किद | beset with difficulties, in distress. |
| **संकर** | वि. | 1. दो या अधिक भिन्न-भिन्न तत्वों या पदार्थों के मेल से बना हुआ; | ಸಂಕರ | संकर | hybrid; |
| | | 2. दो अलग-अलग जातियों के जीवों या प्राणियों के संसर्ग से उत्पन्न । | | | cross bred. |
| **संकरा** | वि. | तंग, कम चौड़ा । | ಇಕ್ಕಟ್ಟಾದ | इक्कट्टाद | narrow, strait. |
| **संकलन** | पुं. | 1. एकत्र करने की क्रिया, संग्रह करना; | ಸೇರಿಸುವಿಕೆ; | सेरिसुविकॆ; | the act of heaping together; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ऐसी साहित्यिक कृति जिसमें अनेक ग्रन्थों या स्थानों से बहुत सी बातें इकट्ठी करके रखी गई हों । | ಅನೇಕ ಲೇಖಕರ ಲೇಖನ ಸಂಗ್ರಹ | अनेक लेखकर लेखन संग्रह | collection, compilation, anthology. |
| संकलित | वि. | 1. एकत्रीकृत; | ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | सेरिसल्पट्ट; | amassed, assembled; |
| | | 2. जो संकलन की क्रिया से बना हो । | (ಲೇಖನ) ಸಂಗ್ರಹಿಸಿದ | (लेखन) संग्रहिसिद | collection, compilation. |
| संकल्प | पुं. | 1. विचार, इरादा; | ಸಂಕಲ್ಪ; | संकल्प; | intention; |
| | | 2. दृढ़ निश्चय; | ದೃಢ ನಿಶ್ಚಯ; | दृढ निश्चय; | determination, resolve; |
| | | 3. दान पुण्य या और कोई देवकार्य आरम्भ करने से पूर्व मंत्रोच्चारण करते हुए हाथ में जल लेकर उसका विचार प्रकट करना; | ಮಂತ್ರೋಚ್ಚಾರಣ ಪೂರ್ವಕವಾದ ಸಂಕಲ್ಪ; | मंत्रोच्चारण पूर्वकवाद संकल्प; | a solemn vow to perform an observance; |
| | | 4. सभा समिति में किसी विषय में विचारपूर्वक किया हुआ पक्का निश्चय । | ವಿಚಾರಮಾಡಿ ಮಾಡಿದ ನಿರ್ಧಾರ | विचारमाडि माडिद निर्धार | resolution. |
| संकल्पना | वि. | 1. संकल्प करने की क्रिया या भाव; | ಸಂಕಲ್ಪ ಮಾಡುವಿಕೆ; | संकल्प माडुविकॆ; | making a vow; |
| | | 2. धारणा; | ಧಾರಣೆ; | धारणॆ; | concept; |
| | | 3. इच्छा । | ಇಚ್ಛೆ | इच्छॆ | desire. |
| संकल्पित | वि. | 1. जिसका संकल्प किया गया हो; | ಸಂಕಲ್ಪಿಸಿದ; | संकल्पिसिद; | determined, resolved upon; |
| | | 2. जिसकी कल्पना की गई हो । | ಕಲ್ಪನೆ ಮಾಡಿದ | कल्पनॆ माडिद | imagined, fancied. |
| संकाय | पुं. | उच्च कोटि के अध्ययन के लिए ज्ञान-विज्ञान आदि का कोई विशिष्ट विभाग या शाखा । | ಜ್ಞಾನ-ವಿಜ್ಞಾನಗಳ ವಿಶಿಷ್ಟಾಧ್ಯಯನ ವಿಭಾಗ | ज्ञान-विज्ञानगळ विशिष्टाध्ययन विभाग | faculty. |
| संकीर्ण | वि. | तंग, संकुचित । | ಇಕ್ಕಟ್ಟಾದ | इक्कट्टाद | narrow, parochial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संकीर्णता** | स्त्री. | संकीर्ण होने की अवस्था या भाव । | ವೈಶಾಲ್ಯವಿಲ್ಲ ದಿರುವಿಕೆ | वैशाल्य विल्लदिरुविकॆ | narrowness, parochiality. |
| **संकीर्तन** | पुं. | सम्यक् वर्णन, देवता के नाम का जाप, गुणगान आदि । | ಮಹಿಮಾಗಾನ | महिमागान | glorification (of a deity), singing of hymns or devotional songs. |
| **संकुचन** | पुं. | सिकुड़ना, संकुचित होना । | ಸಣ್ಣದಾಗುವಿಕೆ, ಸಂಕೋಚಗೊಳ್ಳುವಿಕೆ | सण्णदागुविकॆ, संकोचगॊळ्ळुविकॆ | contraction, shrinking. |
| **संकुचित** | वि. | 1. सिकुड़ा या सिकोड़ा हुआ; | ಸಣ್ಣದಾದ; | सण्णदाद; | contracted, abridged; |
| | | 2. तंग, संकरा । | ಇಕ್ಕಟ್ಟಾದ | इक्कट्टाद | narrow, strait, parochial. |
| **संकुल** | वि. | 1. घना; | ಸಾಂದ್ರ, ನಿಬಿಡ, ದಟ್ಟ; | सांद्र, निबिड, दट्ट; | thick, dense, congested; |
| | | 2. भरा हुआ, पूर्ण । | ತುಂಬಿದ | तुंबिद | filled (with), full (of). |
| **संकुलता** | स्त्री. | संकुल होने की अवस्था या भाव । | ನಿಬಿಡವಾಗಿರುವಿಕೆ | निबिडवागिरुविकॆ | congestion, crowd. |
| **संकेत** | पुं. | 1. अभिप्रायसूचक अंगचेष्टा, इशारा । | ಸನ್ನೆ; | सन्नॆ; | a sign, gesture, hint, signal; |
| | | 2. चिह्न, निशान । | ಗುರುತು | गुरुतु | sign, mark, token. |
| **संकेतित** | वि. | 1. जिसके संबंध में संकेत हुआ हो; | ಗುರುತು ಹಚ್ಚಲ್ಪಟ್ಟ; | गुरुतु हच्चल्पट्ट; | indicated; |
| | | 2. निश्चित । | ನಿಶ್ಚಯಿಸಿದ | निश्चयिसिद | agreed upon, fixed by. |
| **संकोच** | पुं. | 1. सिकुड़ने की क्रिया या भाव; | ಸಣ್ಣದಾಗುವಿಕೆ; | सण्णदागुविकॆ; | shrinking up, contraction; |
| | | 2. झिझक, हिचक; | ಸಂಕೋಚ; | संकोच; | hesitation; |
| | | 3. लज्जा । | ನಾಚಿಕೆ | नाचिकॆ | modesty, shyness. |
| **संकोची** | वि. | 1. संकुचित होनेवाला, सिकुड़नेवाला; | ಸಣ್ಣದಾಗುವ; | सण्णदागुव; | shrinking, contracting; |
| | | 2. झिझकनेवाला; | ಸಂಕೋಚಪಡುವ; | संकोचपडुव; | hesitant; |
| | | 3. लज्जालु । | ನಾಚುವ | नाचुव | shy, bashful, modest. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संक्रमण** | पुं. | 1. एक स्थिति या अवस्था से दूसरी में प्रवेश; | ಒಂದರಿಂದ ಮತ್ತೊಂದನು ಸೇರುವಿಕೆ; | आंदरिंद मत्तांदन्नु सेरुविकॆ; | transition; |
| | | 2. रोग आदि का फैलते हुए एक से दूसरे को होना । | (ರೋಗ) ಅಂಟಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | (रोग) अंटि कॊळ्ळुविकॆ | infection. |
| **संक्रमण काल** | पुं. | वह समय जब कोई पहले रूप से बदलकर दूसरे रूप में आ रहा हो । | ಸಂಕ್ರಮಣ ಕಾಲ | संक्रमण काल | transitional period. |
| **संक्रमित** | वि. | 1. किसी के अन्दर पहुंचाया या प्रविष्ट किया हुआ; | ಒಳಹೊಕ್ಕ; | ऑळहॊक्क; | conducted, led to; |
| | | 2. परिवर्तित किया या बदला हुआ । | ಬದಲಾವಣೆಗೊಂಡ | बदलावणॆगॊंड | transferred, changed. |
| **संक्रांत** | वि. | 1. गमन; | ಸರಿದ; | सरिद; | passed, gone; |
| | | 2. प्रविष्ट; | ಪ್ರವೇಶಿಸಿದ; | प्रवेशिसिद; | passed through or into, entered into; |
| | | 3. स्थानांतरित । | ಜಾಗ ಬದಲಾಯಿಸಿದ | जाग बदलायिसिद | transferred. |
| **संक्रांति** | स्त्री. | 1. सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में जाना; | ಸೂರ್ಯನ ಒಂದು ರಾಶಿಯಿಂದ ಮತ್ತೊಂದು ರಾಶಿಗೆ ಗಮನ; | सूर्यन आंदु राशियिंद मत्तांदु राशिगॆ गमन; | passage of the sun or a planet from one sign or position in the heaven into another; |
| | | 2. वह दिन जिसमें सूर्य का उक्त प्रकार का संचार होता है । | ರಾಶಿಯಿಂದ ರಾಶಿಗೆ ಸೂರ್ಯನು ಗಮಿಸುವ ದಿನ | राशियिंद राशिगॆ सूर्यनु गमिसुव दिन | the above day observed as a festival. |
| **संक्रामक** | वि. | एक से दूसरे में संक्रमण करनेवाला, छूत आदि से फैलनेवाला (रोग) । | (ರೋಗ) ಅಂಟು ವಂತಹ, ಹರಡು ವಂತಹ | (रोग) अंटुवंतह, हरडुवंतह | infectious (disease). |
| **संक्षिप्त** | वि. | 1. छोटा किया हुआ (पुस्तक आदि का रूप); | ಸಂಕ್ಷೇಪವಾದ; | संक्षेपवाद; | short, abridged; |
| | | 2. संक्षेप में कहा या लिखा गया । | ಸಂಕ್ಷೇಪವಾಗಿ ಹೇಳಿದ, ಬರೆದ | संक्षेपवागि हेळिद, बरॆद | brief, concise. |
| **संक्षिप्ति** | स्त्री. | संक्षिप्तीकृत रूप, संक्षिप्त शब्द । | ಸಂಕ್ಷೇಪ ಶಬ್ದ | संक्षेप शब्द | abbreviation. |
| **संक्षिप्तीकरण** | पुं. | किसी कथा, विषय आदि को संक्षिप्त करना । | ಸಂಕ್ಷೇಪ ಮಾಡುವಿಕೆ | संक्षेप माडुविकॆ | abridgement, summarization. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संक्षेप** | पुं. | **1. थोड़े में कही बात का रूप;** | ಸಂಕ್ಷೇಪ | संक्षेप | an abridgement, summary; |
| | | **2. लेख आदि का काट-छांट कर कम किया हुआ रूप ।** | | | epitome, precis. |
| **संखिया** | पुं. | **एक बहुत तेज विष ।** | ಶಂಖ ಪಾಷಾಣ | शंख पाषाण | arsenic. |
| **संख्या** | स्त्री. | **1. गणना, गिनती;** | ಎಣಿಕೆ; | ऍणिकॅ; | reckoning, calculation; |
| | | 2. 1, 2, 3 **आदि अंक ।** | ಸಂಖ್ಯೆ, ಅಂಕಿ | संख्यॅ, अंकि | number, figure. |
| **संग** | पुं. | **साथ होने या रखने की अवस्था या भाव, साथ, सोहबत ।** | ಸಂಗ, ಜತೆಯಲ್ಲಿರುವಿಕೆ | संग, जतॅयल्लि-रुविकॅ | association, company, contact. |
| **संगठन** | पुं. | **कार्य विशेष की सिद्धि के लिए निर्मित कोई संस्था ।** | ಸಂಘಟನೆ, ಸಂಸ್ಥೆ, ಸಂಘ | संघटनॅ, संस्थॅ, संघ | organization, set up. |
| **संगठित** | वि. | **कार्य विशेष के लिए परस्पर संबद्ध ।** | ಸಂಘಟಿತ | संघटित | organized. |
| **संगणन** | पुं. | **गणना का वह गंभीर और जटिल प्रकार और रूप जिसमें साधारण गणना के सिवा अनुभवों और नियत सिद्धांतों आदि का भी उपयोग होता है ।** | ಗಣನೆ | गणनॅ | computation. |
| **संगत** | स्त्री. | **1. संग रहने या होने का भाव, सोहबत;** | ಒಂದಿಗೆ ಸಹವಾಸದಲ್ಲಿರುವಿಕೆ; | ऑंदिगॅ सहवास-दल्लिरुविकॅ; | company; |
| | | **2. गाने वाले के साथ सारंगी तबला आदि बजाना ।** | ಪಕ್ಕವಾದ್ಯ | पक्कवाद्य | accompaniment (in music). |
| | वि. | **1. मिला हुआ या लगा हुआ;** | ಸೇರಿದ; | सेरिद; | relevant; |
| | | **2. उपयुक्त, मौजूं;** | ಉಪಯೋಗಿಯಾದ; | उपयोगियाद; | proper, apt; |
| | | **3. पूर्वापर संबंध के विचार से मेल खानेवाला ।** | ಪೂರ್ವಾಪರ ಸಂಬಂಧ ಹೊಂದಿರುವ | पूर्वापर संबंध हॉंदिरुव | logical, compatible. |
| **संगति** | स्त्री. | **1. मिलन, संपर्क;** | ಸಹವಾಸ; | सहवास; | company, society, association; |
| | | **2. सामंजस्य, उपयुक्तता ।** | ಸಾಮಂಜಸ್ಯ, ಉಪಯುಕ್ತತೆ | सामंजस्य, उपयुक्ततॅ | fitness, appropriateness. |
| **संगतिया (संगती)** | पुं. | **गाने आदि के साथ साथ बजानेवाला ।** | ಪಕ್ಕವಾದ್ಯದವನು | पक्कवाद्यदवनु | an accompanyist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संगदिल** | वि. | **निर्दय, बेरहम ।** | ನಿರ್ದಯ | निर्दय | hard-hearted, unfeeling, cruel. |
| **संगम** | पुं. | **1. दो धाराओं या नदियों के मिलने का स्थान;**<br>**2. मिलन, संयोग ।** | ಸಂಗಮ; | संगम | confluence (of rivers);<br>union, junction, conjunction. |
| **संगमरमर** | पुं. | **सफेद रंग का एक प्रकार का बहुत चिकना और मूल्यवान प्रसिद्ध पत्थर ।** | ಹಾಲು ಕಲ್ಲು, ಅಮೃತ ಶಿಲೆ | हालु कल्लु, अमृत शिलॆ | marble. |
| **संगरोध** | पुं. | **वह क्रिया या व्यवस्था जिसके** अनुसार देश में बाहर से आनेवाले **किसी संक्रामक रोग के रोकने के लिए मार्ग में या किसी स्थान पर यात्रियों को कुछ समय के लिए रखा जाता है ।** | ರೋಗ ನಿರೋಧಕ ನಿರ್ಬಂಧ | रोग निरोधक निर्बंध | quarantine. |
| **संगिनी** | स्त्री. | **1. साथ रहनेवाली स्त्री, सहचरी;**<br>**2. पत्नी, भार्या ।** | ಜತೆಗಾತಿ;<br>ಹೆಂಡತಿ | जतॆगाति;<br>हॆंडति | female companion;<br>wife. |
| **संगी** | पुं. | **जो प्रायः सदा संग रहता हो,** साथी । | ಸಂಗಡಿಗ | संगडिग | companion, associate. |
| **संगीत** | पुं. | **ध्वनियों या स्वरों का कुछ विशिष्ट नियमों के अनुसार विशिष्ट** लय में **होनेवाला प्रस्फुटन ।** | ಸಂಗೀತ | संगीत | music. |
| **संगीतज्ञ** | पुं. | **संगीत विद्या का ज्ञाता, गायक या वादक ।** | ಸಂಗೀತಗಾರ | संगीतगार | musician. |
| **संगीन** | वि. | **1. पत्थर का बना हुआ;**<br>**2. सख्त, कठोर, मजबूत;**<br>**3. गंभीर ।** | ಕಲ್ಲಿನಿಂದ ಮಾಡಿದ;<br>ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿರುವ;<br>ಗಂಭೀರ ಸ್ಥಿತಿಯ | कल्लिनिंद माडिद;<br>गट्टियागिरुव;<br>गंभीर स्थितिय | made of stone;<br>hard, firm, solid;<br>grave, serious. |
| | स्त्री. | **बंदूक में लगाया जानेवाला छुरी के आकार का लंबा नोकदार हथियार ।** | ಬಂದೂಕಿಗೆ ಸೇರಿಸಿದ ನೀಳವಾದ ಚೂಪಾಗಿರುವ ಕತ್ತಿ | बंदूकिगॆ सेरिसिद नीळवाद चूपागिरुव कत्ति | bayonet. |
| **संगूढ़** | वि. | **सुरक्षित, छिपाया हुआ ।** | ಗುಪ್ತವಾಗಿರುವ | गुप्तवागिरुव | completely concealed or hidden. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संगृहीत** | वि. | संग्रह किया हुआ, एकत्र किया हुआ । | ಸಂಗ್ರಹಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | संग्रहिसलपट्ट | collected, compiled. |
| **संगोपन** | पुं. | अच्छी तरह से छिपा कर रखना । | ಸುಳಿವೂ ತಿಳಿಯದಂತೆ ರಹಸ್ಯವನ್ನು ರಕ್ಷಿಸುವಿಕೆ | सुळिवू तिळियदतं रहस्यवन्नु रक्षिसुविकं | complete concealment. |
| **संगोपनीय** | वि. | छिपाकर रखने योग्य । | ರಹಸ್ಯವಾಗಿರಿಸಲು ಅರ್ಹವಾದ | रहस्यवागिरिसलु अर्हवाद | to be completely hidden, concealed. |
| **संग्रह** | पुं. | 1. एकत्र करने की क्रिया या भाव, संचय; | ಸೇರಿಸುವಿಕೆ; | सेरिसुविकं; | collection; |
| | | 2. इकट्ठी की हुई चीजों का समूह या ढेर । | ಸೇರಿಸಿಟ್ಟ ವಸ್ತುಗಳು | सेरिसिट्ट वस्तुगळु | depository, storage. |
| **संग्रहण** | पुं. | 1. ग्रहण करना, लेना; | ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ; | तगंदुकोंळ्ळुविकं; | taking hold of, seizing; |
| | | 2. संकलन करना, एकत्र करना । | ಒಂದುಗೂಡಿಸುವಿಕೆ | ओंदुगूडिसुविकं | collecting. |
| **संग्रहणी** | स्त्री. | अतिसार का एक रूप जिसमें खाना बिना पचे ही मल के रूप में निकल जाता है । | ಅತಿಸಾರ (ತಿಂದದ್ದು ತಿಂದಂತೆ ಭೇದಿ ಯಾಗುವ ರೋಗ) | अतिसार (तिंदद्दु तिंदतं भेदियागुव रोग) | dysentery. |
| **संग्रहणीय** | वि. | संग्रह करने योग्य । | ಸಂಗ್ರಹಯೋಗ್ಯ | संग्रहयोग्य | fit to be collected or preserved or acquired. |
| **संग्रहालय** | पुं. | वह स्थान जहां विशेष महत्व की वस्तुओं का संग्रह किया गया हो । | ಸಂಗ್ರಹಾಲಯ | संग्रहालय | museum. |
| **संग्रही (संग्रहीता)** | पुं. | एकत्र करनेवाला । | ಸಂಗ್ರಹಿಸುವವ | संग्रहिसुवव | collector, procurer. |
| **संग्राहक** | वि. | एकत्र या जमा करनेवाला । | ಸಂಗ್ರಹಿಸುವ | संग्रहिसुव | collector, compiler. |
| **संग्राह्य** | वि. | जमा करके रखने लायक । | ಸಂಗ್ರಹಯೋಗ್ಯ | संग्रहयोग्य | fit to be collected or preserved. |
| **संघ** | पुं. | 1. समूह, झुंड, दल; | ಸಮೂಹ; | समूह; | assemblage, multitude, crowd; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए बना हुआ संगठन; | ಸಂಘ; | संघ; | organization, association. |
| | | 3. प्राचीन भारत में एक प्रकार का लोकतंत्री राज्य जिसकी व्यवस्था जनता के चुने हुए प्रतिनिधि करते थे; | ರಾಜ್ಯ, ಸಂಘ; | राज्य संघ; | federation, union; |
| | | 4. आधुनिक राजनीति में राज्यों, राष्ट्रों आदि के पारस्परिक समझौते से बननेवाला ऐसा संगठन जो कुछ विशिष्ट बातों में एक केन्द्रीय सत्ता का अधिकार एवं अनुशासन मानता हो । | ಸಂಘ ರಾಜ್ಯ | संघ राज्य | federation, union. |
| **संघटन** | पुं. | दे. 'संगठन' । | ನೋಡಿ "संगठन" | नोडि "संगठन" | see 'संगठन'. |
| **संघटित** | वि. | दे. 'संगठित' । | ನೋಡಿ "संगठित" | नोडि "संगठित" | see 'संगठित'. |
| **संघर्ष** | पुं. | 1. दो वस्तुओं का आपस में रगड़ खाना; | ತಿಕ್ಕಾಟ; | तिक्काट; | competition, emulation; |
| | | 2. होड़, स्पर्द्धा; | ಪೈಪೋಟಿ; | पैपोटि; | competition, emulation; |
| | | 3. दो विरोधी दलों में एक दूसरे को दबाने के लिए होनेवाला कोई ऐसा प्रयत्न जिसमें दोनों अपनी सारी शक्ति लगा देते हैं; | ಹಿಮ್ಮೆಟ್ಟುವಂತೆ ಮಾಡುವ ದಬಾವಣೆ; | हिम्मट्टुवंते माडुव दबावणे; | rivalry, contest for superiority; |
| | | 4. कठिनाइयों या प्रबल विरोधी शक्तियों को दबाने के लिए प्राणपण से की जानेवाली चेष्टा । | ಹೋರಾಟ | होराट | struggle. |
| **संचित** | वि. | इकट्ठा किया हुआ, एकत्र किया हुआ । | ಕೂಡಿಟ್ಟ; ಸಂಗ್ರಹ ಮಾಡಿದ | कूडिट्ट, संग्रह माडिद | accumulated, collected. |
| **संजीवनी** | स्त्री. | मृत को जीवित करनेवाली एक कल्पित औषधि । | ಸತ್ತವರನ್ನು ಬದುಕಿಸುವ ಒಂದು ಕಾಲ್ಪನಿಕ ಔಷಧ | सत्तवरन्नु बदुकिसुव ओंदु काल्पनिक औषध | a kind of elixir (said to restore the dead to life). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संजोना | स. क्रि. | 1. सजाना, सज्जित करना; | ಅಲಂಕರಿಸು; | अलंकरिसु; | to decorate, to embellish; |
| | | 2. सामग्री आदि एकत्र करके क्रम से रखना । | ಕ್ರಮವಾಗಿರಿಸು | क्रमवागिरिसु | to put together, to arrange. |
| संज्ञा | स्त्री. | 1. चेतना शक्ति, होश; | ಪ್ರಜ್ಞೆ; | प्रज्ञॆ; | consciousness, sense; |
| | | 2. वस्तु, व्यक्ति आदि का नाम; | ನಾಮ; | नाम; | name, designation, appellation; |
| | | 3. व्याकरण में वह विकारी शब्द, जो किसी वास्तविक या कल्पित वस्तु का द्योतक होता है । | ನಾಮಪದ | नामपद | (in gram.) a noun substantive. |
| संज्ञाहीन | वि. | चेतनारहित, बेहोश । | ಪ್ರಜ್ಞೆ ತಪ್ಪಿದ | प्रज्ञॆ तप्पिद | unconscious. |
| संड़सी | स्त्री. | रसोई में बरता जानेवाला एक तरह का कैंचीनुमा उपकरण जिससे बटलोई आदि चूल्हे पर से उतारे जाते हैं । | ಇಕ್ಕಳ | इक्कळ | pair of pincers or forceps. |
| संडास | पुं. | कुएँ की तरह का एक प्रकार का गहरा गड्ढा जिसमें लोग मल त्याग करते हैं । | ಪಾಯಖಾನೆ ಗುಂಡಿ | पायखानॆ गुंडि | a cesspool, latrine. |
| संत | पुं. | साधु, धर्मात्मा, महात्मा । | ಸಾಧು | साधु | a pious or venerable man, a saint. |
| संतत | क्रि. वि. | निरन्तर, लगातार। | ಯಾವಾಗಲೂ, ಸದಾ | यावागलू, सदा | continuous, uninterrupted. |
| संतति | स्त्री. | संतान, बाल-बच्चे । | ಸಂತಾನ, ಮಕ್ಕಳು-ಮರಿ | संतान, मक्कळु-मरि | offspring, posterity. |
| संतप्त | वि. | 1. बहुत अधिक तपा या जला हुआ; | ನೊಂದ; | नॊंद; | greatly heated or inflamed, red-hot; |
| | | 2. दुखी, पीड़ित । | ಪೀಡಿತ | पीडित | tormented, distressed, afflicted. |
| संतरा | पुं. | एक प्रकार का बड़ा और मीठा नीबू । | ಕಿತ್ತಳೆ | कित्तळॆ | orange. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संतरी** | पुं. | किसी स्थान पर पहरा देनेवाला सिपाही, पहरेदार । | ಕಾವಲುಗಾರ | कावलुगार | sentry. |
| **संतान** | पुं. | संतति, औलाद । | ಸಂತಾನ ಮಕ್ಕಳು-ಮರಿ | संतान, मक्कळु-मरि | progeny, offspring, issue. |
| **संताप** | पुं. | 1. अग्नि, धूप आदि का बहुत तीव्र ताप; | ಧಗೆ; | धगॆ; | great heat, burning heat; |
| | | 2. कष्ट, पीड़ा; | ಕಷ್ಟ, ಪೀಡೆ; | कष्ट, पीडॆ; | affliction, pain; |
| | | 3. पाप आदि करने पर मन में होनेवाला अनुताप । | ಅನುತಾಪ | अनुताप | remorse, penitence, repentance. |
| **संतुलन** | पुं. | 1. तौलते समय दोनों पलड़ों का बराबर होना; | ಸಮತೂಕ; | समतूक; | balance, equilibrium; |
| | | 2. वह स्थिति जिसमें सभी अंग बराबर के या यथास्थान हों । | ಸರಿಸಮ | सरिसम | equipoise. |
| **संतुलित** | वि. | 1. जिसका संतुलन हुआ हो; | ಸಂತುಲಿತ | संतुलित | balanced, equipoised; |
| | | 2. न अधिक, न कम, ठीक । | | | equal. |
| **संतुष्ट** | वि. | 1. जिसका संतोष कर दिया गया हो अथवा हो गया हो, तृप्त; | ತೃಪ್ತ; | तृप्त; | satisfied, gratified, contented; |
| | | 2. जो समझाने-बुझाने से मान गया हो या राजी हो गया हो । | ಸಂತೋಷಗೊಂಡ | संतोषगॊंड | consoled, comforted. |
| **संतुष्टि** | पुं. | 1. संतुष्ट होने की क्रिया या भाव, तृप्ति; | ತೃಪ್ತಿ; | तृप्ति; | satisfaction, contentment, gratification; |
| | | 2. तृप्ति, प्रसन्नता; | ಪ್ರಸನ್ನತೆ; | प्रसन्नतॆ; | delight; |
| | | 3. धैर्य । | ಸಹನೆ | सहनॆ | patience. |
| **संतोषी** | वि. | संतुष्ट रहनेवाला, सब्र करनेवाला । | ಸಂತೋಷದಿಂದಿರುವ | संतोषदिंदिरुव | satisfied, contented. |
| **संत्रस्त** | वि. | बहुत अधिक डरा हुआ । | ಭಯಗ್ರಸ್ತ, ಹೆದರಿದ | भयग्रस्त, हॆदरिद | frightened, alarmed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संदर्भ** | पुं. | पुस्तक, लेख आदि में वर्णित प्रसंग, विषय आदि जिसका विचार या उल्लेख हो, प्रसंग। | ಪ್ರಸಂಗ, ಸಂದರ್ಭ | प्रसंग, संदर्भ | reference, context. |
| **संदर्भ ग्रन्थ** | पुं. | ऐसा ग्रन्थ जिसे कुछ विशिष्ट प्रसंगों की जानकारी या विमर्श के लिए देखा जाता है, साधारणतः आद्योपान्त पढ़ा नहीं जाता। | ಸಂದರ್ಭ ಗ್ರಂಥ | संदर्भ ग्रंथ | reference book. |
| **संदर्शन** | पुं. | दे. 'मार्गदर्शन'। | ಮಾರ್ಗದರ್ಶನ | मार्गदर्शन | see '**मार्गदर्शन**'. |
| **संदल** | पुं. | चंदन | ಗಂಧ, ಚಂದನ | गंध, चंदन | sandal wood. |
| **संदली** | वि. | चंदन का, चंदन के रंग का। | ಗಂಧದ ಮರದಿಂದ ಮಾಡಿದ | गंधद मरदिंद माडिद | made of sandal wood, of the colour of sandal wood. |
| | स्त्री. | ऊंची तिपाई, कुर्सी या चौकी। | ಮೇಜು,ಪೀಠ ವಗೈರೆ | मेजु, पीठ वगैरे | bench, seat. |
| **संदिग्ध** | वि. | 1. जिसके संबंध में संदेह या भ्रम हुआ हो; | ಸಂದೇಹಾಸ್ಪದ; | संदेहास्पद; | dubious, doubtful; |
| | | 2. जिसके संबंध में किसी प्रकार का अनिश्चय हो। | ಅನಿಶ್ಚಿತ | अनिश्चित | uncertain, ambiguous. |
| **संदिग्धता** | स्त्री. | संदिग्ध होने की अवस्था, धर्म या भाव। | ಸಂದೇಹಾವಸ್ಥೆ | संदेहावस्थे | uncertainty, doubt, ambiguity. |
| **संदीपन** | पुं. | तीव्र या प्रबल करने की क्रिया या भाव, उद्दीपन। | ಉದ್ದೀಪನ | उद्दीपन | kindling, exciting, provoking. |
| **संदीप्त** | वि. | प्रज्वलित, जिसका उद्दीपन हुआ हो। | ಪ್ರಜ್ವಲಿತ | प्रज्वलित | kindled or inflamed, excited, stimulated. |
| **संदेश** | पुं. | 1. खबर, समाचार; | ಸಂದೇಶ | संदेश | news, tidings; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2. वह कथन या बात जो प्राय: लिखित या मौखिक रूप में एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को भेजी जाती है ।** | | | report, message. |
| **संदेशवाहक** | **पुं.** | **संदेश या समाचार ले जानेवाला ।** | ಹರಿಕಾರ, ಸಂದೇಶವನ್ನು ಒಯ್ಯುವವ | हरिकार, संदेशवन्नु ऑय्युवव | messenger. |
| **संदेशहर** | **पुं.** | दे. 'संदेशवाहक' । | ನೋಡಿ "संदेशवाहक" | नोडि "संदेशवाहक" | see '**संदेशवाहक**'. |
| **संदेशा** | **पुं.** | **दे. 'संदेश' ।** | ನೋಡಿ "संदेश" | नोडि "संदेश" | see '**संदेश**'. |
| **संदेह** | **पुं.** | **किसी वस्तु अथवा बात के सम्बन्ध में मन में होनेवाला यह भाव या विचार कि कहीं यह अनुचित, त्याज्य या दूषित तो नहीं है अथवा क्या इसकी सत्यता मानने योग्य है, शक ।** | ಸಂದೇಹ | संदेह | doubt, uncertainty, suspicion. |
| **संदेहात्मक** | **वि.** | **संदेहपूर्ण, संदिग्ध ।** | ಸಂದೇಹಾತ್ಮಕ | संदेहात्मक | doubtful. |
| **संधान** | **पुं.** | 1. **निशाना बैठाना;** | ಗುರಿ ಸಾಧಿಸುವಿಕೆ; | गुरि साधिसुविकॆ; | fixing (an arrow to a bow etc.); |
| | | 2. **दो वस्तुओं का मिलना ।** | ಸೇರಿಸುವಿಕೆ | सेरिसुविकॆ | act of placing or holding together. |
| **संधि** | **स्त्री.** | 1. **समझौता, सुलह;** | ಸಂಧಿ | संधि | treaty; |
| | | 2. **वह स्थान जहां एक वस्तु दूसरी में जुड़ी हो, जोड़;** | | | joint, articulation; |
| | | 3. **दरार;** | | | breach, chasm; |
| | | 4. **व्याकरण में शब्दों के रूपों में होनेवाला वह** विकार **जो दो अक्षरों के पास-पास करने पर उनके योग के कारण होता है;** | | | conjunction; |
| | | 5. **परिवर्तन काल;** | | | period of transition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 6. नाटक में किसी प्रधान प्रयोजन के साधक कथांशों का किसी एक मध्यवर्ती प्रयोजन के साथ होनेवाला संबंध । | | | division or joint (in a drama). |
| संध्या | स्त्री. | 1. दिन और रात दोनों के मिलने का समय; | ರಾತ್ರಿ ಹಗಲುಗಳ ಸಂಧಿ ಕಾಲ; | रात्रि हगलुगळ संधिकाल; | twilight or evening; |
| | | 2. उस समय किया जानेवाला धार्मिक कृत्य जो प्रात: सांय और मध्याह्न में किया जाता है; | ಸಂಧ್ಯಾವಂದನೆ; | संध्यावंदनें; | evening prayer; |
| | | 3. दो युगों के मिलने का समय । | ಎರಡು ಯುಗಗಳ ಸಂಧಿ ಸಮಯ | एंरडु युगगळ संधि समय | period which precedes a Yuga, time intervening between the expiration of one Yuga and the commencement of another. |
| संन्यास | पुं. | 1. हिन्दुओं के चार आश्रमों में से अंतिम जिसमें सब प्रकार के सांसारिक संबंध छोड़कर मनुष्य त्यागी और विरक्त हो जाता है; | ಸಂನ್ಯಾಸ. | संन्यास | the fourth religious order (asram); |
| | | 2. पूरी तरह से छोड़ना, परित्याग करना । | | | relinquishment, resignation, abandonment. |
| संन्यासी | पुं. | 1. जिसने संन्यास आश्रम ग्रहण किया हो; | ಸಂನ್ಯಾಸಿ; | संन्यासि | a Brahman of the fourth order or asram; |
| | | 2. त्यागी और विरक्त । | | | one who abandons or resigns. |
| संपत्ति | स्त्री. | 1. धन-दौलत और जायदाद; | ಐಶ್ವರ್ಯ, ಸಂಪತ್ತು; | ऐश्वर्य, संपत्तु; | opulence, wealth, property; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कोई ऐसी वस्तु जो महत्व की हो और जिसे संजोया जाता हो । | ಸಂರಕ್ಷಿತಗೊಳಿಸಿದ ಆಸ್ತಿ | सुरक्षितगॊळिसिद आस्ति | attainment, acquisition, possession. |
| **संपदा** | स्त्री. | धन दौलत, ऐश्वर्य । | ಆಸ್ತಿಪಾಸ್ತಿ, ಐಶ್ವರ್ಯ | आस्ति-पास्ति, ऐश्वर्य | wealth, opulence, estate. |
| **संपन्न** | वि. | 1. पूरा किया हुआ, पूर्ण, साधित; | ಪೂರ್ಣಗೊಳಿಸಿದ; | पूर्णगॊळिसिद; | accomplished, effected, completed; |
| | | 2. किसी गुण या वस्तु से युक्त; | ಗುಣಗಣಪೂರ್ಣವಾದ; | गुणगणपूर्णवाद; | endowed (with), possessed (of); |
| | | 3. धनी, अमीर । | ಧನಿಕ | धनिक | prosperous, thriving, rich. |
| **संपर्क** | पुं. | 1. मेल, संयोग; | ಸಂಪರ್ಕ; | संपर्क; | mixture; |
| | | 2. आपस में होनेवाला किसी प्रकार का लगाव या वास्ता; | ಪರಸ್ಪರ ಸಂಬಂಧ; | परस्पर संबंध; | contact, association, |
| | | 3. स्पर्श; | ಸ್ಪರ್ಶ; | स्पर्श; | touch; |
| | | 4. गणित में राशियों का जोड़ । | (ಗಣಿತ) ಕೂಡುವಿಕೆ, ಜೋಡಣೆ | (गणित) कूडुविकॆ, जोडणॆ | addition, sum. |
| **संपादक** | पुं. 1. | वह जो किसी पुस्तक, सामयिक पत्र आदि के सब लेख या विषय अच्छी तरह ठीक करके या देखकर उन्हें प्रकाशन के योग्य बनाता हो; | ಸಂಪಾದಕ | संपादक | editor; |
| | 2. | कोई काम पूरा करनेवाला, प्रस्तुत या तैयार करनेवाला । | | | one who accomplishes or obtains. |
| **संपादकीय** | वि. | संपादक संबंधी या संपादक का । | ಸಂಪಾದಕೀಯ | संपादकीय | editorial. |
| | पुं. | संपादक द्वारा लिखी हुई टिप्पणी या अग्रलेख । | | | (an) editorial. |
| **संपादन** | पुं. | 1. पूरा करना, प्रस्तुत करना; | ಪ್ರಸ್ತುತಗೊಳಿಸುವಿಕೆ; | प्रस्तुत गॊळिसुविकॆ; | accomplishing, effecting, fulfilment; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ग्रन्थादि शुद्ध कर उन्हें प्रकाशन योग्य बनाना या सामयिक या दैनिक पत्र विषय आदि की दृष्टि से ठीक करना और उसका संचालन करना । | (ಪತ್ರಿಕೆ, ಪುಸ್ತಕ) ಸಂಪಾದನೆಯ ಕಾರ್ಯ | (पत्रिके, पुस्तक) संपादनेय कार्य | editing. |
| संपादित | वि. | जिसका संपादन किया गया हो । | ಸಂಪಾದನೆ ಮಾಡಿ ಸಂಗ್ರಹಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | संपादने माडि संग्रहिसल्पट्ट | accomplished, edited. |
| संपीडन | पुं. | 1. चारों ओर से इस प्रकार दबाना कि उसका विस्तार कम हो जाए; | ಹಿಚುಕುವಿಕೆ; | हिचुकुविके; | squeezing together, compression; |
| | | 2. कष्ट देना । | ತ್ರಾಸ ಕೊಡುವಿಕೆ | त्रास कॊडुविके | pain, torture. |
| संपुट | पुं. | 1. कटोरे जैसी कोई वस्तु, दोना; | ಭರಣಿ; | भरणि; | hemispherical bowl; |
| | | 2. अंजलि । | ಅಂಜಲಿ | अंजलि | space between two palms. |
| संपूर्ण | वि. | 1. आदि से अंत तक सब, सारा; 2. पूरा या समाप्त किया हुआ । | ಸಂಪೂರ್ಣ | संपूर्ण | all, whole, complete; completed, finished. |
| संपेरा | पुं. | सांप पकड़ने, पालने या सांप का तमाशा दिखलानेवाला । | ಹಾವಾಡಿಗ | हावाडिग | snake-charmer. |
| संप्रति | अव्य. | आजकल में, इस समय । | ಈಗ | ईग | now, at present. |
| संप्रदान | पुं. | 1. व्याकरण में एक कारक जो उस संज्ञा की स्थिति का बोध कराता है जिसके निमित्त कोई कार्य किया गया होता है; | ಸಂಪ್ರದಾನ | संप्रदान | (in Gram.) dative case; |
| | | 2. देना, प्रदान करना । | | | giving, bestowing. |
| संप्रदाय | पुं. | 1. परम्परा से चला आया हुआ ज्ञान या सिद्धान्त; | ಸಂಪ್ರದಾಯ | संप्रदाय | traditional doctrine or knowledge; |
| | | 2. किसी धर्म के अन्तर्गत कोई विशिष्ट मत या सिद्धान्त । | | | a peculiar system of religious teaching; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. एक ही तरह का मत या सिद्धांत रखनेवाले लोगों का समूह या वर्ग । | | | sect, community. |
| संप्रदायवाद | पुं. | केवल अपने ही संप्रदाय को विशेष महत्व देना और अन्य संप्रदायवालों से द्वेष करना । | ಸಂಪ್ರದಾಯವಾದ | संप्रदायवाद | communalism, sectarianism. |
| संबंध | पुं. | 1. रिश्ता, नाता; | ಸಂಬಂಧ; | संबंध; | relation, relationship; |
| | | 2. आपस में होनेवाली घनिष्ठता या मेलजोल; | ಪರಸ್ಪರ ಸ್ನೇಹ; | परस्पर स्नेह; | friendly connection, friendship; |
| | | 3. व्याकरण में छठा कारक जिसमें एक शब्द के साथ दूसरे शब्द का संबंध या लगाव सूचित होता है । | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಷಷ್ಠಿ ವಿಭಕ್ತಿ | (व्याकरण) षष्ठि विभक्ति | relation, as the meaning of the genitive case (in Gra.). |
| संबंधी | वि. | संबंध या लगाव रखनेवाला । | ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | संबंधिसिद | connected with, belonging to, related (to). |
| | पुं. | वह जिसके साथ रक्त अथवा विवाह का संबंध हो । | ಸಂಬಂಧಿಗಳು, ಬೀಗರು | संबंधिगळु, बीगरु | relative, kinsman. |
| संबद्ध | वि. | 1. किसी के साथ जुड़ा हुआ, मिलाया गया हुआ; | ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | संबंधिसिद; | joined, bound or fastened together, attached; |
| | | 2. किसी प्रकार का संबंध रखनेवाला । | ಸಂಬಂಧಪಟ್ಟ | संबंधपट्ट | connected with, related to, belonging to. |
| संबल | पुं. | 1. कोई ऐसी वस्तु जिससे किसी कार्य या बात में आगे बढ़ने में पूरी-पूरी सहायता मिलती हो या जिसका आश्रय लिया जाता हो, सहारा; | ಆಧಾರ, ಆಶ್ರಯ; | आधार, आश्रय; | support, backing; |
| | | 2. पाथेय । | ದಾರಿಬುತ್ತಿ, ಪಾಥೇಯ | दारिबुत्ति, पाथेय | stock of provision for a journey. |
| संबोधन | पुं. | 1. आह्वान करना, पुकारना; | ಕರೆ; | करॆ; | calling to, addressing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह शब्द जिससे किसी को पुकारा जाता है; | ಕರೆಯಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಶಬ್ದ; | करॆयलु उपयोगिसुव शब्द; | an epithet (used in calling a person); |
| | | 3. व्याकरण में आठवां कारक । | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಸಂಬೋಧನಾ ವಿಭಕ್ತಿ | (व्याकरण) संबोधना विभक्ति | (in Gram.) vocative case. |
| **संबोधित** | वि. | जिसका संबोधन किया गया हो । | ಕರೆಯಲ್ಪಟ್ಟ | करॆयल्पट्ट | called to, addressed. |
| **संभलना** | अ. क्रि. | 1. अपनी बिगड़ती हुई स्थिति को ठीक कर लेना; | ಸರಿಪಡಿಸಿ ಸುಧಾರಿಸು; | सरिपडिसि सुधारिसु; | to recover oneself (from a stumble or fall etc.); |
| | | 2. रुकना, थमना, काबू में रहना; | ತಡೆಹಿಡಿ; | तडॆहिडि; | to stand, to stop; |
| | | 3. सावधान होना, चोट आदि से बचाव करना । | ಎಚ್ಚರದಿಂದಿರು | ऍच्चरदिंदिरु | to be alert, to be cautious. |
| **संभव** | वि. | जो किया जा सकता हो या हो सकता है, मुमकिन । | ಸಂಭವ | संभव | possible. |
| **संभवतः** | क्रि. वि. | हो सकता है, शायद, मुमकिन है । | ಬಹುತೇಕ, ಬಹುಮಟ್ಟಿಗೆ | बहुतेक, बहुमट्टिगॆ | probably, perhaps, possibly. |
| **संभार** | पुं. | साज-सामान, सामग्री । | ಸಾಮಾನು ಸರಂಜಾಮು | सामानु सरंजामु | equipment provision, necessaries. |
| **संभाल** | स्त्री. | 1. संभलने या संभालने की क्रिया या भाव; | ಸಂಬಾಳಿಸುವಿಕೆ; | संबाळिसुविकॆ; | act or process of being alert or safe; |
| | | 2. कोई वस्तु संभाल कर रखने की क्रिया या भाव, देखरेख, हिफाजत । | ಭದ್ರಪಡಿಸುವಿಕೆ | भद्रपडिसुविकॆ | care-taking, upkeeping, maintenance. |
| **संभालना** | स.क्रि. | 1. पालन करना, रक्षा करना, सहारा देना; | ಆಶ್ರಯ ಕೊಟ್ಟು ರಕ್ಷಿಸು; | आश्रय कॊट्टु रक्षिसु; | to support, to sustain, to look after; |
| | | 2. प्रबंध करना, सहेजना, भार उठाना; | ನಿರ್ವಹಿಸು; | निर्वहिसु; | to manage, to superintend; |
| | | 3. गिरते हुए को बीच में रोकना; | ಹಿಡಿದು ನಿಲ್ಲಿಸು; | हिडिदु निल्लिसु; | hold up, uphold, prop; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. बिगड़ते हुए संबंध में ऐसी क्रिया करना जिससे वह अधिक न बिगड़ने पाये, प्रत्युत धीरे-धीरे सुधरने लगे । | ಕೆಡದಂತೆ ತಡೆ ಹಿಡಿ | कॆडदंतॆ तडॆ हिडि | to reconcile, to amend. |
| **संभाला** | पुं. | **मरणासन्न व्यक्ति की वह स्थिति जिसमें वह कुछ समय के लिए संभला हुआ जान पड़े ।** | ಸಾಯುವ ಮುಂಚಿನ ಸ್ಥಿತಿ | सायुव मुंचिन स्थिति | the apparent rally before death. |
| **संभावना** | स्त्री. | **किसी घटना या बात के संबंध में वह स्थिति जिसमें उस घटना के घटित होने या उस बात के पूरे होने की शक्यता होती है ।** | ಸಂಭಾವನೆ | संभावनॆ | possibility, probability, likelihood. |
| **संभावित** | वि. | **जिसकी संभावना हो, मुमकिन, संभव ।** | ಬಹುದಾದ, ಆಗಬಹುದಾದ | बहुदाद, आगबहुदाद | probable, likely. |
| **संभाव्य** | वि. | **जो हो सकता हो, जो कल्पना या विचार में आ सकता हो ।** | ಆಗಬಹುದೆಂಬ ನಿರೀಕ್ಷಣೆಯಿರುವ | आगबहुदॆंब निरीक्षणॆयिरुव | supposable, imaginable, probable. |
| **संभाषण** | पुं. | **बातचीत, वार्तालाप ।** | ಸಂಭಾಷಣೆ | संभाषणॆ | conversation, discourse. |
| **संभोक्ता** | पुं. | **उपभोग करनेवाला, भोगनेवाला ।** | ಉಪಭೋಗ ಮಾಡುವವ, ಬಳಕೆದಾರ | उपभोग माडुवव, बळकॆदार | consumer, one who eats or enjoys. |
| **संभोग** | पुं. | 1. **स्त्री पुरुष का मैथुन, रतिक्रीड़ा;**<br>2. **किसी वस्तु का किया जानेवाला पूरा उपयोग ।** | ರತಿಕ್ರೀಡೆ;<br>ಭೋಗ | रतिक्रीडॆ;<br>भोग | sexual union, coition;<br>full or best use. |
| **संभ्रम** | पुं. | 1. **उतावली, जल्दबाजी, घबराहट;**<br>2. **आदर, मान ।** | ಸಂಭ್ರಮ | संभ्रम | eagerness, haste, nervousness;<br>respect. |
| **संभ्रांत** | वि. | **प्रतिष्ठित, सम्मानित ।** | ಸನ್ಮಾನ್ಯ | सन्मान्य | respectable. |
| **संयत** | वि. | 1. **जितेंद्रिय;** | ಜಿತೇಂದ್ರಿಯ; | जितेंद्रिय; | one who has restrained his passion; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. व्यवस्थित किया हुआ; | ವ್ಯವಸ್ಥಿತವಾದ; | व्यवस्थितवाद; | arranged; |
| | | 3. रोका हुआ, कैद किया हुआ । | ತಡೆಗಟ್ಟಿದ, ಬಂಧಿತ | तडॆगट्टिद, बंधित | fettered, captive, imprisoned. |
| **संयम** | पुं. | 1. चित्त की अनुचित वृत्तियों का निरोध, इन्द्रिय निग्रह, रोक, नियंत्रण;<br>2. हानिकारक कार्यों या बातों से बचते हुए अलग या दूर रहना । | ಸಂಯಮ | संयम | restraint, control, continence;<br>sobriety, temperance, forbearance. |
| **संयमन** | पुं. | निग्रह, दमन । | ನಿಗ್ರಹ | निग्रह | self-denial, restraint. |
| **संयमित** | वि. | 1. नियंत्रित, रोका हुआ; | ನಿಗ್ರಹಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | निग्रहिसल्पट्ट; | restrained, checked, subdued; |
| | | 2. धार्मिक प्रवृत्तिवाला । | ಧರ್ಮನಿರತ | धर्मनिरत | piously disposed. |
| **संयमी** | पुं., वि. | संयम करनेवाला, आत्मनिग्रही । | ಆತ್ಮ ನಿಗ್ರಹಿ | आत्म निग्रहि | one who subdues or controls his passions, continent, temperate, sober. |
| **संयुक्त** | वि. | 1. किसी के साथ जुड़ा, मिला, लगा या सटा हुआ; | ಸೇರಿದ; | सेरिद; | joined, connected, united; |
| | | 2. जिसके दो या अधिक भागीदार हों । | ಭಾಗಸ್ತರಿಂದ ಕೂಡಿದ | भागस्तरिंद कूडिद | consisting of two or more partners. |
| **संयुक्ताक्षर** | पुं. | वह अक्षर जो दो अक्षरों के मेल से बना हो । | ಸಂಯುಕ್ತಾಕ್ಷರ | संयुक्ताक्षर | combined consonants. |
| **संयोग** | पुं. | 1. दो या अधिक वस्तुओं का एक में या एक साथ होना, मेल, मिश्रण;<br>2. आकस्मिक रूप से आनेवाली वह स्थिति जिसमें एक घटना के साथ ही कोई दूसरी घटना भी घटित हो; | ಬೆರೆತಿರುವಿಕೆ;<br>ಆಕಸ್ಮಿಕ ಸಂಭವ; | बॆरॆतिरुविकॆ;<br>आकस्मिक संभव; | combination, communion, association;<br>chance, coincidence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. प्रेमी और प्रेमिका का मिलन; | ಪ್ರೇಮಿಗಳ ಸಮ್ಮಿಳನ; | प्रेमिगळ सम्मिळन; | union; |
| | | 4. व्याकरण में कई व्यंजनों का एक साथ होनेवाला मेल । | (ವ್ಯಾಕರಣ) ವ್ಯಂಜನ ಸಂಯೋಗ | (व्याकरण) व्यंजन संयोग | conjunct consonant. |
| **संयोगी** | वि. | जिसका संयोग हो चुका हो । | ಸಂಯೋಗವಾದ, ಬೆರೆತ | संयोगवाद, बॆरॆत | united, conjoined. |
| **संयोजक** | वि. | संयोजन करनेवाला । | ಸಂಯೋಜಕ | संयोजक | joining together, connecting. |
| | पुं. | 1. सभा, समिति आदि की बैठक का आयोजन करनेवाला; | | | convenor; |
| | | 2. व्याकरण में वह शब्द जो दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ने का काम करता हो । | | | conjunction (gram.). |
| **संयोजन** | पुं. | 1. जोड़ने, मिलाने की क्रिया; | ಸೇರಿಸುವಿಕೆ; | सेरिसुविकॆ; | act of joining or uniting with; |
| | | 2. कार्य का आयोजन या व्यवस्था, प्रबन्ध । | ಏರ್ಪಡಿಸುವಿಕೆ | एर्पडिसुविकॆ | arrangement. |
| **संयोजित** | वि. | जिसका संयोजन हुआ हो या किया गया हो । | ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಅಥವಾ ಜೋಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | सेरिसल्पट्ट अथवा जोडिसल्पट्ट | conjoined, attached. |
| **संरक्षक** | वि., पुं. | 1. देखभाल, निरीक्षण करनेवाला, आश्रयदाता; | ಸಂರಕ್ಷಕ | संरक्षक | custodian, protector, guardian; |
| | | 2. संस्थाओं आदि में वह बड़ा और मान्य-व्यक्ति जो उसके प्रधान पोषकों या समर्थकों में माना जाता हो । | | | patron. |
| **संरक्षणीय** | वि. | संरक्षण का अधिकारी या पात्र । | ಸಂರಕ್ಷಣೆ ಮಾಡಲು ಯೋಗ್ಯ | संरक्षणॆ माडलु योग्य | worthy of being protected or guarded against. |
| **संरक्षित** | वि. | जिसका संरक्षण किया गया हो या हुआ हो । | ಸಂರಕ್ಷಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | संरक्षिसल्पट्ट | protected, guarded, preserved. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संरचना** | स्त्री. | 1. कोई ऐसी वस्तु बनाने की क्रिया या भाव जिसमें अनेक प्रकार के बहुतसे अंगों-उपांगों का प्रयोग करना पड़ता हो; | ಸಾಂಗೋಪಾಂಗವಾಗಿ ರಚಿಸುವಿಕೆ; | सांगोपांगवागि रचिसुविकॆ; | construction; |
| | | 2. उक्त प्रकार से बनी हुई कोई चीज । | ಸಾಂಗೋಪಾಂಗ ರಚನೆ | सांगोपांग रचनॆ | structure. |
| **संलग्न** | वि. | किसी के साथ मिला हुआ, लगा हुआ, जुड़ा हुआ । | ಲಗತ್ತಿಸಿದ, ಜೋಡಿಸಿದ | लगत्तिसिद, जोडिसिद | attached, enclosed, appended. |
| **संलाप** | पुं. | 1. आपस की बातचीत, वार्तालाप; | ಸಲ್ಲಾಪ, ಮಾತುಕತೆ; | सल्लाप, मातुकतॆ; | conversation, discourse; |
| | | 2. अपने आप बकना या बड़बड़ाना । | ತನ್ನಷ್ಟಕ್ಕೆ ಒದರಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | तन्नष्टक्कॆ ऒदरिकॊळ्ळुविकॆ | ramble. |
| **संवत्** | पुं. | सन्, वर्ष, साल । | ವರ್ಷ, ಸನ್ | वर्ष, सन् | year, era (as Saka or Vikram). |
| **संवत्सर** | पुं. | दे. 'संवत्' । | ವರ್ಷ | वर्ष | see 'संवत्'. |
| **संवरण** | पुं. | 1. मनोवेग आदि को दबाकर वश में रखना; | ಮನೋವೇಗವನ್ನು ತಡೆಗಟ್ಟುವಿಕೆ; | मनोवेगवन्नु तडॆगट्टुविकॆ; | subjugation of passions; |
| | | 2. छिपाना, परदा करना । | ಮುಚ್ಚಿಡುವಿಕೆ | मुच्चिडुविकॆ | covering, screening, hiding, concealment. |
| **संवरना** | अ. क्रि. | अच्छी या ठीक दशा को प्राप्त होना, सुन्दर रूप में आना । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ರೂಪುಗೊಳ್ಳು | चॆन्नागि रूपुगॊळ्ळु | to be made up, to be decorated, to be arranged. |
| **संवर्ग** | पुं. | कार्यालयों आदि में सेवा अथवा पद का एक विशिष्ट वर्ग । | ಉದ್ಯೋಗಿ ವೃಂದದ ಹುದ್ದೆ | उद्योगि वृंदद हुद्दॆ | cadre. |
| **संवर्ती** | वि. | किसी के साथ वर्तमान रहने या होनेवाला या एक ही काल में औरों के साथ प्राय: उसी रूप में परन्तु भिन्न-भिन्न स्थानों में होनेवाला । | ಸಮಕಾಲಿಕ | समकालिक | contemporary, contemporaneous. |
| **संवर्द्धक** | वि. | बढ़ानेवाला । | ವೃದ್ಧಿಗೊಳಿಸುವ | वृद्धिगॊळिसुव | augmenting, increasing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संवर्द्धन** | पुं. | 1. अच्छी तरह बढ़ना या बढ़ाना;<br>2. पालपोसकर बड़ा करना । | ವೃದ್ಧಿಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | वृद्धिगॊळिसुविकॆ | augmenting, increasing; bringing up, rearing, raising. |
| **संवर्द्धित** | वि. | जिसका संवर्द्धन किया गया हो या हुआ हो । | ಬೆಳೆಸಲ್ಪಟ್ಟ, ವೃದ್ಧಿಗೊಳಿಸಿದ | बॆळॆसल्पट्ट, वृद्धिगॊळिसिद | brought up, raised. |
| **संवाद** | पुं. | 1. बातचीत, वार्तालाप; | ಮಾತುಕತೆ; | मातुकतॆ; | conversation, discourse; |
| | | 2. खबर, समाचार; | ಸಮಾಚಾರ; | समाचार; | information, news; |
| | | 3. सादृश्य आदि के कारण चीजों, बातों आदि का आपस में ठीक बैठना या मेल खाना । | ಸರಿಹೊಂದುವಿಕೆ | सरिहॊंदुविकॆ | conformity, correspondence, harmonisation, concordance (in music). |
| **संवाददाता** | पुं. | समाचार भेजनेवाला । | ಸುದ್ದಿಗಾರ, ಬಾತ್ಮೀದಾರ | सुद्दिगार, बात्मीदार | correspondent, pressman. |
| **संवादी** | वि. | 1. किसी के साथ अनुकूल पड़ने, बैठने या होनेवाला; | ಸರಿಹೊಂದುವ; | सरिहॊंदुव; | agreeing or harmonizing with, corresponding to; |
| | | 2. बात करनेवाला । | ಮಾತನಾಡುವ | मातनाडुव | speaking, conversing. |
| | पुं. | संगीत में वह स्वर जिसका वादी से मेल हो और जो राग विशेष में वादी से कम पर अन्य स्वरों से अधिक मेल रखता हो । | (ಸಂಗೀತ) ಸಂವಾದಿ ಸ್ವರಗಳು | (संगीत) संवादि स्वरगळु | sub-ominent or the note next in importance to Vadi in a rag. |
| **संवारना** | स. क्रि. | 1. सुसज्जित करना, सजाना; | ಸಜ್ಜುಗೊಳಿಸು; | सज्जुगॊळिसु; | to dress, to decorate; |
| | | 2. ठीक करना, तरतीब में रखना; | ಕ್ರಮಪಡಿಸು; | क्रमपडिसु; | to arrange, to methodize; |
| | | 3. सुधारना, मरम्मत करना । | ಸರಿಪಡಿಸು | सरिपडिसु | to correct, to mend, to improve. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संविदा** | **स्त्री.** | कुछ खास शर्तों पर आपस में होनेवाला किसी प्रकार का इकरार या समझौता । | ಕರಾರು, ಒಪ್ಪಂದ | करारु ओप्पंद | contract. |
| **संविदाकार** | पुं., वि. | इकरार या समझौता करनेवाला । | ಕರಾರು ಮಾಡಿಕೊಂಡವ, ಕಂಟ್ರಾಕ್ಟುದಾರ | करारु माडिकोंडव, कंट्राक्ट्दार | contractor, contracting. |
| **संविधान** | पुं. | 1. राजनीति और शासनतंत्र में कानून के रूप में बने हुए वे मौलिक नियम और सिद्धांत जिनके अनुसार किसी राज्य, राष्ट्र या संस्था का संघटन और संचालन होता है; | ಸಂವಿಧಾನ | संविधान | constitution; |
| | | 2. व्यवस्था, प्रबन्ध । | | | arrangement. |
| **संविधि** | पुं. | विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव जो विधान के अंग के रूप में स्वीकार किया जाता है । | ಪರಿನಿಯಮ | परिनियम | statute. |
| **संवेदन** | पुं. | 1. अनुभूति या प्रतीति; | ಪ್ರತೀತಿ; | प्रतीति; | sensation, feeling; |
| | | 2. किसी को किसी बात का ज्ञान या बोध कराना । | ತಿಳಿಯ ಹೇಳುವಿಕೆ | तिळिय हेळुविके | making known, communication. |
| **संवेदना** | स्त्री. | मन में होनेवाला बोध या अनुभव, अनुभूति । | ಅನುಭೂತಿ | अनुभूति | sensitivity, sensation. |
| **संवेद्य** | वि. | जिसकी अनुभूति या ज्ञान हो सकता हो । | ಅನುಭೂತಿಯಾಗಬಹುದಾದ (ವಿಷಯ) | अनुभूतियागबहुदाद (विषय) | intelligible, perceptible, worth experiencing. |
| **संशय** | पुं. | 1. संदेह, अनिश्चय; | ಸಂಶಯ | संशय | uncertainty, doubt; |
| | | 2. खतरे या संकट की आशंका या संभावना । | | | risk, peril , danger. |
| **संशयात्मक** | वि. | संदेहपूर्ण, अनिश्चित । | ಸಂಶಯಾತ್ಮಕ | संशयात्मक | dubious, uncertain. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संशयी | वि. | संशय, संदेह करनेवाला, शक्की । | ಸಂದೇಹಪಡುವ | संदेहपडुव | wavering, doubtful, sceptic. |
| संशोधक | पुं. | 1. सुधारनेवाला; 2. (तत्व) जो किसी बात या पदार्थ की शुद्धि में सहायक होता हो । | ಸಂಶೋಧಕ | संशोधक | mendor, rectifier; purifier. |
| संशोधन | पुं. | 1. शुद्ध करना या साफ करना; 2. त्रुटि, दोष आदि दूर करके ठीक और दुरुस्त करना । | ಸಂಶೋಧನೆ | संशोधने | purification, cleansing; correction, amendment. |
| संशोधित | वि. | 1. शुद्ध किया हुआ; 2. सुधारा हुआ । | ಸಂಶೋಧಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | संशोधिसल्पट्ट | completely cleansed and purified; corrected, amended. |
| संश्लिष्ट | वि. | अच्छी तरह जुड़ा, मिला या लगा हुआ । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಬೆರೆತ ಅಥವಾ ಮಿಶ್ರಿತ | चॆन्नागि बॆरॆत अथवा मिश्रित | mixed up, synthesised. |
| संसद | स्त्री. | शासन संबंधी कार्यों में सहायता देने, नये विधान बनाने तथा पुराने विधानों में संशोधन करने के लिए प्रजा द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों की सभा । | ಸಂಸತ್ತು, ಪಾರ್ಲಿಮೆಂಟು | संसत्तु, पार्लिमॆंटु | parliament. |
| संसर्ग | पुं. | संयोग, मेल, लगाव या संबंध । | ಸಂಬಂಧ | संबंध | contact, company association. |
| संसर्गी | वि. | संसर्ग या लगाव रखनेवाला । | ಸಂಗಡ ಇರುವ | संगड इरुव | keeping company with, familiar, associate. |
| संसार | पुं. | दुनिया, मर्त्यलोक । | ಪ್ರಪಂಚ, ಜಗತ್ತು | प्रपंच, जगत्तु | mundane existence, the world. |
| संसारी | वि. | 1. संसार संबंधी, लौकिक; | ಜಗತ್ತಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | जगत्तिगॆ संबंधिसिद; | mundane, worldly; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. गृहस्थ जीवन व्यतीत करनेवाला· | ಗೃಹಸ್ಥ ಜೀವಿ; | गृहस्थ जीवि; | one who has a family; |
| | | 3. लोक व्यवहार में कुशल । | ವ್ಯವಹಾರ ಕುಶಲ | व्यवहार कुशल | a worldly man. |
| **संस्करण** | पुं. | 1. पुस्तकों आदि की एक बार में एक ही तरह की होनेवाली छपाई, आवृत्ति; | ಆವೃತ್ತಿ; | आवृत्ति; | edition, issue (of a journal); |
| | | 2. दुरुस्त या शुद्ध करना, सुधारना । | ಸಂಸ್ಕರಿಸುವಿಕೆ, ಶುದ್ಧ ಮಾಡುವಿಕೆ | संस्करिसुविके, शुद्ध माडुविके | correction, improvement. |
| **संस्कार** | पुं. | 1. किसी वस्तु को ठीक या दुरुस्त करके उचित रूप देने की क्रिया, परिष्कार; | ಸಂಸ್ಕಾರ | संस्कार | refinement; |
| | | 2. पूर्वजन्म के आचार-व्यवहार, पाप-पुण्य आदि का आत्मा पर पड़ा हुआ वह प्रभाव जो मनुष्य के परवर्ती जन्म में उसके कार्यों, प्रवृत्तियों, रुचियों आदि के रूप में प्रकट होता है; | | | mental impressions (forming the mind); |
| | | 3. हिन्दुओं में जन्म से मरण तक होनेवाले वे विशिष्ट धार्मिक कृत्य जो द्विजातियों के लिए विहित हैं । | | | ritual, sacrament, ceremony. |
| **संस्कारी** | वि. | अच्छे संस्कारवाला । | ಸುಸಂಸ್ಕೃತ | सुसंस्कृत | cultured, refined. |
| **संस्कृत** | वि. | 1. संस्कार द्वारा शुद्ध, पवित्र किया हुआ; | ಸಂಸ್ಕೃತ | संस्कृत | cultured; |
| | | 2. परिमार्जित, परिष्कृत । | | | refined, polished. |
| | स्त्री. | भारतीय आर्यों की प्राचीन साहित्यिक भाषा जिसमें उनके धर्मग्रन्थ आदि हैं । | | | Sanskrit (language) |
| **संस्कृति** | स्त्री. | 1. आचरणगत परम्परा, सभ्यता; | ಸಂಸ್ಕೃತಿ | संस्कृति | civilization, culture; |
| | | 2. संस्कार करने की क्रिया या भाव । | | | perfection, purification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संस्ताव** | पुं. | 1. सिफारिश;<br>2. प्रशंसा, स्तुति;<br>3. यज्ञ में स्तुति करनेवाले ब्राह्मणों के बैठने का स्थान । | ಶಿಫಾರಸು;<br>ಪ್ರಶಂಸೆ;<br>(ಯಜ್ಞದಲ್ಲಿ) ಸಾಮಗಾನ ಮಾಡುವವರು ಕೂಡುವ ಸ್ಥಾನ | शिफारसु;<br>प्रशंसॆ;<br>(यज्ञदल्लि) सामगान माडुववरु कूडुव स्थान | recommendation;<br>praise, celebration;<br>the place which Brahmanas reciting hymns and prayers occupy at a sacrifice. |
| **संस्था** | स्त्री. | संघटित वर्ग, समाज या समूह, सभा, समिति । | ಸಂಸ್ಥೆ | संस्थॆ | institution, organisation. |
| **संस्थान** | पुं. | 1. साहित्य, कला, विज्ञान आदि की उन्नति के लिए स्थापित संस्था या संघटन;<br>2. ढांचा, संरचना । | ಸಂಸ್ಥಾನ | संस्थान | institute;<br>structure, configuration. |
| **संस्थापक** | पुं. | 1. स्थापित करनेवाला;<br>2. नये काम या बात का प्रवर्तन करनेवाला । | ಸಂಸ್ಥಾಪಕ | संस्थापक | founder;<br>precursor, pioneer. |
| **संस्थापन** | पुं. | 1. स्थापित करना;<br>2. कोई नया काम या नई बात चलाना । | ಸ್ಥಾಪಿಸುವಿಕೆ;<br>ಹೊಸ ವಿಷಯ ಅಥವಾ ಸಂಸ್ಥೆಯನ್ನು ಆರಂಭಿಸುವಿಕೆ | स्थापिसुविकॆ;<br>हॊस विषय अथवा संस्थॆयन्नु आरंभिसुविकॆ | the act of establishing, founding;<br>pioneering, introducing something. |
| **संस्थापना** | स्त्री. | दे. 'संस्थापन' । | ನೋಡಿ "संस्थापन" | नोडि "संस्थापन" | see 'संस्थापन'. |
| **संस्थापित** | वि. | स्थापित किया हुआ । | ಸ್ಥಾಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | स्थापिसल्पट्ट | established, founded. |
| **संस्मरण** | पुं. | 1. इष्ट देव आदि का बारबार स्मरण करना या उनका नाम जपना;<br>2. किसी व्यक्ति के जीवन की महत्वपूर्ण और मुख्य घटनाओं या बातों का उल्लेख या कथन । | ಇಷ್ಟ ದೇವರ ನಾಮ ಜಪ;<br>ಮಹಾವ್ಯಕ್ತಿಗಳ ಜೀವನದ ಮುಖ್ಯ ಘಟನೆಗಳ ಉಲ್ಲೇಖ | इष्ट देवर नाम जप;<br>महाव्यक्तिगळ जीवनद मुख्य घटनॆगळ उल्लेख | remembering, calling to mind;<br>memoirs, reminiscences, recollections. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संस्मरणीय** | वि. | 1. बहुत दिनों तक याद रहने लायक;<br>2. जिसका नाम-जप आदि करना आवश्यक और उचित हो । | ಸ್ಮರಣೆಯಲ್ಲಿರಿಸಲು ಯೋಗ್ಯ;<br>ಪೂಜಾರ್ಹ | स्मरणॆयल्लिरिसलु योग्य;<br>पूजार्ह | to be remembered for a long time;<br>worthy of being worshipped. |
| **संस्मृति** | स्त्री. | पूर्ण स्मृति, पूरी याद । | ನೆನಪಿನಲ್ಲಿರುವಿಕೆ | नॆनपिनल्लिरुविकॆ | remembrance, recollection. |
| **संहार** | पुं. | 1. ध्वंस, नाश;<br>2. बहुत से व्यक्तियों की युद्ध आदि में एक-साथ होनेवाली हत्या । | ಸಂಹಾರ | संहार | annihilation, destruction;<br>massacre. |
| **संहारक** | वि., पुं. | नाश करनेवाला । | ಸಂಹಾರಕ | संहारक | destroyer, ruiner, destructor. |
| **संहिता** | स्त्री. | 1. वेदों का मन्त्रभाग;<br>2. संग्रह, संकलन;<br>3. राजकीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किया हुआ नियमों-विधियों आदि का संग्रह । | ಸಂಹಿತೆ | संहितॆ | arrangement of the text of the Vedas;<br>collection, compilation, compendium;<br>compendium or compilation of laws, code, digest. |
| **सकना** | अ. क्रि. | समर्थ होना, योग्य होना । | ಬಹುದು, ಸಮರ್ಥವಾಗು | बहुदु, समर्थवागु | can, may, to be able, to be competent. |
| **सकपकाना** | अ. क्रि. | 1. चकित होना;<br>2. लज्जा आदि के कारण घबड़ाहट में पड़ जाना;<br>3. हिचकना, आगापीछा करना । | ಚಕಿತಗೊಳ್ಳು;<br>ನಾಚಿ ಗಾಬರಿಗೊಳ್ಳು;<br>ಹಿಂದೆ-ಮುಂದೆ ನೋಡು | चकितगॊळ्ळु;<br>नाचि गाबरिगॊळ्ळु;<br>हिंदॆ-मुंदॆ नोडु | to be startled;<br>to be unnerved out of blushing or hesitation;<br>to hesitate, to be dubious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सकर्मक | वि. | (वह क्रिया) जिसका प्रभाव कर्ता पर न पड़कर दूसरे पर पड़े । | ಸಕರ್ಮಕ | सकर्मक | (in Gram.) having an object, transitive. |
| सकल | वि. | सब, समस्त, कुल । | ಸಮಸ್ತ, ಎಲ್ಲಾ | समस्त, एल्ला | all, entire, whole. |
| सकाम | वि. | कामनायुक्त, फलाकांक्षा से युक्त । | ಫಲಾಪೇಕ್ಷೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ, ಸಕಾಮ | फलापेक्षॆयिंद कूडिद, सकाम | desirous of, lustful. |
| सकारना | स. क्रि. | 1. हुंडी पर हस्ताक्षर करके उसे स्वीकार कर लेना; | (ಸಂದಾಯದ ಬಿಲ್ಲು ವಗೈರೆ) ಸ್ವೀಕರಿಸು; | (संदायद बिल्लु वगैरॆ) स्वीकरिसु; | to accept or endorse as accepted (a bill); |
| | | 2. स्वीकार करना, मान लेना । | ಒಪ್ಪಿಗೆ ಕೊಡು | ऒप्पिगॆ कॊडु | to accept, to agree. |
| सकुचाना | अ. क्रि. | 1. संकोच करना, शरमाना; | ಸಂಕೋಚ ಪಡು; | संकोच पडु; | to hesitate, to blush; |
| | | 2. फूलों आदि का संपुटित या बंद होना । | (ಹೂ) ಅರಳಿ ಮುದುರು | (हू) अरळि मुदुरु | to wither (as a flower). |
| सकोरा | पुं. | मिट्टी की एक प्रकार की छोटी कटोरी । | ಮಣ್ಣಿನ ಬಟ್ಟಲು | मण्णिन बट्टलु | small earthen cup. |
| सक्का | पुं. | भिश्ती, मशक में पानी भरकर पिलानेवाला । | ನೀರು ಹೊರುವವ, ಅಡ್ಡೆ ಹೊರುವವ | नीरु हॊरुवव, अड्डॆ हॊरुवव | water-carrier. |
| सक्रिय | वि. | 1. क्रियायुक्त; 2. जो क्रियात्मक रूप में हो । | ಕ್ರಿಯೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ; ಕ್ರಿಯಾಶೀಲ | क्रियॆयिंद कूडिद; क्रियाशील | having a verb; active. |
| सक्षम | वि. | 1. क्षमतायुक्त, समर्थ; 2. जो किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए उपयुक्त फलत: उसका अधिकारी या पात्र हो । | ಸಮರ್ಥ; ಕಾರ್ಯ ನಿರ್ವಹಣ ಶಕ್ತ | समर्थ; कार्य निर्वहण शक्त | capable, efficient; competent. |
| सक्षमता | स्त्री. | सक्षम होने की अवस्था, गुण या भाव । | ಸಮರ್ಥತೆ | समर्थतॆ | capability, competence. |
| सखा | पुं. | दोस्त, मित्र, सहचर । | ಮಿತ್ರ, ಸಂಗಡಿಗ | मित्र, संगडिग | friend, associate, companion. |
| सखी | स्त्री. | सहेली, सहचरी, संगिनी । | ಒಡನಾಡಿ, ಜತೆಗಾತಿ | ऒडनाडि, जतॆगाति | a woman's friend, companion, a female friend or confidant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सख्त** | वि. | 1. कठोर, कड़ा; | ಗಟ್ಟಿಯಾದ; | गट्टियाद; | hard, stiff, strong; |
| | | 2. कठिन, मुश्किल; | ಕಠೋರ; | कठोर; | difficult, arduous; |
| | | 3. तीक्ष्ण, तेज; | ತೀಕ್ಷ್ಣವಾದ; | तीक्ष्णवाद; | intense, vehement, violent; |
| | | 4. बहुत अधिक । | ಹೆಚ್ಚಾದ | हॆच्चाद | excessive. |
| **सख्ती** | स्त्री. | 1. कड़ापन, कठोरता; | ಕಠೋರತೆ; | कठोरतॆ; | strictness, stiffness, rigidity; |
| | | 2. कठोर व्यवहार । | ವ್ಯವಹಾರದಲ್ಲಿ ಕಠೋರತೆ | व्यवहारदल्लि कठोरतॆ | atrocity, cruelty. |
| **सगा** | वि. | 1. एक ही माता से उत्पन्न, सहोदर; | ಸೋದರ, ಒಡ ಹುಟ್ಟಿದ; | सोदर, ऒडहुट्टिद; | real, born of the same parents; |
| | | 2. रिश्ते में अपने ही कुल या परिवार का । | ಒಂದೇ ಪರಿವಾರಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | ऒंदे परिवारक्कॆ संबंधिसिद | kin, blood relation. |
| **सगाई** | स्त्री. | विवाह का ठहराव, मंगनी । | (ವಿವಾಹ) ನಿಶ್ಚಿತಾರ್ಥ | (विवाह) निश्चितार्थ | betrothal. |
| **सगुण** | वि. | गुण से युक्त । | ಗುಣಶಾಲಿ | गुणशालि | possessing good qualities or attributes; |
| | पुं. | सत्व, रज, तम – तीनों गुणों से युक्त परमात्मा का वह रूप जिसमें वह लौकिक प्राणियों सदृश आचरण करता है । | ಸತ್ವ, ರಜ, ತಮ ಗುಣಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ ಪರಮಾತ್ಮ | सत्व, रज, तम गुणगळिंद कूडिद परमात्म | God incarnation possessed of attributes. |
| **सगुणोपासना** | स्त्री. | साकार ब्रह्म की उपासना । | ಸಗುಣೋಪಾಸನೆ | सगुणोपासनॆ | worship of God possessed of attributes. |
| **सगोत्र** | वि. | एक ही गोत्र का । | ಸಗೋತ್ರ | सगोत्र | being of the same family or kin, related. |
| **सघन** | वि. | घना, अविरल, ठोस । | ಸಾಂದ್ರ, ದಟ್ಟವಾದ | सांद्र, दट्टवाद | thick, dense, solid. |
| **सघनता** | स्त्री. | सघन होने की अवस्था, गुण या भाव । | ಸಾಂದ್ರತೆ | सांद्रतॆ | denseness, intensity. |
| **सच** | वि. | जो यथार्थ हो, वास्तविक । | ಸತ್ಯ, ದಿಟ | सत्य, दिट | true, real. |
| | पुं. | सच्ची बात । | ಸತ್ಯವಚನ | सत्यवचन | truth, reality. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सचमुच** | क्रि. वि. | यथार्थतः, ठीक-ठाक, वास्तव में । | ಯಥಾರ್ಥವಾಗಿ, ನಿಜವಾಗಿ | यथार्थवागि, निजवागि | truly, verily, indeed. |
| **सचाई** | स्त्री. | 1. सत्यता, वास्तविकता;<br>2. ईमानदारी । | ವಾಸ್ತವಿಕತೆ;<br>ಸತ್ಯತೆ | वास्तविकतॆ;<br>सत्यतॆ | truth, reality;<br>sincerity, honesty. |
| **सचित्र** | वि. | चित्रों से युक्त । | ಸಚಿತ್ರ | सचित्र | pictorial, illustrated. |
| **सचिव** | पुं. | 1. मंत्री या वजीर;<br>2. किसी बड़े अधिकारी या विभाग का वह व्यक्ति जो अभिलेख आदि सुरक्षित रखता हो और मुख्य रूप से पत्र-व्यवहार आदि की व्यवस्था करता हो । | ಮಂತ್ರಿ;<br>ಆಪ್ತ ಕಾರ್ಯದರ್ಶಿ | मंत्रि;<br>आप्त कार्यदर्शि | minister, counsellor;<br>secretary. |
| **सचिवालय** | पुं. | वह स्थान जहां राज्य के प्रमुख विभागों के सचिवों और प्रमुख अधिकारियों के कार्यालय हों । | ಸಚಿವಾಲಯ | सचिवालय | secretariat. |
| **सचेत** | वि. | 1. जिसमें चेतना हो;<br>2. सतर्क, सावधान । | ಚೇತನವಿರುವ;<br>ಸತರ್ಕತೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ | चेतनविरुव;<br>सतर्कतॆयिंद कूडिद | conscious;<br>watchful, on (one's) guard. |
| **सचेतक** | पुं. | 1. सचेत या सजग रखने-वाला;<br>2. संसद आदि में वह अधिकारी जिसका कर्त्तव्य सदस्यों को इस विषय में सचेत कराना होता है कि अमुक प्रस्ताव पर मत देने के लिए आपकी उपस्थिति आवश्यक है । | ಎಚ್ಚರದಿಂದಿರುವವ;<br>ಸಂಸತ್ತಿನ ಸದಸ್ಯರಿಗೆ ಕರ್ತವ್ಯದ ಬಗ್ಗೆ ಆಗಾಗ್ಗೆ ಎಚ್ಚರ ಗೊಳಿಸುತ್ತಿರುವ ವ್ಯಕ್ತಿ, ಸಚೇತಕ | ऎच्चरदिंदिरुवव;<br>संसत्तिन सदस्यरिगॆ कर्तव्यद बग्गॆ आगाग्गॆ ऎच्चरगॊळिसुत्तिरुव व्यक्ति, सचेतक | one who cautions<br>whip (political). |
| **सचेतन** | वि. | चेतनायुक्त । | ಎಚ್ಚರದಿಂದಿರುವ | ऎच्चरदिंदिरुव | conscious. |
| **सचेष्ट** | वि. | चेष्टाशील, चेष्टा करनेवाला । | ಪ್ರಯತ್ನ ಮಾಡುತ್ತಲಿರುವ | प्रयत्न माडुत्त-लिरुव | making efforts, acting. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सच्चा** | वि. | 1. सच बोलनेवाला, सत्यवादी; | ಪ್ರಾಮಾಣಿಕ; | प्रामाणिक; | true, genuine, real; |
| | | 2. ईमानदार; | ಸತ್ಯವಾದಿ; | सत्यवादि; | honest, sincere; |
| | | 3. जिसमें कोई खोट या मैल न हो । | ಶುದ್ಧವಾದ | शुद्धवाद | pure, unalloyed. |
| **सजग** | वि. | सतर्क, सावधान, होशियार । | ಎಚ್ಚರದಿಂದಿರುವ | एंच्चरदिंदिरुव | alert, cautious, vigilant. |
| **सजधज** | स्त्री. | सजावट, बनाव-सिंगार । | ಅಲಂಕಾರ | अलंकार | ornamentation, adorning. |
| **सजन** | पुं. | 1. स्त्री का पति, स्वामी; | ಗಂಡ; | गंड; | husband; |
| | | 2. प्रियतम के लिए शिष्ट संबोधन । | ಪ್ರಿಯತಮ | प्रियतम | beloved, dear, darling. |
| **सजना** | अ. क्रि. | 1. वस्त्रादि से अलंकृत होना; | ಅಲಂಕರಿಸಿಕೊಳ್ಳು; | अलंकरिसिकोंळ्ळु; | to be adorned or decorated; |
| | | 2. सुन्दर जान पड़ना, सुशोभित होना । | ಶೋಭಿಸು | शोभिसु | to be well arranged neatly dressed. |
| | पुं. | प्रियतम । | ಪ್ರಿಯತಮ | प्रियतम | lover. |
| **सजनी** | स्त्री. | सखी, सहेली । | ಸಖಿ | सखि | sweetheart, beloved, wife. |
| **सजल** | वि. | जलयुक्त, भीगा हुआ । | ನೀರಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ | नीरिनिंद कूडिद | wet, moist, humid |
| **सजा** | स्त्री. | अपराध आदि के कारण अपराधी को दिया जानेवाला दंड । | ಸಜಾ, ಶಿಕ್ಷೆ | सजा, शिक्षॆ | punishment, penalty. |
| **सजाति** | वि. | एक ही जाति का, वर्ग का । | ಸಜಾತಿ, ಒಂದೇ ಜಾತಿಗೆ ಸೇರಿದ | सजाति, ऒंदे जातिगॆ सेरिद | of one and the same species, of the same tribe or caste or race. |
| **सजातीय** | वि. | दे. 'सजाति' । | ಸಜಾತೀಯ | सजातीय | see 'सजाति' |
| **सजाना** | स. क्रि. | 1. वस्तुओं को ऐसे क्रम से रखना कि वे आकर्षक और सुन्दर जान पड़ें; | ಅಲಂಕರಿಸು | अलंकरिसु | to furnish, to arrange; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अलंकृत करना, किसी वस्तु को ऐसी वस्तुओं से युक्त करना कि वह सुन्दर जान पड़े । | | | to decorate, to beautify. |
| सजावट | स्त्री. | सजे हुए होने की अवस्था, क्रिया या भाव, शोभा । | ಅಲಂಕರಿಸುವಿಕೆ | अलंकरिसुविकॆ | decoration, ornamentation. |
| सजीला | वि. | 1. सजधजवाला, सजधज से रहनेवाला; | ಅಲಂಕರಿಸಲ್ಪಟ್ಟಿರುವ; | अलंकरिसल्पट्टिरुव; | well-dressed; |
| | | 2. सुन्दर, आकर्षक । | ಸುಂದರವಾಗಿರುವ | सुंदरवागिरुव | graceful, handsome. |
| सजीव | वि. | जीवयुक्त, जिसमें प्राण हो । | ಪ್ರಾಣವಿರುವ | प्राणविरुव | having life, living, alive. |
| सजीवता | स्त्री. | सजीव होने का भाव । | ಪ್ರಾಣದಿಂದ ಕೂಡಿರುವಿಕೆ | प्राणदिंद कूडिरुविकॆ | liveliness. |
| सज्जन | वि., पुं. | भला आदमी, सत्पुरुष । | ಸಜ್ಜನ, ಸತ್ಪುರುಷ | सज्जन, सत्पुरुष | well-born, gentleman, nobleman, gentle, noble. |
| सज्जनता | स्त्री. | सज्जन होने की अवस्था, गुण या भाव । | ದೊಡ್ಡತನ | दॊड्डतन | gentility, nobility. |
| सज्जा | स्त्री. | साज-सामान । | ಸಜ್ಜು, ಸಾಮಾನು ಸರಂಜಾಮು | सज्जु, सामानु सरंजामु | apparatus, equipment. |
| सज्जित | वि. | 1. सजा हुआ, अलंकृत; | ಅಲಂಕರಿಸಿದ; | अलंकरिसिद; | dressed, decorated, embellished; |
| | | 2. सामान आदि से युक्त । | ಸಜ್ಜಿತ | सज्जित | equipped. |
| सज्जी | स्त्री. | एक प्रकार की क्षार युक्त मिट्टी । | ಚೌಳುಮಣ್ಣು | चौळुमण्णु | saltpetre. |
| सटक | स्त्री. | 1. चुपके से चल देने की क्रिया; | ಪತ್ತೆಯಿಲ್ಲದೆ ಜಾರಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ; | पत्तॆयिल्लदॆ जारिकॊळ्ळुविकॆ; | act of slinking off or away; |
| | | 2. तंबाकू पीने का लम्बा लचीला नैचा जो अन्दर छल्लेदार तार देकर बनाया जाता है । | ಹುಕ್ಕಾದ ನೀಳವಾಗಿರುವ ನಳಿಗೆ | हुक्काद नीळवागिरुव नळिगॆ | huqqa-snake. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सटकना** | अ. क्रि. | धीरे से खिसक जाना, चल देना, चंपत होना । | ಅರಿವಾಗದಂತೆ ಅದೃಶ್ಯವಾಗು | अरिवागदंते अदृश्यवागु | to disappear, to run away, to slink away, to decamp, to vanish. |
| **सटकाना** | स. क्रि. | छड़ी आदि से मारना । | ಬೆತ್ತದಿಂದ ಹೊಡೆ | बेत्तदिंद होडे | to strike with a cane. |
| **सटना** | अ. क्रि. | दो वस्तुओं का एक साथ लग जाना, चिपकना । | ಅಂಟಿಕೊಳ್ಳು | अंटिकोळ्ळु | to stick, to adhere, to come close. |
| **सटपटाना** | अ. क्रि. | हिचकिचाना, भौचक्का होना । | ಅಚ್ಚರಿಯಿಂದ ಬೆಚ್ಚು | अच्चरियिंद बेच्चु | to be amazed or to be confounded, to be unnerved. |
| **सटाना** | स. क्रि. | 1. जोड़ना, मिलाना; | ಜೋಡಿಸು; | जोडिसु; | to join, to unite, to graft (in); |
| | | 2. चिपकाना । | ಅಂಟಿಸು | अंटिसु | to stick (in or on), to paste. |
| **सटीक** | वि. | 1. जिसमें मूल के साथ टीका भी हो; | ಟೀಕೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ; | टीकेयिंद कूडिद; | accompanied or explained by a commentary; |
| | | 2. बिलकुल ठीक, उपयुक्त । | ಸರಿಯಾದ | सरियाद | apt, befitting, correct and accurate. |
| **सटोरिया** | पुं. | जो सट्टा खेलने का शौकीन हो, सट्टेबाज़ । | ಸಟ್ಟಾ ಆಡುವವ | सट्टा आडुवव | speculator. |
| **सट्टा** | पुं. | साधारण व्यापार से भिन्न क्रय-विक्रय का एक कल्पित प्रकार जिसमें लाभ-हानि का निश्चय भाव के उतरने चढ़ने के हिसाब से होता है । | ಸಟ್ಟಾ | सट्टा | speculation. |
| **सट्टी** | स्त्री. | वह बाजार जिसमें एक ही मेल की बहुत सी वस्तुएँ लोग लाकर बेचते हों । | ಮಾರುಕಟ್ಟೆ, ಪೇಟೆ | मारुकट्टे, पेटे | market place. |
| **सट्टेबाज़** | पुं. | दे. 'सटोरिया' । | ನೋಡಿ "सटोरिया" | नोडि "सटोरिया" | see 'सटोरिया'. |
| **सठियाना** | अ. क्रि. | 1. साठ वर्ष की अवस्था का होना; | ಅರುವತ್ತು ವರ್ಷ ತುಂಬು; | अरुवत्तु वर्ष तुंबु; | to be of sixty years; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वार्धक्य के कारण मानसिक शक्ति का ह्रास होना । | ಅರುಳು ಮರುಳಾಗು | अरुळु मरुळागु | to become decrepit, to be in (one's) dotage. |
| **सड़क** | स्त्री. | मनुष्यों, सवारियों आदि के गमनागमन के योग्य बना हुआ चौड़ा मार्ग, रास्ता । | ರಸ್ತೆ | रस्ते | road, highway. |
| **सड़न** | स्त्री. | सड़ने की अवस्था या क्रिया । | ಕೊಳೆತಿರುವಿಕೆ, ಕೊಳತದ್ದು | कॊळॆतिरुविकॆ, कॊळॆतद्दु | decay, decomposition, rot. |
| **सड़ना** | अ. क्रि. | 1. किसी वस्तु का गलना, संयोजक तत्वों का अलग-अलग हो जाना; | ಕೊಳೆ | कॊळॆ | to decay, to rot; |
| | | 2. बुरी हालत में रहना । | | | to be in misery. |
| **सड़सठ** | वि. | साठ से सात अधिक । | ಅರುವತ್ತೇಳು | अरुवत्तेळु | sixtyseven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या । | ಅರುವತ್ತೇಳು ಸಂಖ್ಯೆ | अरुवत्तेळर संख्यॆ | number sixty-seven. |
| **सड़ायंध** | स्त्री. | सड़ी हुई वस्तु से निकलने-वाली दुर्गन्ध । | ಕೊಳೆತ ನಾತ | कॊळॆत नात | putrid or fetid smell, stench. |
| **सड़ाना** | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु को सड़ने में प्रवृत्त करना; | ಕೊಳೆಯಿಸು; | कॊळॆयिसु, | to cause to rot, to reduce to a state of putrefaction; |
| | | 2. बुरी हालत में रखना । | ಕೆಟ್ಟ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿಡು | कॆट्ट स्थितियल्लिडु | to reduce to misery or bad plight. |
| **सड़ियल** | वि. | बहुत ही निकम्मा, निम्न कोटि का या रद्दी । | ಕೊಳೆತು ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬಾರದಾದ | कॊळॆतु कॆलसक्कॆ बारदाद | worthless, good for nothing. |
| **सत** | पुं. | किसी वस्तु में से निकला सारभाग । | ಸತ್ವ, ಸಾರ | सत्व, सार | essence, juice. |
| **सतत** | वि. | अविच्छिन्न; | ಸಂತತವಾಗಿರುವ | संततवागिरुव | constant, lasting, incessant. |
| | क्रि. वि. | हमेशा, सर्वदा । | ಯಾವಾಗಲೂ | यावागलू | incessantly, uninterruptedly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सतमासा | वि. पुं. | जो गर्भ में सात ही महीने रहने के उपरांत जनमा हो । | ಏಳನೇ ತಿಂಗಳಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ (ಮಗು) | एळने तिंगळल्लि हुट्टिद (मगु) | seven months, born in the seventh month to pregnancy, child born in the seventh month of pregnancy. |
| सतर्क | वि. | 1. तर्कयुक्त, तर्कपूर्ण; 2. सचेत, सावधान । | ತರ್ಕಪೂರ್ಣ; ಎಚ್ಚರಿಕೆಯಿಂದಿರುವ | तर्कपूर्ण; एच्चरिकेयिंदिरुव | argumentative; alert, cautious, careful. |
| सतर्कता | स्त्री. | सावधानी, होशियारी । | ಎಚ್ಚರಿಕೆ | एच्चरिके | vigilance, alertness. |
| सतसई | स्त्री. | सात सौ पद्यों का समूह या ग्रंथ । | ಏಳುನೂರು ಪದ್ಯಗಳ ಗ್ರಂಥ, ಸಪ್ತಶತಿ | एळुनूरु पद्यगळ ग्रंथ, सप्तशति | collection of seven hundred couplets. |
| सतह | स्त्री. | किसी वस्तु का ऊपरी भाग या विस्तार । | ಮೇಲ್ಮೈ | मेल्मै | surface, level. |
| सतहत्तर | वि. | जो गिनती में सत्तर से सात अधिक हो । | ಎಪ್ಪತ್ತೇಳು | एप्पत्तेळु | seventy-seven. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या । | ಎಪ್ಪತ್ತೇಳರ ಸಂಖ್ಯೆ | एप्पत्तेळर संख्ये | number seventy-seven. |
| सतही | वि. | 1. सतह या ऊपरी स्तर पर होनेवाला; 2. ऊपरी दिखौआ । | ಮೇಲ್ಭಾಗದ; ಮೇಲೆ ಮೇಲೆ ಕಾಣುವ | मेल्भागद; मेले मेले काणुव | of or belonging to a surface; superficial, ostentatious. |
| सताना | स. क्रि. | तंग या परेशान करना, कष्ट देना । | ಸತಾಯಿಸು | सतायिसु | to harass, to torment, to trouble. |
| सतासी | वि. | जो गिनती में अस्सी से सात अधिक हो । | ಎಂಬತ್ತೇಳು | एंबत्तेळु | eighty-seven. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या । | ಎಂಬತ್ತೇಳರ ಸಂಖ್ಯೆ | एंबत्तेळर संख्ये | number eighty-seven. |
| सती | स्त्री. | 1. साध्वी, पतिव्रता स्त्री; | ಪತಿವ್ರತೆ; | पतिव्रते; | chaste woman; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह स्त्री जो अपने पति की मृत्यु के बाद स्वेच्छा से चिता पर जलकर प्राणांत करती हो । | ಸತ್ತಿ, ಗಂಡನೊಂದಿಗೆ ಚಿತೆಯೇರಿ ಅಸು ನೀಗುವ ಹೆಂಡತಿ | सत्त गंडनोंदिगे चितॅयेरि असु नीगुव हॅंडति | Sati, a woman who willingly burns herself on her husband's funeral pyre. |
| **सतीत्व** | पुं. | सती होने का भाव, पतिव्रत्य । | ಪಾತಿವ್ರತ್ಯ | पातिव्रत्य | virtuousness, chastity. |
| **सत्** | वि. | 1. सत्ता-युक्त, विद्यमान; | ಅಸ್ತಿತ್ವದಲ್ಲಿರುವ; | अस्तित्वदल्लिरुव; | being, existing, existent; |
| | | 2. सज्जन, साधु; | ಸತ್ಪುರುಷ; | सत्पुरुष; | good, virtuous, honest; |
| | | 3. उत्तम, श्रेष्ठ । | ಶ್ರೇಷ್ಠ | श्रेष्ठ | excellent, best. |
| **सत्कर्म** | पुं. | नेक काम, पुण्य कर्म । | ಸತ್ಕರ್ಮ, ಒಳ್ಳೆಯ ಕೆಲಸ | सत्कर्म, ऑळ्ळॅय कॅलस | good or virtuous act, pious deed. |
| **सत्कार** | पुं. | 1. आवभगत, आतिथ्य; 2. आदर-सम्मान । | ಸತ್ಕಾರ | सत्कार | hospitality; reverence, respect, honour. |
| **सत्त** | पुं. | किसी पदार्थ का सार भाग, असली तत्व । | ಸತ್ವ, ತತ್ವ, ಸಾರಾಂಶ | सत्व, तत्व, सारांश | essence, extract. |
| **सत्तर** | वि. | जो गिनती में साठ से दस अधिक हो । | ಎಪ್ಪತ್ತು | ऎप्पत्तु | seventy. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | ಎಪ್ಪತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ | ऎप्पत्तर संख्यॅ | number seventy. |
| **सत्तरह (सत्रह)** | वि. | जो गिनती में दस से सात अधिक हो । | ಹದಿನೇಳು | हदिनेळु | seventeen. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | ಹದಿನೇಳರ ಸಂಖ್ಯೆ | हदिनेळर संख्यॅ | number seventeen |
| **सत्ता** | स्त्री. | 1. अस्तित्व, हस्ती; | ಅಸ್ತಿತ್ವ; | अस्तित्व; | existence, entity, being; |
| | | 2. अधिकार, शक्ति या सामर्थ्य । | ಶಕ್ತಿ ಸಾಮರ್ಥ್ಯ | शक्ति सामर्थ्य | power, authority. |
| **सत्ताइस (सत्ताईस)** | वि. | जो गिनती में बीस से सात अधिक हो । | ಇಪ್ಪತ್ತೇಳು | इप्पत्तेळु | twenty-seven. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | ಇಪ್ಪತ್ತೇಳರ ಸಂಖ್ಯೆ | इप्पत्तेळर संख्यॅ | number twenty-seven. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सत्ताधारी** | वि., पुं. | जिसके हाथ में सत्ता हो । | ಅಧಿಕಾರದಲ್ಲಿರುವವ | अधिकार दल्लिरुवव | ruling, in authority, man of authority, power. |
| **सत्तानवे** | वि. | जो गिनती में सौ से तीन कम हो । | ತೊಂಬತ್ತೇಳು | तोंबत्तेळु | ninety-seven. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | ತೊಂಬತ್ತೇಳರ ಸಂಖ್ಯೆ | तोंबत्तेळर संख्ये | number ninety-seven. |
| **सत्तावन** | वि. | जो गिनती में पचास से सात अधिक हो । | ಐವತ್ತೇಳು | ऐवत्तेळु | fifty-seven. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | ಐವತ್ತೇಳರ ಸಂಖ್ಯೆ | ऐवत्तेळर संख्ये | number fifty-seven. |
| **सत्तू (सतुआ)** | पुं. | भुने हुए जौ, चने आदि का आटा । | ಅರಳ ಹಿಟ್ಟು | अरळ हिट्टु | flour of parched gram or barley. |
| **सत्व** | पुं. | 1. किसी वस्तु में से निकाला हुआ मूल और सार भाग; | ಸಾರ, ತತ್ವ; | सार, तत्व; | substance; |
| | | 2. शक्ति, प्राण तत्व; | ಶಕ್ತಿ; | शक्ति; | strength, vitality, vigour; |
| | | 3. प्रकृति के तीन गुणों में से एक जो सर्वोच्च हो । | ಪ್ರಕೃತಿಯ ಮೂರು ಗುಣಗಳಲ್ಲಿ ಒಂದು– ಸತ್ವಗುಣ | प्रकृतिय मूरुगुण-गळल्लि ओंदु– सत्वगुण | any natural property or quality. |
| **सत्पुरुष** | पुं. | सदाचारी, भला आदमी । | ಸತ್ಪುರುಷ | सत्पुरुष | good or virtuous man. |
| **सत्य** | वि. | सच, यथार्थ । | ಯಥಾರ್ಥ | यथार्थ | true, real, genuine. |
| | पुं. | यथार्थ और वास्तविक तथ्य या बात; । | ಸತ್ಯವಚನ | सत्यवचन | truth, reality. |
| **सत्यता** | स्त्री. | सचाई, वास्तविकता । | ಸತ್ಯ | सत्य | truth, veracity. |
| **सत्यवादी** | पुं. | सच बोलनेवाला । | ಸತ್ಯವಾದಿ | सत्यवादि | one who speaks the truth, truthful person. |
| **सत्यांकन** | पुं. | अनुसमर्थन । | ಸಮರ್ಥಿಸುವಿಕೆ | समर्थिसुविकें | ratification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सत्याग्रह** | पुं. | आधुनिक राजनीति में वह अहिंसात्मक कार्रवाई जो किसी निश्चय, व्यवहार आदि के प्रति अपना विरोध आदि प्रकट करने के लिए की जाती है और जिसका मुख्य अंग उस निश्चय या व्यवहार का पालन न करने के रूप में होता है । | ಸತ್ಯಾಗ್ರಹ | सत्याग्रह | satyagraha (insistence for truth), passive resistance. |
| **सत्याग्रही** | वि. पुं. | सत्याग्रह करनेवाला । | ಸತ್ಯಾಗ್ರಹಿ | सत्याग्रहि | one who offers passive resistance. |
| **सत्यानाश** | पुं. | सर्वनाश, बरबादी । | ಸರ್ವನಾಶ | सर्वनाश | complete ruin, total destruction. |
| **सत्यानाशी** | वि. | सत्यानाश करनेवाला, चौपट करनेवाला । | ಸರ್ವನಾಶ ಮಾಡುವಂತಹ | सर्वनाश माडुवंतह | ruining, devastating. |
| **सत्यापन** | पुं. | जाँच या मिलान करके देखना कि ज्यों का त्यों और ठीक है कि नहीं । | ಸತ್ಯಾಪನ, ರುಜುವಾತು | सत्यापन, रुजुवातु | verification. |
| **सत्र** | पुं. | 1. वह स्थान जहाँ गरीबों को भोजन दिया जाता है; | ಅನ್ನಸತ್ರ; | अन्न सत्र; | free kitchen; |
| | | 2. वह नियत काल जिसमें कोई काम एक बार आरंभ होकर कुछ समय तक निरंतर चलता रहता हो । | ನಿಶ್ಚಿತ ಅವಧಿ, ಅಧಿವೇಶನ | निश्चित अवधि, अधिवेशन | session. |
| **सत्वर** | वि. | तेज, फुर्तीला । | ವೇಗಪೂರ್ಣ, ಚಟುವಟಿಕೆಯುಳ್ಳ | वेगपूर्ण, चटुवटिकेयुळ्ळ | speedy, swift, quick. |
| | अव्य. | शीघ्र, तुरन्त । | ವೇಗವಾಗಿ, ಕೂಡಲೆ | वेगवागि, कूडले | quickly, speedily. |
| **सत्संग** | पुं. | अच्छे आदमियों का साथ, अच्छी सोहबत । | ಸತ್ಸಂಗ | सत्संग | association with virtuous people. |
| **सदन** | पुं. | 1. घर, मकान; | ಮನೆ; | मने; | residence, house, place; |
| | | 2. वह स्थान जहाँ किसी देश या राज्य के विधान बनाने के कार्य होते हों । | ದೇಶ ಅಥವಾ ರಾಜ್ಯದ ವಿಧಾನಗಳನ್ನು ರೂಪಿಸಲು ಇರುವ ಸದನ | देश अथवा राज्यद विधानगळन्नु रूपिसलु इरुव सदन | either house of legislature. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सदमा** | पुं. | कष्टप्रद मानसिक आघात । | ಮಾನಸಿಕ ಆಘಾತ | मानसिक आघात | blow, emotional stroke. |
| **सदर** | वि. | प्रधान, मुख्य । | ಪ್ರಧಾನ, ಮುಖ್ಯ | प्रधान, मुख्य | head, chief. |
| | पुं. | 1. सभा का सभापति; | ಸಭಾಪತಿ; | सभापति; | chairman, president; |
| | | 2. सबसे ऊपर का भाग या स्थान । | ಎಲ್ಲಕ್ಕಿಂತ ಎತ್ತರವಾದ ಭಾಗ | एल्लक्किंत एत्तरवाद भाग | upper or uppermost part or end (of anything). |
| **सदर मुकाम** | पुं. | प्रधान कार्यालय, मुख्यालय । | ಪ್ರಧಾನ ಕಾರ್ಯಾಲಯ | प्रधान कार्यालय | headquarters. |
| **सदस्य** | पुं. | उन व्यक्तियों में से हर एक जिनके योग से कुटुम्ब, परिवार, समाज आदि बनते हैं । | ಸದಸ್ಯ | सदस्य | member. |
| **सदस्यता** | स्त्री. | सदस्य की स्थिति या भाव । | ಸದಸ್ಯತೆ | सदस्यतॆ | membership. |
| **सदा** | क्रि. वि. | 1. नित्य, हमेशा; | ಯಾವಾಗಲೂ; | यावागलू; | always, perpetually; |
| | | 2. निरन्तर, लगातार । | ನಿರಂತರವಾಗಿ | निरंतरवागि | continually, ever. |
| **सदाचरण** | पुं. | अच्छा चालचलन । | ಸದಾಚರಣೆ | सदाचरणॆ | good moral conduct. |
| **सदाचार** | पुं. | धर्म नीति आदि की दृष्टि से अच्छा और शुभ आचरण, अच्छा चालचलन । | ಸದಾಚಾರ | सदाचार | moral or virtuous conduct, traditionary observance. |
| **सदाचारी** | वि. | अच्छे आचरणवाला (व्यक्ति) । | ಸದಾಚಾರಿ | सदाचारि | of virtuous or moral conduct. |
| **सदाबहार** | वि. | सदा हराभरा रहनेवाला, जिसमें कभी पतझड़ न होता हो । | ಎಂದೂ ಬಾಡದ | ऎंदू बाडद | evergreen, perennial. |
| **सदाशय** | वि. | उच्च विचारोंवाला, सज्जन । | ಒಳ್ಳೆಯ ಅಭಿಪ್ರಾಯ ವಿಚಾರಗಳುಳ್ಳ | ऒळ्ळॆय अभिप्राय विचार-गळुळ्ळ | of a good or noble mind. |
| **सदाशयता** | स्त्री. | 1. सदाशय होने की अवस्था, गुण या भाव; | ಉತ್ತಮ ವಿಚಾರಪರತೆ; | उत्तम विचार परतॆ; | bonafides, genuineness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विधिक क्षेत्र में वह स्थिति जिसमें मनुष्य ईमानदारी और सचाई से कोई काम करता है और जिसके फलस्वरूप कोई अनुचित कार्य हो जाने पर भी वह दोषी नहीं माना जाता । | ಶುದ್ಧ ವಿಚಾರ ವ್ಯವಹಾರಗಳಿಂದ ಕೂಡಿರುವಿಕೆ | शुद्ध विचार व्यवहार गळिंद कूडिरुविकं | nobility, magnanimity. |
| सदी | स्त्री. | सौ वर्ष का काल, शताब्दी । | ಶತಾಬ್ದಿ | शताब्दि | century, centenary. |
| सदुपदेश | पुं. | उत्तम शिक्षा, अच्छी सलाह । | ಸದುಪದೇಶ | सदुपदेश | wholesome instruction, salutary counsel. |
| सदुपयोग | पुं. | अच्छा, उत्तम उपयोग । | ಸದುಪಯೋಗ | सदुपयोग | good or proper use, usage. |
| सदृश | वि. | समान । | ಸರಿಸಮ | सरिसम | like, resembling, of the same rank. |
| सदैव | क्रि. वि. | सर्वदा, हमेशा ही । | ಯಾವಾಗಲೂ | यावागलू | always, ever. |
| सदोष | वि. | 1. जिसमें दोष हो, दोष से युक्त; | ದೋಷದಿಂದ ಕೂಡಿದ; | दोषदिंद कूडिद; | faulty, defective; |
| | | 2. अपराधी । | ಅಪರಾಧಿ | अपराधि | sinful, guilty. |
| सद्भाव | पुं. | 1. शुभ भाव, हित का भाव; | ಸದ್ಭಾವ | सद्भाव | kindly feeling, amiability; |
| | | 2. दो पक्षों में होनेवाली मैत्रीपूर्ण स्थिति । | | | understanding, goodwill. |
| सद्यः | क्रि. वि. | 1. तत्काल, तुरन्त; | ಈ ಕೂಡಲೇ; | ई कूडले; | forthwith, immediately, at once; |
| | | 2. आज ही । | ಇಂದೇ, ಈಗಲೇ | इंदे, ईगले | today, this very day. |
| सधना | अ. क्रि. | 1. काम पूरा होना, कार्य सिद्ध होना; | ಕಾರ್ಯ ಸಿದ್ಧಿಯಾಗು; | कार्यसिद्धियागु; | to be accomplish-ed, to be finished; |
| | | 2. ठीक तरह से अभ्यस्त होना; | ಪಳಗು; | पळगु; | to be familiarized, to be accustomed; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. घोड़ों आदि का सीखकर काम लायक होना । | ಕುದುರೆ ಆದಿಗಳು ಪಳಗಿ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ಬರುವುದು | कुदुरे आदिगळु पळगि केलसक्के बरुवुदु | to be trained. |
| सधवा | स्त्री. | ऐसी स्त्री जिसका पति जीवित हो, सुहागिन । | ಮುತ್ತೈದೆ, ಸೌಭಾಗ್ಯವತಿ | मुत्तैदे, सौभाग्यवति | woman whose husband is alive. |
| सधाना | स. क्रि. | 1. साधने के काम में दूसरे को प्रवृत्त करना; | ಸಾಧನೆ ಮಾಡಿಸು; | साधने माडिसु; | to cause to get used; |
| | | 2. जंगली पशुपक्षियों को विशेष प्रकार का आचरण सिखाना । | ತರಬೇತಿ ಮಾಡಿಸು | तरबेति माडिसु | to teach, to train (an animal), to tame, to familiarize, to domesticate. |
| सधुक्कड़ी | स्त्री. | साधुओं की भाषा । | ಸಾಧು-ಸಂತರ ಭಾಷೆ | साधु-संतर भाषे | language of the Sadhus. |
| सन | पुं. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी छाल के रेशों से टाट, रस्से आदि बनते हैं । | ಸೆಣಬು | सेणबु | hemp. |
| सनक | स्त्री. | धुन, झोंक, खब्त । | ಚಟ | चट | whim, craze, mania. |
| सनकी | वि., पुं. | जिसे किसी तरह की सनक या झक हो, झक्की । | ಚಟಗಾರ | चटगार | whimsical, crazy, crank (person). |
| सनद | स्त्री. | प्रमाणपत्र । | ಸನದು, ಪ್ರಮಾಣಪತ್ರ | सनदु, प्रमाणपत्र | testimonial, certificate. |
| सनना | अ. क्रि. | 1. जल के योग से चूर्णादि का एक में मिलना; | ನೀರು ಬೆರಸಿ ಕಲಸು; | नीरु बेरसि कलसु; | to be kneaded (as dough, flour, earth); |
| | | 2. लिप्त होना । | ಲಿಪ್ತವಾಗು | लिप्तवागु | to be involved in. |
| सनसनी | स्त्री. | भय, आश्चर्य आदि के कारण उत्पन्न स्तब्धता, हलकी उत्तेजना और घबराहट, खलबली । | ಉತ್ತೇಜನ, ಭಾವೋದ್ರೇಕ | उत्तेजन, भावोद्रेक | tingling or thrilling sensation. |
| सनातन | वि. | 1. नित्य, अनादि, स्थायी; | ಸನಾತನ | सनातन | perpetual, constant, eternal; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बहुत पुराना । | | | primeval, ancient. |
| **सनातनी** | वि. | सनातन धर्म का अनुयायी । | ಸನಾತನಿ, ಸನಾತನ ಧರ್ಮಾನುಯಾಯಿ | सनातनि, सनातन धर्मानुयायि | follower of Sanatan Dharma. |
| **सन्** | पुं. | साल, संवत् । | ವರ್ಷ, ಸಂವತ್, ಸಾಲು | वर्ष, संवत्, सालु | era, year. |
| **सन्न** | वि. | भौंचक्का, स्तंभित, स्तब्ध । | ದಂಗುಬಡಿದ, ಸ್ತಬ್ಧ | दंगुबडिद, स्तब्ध | stunned, stupefied. |
| **सन्नद्ध** | वि. | 1. कोई कार्य करने के लिए उद्यत, तैयार; | ಸಿದ್ಧವಾದ; | सिद्धवाद; | ready, prepared; |
| | | 2. किसी के साथ जुड़ा या लगा हुआ । | ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟಿರುವ | सेरिसल्पट्टिरुव | tied together, bound. |
| **सन्नाटा** | पुं. | निस्तब्धता, नीरवता । | ಸ್ತಬ್ಧತೆ, ನಿಶ್ಶಬ್ದವಾಗಿರುವಿಕೆ | स्तब्धतॆ, निश्शब्द-वागिरुविकॆ | silence, solitude, quietude. |
| **सन्निकट** | क्रि. वि. | पास, नजदीक । | ಸಮೀಪದಲ್ಲಿ | समीपदल्लि | near, close, proximate. |
| **सन्निधि** | स्त्री. | समीपता, निकटता । | ಸನ್ನಿಧಿ, ಸನ್ನಿಧಾನ | सन्निधि, सन्निधान | proximity, vicinity. |
| **सन्निपात** | पुं. | एक प्रकार का भीषण ज्वर जिसमें वात, पित्त तथा कफ तीनों कुपित हो जाते हैं । | ಸನ್ನಿಪಾತ | सन्निपात | combined derangement of the three humours of the body causing fever which is of a dangerous kind. |
| **सन्निवेश** | पुं. | उचित स्थान पर रखना, जमाना । | ಸನ್ನಿವೇಶ | सन्निवेश | seating in the proper place, insertion. |
| **सन्निहित** | वि. | 1. पास रखा हुआ, निकटस्थ; | ಸಮೀಪದಲ್ಲಿರುವ; | समीपदल्लिरुव; | placed near, together, near, contiguous; |
| | | 2. रखा, जमाया हुआ । | ಕ್ರಮದಲ್ಲಿರಿಸಿದ | क्रमदल्लिरिसिद | fixed, placed. |
| **सन्मार्ग** | पुं. | उत्तम या भला मार्ग । | ಉತ್ತಮ ರೀತಿ, ಸನ್ಮಾರ್ಗ | उत्तम रीति, सन्मार्ग | right path, path of virtue. |
| **सपत्नीक** | वि. | पत्नी के साथ । | ಪತ್ನೀ ಸಮೇತ, ಸಪತ್ನೀಕ | पत्नी समेत, सपत्नीक | accompanied by one's wife. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सपना | पुं. | वह घटना या दृश्य जो सोये होने पर अन्तर्मन में काल्पनिक रूप में भासित होता है, स्वप्न । | ಸ್ವಪ್ನ | स्वप्न | dream. |
| सपरिवार | वि. | परिवार के सदस्यों के साथ । | ಪರಿವಾರದಿಂದ ಕೂಡಿದ | परिवारदिंद कूडिद | with family, attended by a retinue. |
| सपाट | वि. | जिसका तल बराबर या सम हो, समतल, जो ऊबड़-खाबड़ न हो । | ಸಮತಳ(ಲ) | समतळ (ल) | flat, smooth, even, plain. |
| सपाटा | पुं. | 1. चलने या दौड़ने का वेग; | ಓಟ; | ओट; | quick or forced march; |
| | | 2. झपटने की क्रिया या भाव । | ನೆಗೆತ | नॆगॆत | leap, spring. |
| सपूत | पुं. | अच्छा, कुल का नाम बढ़ाने-वाला पुत्र । | ಕುಲಭೂಷಣನಾದ ಮಗ, ಸತ್ಪುತ್ರ | कुलभूषणनाद मग, सत्पुत्र | dutiful or worthy son. |
| सपेरा | पुं. | सांप पकड़कर पालने तथा लोगों को तमाशा दिखाने-वाला । | ಹಾವಾಡಿಗ | हावाडिग | snake-charmer. |
| सप्त | वि. | जो गिनती में सात हो । | ಏಳು | एळु | seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या । | ಏಳರ ಸಂಖ್ಯೆ | एळर संख्यॆ | number seven. |
| सप्तक | पुं. | 1. सात वस्तुओं का संग्रह; | ಏಳರ ಸಮೂಹ; | एळर समूह; | collection or aggregate of seven; |
| | | 2. संगीत के सात स्वरों का समाहार । | (ಸಂಗೀತ) ಏಳು ಸ್ವರಗಳ ಸಮಾಹಾರ | (संगीत) एळु स्वरगळ समाहार | octave. |
| | वि. | 1. सात; | ಏಳು; | एळु; | seven; |
| | | 2. सातवां । | ಏಳನೆಯ | एळनॆय | seventh. |
| सप्तपदी | स्त्री. | विवाह की एक विधि जिसमें अग्नि की सात बार परिक्रमा की जाती है । | ಸಪ್ತಪದಿ | सप्तपदि | seven steps at marriage ceremony. |
| सप्तम | वि. | सातवां । | ಏಳನೆಯ | एळनॆय | seventh. |
| सप्तमी | स्त्री. | 1. चांद्र मास के किसी पक्ष की सातवीं तिथि; 2. व्याकरण में अधिकरण कारक की विभक्ति । | ಸಪ್ತಮಿ | सप्तमि | seventh day of the lunar fortnight; locative case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सप्तर्षि** | पुं. | **सात प्राचीन ऋषियों का समूह या मंडल ।** | ಸಪ್ತರ್ಷಿ ಮಂಡಲ | **सप्तर्षि** मंडल | seven principal stars in the constellation of Ursa Major (supposed to represent the seven sages). |
| **सप्ताह** | पुं. | **सात दिन की अवधि, हफ्ता ।** | ಏಳು ದಿನಗಳ ಅವಧಿ, ವಾರ | एळु दिनगळ अवधि, वार | week. |
| **सफर** | पुं. | **शहर से बाहर जाना, यात्रा ।** | ಯಾತ್ರೆ, ಪ್ರಯಾಣ | यात्रे, प्रयाण | journey, travel. |
| **सफरी** | वि. | **सफर सम्बन्धी ।** | ಪ್ರಯಾಣ ಸಂಬಂಧವಾದ | प्रयाण संबंधवाद | of or relating to travelling or a journey. |
| **सफल** | वि. | 1. **फलवाला, फलयुक्त;** | ಫಲದಿಂದ ಕೂಡಿದ; | फलदिंद कूडिद; | fruitful, bearing or yielding fruit, productive; |
| | | 2. **कृतकार्य, कामयाब ।** | ಇಷ್ಟಾರ್ಥ ಹೊಂದಿದ | इष्टार्थ हाँदिद | accomplished, fulfilled, successful. |
| **सफलता** | स्त्री. | कामयाबी, सिद्धि । | ಸಫಲತೆ | सफलते | success, achievement. |
| **सफा** | वि. | साफ, स्वच्छ । | ಸ್ವಚ್ಛ | स्वच्छ | white, clean. |
| | पुं. | पृष्ठ । | ಪುಟ | पुट | page. |
| **सफाई** | स्त्री. | 1. स्वच्छता, निर्मलता; | ಸ್ವಚ್ಛತೆ; | स्वच्छते; | cleanliness, purity; |
| | | 2. स्पष्टीकरण; | ಸ್ಪಷ್ಟತೆ; | स्पष्टते; | clarification; |
| | | 3. आरोपित दोष से रहित होने की अवस्था या भाव, बचाव । | ದೂರಿನಿಂದ ದೂರವಾಗುವಿಕೆ | दूरिनिंद दूरवागुविके | defence (in law suit). |
| **सफाचट** | वि. | बिल्कुल साफ, जिसका कुछ भी अंश या चिह्न बाकी न रहने दिया गया हो । | ಹೆಸರು ಗುರುತು ಸಹ ಇಲ್ಲದಾದ | हॆसरु गुरुतु सह इल्लदाद | perfectly clean, blank. |
| **सफाया** | पुं. | समाप्ति, नाश । | ಸಮಾಪ್ತಿ, ನಾಶ | समाप्ति, नाश | clean sweep, ruination. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सफेद** | वि. | 1. जो रंगीन न हो, श्वेत; | ಬೆಳ್ಳಗಿರುವ; | बॆळ्ळगिरुव; | white; |
| | | 2. स्वच्छ तथा उज्ज्वल । | ಸ್ವಚ್ಛವಾಗಿರುವ | स्वच्छवागिरुव | clean and bright. |
| **सफेदा** | पुं. | 1. जस्ते का चूर्ण या भस्म जो दवा तथा रंगाई के काम आती है; | ವಂಗ ಭಸ್ಮ; | वंग भस्म; | white lead; |
| | | 2. एक प्रकार का बढ़िया आम । | ಮಾವಿನ ಒಂದು ಉತ್ತಮ ಜಾತಿ | माविन ऒंदु उत्तम जाति | name of a kind of mango. |
| **सफेदी** | स्त्री. | 1. सफेद होने की अवस्था या भाव, श्वेतता; | ಬಿಳುಪಾಗಿರುವಿಕೆ; | बिळुपागिरुविकॆ; | whiteness; |
| | | 2. दीवारों आदि पर होनेवाली चूने के घोल की पुताई । | ಗೋಡೆ ಸುಣ್ಣ | गोडॆ सुण्ण | whitewash. |
| **सब** | वि. | 1. कुल; | ಎಲ್ಲಾ ಒಟ್ಟು; | ऎल्ला ऒट्टु; | all; |
| | | 2. समस्त, सारा, सम्पूर्ण । | ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ | संपूर्णवागि | entire, whole, total. |
| **सबक** | पुं. | 1. अध्ययन के समय उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, पाठ; | ಪಾಠ; | पाठ; | lesson; |
| | | 2. नसीहत, शिक्षा । | ಹಿತೋಪದೇಶ | हितोपदेश | moral. |
| **सबब** | पुं. | कारण, वजह, हेतु । | ಸಬೂಬು, ಕಾರಣ | सबूबु, कारण | cause, reason. |
| **सबल** | वि. | बलवान्, ताकतवर । | ಶಕ್ತಿವಂತ | शक्तिवंत | strong, powerful. |
| **सबूत** | पुं. | वह चीज या बात जिससे कोई और बात साबित होती हो, प्रमाण । | ಪ್ರಮಾಣ | प्रमाण | proof, testimony. |
| **सब्जी** | स्त्री. | 1. सागपात, हरी तरकारी; | ಸೊಪ್ಪಿನ ತರಕಾರಿ; | सॊप्पिन तरकारि; | herbage, vegetables; |
| | | 2. हरियाली, हरापन । | ಹಸುರು | हसुरु | verdure, greenery, greenness. |
| **सब्र** | पुं. | वह मानसिक स्थिति जिसमें मनुष्य किसी प्रकार की विपत्ति या विलम्ब का सामना होने पर भी चुपचाप और शांत भाव से सहन करता है, धैर्य, तसल्ली । | ತಾಳ್ಮೆ | ताळ्मॆ | patience, self-restraint, endurance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सभा** | स्त्री. | 1. परिषद्, समिति, एक स्थान पर बैठे हुए बहुत से भले आदमियों का समूह;<br>2. वह संस्था जो किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए संघटित हुई हो । | ಸಭೆ; | सभॆ | assembly, meeting;<br>association, society. |
| **सभाकक्ष** | पुं. | वह कमरा जहां सभा आयोजित की जाती हो । | ಸಭೆ, ಸಮಿತಿ ಗಳಾಗುವ ಕೋಣೆ | सभॆ-समिति गळागुव कोणॆ | assembly hall, chamber. |
| **सभापति** | पुं. | सभा का अध्यक्ष । | ಸಭಾಪತಿ, ಅಧ್ಯಕ್ಷ | सभापति, अध्यक्ष | president, chairman. |
| **सभासद** | पुं. | जो किसी समुदाय, संस्था आदि का सदस्य हो । | ಸದಸ್ಯ | सदस्य | member of an assembly or society. |
| **सभ्य** | वि. | शिष्ट, संस्कृत, विनम्र । | ವಿನಯ ಸಂಪನ್ನ | विनय संपन्न | refined, civilized; cultured, civil. |
| **सभ्यता** | स्त्री. | 1. सभ्य होने का भाव;<br>2. वे सब काम और बातें जो किसी जाति या देश के लोग प्रकृति पर विजय पाने और जीवन निर्वाह में सुगमता लाने के लिए भौतिक साधनों का उपयोग करते हुए आरम्भ से अब तक करते आए हैं । किसी जाति या देश की बाह्य तथा भौतिक उन्नतियों का सामूहिक रूप । | ಸಭ್ಯತೆ | सभ्यतॆ | courtesy, decency, good manners;<br>civilization, culture. |
| **सम** | वि. | 1. हमवार, जो ऊबड़-खाबड़ न हो;<br>2. एक बराबर, तुल्य, समान;<br>3. (संख्या) जिसे दो से भाग देने पर कुछ न बचे । | ಸಮ | सम | plain, smooth, even;<br>similar, equal;<br>even (as number). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | संगीत में वह स्थान जहां लय के विचार से गति की समाप्ति होती है । | | | first accented beat in a rhythmic cycle. |
| **समकक्ष** | वि. | जोड़ या बराबरी का, सब बातों में बराबरी करनेवाला । | ಸರಿಸಮನಾದ | सरिसमनाद | equal, equivalent. |
| **समकालीन** | वि. | जो एक ही समय में हो । | ಏಕಕಾಲದಲ್ಲಿರುವ | एककालदल्लिरुव | contemporary, contemporaneous. |
| **समकोण** | वि., पुं. | जिसमें आमने-सामने के दोनों कोण समान हों । | ಸಮಕೋಣ | समकोण | rectangular, a right angle. |
| **समक्ष** | वि. | जो आंखों के सम्मुख हो, गोचर, उपस्थित । | ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷವಾಗಿರುವ | प्रत्यक्षवागिरुव | before, visible. |
| | क्रि. वि. | सामने । | ಎದುರಾಗಿ | एंदुरागि | before the eyes (of), in sight (of). |
| **समग्र** | वि. | समस्त, समूचा, सारा । | ಸಮಗ್ರ | समग्र | all, entire, whole. |
| **समझ** | स्त्री. | वह मानसिक शक्ति जिसमें सब चीजों और बातों के आशय, भलाई-बुराई आदि का परिज्ञान होता है, अक्ल, बुद्धि । | ತಿಳಿವಳಿಕೆ | तिळिवळिकॆ | understanding, grasp, sense. |
| **समझदार** | वि. | जिसमें अच्छी समझ हो, अक्लमंद । | ತಿಳಿವಳಿಕೆಯುಳ್ಳ | तिळिवळिकॆयुळ्ळ | intelligent, sensible. |
| **समझदारी** | स्त्री. | समझदार होने का गुण । | ತಿಳಿವಳಿಕೆ | तिळिवळिकॆ | keenness, understanding, wisdom. |
| **समझना** | अ. क्रि. | 1. जान लेना, ठीक और पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना;<br>2. विचारना । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ತಿಳಿದು ಕೊಳ್ಳು;<br>ವಿಚಾರ ಮಾಡು | चॆन्नागि तिळिदु कॊळ्ळु;<br>विचार माडु | to understand, grasp;<br>to think, consider, suppose. |
| **समझाना** | स. क्रि. | बोध कराना, जतलाना । | ತಿಳಿಯ ಹೇಳು | तिळिय हेळु | to explain, to advise. |
| **समझौता** | पुं. | 1. राजीनामा, मेल; | ರಾಜಿಯಾಗುವಿಕೆ; | राजियागुविकॆ; | compromise, understanding; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आपस में होनेवाला करार या निश्चय । | ಪರಸ್ಪರ ಆಗುವ ಕರಾರು ಪತ್ರ | परस्पर आगुव करारु पत्र | agreement, pact. |
| **समतल** | वि. | जो ऊबड़-खाबड़ न हो, हमवार । | ಸಮತಳ | समतळ | level, even, plain. |
| **समता** | स्त्री. | सादृश्य, बराबरी, तुल्यता । | ಸಾದೃಶ್ಯ, ಸಮಾನತೆ | सादृश्य, समानतॆ | similarity, equality, parity. |
| **समत्व** | पुं. | दे. 'समता' । | ನೋಡಿ "समता" | नोडि "समता" | see 'समता'. |
| **समदर्शी** | वि., पुं. | सबको एकसा देखने-समझने वाला । | ಭೇದಭಾವವಿಲ್ಲದೆ ಎಲ್ಲರನ್ನೂ ಒಂದೇ ಸಮನಾಗಿ ಭಾವಿಸುವ | भेदभावविल्लदॆ एल्लरन्नू ओंदे समनागि भाविसुव | looking at both sides impartially, impartial, impartial person. |
| **समधियाना** | पुं. | पुत्र या पुत्री की ससुराल । | ಬೀಗರ ಮನೆ | बीगर मनॆ | the home or family of a son's or daughter's father-in-law. |
| **समधी** | पुं. | पुत्र या पुत्री का ससुर । | ಬೀಗ | बीग | son's or daughter's father-in-law (the fathers of a bride and bridegroom are samdhis to each other). |
| **समन्वय** | पुं. | वह अवस्था जिसमें कथनों या बातों का पारस्परिक विरोध दूर करके उनमें एकरूपता लाई जाती है । | ಸಮನ್ವಯ | समन्वय | coordination, harmony. |
| **समन्वित** | वि. | जिसका समन्वय हुआ हो । | ಸಮನ್ವಯಗೊಳಿಸಿದ | समन्वयगॊळिसिद | coordinated, harmonized. |
| **समय** | पुं. | 1. दिन-रात के विचार से काल का कोई मान, वक्त; 2. अवसर, मौका । | ಸಮಯ | समय | time, hour, period; moment, opportunity, occasion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समयसारणी** | स्त्री. | वह पुस्तिका जिसमें विभिन्न गाड़ियों आदि के विभिन्न स्टेशनों पर पहुंचने तथा छूटने के समय का उल्लेख किया जाता है । | ವೇಳಾಪಟ್ಟಿ | वेळापट्टि | time-table. |
| **समयोचित** | वि. | अवसर के उपयुक्त । | ಸಮಯೋಚಿತ | समयोचित | opportune, timely. |
| **समयोपरि** | वि. | जो निश्चित समय के अलावा अतिरिक्त समय में किया गया हो या हुआ हो । | ಹೆಚ್ಚಿಗೆ ಕಾಲ, ನಿಶ್ಚಿತ ಸಮಯಾ ನಂತರದ ಸಮಯದ | हॆच्चिगॆ काल, निश्चित समयानंतरद समयद | overtime. |
| **समर** | पुं. | युद्ध, संग्राम । | ಯುದ್ಧ | युद्ध | war, battle. |
| **समर्थ** | वि. | 1. बलवान, सशक्त; 2. योग्य, उपयुक्त । | ಸಮರ್ಥ | समर्थ | powerful, strong; capable, competent. |
| **समर्थक** | वि. | समर्थन करनेवाला, पुष्टि करनेवाला, ताईद करनेवाला । | ಸಮರ್ಥಕ | समर्थक | supporter. |
| **समर्थता** | स्त्री. | क्षमता, सामर्थ्य, शक्ति । | ಸಮರ್ಥತೆ | समर्थतॆ | capability, competency. |
| **समर्थन** | पुं. | पुष्टि करना, ताईद करना, किसी के मत, विचार आदि के संबंध में यह कहना कि इसमें हमारी भी सहमति है । | ಸಮರ್ಥನೆ | समर्थनॆ | support, corroboration. |
| **समर्थनीय** | वि. | जिसका समर्थन किया जा सकता हो या हो सकता हो । | ಸಮರ್ಥಿಸಲು ಯೋಗ್ಯವಾದ | समर्थिसल योग्यवाद | worth supporting. |
| **समर्थांग** | वि. | कार्य करने के लिए जिसके सब अंग ठीक और क्षमतायुक्त हों । | ಸಮರ್ಥವಾದ ಶರೀರಾಂಗಗಳುಳ್ಳ | समर्थवाद शरीरांगगळुळ्ळ | able-bodied. |
| **समर्थित** | वि. | जिसका समर्थन किया गया हो । | ಸಮರ್ಥಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | समर्थिसल्पट्ट | supported. |
| **समर्पण** | पुं. | 1. सौंपना, देना; 2. भेंट करना । | ಸಮರ್ಪಣೆ | समर्पणॆ | surrender; dedication. |
| **समर्पित** | वि. | दिया हुआ, सौंपा हुआ, भेंट किया हुआ । | ಸಮರ್ಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ, ಕೊಡಲ್ಪಟ್ಟ | समर्पिसल्पट्ट, कॊडल्पट्ट | surrendered, dedicated. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समवयस्क** | वि. | समान अवस्था वाला । | ಸಮವಯಸ್ಕ | समवयस्क | of the same age, equal in age. |
| **समवर्ती** | वि. | 1. जो समान रूप से स्थिर रहता हो; | ಸಮಾನವಾಗಿರುವ; | समानवागिरुव; | concurrent; |
| | | 2. जो पास ही स्थित हो । | ಸಮೀಪದಲ್ಲಿರುವ | समीपदल्लिरुव | contiguous. |
| **समवाय** | पुं. | 1. समूह, झुंड; | ಸಮೂಹ; | समूह; | collection, multitude; |
| | | 2. नियमानुसार गठित वह व्यापारिक संस्था जिसके हिस्सेदारों को अपनी लगाई पूंजी के अनुपात से लाभांश मिलता हो । | ವ್ಯಾಪಾರ ಸಂಘ, ಕಂಪನಿ | व्यापार संघ, कंपनि | company. |
| **समवेत** | वि. | एक जगह इकट्ठा किया हुआ, एकत्र । | ಒಂದುಗೂಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | ऒंदुगूडिसल्पट्ट | collected, collective. |
| **समवेदना** | स्त्री. | किसी के दु:ख में दु:खी होने का भाव, सहानुभूति । | ಸಹಾನುಭೂತಿ | सहानुभूति | condolence, sympathy. |
| **समशीतोष्ण** | वि. | जहां सर्दी-गर्मी की मात्रा बराबर रहे । | ಸಮಶೀತೋಷ್ಣ | समशीतोष्ण | moderate, temperate. |
| **समष्टि** | स्त्री. | सामूहिकता, संपूर्णता । | ಸಂಪೂರ್ಣತೆ | संपूर्णते | collectiveness, totality, aggregate. |
| **समस्त** | वि. | 1. सब, कुल, पूरा; | ಎಲ್ಲವೂ; | ऎल्लवू; | all, whole, entire, complete; |
| | | 2. जो समास के नियमों के अनुसार मिलकर एक हो गया हो । | ಸಮಾಸ ಪದವಾಗಿರುವ | समास पदवागिरुव | (in Gram.) compounded. |
| **समस्या** | स्त्री. | 1. उलझन वाली ऐसी विचारणीय बात जिसका निराकरण सहज में न हो सकता हो, कठिन या विकट प्रसंग; | ಸಮಸ್ಯೆ | समस्ये | problem; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कविता का अंतिम चरण या अंश जो उसी तुक तथा लय में छंद को पूरा करने के लिए स्पर्धी को दिया जाए । | | | the last portion or line of a metrical composition which is meant for completion in the same metre by a competitor. |
| **समस्यापूर्ति** | स्त्री. | किसी समस्या को लेकर छंद, कविता आदि को पूरा करना । | ಸಮಸ್ಯಾಪೂರ್ತಿ | समस्यापूर्ति | completing a metrical composition posed as a समस्या । |
| **समां** | पुं. | 1. समय, वक्त; | ಸಮಯ; | समय; | time, occasion, weather; |
| | | 2. ऋतु, जमाना; | ಋತು, ಕಾಲ; | ऋतु, काल; | season; |
| | | 3. सुंदर और सुहावना दृश्य । | ಸುಂದರ ದೃಶ್ಯ | सुंदर दृश्य | scene, landscape, view. |
| **समाई** | स्त्री. | 1. समाने की क्रिया या भाव; | ಇಂಬು, ಅಳವು; | इंबु, अळवु; | capacity; |
| | | 2. सहनशक्ति । | ಸಹನಶಕ್ತಿ | सहनशक्ति | endurance. |
| **समागम** | पुं. | 1. भेंट, मिलन; | ಸಮಾಗಮ | समागम | encounter, meeting; |
| | | 2. संभोग, मैथुन । | | | intercourse. |
| **समाचार** | पुं. | वृत्तांत, खबर, संवाद । | ಸಮಾಚಾರ, ವೃತ್ತಾಂತ | समाचार, वृत्तांत | news, report, message. |
| **समाचार-पत्र** | पुं. | नियमित समय पर प्रकाशित होनेवाला वह पत्र जिसमें अनेक प्रदेशों, राष्ट्रों आदि से संबंधित समाचार रहते हों, अखबार । | ಸಮಾಚಾರ ಪತ್ರ | समाचार पत्र | newspaper. |
| **समाज** | पुं. | 1. बहुत से लोगों का गिरोह या झुंड; | ಸಮಾಜ | समाज | community, society, congregation; |
| | | 2. किसी विशिष्ट उद्देश्य से स्थापित की हुई सभा । | | | club, association. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समाजवाद** | पुं. | एक आर्थिक तथा राजनीतिक विचार-प्रणाली जिसके अनुसार सत्ता तथा स्वामित्व व्यक्तिगत हाथों में नहीं रहना चाहिए बल्कि सामूहिक रूप से समाज में निहित रहना चाहिए । | ಸಮಾಜವಾದ | समाजवाद | socialism. |
| **समाजवादी** | वि. | 1. समाजवाद सम्बन्धी;<br>2. समाजवाद का अनुयायी या समर्थक । | ಸಮಾಜವಾದ ಸಂಬಂಧವಾದ;<br>ಸಮಾಜವಾದಿ | समाजवाद संबंधवाद;<br>समाजवादि | socialistic;<br>socialist. |
| **समादर** | पुं. | अच्छा और उचित आदर, सम्मान, खातिर । | ಸನ್ಮಾನ, ಆದರಣೆ | सन्मान, आदरणे | great respect, reverence, veneration. |
| **समादृत** | वि. | जिसका अच्छी तरह आदर हुआ हो । | ಸನ್ಮಾನಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | सन्मानिसल्पट्ट | respected, honoured. |
| **समादेश** | पुं. | आज्ञा, आदेश, निदेश । | ಅಪ್ಪಣೆ, ಆದೇಶ | अप्पणे, आदेश | command. |
| **समाधान** | पुं. | 1. आपत्ति की निवृत्ति करना, संदेह निवारण करना;<br>2. वह युक्ति या योजना जिसके द्वारा समस्या हल की जाती हो । | ಸಮಾಧಾನ | समाधान | the act of solving a problem; solution. |
| **समाधि** | स्त्री. | 1. ईश्वर के ध्यान में मग्न होना;<br>2. वह स्थान जहां किसी का मृत शरीर या अस्थियां गाड़ी गई हों । | ಸಮಾಧಿ | समाधि | meditation, trance;<br>grave, tomb. |
| **समाधिस्थ** | वि. | जो समाधि लगाए हुए हो । | ಧ್ಯಾನಮಗ್ನ | ध्यानमग्न | absorbed in meditation or contemplation. |
| **समान** | वि. | गुण, मूल्य, महत्व आदि के विचार से किसी के अनुरूप या बराबरी का, बराबर, तुल्य, सदृश । | ಸಮಾನ | समान | equal, equivalent, similar. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समानता** | स्त्री. | तुल्यता, बराबरी, सादृश्य । | ಸಮಾನತೆ | समानतॆ | parity, equality, similarity. |
| **समानांतर** | वि. | 1. (रेखाएं आदि) जो नित्य समान अंतर पर रहें; | ಸಮಾನಾಂತರ | समानांतर | parallel; |
| | | 2. साथ-साथ चलने, काम करने वाला । | | | as above. |
| **समाना** | अ. क्रि. | 1. अंदर आना, भरना, अटना; | ಭರ್ತಿಯಾಗು; | भर्तियागु; | to be contained (in), to fit (in); |
| | | 2. व्याप्त होना । | ವ್ಯಾಪಿಸು | व्यापिसु | to permeate, to pervade. |
| **समानाधिकार** | पुं. | बराबर का अधिकार । | ಸಮಾನಾಧಿಕಾರ | समानाधिकार | equal rights. |
| **समानार्थक** | वि. | समान अर्थ रखनेवाला, पर्यायवाची । | ಸಮಾನಾರ್ಥವುಳ್ಳ, ಪರ್ಯಾಯವಾಚಿ | समानार्थवुळ्ळ, पर्यायवाचि | having the same meaning, synonymous. |
| **समापन** | पुं. | समाप्त करना, पूरा करना । | ಪೂರೈಸುವಿಕೆ | पूरैसुविकॆ | completion, conclusion. |
| **समाप्त** | वि. | 1. (कार्य) पूरा किया हुआ; | ಪೂರೈಸಿದ; | पूरैसिद; | completed, concluded; |
| | | 2. (वस्तु) जिसका भोग, संहार आदि के कारण अस्तित्व नष्ट हो गया हो; | ನಾಶವಾದ; | नाशवाद; | exhausted, finished; |
| | | 3. (नौकरी) जिसका कार्यकाल बीत चुका हो । | ಕಾರ್ಯಾವಧಿ ಮುಗಿದ | कार्यावधि मुगिद | terminated. |
| **समाप्ति** | स्त्री. | खतम या पूरा होना । | ಸಮಾಪ್ತಿ | समाप्ति | completion, end, termination. |
| **समाप्य** | वि. | खतम या पूरा करने या होने के लायक । | ಪೂರೈಸಬೇಕಾದ | पूरैसबेकाद | to be accomplished or concluded or completed. |
| **समारंभ** | पुं. | आरंभ, शुरूआत । | ಸಮಾರಂಭ | समारंभ | commencement, inauguration. |
| **समारोह** | पुं. | कोई ऐसा शुभ आयोजन जिसमें चहलपहल तथा धूमधाम हो । | ಸಮಾರೋಹ | समारोह | function, celebration. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समालोचक** | पुं. | समीक्षक, समालोचना करनेवाला । | ಸಮಾಲೋಚಕ | समालोचक | critic. |
| **समालोचन** | पुं. | 1. किसी वस्तु, कृति या व्यक्ति आदि के गुण-दोष का सम्यक् विवेचन करना; | ಸಮಾಲೋಚನೆ | समालोचने | criticism; |
| | | 2. साहित्य में, वह लेख जिसमें किसी कृति के गुण-दोषों के संबंध में किसी ने अपने विचार प्रकट किए हों । | | | literary criticism. |
| **समालोचना** | स्त्री. | दे. 'समालोचन' । | ನೋಡಿ "समालोचन" | नोडि "समालोचन" | see 'समालोचन'. |
| **समावर्तन** | पुं. | 1. वापस आना, लौटना, विशेषकर प्राचीन भारत में वह समारोह जिसमें गुरुकुल के स्नातकों को विद्याध्ययन कर लेने के उपरांत विदाई दी जाती थी; | ಪ್ರಾಚೀನ ಗುರು ಕುಲಗಳಲ್ಲಿ ಓದು ಮುಗಿದ ನಂತರ ನಡೆಸಲ್ಪಡುತ್ತಿದ್ದ ಬೀಳ್ಕೊಡುಗೆಯ ಸಮಾರಂಭ, ಸಮಾವರ್ತನೆ; | प्राचीन गुरुकुल-गळल्लि ओदु मुगिद नंतर नडॆसल्पडुत्तिद्द बीळ्कॊडुगॆय समारंभ, समावर्तने; | return; |
| | | 2. विश्वविद्यालयों में होने-वाला वह समारोह जिसमें उच्च परीक्षाओं में उत्तीर्ण होनेवाले छात्रों को प्रमाण-पत्र आदि दिए जाते हैं, दीक्षान्त समारोह । | ಘಟಿಕೋತ್ಸವ, ಪದವಿ ದಾನ ಸಮಾರಂಭ | घटिकोत्सव, पदवि दान समारंभ | convocation. |
| **समाविष्ट** | वि. | जिसका समावेश कर लिया गया हो, जो मिला लिया गया हो । | ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | सेरिसल्पट्ट | entered, included, incorporated. |
| **समावेश** | पुं. | मिलना, शामिल होना । | ಸೇರುವಿಕೆ | सेरुविके | inclusion, entry, incorporation. |
| **समास** | पुं. | 1. योग, मेल; | ಸೇರಿಕೊಂಡಿರುವಿಕೆ; | सेरिकॊंडिरुविके; | conjunction, combination, union; |
| | | 2. संक्षेप; | ಸಂಕ್ಷೇಪ; | संक्षेप; | contraction, abbreviation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. दो या अधिक पदों को मिलाकर एक पद का रूप देना । | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಸಮಾಸ | (व्याकरण) समास | compound word. |
| **समाहर्ता** | पुं. | वह राज कर्मचारी जिसके जिम्मे किसी जिले से राजकर या प्राप्य धन आदि उगाहने का काम होता है । | ಕಂದಾಯ ವಸೂಲಿ ಮಾಡುವ ಅಧಿಕಾರಿ, ಕಲೆಕ್ಟರ್ | कंदाय वसूलि माडुव अधिकारि, कलेक्टर् | collector (as of taxes). |
| **समाहार** | पुं. | 1. बहुत-सी वस्तुओं को एक जगह इकट्ठा करना, संग्रह;<br>2. ढेर, राशि । | ಅನೇಕ ವಸ್ತುಗಳ ಸಂಗ್ರಹ;<br>ರಾಶಿ | अनेक वस्तुगळ संग्रह;<br>राशि | collection, accumulation;<br>heap, pile. |
| **समाहित** | वि. | 1. एक जगह इकट्ठा किया हुआ;<br>2. केंद्रित;<br>3. शांत । | ಒಂದುಗೂಡಿದ;<br>ಕೇಂದ್ರೀಕೃತ;<br>ಶಾಂತವಾದ | ओंदुगूडिद;<br>केंद्रीकृत;<br>शांतवाद | brought together, assembled;<br>concentrated;<br>composed, collected, calm (as mind). |
| **समिति** | स्त्री. | 1. विशेष कार्य के लिए गठित कुछ व्यक्तियों की सभा;<br>2. सभा, समाज । | ಸಮಿತಿ | समिति | committee;<br>union, association. |
| **समिधा** | स्त्री. | यज्ञ में जलाने की लकड़ी । | ಸಮಿತ್ತು | समित्तु | wood, fuel, especially sacrificial sticks |
| **समीकरण** | पुं. | 1. समान या बराबर करना;<br>2. (गणित में) ज्ञात राशि की सहायता से अज्ञात राशि निकालने की एक क्रिया । | ಸಮೀಕರಣ | समीकरण | the act of making even or equal, equalizing;<br>(in Arith.) reducing fractions to a common denominator, equation. |
| **समीक्षक** | पुं. | सम्यक् रूप से देखने या समीक्षा करनेवाला, समालोचक । | ಸಮಾಲೋಚಕ | समालोचक | reviewer, critic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समीक्षा** | स्त्री. | 1. ग्रंथों, लेखों आदि के गुण-दोषों का विवेचन, समालोचन; | ಗುಣದೋಷ ವಿವೇಚನೆ, ಸಮಾಲೋಚನ; | गुणदोष विवेचनॆ, समालोचनॆ; | review, criticism; |
| | | 2. अच्छी तरह देखने की क्रिया । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ವಿಚಾರ ಮಾಡಿ ನೋಡುವಿಕೆ | चॆन्नागि विचार माडि नोडुविकॆ | looking well at, full consideration. |
| **समीचीन** | वि. | ठीक, उचित, न्याय्य । | ನ್ಯಾಯ ಸಂಗತ | न्याय संगत | fit, proper, right. |
| **समीप** | वि. | निकट, पास । | ಸಮೀಪ | समीप | near, adjacent, close by, beside. |
| **समीपता** | स्त्री. | निकटता | ಸಾಮೀಪ್ಯ | सामीप्य | nearness, proximity. |
| **समीपवर्ती** | वि. | जो समीप या पास में स्थित हो । | ಸಮೀಪದಲ್ಲಿರುವ | समीपदल्लिरुव | adjacent, neighbouring. |
| **समीर** | पुं. | वायु, हवा । | ಗಾಳಿ | गाळि | wind, air, breeze. |
| **समुंदर** | पुं. | समुद्र । | ಸಮುದ್ರ | समुद्र | sea, ocean. |
| **समुचित** | वि. | ठीक, उचित, उपयुक्त । | ಸರಿಯಾದ | सरियाद | fit, right, proper, appropriate. |
| **समुच्चय** | पुं. | 1. समूह, राशि; | ಸಮೂಹ; | समूह; | collection, accumulation; |
| | | 2. शब्दों या वाक्यों का योग । | ಶಬ್ದ ಅಥವಾ ವಾಕ್ಯ ಸಮೂಹ | शब्द अथवा वाक्य समूह | (in Gram.) conjunction of words. |
| **समुदाय** | पुं. | 1. समूह, राशि; | ಸಮುದಾಯ | समुदाय | number, heap, mass, aggregate; |
| | | 2. समाज, बिरादरी । | | | community. |
| **समुद्र** | पुं. | वह विशाल जल राशि जो इस पृथ्वी तल के प्राय: तीन-चौथाई हिस्से में व्याप्त है, सागर । | ಸಮುದ್ರ | समुद्र | sea, ocean. |
| **समुद्री (समुद्रीय)** | वि. | समुद्र का, समुद्र-सम्बन्धी । | ಸಮುದ್ರ ಸಂಬಂಧವಾದ | समुद्र संबंधवाद | marine, oceanic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समुन्नत** | वि. | 1. जिसकी यथेष्ट उन्नति हुई हो, खूब बढ़ा-चढ़ा; 2. बहुत ऊंचा । | ಉನ್ನತ ಸ್ಥಿತಿಗೆ ಬಂದ; ಬಹಳ ಎತ್ತರವಾದ | उन्नत स्थितिगॆ बंद; बहळ ऍत्तरवाद | progressed, developed; elevated, high, lofty. |
| **समुन्नति** | स्त्री. | 1. समृद्धि; | ಸಮೃದ್ಧಿ; | समृद्धि; | rise, prosperity, progress, development; |
| | | 2. ऊंचाई । | ಎತ್ತರ | ऍत्तर | height, loftiness. |
| **समूचा** | वि. | कुल, पूरा, सब । | ಸಂಪೂರ್ಣ | संपूर्ण | whole, entire, complete. |
| **समूल** | वि. | जिसमें मूल या जड़ हो । | ಬೇರು ಸಹಿತ | बेरु सहित | having roots, well founded. |
| | क्रि. वि. | जड़ या मूल से, पूरी तरह । | ಬೇರು ಸಮೇತವಾಗಿ | बेरु समेतवागि | completely, utterly. |
| **समूह** | पुं. | 1. ढेर, राशि; 2. झुंड, समुदाय । | ರಾಶಿ; ಸಮೂಹ | राशि; समूह | quantity, heap; group, multitude, assemblage. |
| **समृद्ध** | वि. | संपन्न, धनवान् । | ಸಮೃದ್ಧವಾದ | समृद्धवाद | very prosperous, flourishing, wealthy. |
| **समृद्धि** | स्त्री. | बहुत अधिक सम्पन्नता, अमीरी । | ಸಮೃದ್ಧಿ | समृद्धि | prosperity, affluence, richness. |
| **समेटना** | स. क्रि. | 1. बिखरी हुई वस्तुओं को इकट्ठा करना; 2. शेष कार्य को पूरा करना, समाप्त करना । | ಹರಡಿದ್ದನ್ನು ಒಂದು ಗೂಡಿಸು; ಪೂರೈಸು | हरडिद्दन्नु ऑंदुगूडिसु; पूरैसु | to collect together, to amass; to wind up. |
| **समेत** | वि. | किसी के साथ मिला या लगा हुआ, संयुक्त । | ಒಂದಿಗೆ ಸೇರಿರುವ | ऑंदिगॆ सेरिरुव | united together, associated (with). |
| | क्रि. वि. | सहित, साथ । | ಒಂದಿಗೆ | ऑंदिगॆ | with, together with, along with. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समोना** | स. क्रि. | 1. समाविष्ट या सम्मिलित करना;<br>2. इकट्ठा या संगृहीत करना । | ಸೇರಿಸು;<br>ಸಂಗ್ರಹಿಸು | सेरिसु;<br>संग्रहिसु | to include, to incorporate;<br>to collect, to assemble. |
| **समोसा** | पुं. | सिंघाड़े की शक्ल का एक नमकीन पकवान । | ಸಮೋಸಾ | समोसा | a kind of stuffed piece of a triangular shape. |
| **सम्मत** | वि. | 1. एक ही राय का,सहमत;<br>2. पुष्ट, समर्थित, अनुमोदित । | ಸಮ್ಮತ | सम्मत | of one mind, of the same opinion;<br>supported by, approved by, acknowledged. |
| **सम्मति** | स्त्री. | 1. सलाह, राय;<br>2. सहमति । | ಸಲಹೆ;<br>ಒಪ್ಪಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ, ಸಮ್ಮತಿ | सलहे;<br>ऑप्पिकॉळ्ळुविकॅ, सम्मति | advice, opinion;<br>consent, agreement. |
| **सम्मन (समन)** | पुं. | न्यायालय द्वारा प्रेषित वह पत्र जिसमें किसी को न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है । | ನ್ಯಾಯಾಲಯದ ಸಮನ್ಸು | न्यायालयद समन्सु | summons. |
| **सम्मान** | पुं. | इज्जत, आदर, प्रतिष्ठा । | ಆದರ, ಗೌರವ | आदर, गौरव | honour, respect, homage. |
| **सम्माननीय** | वि. | जिसका सम्मान किया जाना आवश्यक और उचित हो । | ಗೌರವಿಸಬೇಕಾದ | गौरविसबेकाद | honourable, respectable. |
| **सम्मानित** | वि. | जिसका सम्मान किया गया हो । | ಗೌರವಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | गौरविसल्पट्ट | honoured, respected. |
| **सम्मिलन** | पुं. | मिलना, एकत्र होना । | ಸೇರುವಿಕೆ, ಒಂದುಗೂಡುವಿಕೆ | सेरुविकॅ, ऑंदुगूडुविकॅ | coming together, union. |
| **सम्मिलित** | वि. | 1. किसी के साथ मिला या मिलाया हुआ;<br>2. मिलजुल कर किया हुआ, सामूहिक । | ಸೇರಿದ;<br>ಸಾಮೂಹಿಕ | सेरिद;<br>सामूहिक | included;<br>collective. |
| **सम्मिश्रण** | पुं. | 1. मिलाने की क्रिया;<br>2. मिलावट । | ಮಿಶ್ರಣ ಮಾಡುವಿಕೆ;<br>ಮಿಶ್ರಣ | मिश्रण माडुविकॅ;<br>मिश्रण | the act or process of mixing together;<br>adulteration. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सम्मिश्रित** | वि. | 1. मिलाया हुआ, एक साथ किया हुआ; | ಬೆರೆಸಿದ; | बॅरॅसिद; | mixed together, intermixed; |
| | | 2. मिलावटी । | ಬೆರಿಕೆಯಾದ | बॅरिकॅयाद | adulterated. |
| **सम्मुख** | वि. | सामने, समक्ष, आगे । | ಸಮ್ಮುಖ, ಸಮಕ್ಷಮ | सम्मुख, समक्षम | in front (of), in the presence (of), before. |
| **सम्मेलन** | पुं. | मनुष्यों का किसी विशेष उद्देश्य से अथवा किसी विषय पर विचार करने के लिए एकत्र होने वाला समाज । | ಸಮ್ಮೇಳನ | सम्मेळन | gathering, conference. |
| **सम्मोह** | पुं. | 1. मूर्च्छा, बेहोशी; | ಮೂರ್ಛೆ; | मूर्छॅ; | hypnosis; |
| | | 2. प्रेम, मोह; | ಮೋಹ; | मोह; | infatuation, fascination; |
| | | 3. अज्ञान, मूर्खता । | ಮೂರ್ಖತನ | मूर्खतन | ignorance, folly. |
| **सम्मोहक** | वि. | 1. बेहोश या संज्ञाहीन करने वाला; | ಪ್ರಜ್ಞೆ ತಪ್ಪಿಸುವ; | प्रज्ञॅ तप्पिसुव; | hypnotic; |
| | | 2. मुग्ध करनेवाला, वश में करनेवाला । | ವಶವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡುವ | वशवागुवंतॅ माडुव | hypnotising, fascinating. |
| **सम्मोहन** | पुं. | 1. मुग्ध करना; | ಮುಗ್ಧಗೊಳಿಸುವಿಕೆ, ಪ್ರಜ್ಞೆ ತಪ್ಪಿಸುವಿಕೆ; | मुग्धगॊळिसुविकॅ, प्रज्ञॅ तप्पिसुविकॅ; | fascination, hypnosis; |
| | | 2. बहकाना । | ಭ್ರಾಂತಿಗೊಳಿಸುವಿಕೆ | भ्रांतिगॊळिसुविकॅ | beguilement. |
| **सम्यक्** | वि. | 1. उचित, उपयुक्त; | ಉಪಯುಕ್ತವಾದ; | उपयुक्तवाद; | right, fit, appropriate; |
| | | 2. ठीक, सही । | ಸರಿಯಾದ | सरियाद | correct, accurate. |
| **सम्राज्ञी** | स्त्री. | सम्राट् की पत्नी । | ಮಹಾರಾಣಿ | महाराणि | empress. |
| **सम्राट** | पुं. | साम्राज्य का स्वामी । | ಚಕ್ರವರ್ತಿ | चक्रवर्ति | emperor. |
| **सम्हलना** | अ. क्रि. | दे. 'संभलना' । | ನೋಡಿ "संभलना" | नोडि "संभलना" | see '**संभलना**'. |
| **सयाना** | वि. | 1. जो बाल्यावस्था पार कर वयस्क हो चला हो; | ಪ್ರಾಯಕ್ಕೆ ಬಂದ; | प्रायक्कॅ बंद; | grown up, adolescent; |
| | | 2. बुद्धिमान, समझदार; | ಬುದ್ಧಿವಂತ; | बुद्धिवंत; | sagacious, wise; |
| | | 3. चालाक, धूर्त । | ಧೂರ್ತ | धूर्त | clever, shrewd, cunning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सर** | वि. | 1. हराया हुआ, पराजित; | ಸೋತ, ಸೋಲಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | सोत, सोलि-सल्पट्ट; | defeated. vanquished; |
| | | 2. (काम) पूरा या समाप्त किया हुआ । | ಸಂಪೂರ್ಣಗೊಳಿಸಿದ | संपूर्णगॊळिसिद | completed, accomplished. |
| | पुं. | 1. बड़ा तालाब; | ದೊಡ್ಡ ಕೆರೆ; | दॊड्ड करॆ; | pond, pool, tank; |
| | | 2. सिर; | ತಲೆ; | तलॆ; | head, top; |
| | | 3. चोटी, शीर्षभाग । | ಮೇಲ್ಭಾಗ | मेल्भाग | pinnacle, tip. |
| **सरकंडा** | पुं. | सरपत की जाति का एक पौधा जिसमें गाठें होती है । | ಲಾಳದ ಕಡ್ಡಿ, ಗಿಡ | लाळद कड्डि, गिड | a kind of reed. |
| **सरकना** | अ. क्रि. | 1. जमीन से सटे हुए आगे बढ़ना, रेंगना; | ಸರಿ; | सरि; | to slide, to slip, to crawl; |
| | | 2. धीरे-धीरे तथा थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ना । | ಮುಂದೆ ಸರಿ | मुंदॆ सरि | to move slowly. |
| **सरकार** | स्त्री. | किसी देश के सम्राट, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री द्वारा चुने हुए मंत्रियों का वह दल जो सामूहिक रूप से उस देश का शासन करता है । | ಸರಕಾರ | सरकार | administration, government. |
| **सरकारी** | वि. | सरकार का, राजकीय । | ಸರಕಾರಿ | सरकारि | relating to Government,official. |
| **सरगम** | पुं. | 1. संगीत में षड्ज से निषाद तक के सातों स्वरों का समूह; | (ಸಂಗೀತ) ಸ್ವರ ಸಮೂಹ, | (संगीत) स्वरसमूह, | the gamut; |
| | | 2. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का उच्चारण; | ಸ್ವರೋಚ್ಚಾರ, ಸ್ವರಲಿಪಿ | स्वरोच्चार, स्वरलिपि | solfa notation; |
| | | 3. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का क्रम, स्वरलिपि । | | | a syllabic form of musical composition. |
| **सरगर्मी** | स्त्री. | सक्रियता, क्रियाशीलता । | ಸತತ ಕಾರ್ಯಶೀಲತೆ | सतत कार्यशीलतॆ | hectic activity. |
| **सरणि (सरणी)** | स्त्री. | 1. मार्ग, रास्ता; | ಮಾರ್ಗ; | मार्ग; | channel; |
| | | 2. पंक्ति । | ಪಂಕ್ತಿ | पंक्ति | row, line. |
| **सरनाम** | पुं. | प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात । | ಪ್ರಸಿದ್ಧ | प्रसिद्ध | well-known, renowned, famous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सरपंच** | पुं. | पंचायत का सभापति । | ಗ್ರಾಮ ಪಂಚಾಯತಿಯ ಅಧ್ಯಕ್ಷ | ग्राम पंचायतिय अध्यक्ष | head of the panchayat. |
| **सरपट** | स्त्री. | घोड़े की बहुत तेज चाल जिसमें वह दोनों पैर साथ-साथ आगे फेंकता है । | ಕುದುರೆಯ ಓಟದ ವೇಗ | कुदुरॅय ओटद वेग | quick pace. |
| | क्रि. वि. | घोड़े की उक्त चाल की तरह तेज भागते या दौड़ते हुए । | ಕುದುರೆಯ ನಾಗಾಲೋಟ | कुदुरॅय नागालोट | galloping. |
| **सरपत** | पुं. | कुश की जाति का एक तृण । | ನಸೆ ಹುಲ್ಲು | नसॅ हुल्लु | a kind of reed or reed grass. |
| **सरल** | वि. | 1. जो टेढ़ा या वक्र न हो, सीधा; | ನೇರವಾಗಿರುವ; | नेरवागिरुव; | straight, not crooked; |
| | | 2. जिसके मन में छल-कपट न हो, सीधा और भोला; | ನಿಷ್ಕಪಟ, ಋಜು ಸ್ವಭಾವದ; | निष्कपट, ऋजु स्वभावद; | upright, honest, sincere, artless; |
| | | 3. आसान, सहज । | ಸುಲಭವಾದ | सुलभवाद | simple, easy. |
| **सरलता** | स्त्री. | 1. सीधापन, भोलापन; | ಸರಳತೆ; | सरळतॅ; | artlessness, simplicity; |
| | | 2. आसानी, सुगमता । | ಸುಗಮತೆ | सुगमतॅ | easiness. |
| **सरलीकरण** | पुं. | जटिल विषय आदि को आसान बना देना । | ಸರಳೀಕರಣ, ಸುಲಭ ಮಾಡುವಿಕೆ | सरळीकरण, सुलभ माडुविकॅ | simplification. |
| **सरस** | वि. | 1. रसयुक्त, रसीला; | ರಸಭರಿತ; | रसभरित; | juicy, sapid; |
| | | 2. हरा और ताजा; | ತಾಜಾ, ಬಾಡದಿರುವ; | ताजा, बाडदिरुव; | fresh, new, blooming; |
| | | 3. (रचना) जो भावमयी और मोहक हो; | ಭಾವಪೂರ್ಣ (ಕಾವ್ಯ, ಸಾಹಿತ್ಯ); | भावपूर्ण (काव्य, साहित्य); | beautiful, elegant; |
| | | 4. रसिक, सहृदय । | ಸಹೃದಯ | सहृदय | interesting, humorous. |
| **सरसरी** | वि. | जमकर या अच्छी तरह नहीं बल्कि यों ही और जल्दी में होनेवाला । | ಮೇಲೆ ಮೇಲೆ, ಸ್ಥೂಲವಾಗಿ | मेलॅ मेलॅ, स्थूलवागि | cursory, hurried; |
| **सरसिज** | पुं. | कमल । | ಕಮಲದ ಹೂ | कमलद हू | a lotus. |
| **सरसों** | स्त्री. | एक तेलहन, सर्षप । | ಸಾಸುವೆ | सासुवॅ | mustard seed or plant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सरस्वती** | स्त्री. | 1. विद्या और वाणी की अधिदात्री देवी; | ಸರಸ್ವತಿ | सरस्वति | the goddess of speech and learning; |
| | | 2. विद्या, इल्म; | | | speech, eloquence, learning. |
| | | 3. एक प्राचीन नदी । | | | the river Saraswati. |
| **सरहज (सलहज)** | स्त्री. | साले की पत्नी । | ಮೈದುನನ ಹೆಂಡತಿ | मैदुनन हॆंडति | wife's brother's wife. |
| **सरहद** | स्त्री. | किसी देश, भू-भाग या राज्य की सीमा । | ಸರಹದ್ದು, ಎಲ್ಲೆ | सरहद्दु, ऎल्ले | boundary, frontiers, border. |
| **सराफ (सर्राफ)** | पुं. | 1. सोने-चांदी का व्यापारी; | ಚಿನ್ನ ಬೆಳ್ಳಿ ವ್ಯಾಪಾರಿ; | चिन्न बॆळ्ळि व्यापारि; | person who deals in gold jewellery; |
| | | 2. वह दुकानदार जो बड़े सिक्कों को कुछ दलाली लेकर छोटे सिक्कों में बदल देता हो । | ಸರಾಫ್ ವ್ಯಾಪಾರಿ | सराफ् व्यापारि | a money changer. |
| **सराफा (सर्राफा)** | पुं. | 1. सराफा का पेशा; | ಸರಾಫ್ ವ್ಯಾಪಾರದ ಉದ್ಯೋಗ; | सराफ् व्यापारद उद्योग; | the profession of jewellery or money changing, business of gold; |
| | | 2. वह बाजार जिसमें सराफों की अनेक दुकानें हों । | ಸರಾಫರ ಅಂಗಡಿಗಳು | सराफर अंगडिगळु | Gold and silver exchange. |
| **सराबोर** | वि. | अच्छी तरह भीगा हुआ, तरबतर । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ತೋಯ್ದಿರುವ | चॆन्नागि तोय्दिरुव | completely drenched, soaked. |
| **सराय** | स्त्री. | मुसाफिर खाना । | ಛತ್ರ, ಧರ್ಮಶಾಲೆ | छत्र, धर्मशालॆ | inn, tavern. |
| **सरासर** | क्रि. वि. | पूर्णतया, बिल्कुल । | ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ | संपूर्णवागि | wholly, entirely, out and out. |
| **सराहना** | स्त्री. | तारीफ, प्रशंसा। | ಪ್ರಶಂಸೆ | प्रशंसॆ | praise, eulogy. |
| | स.क्रि. | तारीफ करना, प्रशंसा करना । | ಪ್ರಶಂಸಿಸು | प्रशंसिसु | to praise, commend, applaud. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सराहनीय** | वि. | प्रशंसा के योग्य, तारीफ के लायक । | ಪ್ರಶಂಸಾರ್ಹ | प्रशंसार्ह | praise-worthy, laudable. |
| **सरिता** | स्त्री. | 1. नदी;<br>2. धारा या प्रवाह। | ನದಿ;<br>ಧಾರಾ ಪ್ರವಾಹ | नदि;<br>धारा प्रवाह | river, stream;<br>flow, current. |
| **सरिया** | पुं. | 1. सरकंडे का छड़ ;<br>2. लोहे का पतला लंबा छड़ । | ಲಾಳದ ಕಡ್ಡಿ;<br>ಸಲಾಕಿ | लाळद कड्डि;<br>सलाकि | a piece of reed;<br>a thin iron rod (used in making bars or fences). |
| **सरीखा** | वि. | समान, सदृश । | ಸದೃಶವಾದ | सदृशवाद | like, similar, resembling. |
| **सरूप** | वि. | 1. समान, सदृश;<br>2. साकार, रूपवाला । | ಸಮಾನ ರೂಪದ | समान रूपद | like, similar, resembling;<br>possessing form or appearance (of), having shape. |
| **सरूपता** | स्त्री. | तुल्यरूपता, सादृश्य । | ಸಮಾನ ರೂಪತೆ | समान रूपते | identity of form, likeness, resemblance. |
| **सरेश (सरेस)** | पुं. | एक लसदार पदार्थ जो पशुओं के चमड़े से तैयार किया जाता है और मुख्यत: लकड़ी जोड़ने के काम आता है । | ರಾಳ, ಗೋಂದು | राळ, गोंदु | glue. |
| **सरोकार** | पुं. | वास्ता, संबंध । | ಸಂಬಂಧ | संबंध | concern, business. |
| **सरोज** | पुं. | कमल । | ಕಮಲದ ಹೂ | कमलद हू | lotus. |
| **सरोद** | पुं. | वीणा की तरह का एक प्रकार का बाजा । | ಸರೋದ್ ವಾದ್ಯ | सरोद् वाद्य | a kind of violin. |
| **सरोवर** | पुं. | तालाब । | ಸರೋವರ | सरोवर | large lake or pond. |
| **सरौता** | पुं. | सुपारी काटने का एक औजार । | ಅಡಿಕೆ ಕತ್ತರಿ | अडिके कत्तरि | nut cracker. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सर्ग | पुं. | 1. किसी ग्रंथ विशेषत: काव्य ग्रंथ का अध्याय या प्रकरण; | ಸರ್ಗ; | सर्ग; | section, chapter, canto (as of a poem); |
| | | 2. प्रकृति, स्वभाव; | ಪ್ರಕೃತಿ; | प्रकृति; | nature, disposition; |
| | | 3. त्याग । | ತ್ಯಾಗ | त्याग | relinquishment, abandonment. |
| सर्जक | पुं. | रचना करनेवाला, स्रष्टा । | ರಚನಾಕಾರ | रचनाकार | creator. |
| सर्जन | पुं. | 1. उत्पन्न करना या जन्म देना; | ಸೃಜಿಸುವಿಕೆ; | सृजिसुविकॆ; | creating, producing. |
| | | 2. त्याग, छोड़ना । | ತ್ಯಜಿಸುವಿಕೆ | त्यजिसुविकॆ | abandoning, quitting. |
| सर्द | वि. | 1. ठंडा; | ತಣ್ಣಗಿರುವ; | तण्णगिरुव; | cold, cool; |
| | | 2. फीका, बेमजा; | ರುಚಿಯಿಲ್ಲದ; | रुचियिल्लद; | insipid, tasteless; |
| | | 3. उत्साह रहित । | ಉತ್ಸಾಹರಹಿತ | उत्साहरहित | lifeless. |
| सर्दा | पुं. | खरबूजे का एक भेद जो बढ़िया और अधिक मीठा होता है । | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಖರಬೂಜಾ ಹಣ್ಣು | ऒंदु बगॆय खरबूजा हण्णु | a kind of melon. |
| सर्दी | स्त्री. | 1. जाड़ा; | ಚಳಿ; | चळि; | cold; |
| | | 2. जाड़े का मौसम; | ಚಳಿಗಾಲ; | चळिगाल; | winter; |
| | | 3. जुकाम या प्रतिश्याप नामक रोग । | ಶೀತ ರೋಗ | शीत रोग | cold, chill. |
| सर्दी-जुकाम | पुं. | ठंड लगने से छींकें आदि आना, नाक से पानी बहना आदि । | ನೆಗಡಿ ಕೆಮ್ಮು | नॆगडि कॆम्मु | cold and cough. |
| सर्प | पुं. | सरीसृप वर्ग का एक जन्तु, सांप । | ಹಾವು | हावु | serpent, snake. |
| सर्व | वि. | आदि से अंत तक, सब, समस्त, सारा । | ಸಂಪೂರ್ಣ, ಎಲ್ಲಾ | संपूर्ण, एल्ला | all, whole, entire, complete. |
| सर्वज्ञ | वि. | सब कुछ जाननेवाला । | ಎಲ್ಲವನ್ನೂ ಅರಿತ | एॅल्लवन्नू अरित | all knowing, omniscient. |
| | पुं. | ईश्वर । | ದೇವರು | देवरु | the Supreme Being. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सर्वतः** | अव्य. | चारों ओर, सब तरफ । | ನಾಲ್ಕು ಕಡೆ, ಸುತ್ತಲೂ | नाल्कु कडे, सुत्तलू | on all sides, everywhere, all round. |
| **सर्वतोमुखी** | वि. | 1. जिसका मुंह चारों ओर हो; 2. जो सभी ओर प्रवृत्त रहता हो; 3. जो सभी तरह के कार्यों में दक्ष हो । | ಸರ್ವತೋಮುಖಿಯಾದ | सर्वतोमुखियाद | facing in all directions, turned, everywhere; versatile; all round (worker). |
| **सर्वत्र** | क्रि. वि. | सब जगह । | ಎಲ್ಲೆಡೆಯಲ್ಲೂ | ऍल्लॆडॆयल्लू | in all places, everywhere. |
| **सर्वथा** | क्रि. वि. | हर तरह से, पूर्णतः । | ಎಲ್ಲ ರೀತಿಯಲ್ಲೂ | ऍल्ल रीतियल्लू | in every respect, by all means, completely. |
| **सर्वदा** | क्रि. वि. | हमेशा, सदा । | ಸರ್ವದಾ, ಯಾವಾಗಲೂ | सर्वदा, यावागलू | at all times, always. |
| **सर्वनाम** | पुं. | संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होनेवाला शब्द । | ಸರ್ವನಾಮ | सर्वनाम | pronoun. |
| **सर्वनाश** | पुं. | पूरा विनाश, तबाही । | ಸಂಪೂರ್ಣ ವಿನಾಶ | संपूर्ण विनाश | complete ruin, devastation. |
| **सर्वव्यापक** | पुं. | जो सब पदार्थों और सब स्थानों में व्याप्त हो । | ಎಲ್ಲೆಲ್ಲೂ ವ್ಯಾಪಿಸಿರುವ ವಸ್ತು | ऍल्लॆल्लू व्यापिसिरुव वस्तु | omnipresent, universal. |
| **सर्वव्यापी** | वि. | दे. 'सर्वव्यापक' । | ನೋಡಿ "सर्वव्यापक" | नोडि "सर्वव्यापक" | see 'सर्वव्यापक' । |
| **सर्वश्रेष्ठ** | वि. | सर्वोत्तम, सबसे बढ़कर । | ಸರ್ವಶ್ರೇಷ್ಠ, ಅತ್ಯುತ್ತಮ | सर्वश्रेष्ठ, अत्युत्तम | best, finest, most excellent. |
| **सर्वसम्मति** | स्त्री. | सब की सम्मति या राय, मतैक्य । | ಒಮ್ಮತ | ऒम्मत | unanimity. |
| **सर्वसाधारण** | पुं. | साधारण लोग, जनता । | ಜನ ಸಾಧಾರಣ, ಜನತೆ | जन साधारण, जनतॆ | common man, people at large. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सर्वस्व** | पुं. | सब कुछ, सारी सम्पत्ति । | ಸರ್ವಸ್ವ, ಸಂಪೂರ್ಣ ಆಸ್ತಿ-ಪಾಸ್ತಿ | सर्वस्व, संपूर्ण आस्ति-पास्ति | the whole of a person's property or possessions, one's all. |
| **सर्वहारा** | पुं. | समाज का निम्नतम श्रमिक वर्ग । | ಕೆಳ ದರ್ಜೆಯ ಶ್ರಮಿಕ ವರ್ಗ | कॆळ दर्जॆय श्रमिक वर्ग | proletariat. |
| **सर्वांग** | पुं. | सारा शरीर,सब अंग । | ಸರ್ವಾಂಗ | सर्वांग | the whole body. |
| **सर्वांगीण** | वि. | 1. सब अंगों में व्याप्त होनेवाला; | ಸರ್ವಾಂಗಗಳಲ್ಲೂ ವ್ಯಾಪಿಸಿದ; | सर्वांगगळल्लू व्यापिसिद; | pervading or thrilling through the whole body; |
| | | 2. जो सभी अंगों से युक्त हो । | ಎಲ್ಲಾ ಅಂಗಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ | ऍल्ला अंगगळिंद कूडिद | permeating all round. |
| **सर्वेक्षक** | पुं. | सर्वेक्षण करनेवाला । | ಸರ್ವೇಕ್ಷಕ | सर्वेक्षक | surveyor. |
| **सर्वेक्षण** | पुं. | 1. किसी विषय के सही तथ्यों की जानकारी के लिए इस विषय के सब अंगों का किया जानेवाला आधिकारिक निरीक्षण; | ಸರ್ವೇಕ್ಷಣೆ | सर्वेक्षणॆ | survey; |
| | | 2. ऐसा विवेचन जिसमें किसी विषय के सब अंगों को परखा गया हो । | | | survey. |
| **सर्वेश्वर** | पुं. | 1. सबका स्वामी या मालिक; | ಒಡೆಯ; | ऒडॆय; | the lord of all, master of all; |
| | | 2. ईश्वर; | ಪರಮೇಶ್ವರ; | परमेश्वर; | the Supreme Being; |
| | | 3. चक्रवर्ती राजा । | ರಾಜಾಧಿರಾಜ | राजाधिराज | universal monarch. |
| **सर्वोच्च न्यायालय** | पुं. | किसी देश का वह सबसे बड़ा न्यायालय जिसके अधीन वहां की सारी न्यायपालिका हो और जिसमें वहां के उच्च न्यायालयों के निर्णय आदि के संबंध में अन्तिम रूप से पुनर्विचार किया जा सकता हो । | ಸರ್ವೋಚ್ಚ ನ್ಯಾಯಾಲಯ, ಸುಪ್ರೀಂ ಕೋರ್ಟು | सर्वोच्च न्यायालय सुप्रीं कोर्टु | Supreme Court. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सर्वोत्तम** | वि. | सबसे अच्छा, सर्वश्रेष्ठ । | ಸರ್ವೋತ್ತಮ | सर्वोत्तम | best of all, excellent. |
| **सर्वोदय** | पुं. | सब लोगों के आर्थिक, नैतिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए चलाया गया स्वतंत्र भारत का एक आंदोलन । | ಸರ್ವೋದಯ | सर्वोदय | uplift of all. |
| **सर्वोपरि** | वि. | जो सबसे ऊपर या बढ़कर हो । | ಎಲ್ಲಕ್ಕೂ ಮೇಲ್ಮಟ್ಟದ | एल्लक्कू मेल्मट्टद | supreme, above all, ahead of all. |
| | क्रि. वि. | सबसे ऊपर । | ಎಲ್ಲಕ್ಕೂ ಮೇಲೆ | एल्लक्कू मेले | above all, ahead of all. |
| **सलमा** | पुं. | कपड़ों पर बेलबूटे बनाने के काम आनेवाला सोने चांदी का तार, बादला । | (ಕಸೂತಿ ಕೆಲಸದ) ಚಿನ್ನ ಬೆಳ್ಳಿ ನಕ್ಕಿ | (कसूति कॆलसद) चिन्न बॆळ्ळि नक्कि | a band of embroidery. |
| **सलवार** | स्त्री. | एक खास तरह की काट का पाजामा । | ಒಂದು ಬಗೆಯ ಪಾಯಜಾಮಾ | ऒंदु बगॆय पायजामा | a kind of trousers. |
| **सलाई** | स्त्री. | काठ, धातु आदि की पतली छोटी छड़ । | ಕಡ್ಡಿ | कड्डि | knitting needle, needle, thin wire. |
| **सलाख** | स्त्री. | धातु की छड़ । | ಸಲಾಕಿ | सलाकि | thin iron rod, bar. |
| **सलामत** | क्रि. वि. | सकुशल । | ಕುಶಲ ಕ್ಷೇಮ | कुशल क्षेम | safe, sound, well. |
| **सलामी** | स्त्री. | 1. सलाम करने की रस्म; 2. विशेषत: सैनिकों आदि का एकमात्र किसी बड़े अधिकारी, अभ्यागत आदि का अभिवादन करना; | ಅಭಿವಂದಿಸುವಿಕೆ; ಅಭಿವಂದನೆ; | अभिवंदिसुविकॆ; अभिवंदनॆ; | act of salutation; salute in honour of a respected guest or officer. |
| | | 3. तोपें आदि दागकर किसी का स्वागत करना । | ಗುಂಡು ಹಾರಿಸಿ ಸ್ವಾಗತಿಸುವಿಕೆ | गुंडु हारिसि स्वागतिसुविकॆ | salute by booming of guns. |
| **सलाह** | स्त्री. | सम्मति, राय, मशवरा । | ಸಲಹೆ | सलहॆ | advice, counsel, opinion. |
| **सलाहकार** | पुं. | राय देनेवाला, परामर्शदाता । | ಸಲಹೆಗಾರ | सलहॆगार | adviser, counsellor. |
| **सलिल** | पुं. | जल, पानी । | ನೀರು | नीरु | water. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सलीका** | पुं. | शऊर, तमीज, योग्यता । | ನಡವಳಿಕೆ, ವ್ಯವಹಾರ | नडवळिकॆ, व्यवहार | manners, etiquette. |
| **सलूक** | पुं. | किसी के प्रति किया जाने-वाला व्यवहार । | ವ್ಯವಹರಿಸುವಿಕೆ | व्यवहरिसुविकॆ | behaviour or conduct, treatment. |
| **सलोना** | वि. | 1. नमक मिला हुआ, नमकीन;<br>2. सुन्दर, लावण्यमय । | ಉಪ್ಪು ಬೆರೆತ;<br>ಲಾವಣ್ಯದಿಂದ ಕೂಡಿದ | उप्पु बॆरॆत;<br>लावण्यदिंद कूडिद | salted, tasteful;<br>beautiful, charming. |
| **सल्तनत** | स्त्री. | राज्य, बादशाहत, हुकूमत । | ರಾಜ್ಯ, ರಾಜ್ಯಭಾರ | राज्य, राज्यभार | sultanate, empire, kingdom. |
| **सवर्ण** | वि. | 1. समान रंग का;<br>2. समान जाति का । | ಸವರ್ಣ;<br>ಒಂದೇ ಜಾತಿಯ | सवर्ण;<br>ऒंदे जातिय | of the same colour;<br>of the same caste or tribe. |
| **सवा** | वि. | पूरा और एक चौथाई । | ಒಂದೂಕಾಲು | ऒंदूकालु | one and a quarter. |
| **सवाई** | स्त्री. | ऋण का वह प्रकार जिसमें मूलधन का चतुर्थांश ब्याज के रूप में देना पड़ता है । | ಸಾಲದ ನಾಲ್ಕನೇ ಒಂದು ಭಾಗವನ್ನು ಬಡ್ಡಿಯಾಗಿ ಸಲ್ಲಿಸಿ ಪಡೆಯುವ ಸಾಲ | सालद नाल्कने ऒंदु भागवन्नु बड्डियागि सल्लिसि पडॆयुव साल | a kind of loan where one fourth of the principal is to be paid by way of interest. |
| **सवाया** | वि. | 1. पूरे से एक चौथाई से अधिक, सवा गुना;<br>2. किसी की तुलना में कुछ अधिक या बढ़ा हुआ । | ಒಂದೂಕಾಲಿಗಿಂತ ಹೆಚ್ಚು;<br>ಹೋಲಿಕೆಯಲ್ಲಿ ಇತರರಿಗಿಂತ ಮುಂದುವರಿದಿರುವ | ऒंदूकालिगिंत हॆच्चु;<br>होलिकॆयल्लि इतररिगिंत मुंदुवरिदिरुव | one and a quarter times;<br>more than, ahead of. |
| **सवार** | पुं. | वह जो किसी सवारी या यान पर आरूढ़ हो । | ಸವಾರ | सवार | rider, horseman, person sitting in/on a carriage. |
| **सवारी** | स्त्री. | 1. सवार होने की क्रिया;<br>2. ऐसा साधन जिस पर सवार होकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हों, यान;<br>3. जुलूस; | ಸವಾರಿ | सवारि | riding;<br>vehicle, conveyance;<br>procession; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. सवार होनेवाला व्यक्ति, मुसाफिर । | | | passenger. |
| **सवारी गाड़ी** | स्त्री. | यात्रियों को लाने ले जानेवाली रेलगाड़ी । | ಸವಾರಿ ಗಾಡಿ | सवारि गाडि | passenger train. |
| **सवाल** | पुं. | 1. गणित का प्रश्न; | ಲೆಕ್ಕದ ಪ್ರಶ್ನೆ; | लॆक्कद प्रश्नॆ; | problem (in Arith.); |
| | | 2. याचना, फरियाद; | ಫಿರ್ಯಾದು; | फिर्यादु; | begging, asking; |
| | | 3. पूछना । | ಕೇಳುವಿಕೆ | केळुविकॆ | question, querry. |
| **सविनय अवज्ञा** | स्त्री. | नम्रतापूर्वक किसी राज्याधिकारी की ऐसी आज्ञा को न मानना जो अन्यायमूलक प्रतीत हो और परिणामत: दिए जानेवाले दंड को धीरता-पूर्वक सहन करना । | ಕಾನೂನು ಭಂಗ ಚಳವಳಿ | कानूनु भंग चळवळि | civil disobedience. |
| **सवेरा** | पुं. | प्रात:काल, सुबह । | ಪ್ರಾತಃಕಾಲ | प्रात:काल | morning. |
| **सवेरे** | अव्य. | 1. साधारण समय से कुछ पहले; | ಬೆಳಗ್ಗೆ, ಹೊತ್ತಿಗೆ ಮುಂಚೆ | बॆळग्गॆ, हॊत्तिगॆ मुंचॆ | early, soon; |
| | | 2. प्रात:काल के समय । | | | in the early morning. |
| **सवैया** | पुं. | एक प्रकार का छंद । | ಹಿಂದಿಯ ಒಂದು ಛಂದಸ್ಸು | हिंदिय ऒंदु छंदस्सु | a kind of verse. |
| **सशंक** | वि. | जिसके मन में कोई शंका हो । | ಸಂದೇಹದಿಂದ ಕೂಡಿದ | संदेहदिंद कूडिद | suspicious, doubtful. |
| **सशस्त्र** | वि. | जिसके पास शस्त्र हों, शस्त्रों से लैस । | ಆಯುಧಧಾರಿಯಾದ | आयुधधारियाद | having arms, armed. |
| **ससुर** | पुं. | विवाहित व्यक्ति के संबंध के विचार से पति या पत्नी का पिता । | ಮಾವ | माव | father-in-law. |
| **ससुराल** | स्त्री. | पति या पत्नी के पिता का घर । | ಮಾವನ ಅಥವಾ ಅತ್ತೆಯ ಮನೆ | मावन अथवा अत्तॆय मनॆ | father-in-law's house. |
| **सस्ता (स्त्री. सस्ती)** | वि. | 1. अल्प मूल्य का; | ಕಡಿಮೆ ಬೆಲೆಯ; | कडिमॆ बॆलॆय; | cheap, low-priced; |
| | | 2. घटिया । | ಒಳ್ಳೆಯದಲ್ಲದ | ऒळ्ळॆयदल्लद | inferior. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सहकारिता** | स्त्री. | सहकारी या सहायक होने का भाव, मदद, सहायता । | ಸಹಕರಿಸುವಿಕೆ, ಸಹಕಾರ | सहकरिसुविकॆ, सहकार | cooperation. |
| **सहकारी** | वि. | 1. सहकार सम्बन्धी, सहकार का; | ಸಹಕಾರ ಸಂಬಂಧವಾದ; | सहकार संबंधवाद; | cooperative; |
| | | 2. साथ-साथ करनेवाला । | ಒಂದಿಗೆ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ | ऒंदिगॆ कॆलस माडुव | associate, colleague. |
| **सहगमन** | पुं. | 1. किसी के साथ जीने की क्रिया; | ಸಹಗಮನ | सहगमन | the act of going with, accompany-ing; |
| | | 2. मृत पति के साथ पत्नी का चिता पर चढ़ना । | | | the voluntary burning of a widow on the funeral pyre with her deceased husband. |
| **सहगान** | पुं. | 1. कई व्यक्तियों का साथ मिलकर गाना; 2. कई व्यक्तियों द्वारा साथ मिलकर गाया हुआ गाना । | ಸಹಗಾನ | सहगान | collective singing; chorus. |
| **सहचर (स्त्री. सहचरी)** | पुं. | साथी, मित्र । | ಸಹಚರ, ಮಿತ್ರ | सहचर, मित्र | associate, companion, friend. |
| **सहज** | वि. | 1. जन्मजात, प्राकृतिक; | ಒಡಹುಟ್ಟಿದ; | ऒडहुट्टिद; | innate, inherent; |
| | | 2. आसान । | ಸುಲಭವಾದ | सुलभवाद | easy, simple, facile. |
| **सहजन (सहिजन)** | पुं. | एक प्रकार का बड़ा वृक्ष जिसकी लंबी फलियां तरकारी आदि के काम आती हैं । | ನುಗ್ಗೆ ಗಿಡ-ಕಾಯಿ | नुग्गॆ गिड-कायि | a kind of tree. |
| **सहधर्मिणी** | स्त्री. | पत्नी । | ಹೆಂಡತಿ | हॆंडति | wife. |
| **सहन** | पुं. | 1. सहने की क्रिया; | ಸಹಿಸುವಿಕೆ; | सहिसुविकॆ; | bearing, enduring, patience; |
| | | 2. आंगन, चौक । | ಅಂಗಳ | अंगळ | court-yard. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सहनशील** | वि. | जिसमें अत्याचार, विपत्ति, आदि सहन करने की स्वाभाविक क्षमता या प्रवृत्ति हो, सहिष्णु । | ಸಹನೆಯ ಸ್ವಭಾವವುಳ್ಳ | सहनेय स्वभाववुळ्ळ | patient, tolerant, for-bearing. |
| **सहना** | स. क्रि. | 1. सहन करना, झेलना; | ಸಹಿಸು; | सहिसु; | to bear, to suffer, to endure; |
| | | 2. बर्दाश्त करना, कष्ट उठाना । | (ಕಷ್ಟ ವಗೈರೆ) ಅನುಭವಿಸು | (कष्ट वगैरे) अनुभविसु | to tolerate. |
| **सहनीय** | वि. | जो सहा जा सके, सहे जाने योग्य । | ಸಹ್ಯ, ಸಹಿಸಲಾಗುವ | सह्य, सहिसलागुव | tolerable. |
| **सहपाठी** | पुं. | साथ पढ़नेवाला । | ಸಹಪಾಠಿ | सहपाठि | class-fellow, class-mate. |
| **सहमत** | वि. | जिसका मत दूसरे से मिलता हो या जो दूसरे के मत को ठीक मानकर उसकी पुष्टि करता हो । | ಸಹಮಂತ | सहमत | agreed, consented. |
| **सहमति** | स्त्री. | सहमत होने की अवस्था या भाव । | ಒಮ್ಮತವಾದ ಒಪ್ಪಿಗೆ | ओम्मतवाद ओप्पिगें | agreement, consent. |
| **सहमना** | अ. क्रि. | भयभीत होना, डरना । | ಹೆದರು | हॆदरु | to shrink out of fear, to be alarmed. |
| **सहयोग** | पुं. | 1. साथ मिलकर काम करना; | ಸಹಯೋಗ | सहयोग | cooperation, collaboration; |
| | | 2. किसी के काम में सम्मिलित होकर उसका हाथ बटाना । | | | assistance. |
| **सहयोगी** | पुं. | साथ काम करनेवाला । | ಸಹಯೋಗಿ | सहयोगि | colleague, coworker, cooperator. |
| **सहयोजन** | पुं. | 1. साथ मिलाने की क्रिया या भाव; | ಒಂದುಗೂಡಿಸುವಿಕೆ; | ओंदुगूडिसुविकें; | uniting or joining together; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आजकल वह नीति जिसके अनुसार किसी समिति के सदस्य ऐसे व्यक्तियों को भी अपने साथ सम्मिलित कर लेते हैं जो मूलत: निर्वाचित नहीं होते फिर भी जिनसे सहायता मिलने की आशा होती है । | ಸಹಯೋಜನೆ, ಜೊತೆಗೆ ಆಯ್ಕೆ, ಸೇರಿಸಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ | सहयोजने, जॊतॆगॆ आय्कॆ, सेरिसिकॊळ्ळुविकॆ | cooption. |
| **सहल** | वि. | आसान, सरल । | ಸುಲಭ | सुलभ | easy, simple. |
| **सहलग्न** | वि. | साथ लगा या लगाया हुआ । | ಒಂದಿಗೆ ಸೇರಿರುವ | ऒंदिगॆ सेरिरुव | enclosed, appended. |
| **सहलाना** | स. क्रि. | धीरे-धीरे मलना या हाथ फेरना । | ಕೈಯಿಂದ ಸವರು | कैयिंद सवरु | to rub gently, to caress. |
| **सहवास** | पुं. | मैथुन, संभोग । | ಸಹವಾಸ, ಸಂಭೋಗ | सहवास, संभोग | sexual union or intercourse. |
| **सहसा** | क्रि. वि. | अचानक, एकाएक । | ಹಠಾತ್ತಾಗಿ, ಏಕಾಏಕಿ | हठात्तागि, एकाएकि | suddenly, at once. |
| **सहस्र** | वि. | जो गिनती में दस सौ हों, हजार । | ಸಾವಿರ | साविर | thousand. |
| **सहस्राब्दी** | स्त्री. | हजार वर्षों का समय । | ಸಾವಿರ ವರ್ಷ ತುಂಬಿದ ಸಮಯ, ಸಹಸ್ರಾಬ್ದಿ | साविर वर्ष तुंबिद समय, सहस्राब्दि | period of a thousand years, millennium. |
| **सहानुभूति** | स्त्री. | किसी के दु:खादि से दुखित होना, हमदर्दी । | ಸಹಾನುಭೂತಿ | सहानुभूति | sympathy. |
| **सहायक** | वि., पुं. | सहायता करनेवाला, जो किसी उच्चाधिकारी के अधीन रहकर उसके कामों में सहयोग देता हो । | ಸಹಾಯಕ | सहायक | helpful, assistant. |
| **सहायता** | स्त्री. | सहायक होने की अवस्था या भाव, मदद । | ಸಹಾಯ | सहाय | help, assistance. |
| **सहारना** | स.क्रि. | 1. सहन करना, बरदाश्त करना; | ಸಹಿಸು; | सहिसु; | to bear, endure; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिम्मेदारी लेना, संभालना । | ಹೊಣೆ ಹೊರು | हॊणॆ हॊरु | to take or shoulder responsibility. |
| **सहारा** | पुं. | 1. मदद; | ಸಹಾಯ; | सहाय; | help, assistance; |
| | | 2. आश्रय; | ಆಶ್ರಯ; | आश्रय; | dependence, reliance; |
| | | 3. टेक । | ಆಧಾರ | आधार | support, prop. |
| **सहित** | वि. | साथ, समेत । | ಸಹಿತ, ಸಮೇತ | सहित, समेत | with, along with. |
| **सहिष्णु** | वि. | सहनेवाला, बरदाश्त करनेवाला । | ಸಹನಶೀಲ | सहनशील | tolerant, forbearing. |
| **सहिष्णुता** | स्त्री. | सहनशीलता । | ಸಹನಶೀಲತೆ | सहनशीलतॆ | tolerance, forbearance. |
| **सही** | वि. | 1. यथार्थ, वास्तविक; | ಸರಿ; | सरि; | real, factual; |
| | | 2. सच, सत्य; | ಸತ್ಯ; | सत्य; | true; |
| | | 3. जिसमें कोई दोष या भूल न हो, बिल्कुल ठीक । | ನಿರ್ದೋಷ | निर्दोष | faultless, correct. |
| | स्त्री. | 1. हस्ताक्षर, दस्तखत; | ರುಜು, ಹಸ್ತಾಕ್ಷರ; | रुजु, हस्ताक्षर; | signature; |
| | | 2. किसी बात की प्रामाणिकता या मान्यता का सूचक कथन । | ಅಧಿಕೃತ ಒಪ್ಪಿಗೆ | अधिकृत ऒप्पिगॆ | authentication. |
| **सही-सलामत** | क्रि. वि. | सकुशल, निरापद । | ಕುಶಲಪೂರ್ವಕವಾಗಿ | कुशलपूर्वकवागि | safe and sound, safe and well. |
| **सहूलियत** | स्त्री. | 1. आसानी, सुगमता; | ಅನುಕೂಲತೆ | अनुकूलतॆ | ease; |
| | | 2. सुभीता । | | | convenience. |
| **सहृदय** | वि. | 1. जो दूसरे के दुःख की अनुभूति करता हो; | ಸಹೃದಯ | सहृदय | kind, compassionate; |
| | | 2. कोमल गुणों से युक्त हृदयवाला; | | | fine-hearted; |
| | | 3. साहित्य आदि के गुणों की परख रखने और उसकी विशेषताओं से प्रभावित होनेवाला । | | | who appreciates merits of literature etc. |
| **सहृदयता** | स्त्री. | 1. दयालुता, करुणा; | ದಯಾಭಾವ; | दयाभाव; | kindness, compassion; |
| | | 2. चित्त की कोमलता; | ಮನಸ್ಸಿನ ಕೋಮಲತೆ; | मनस्सिन कोमलतॆ; | fine-heartedness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. रसज्ञता । | ರಸಾನುಭೂತಿ | रसानुभूति | appreciation of merits or qualities. |
| **सहेजना** | स. क्रि. | 1. संभालना; | ನಿರ್ವಹಿಸು; | निर्वहिसु; | to put in order, to manage, to handle; |
| | | 2. जांचना; | ಪರೀಕ್ಷಿಸು; | परीक्षिसु; | to examine; |
| | | 3. कोई वस्तु सावधान करके सौंपना । | ಎಚ್ಚರಿಕೆಯಿಂದ ಒಪ್ಪಿಸು | एॅच्चरिकॅयिंद ऑप्पिसु | to hand over with care. |
| **सहेली** | स्त्री. | सखी, साथिन । | ಸಖಿ, ಜತೆಗಾತಿ | सखि, जतॅगाति | a woman's female companion or friend. |
| **सहोदर** | वि. | सगा, एक माता से उत्पन्न । | ಒಂದೇ ತಾಯಿಯ ಮಕ್ಕಳು, ಸೋದರ | ऑंदे तायिय मक्कळु, सोदर | co-uterine, born of one mother, real brother. |
| **सह्य** | वि. | जो सहा जा सके, जो सहन किया जा सके । | ಸಹಿಸಲಾಗುವ | सहिसलागुव | endurable, tolerable. |
| **सांई** | पु. | 1. स्वामी, मालिक; 2. पति । | ಸ್ವಾಮಿ, ಯಜಮಾನ; ಪತಿ, ಒಡೆಯ | स्वामि, यजमान; पति, ऑडॅय | master, lord; husband. |
| **सांकल** | स्त्री. | श्रृंखला, जंजीर । | ಸರಪಳಿ | सरपळि | chain. |
| **सांकेतिक** | वि. | 1. संकेत संबंधी; 2. संकेत के रूप में होने-वाला । | ಸಾಂಕೇತಿಕ | सांकेतिक | symbolic; symbolic, token. |
| **सांगोपांग** | वि. | 1. सभी अंगों और उपांगों सहित । | ಸಾಂಗೋಪಾಂಗ | सांगोपांग | complete or perfect in all respects. |
| **सांचा** | पु. | वह ढांचा जिसमें कोई गीली चीज भरकर खास शक्ल की चीज ढालते हैं । | ಎರಕದ ಅಚ್ಚು | एॅरकद अच्चु | mould. |
| **सांझ** | स्त्री. | सूर्य डूबने से कुछ पहले तथा कुछ बाद तक का समय, शाम । | ಸಾಯಂಕಾಲ | सायंकाल | dusk, twilight, evening. |
| **सांठ-गांठ** | स्त्री. | आपस में होनेवाला ऐसा सम्बन्ध जिसका कोई गुप्त या गूढ़ उद्देश्य हो । | ಒಳಸಂಚು, ಷರೀಕು, ಗುಪ್ತ ಉದ್ದೇಶ ಸಾಧಿಸಿಕೊಳ್ಳಲು ಪರಸ್ಪರ ಒಂದಾಗುವಿಕೆ | ऑळसंचु, षरीकु, गुप्त उद्‌देश साधिसिकॉळ्ळलु परस्पर ऑंदागुविकॅ | intrigue, collusion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सांड | पुं. | वह वृषभ या घोड़ा जो बधिया न कर जोड़ खिलाने के लिए पाला गया हो । | ಗೂಳಿ, ಬಸವ | गूळि, बसव | bull or stallion brought up for the purpose of mating. |
| सांत्वना | स्त्री. | शोकाकुल या संतप्त व्यक्ति को शांत करने तथा समझाने बुझाने की क्रिया । | ಸಮಾಧಾನ | समाधान | consolation. |
| सांध्य | वि. | संध्या सम्बन्धी, संध्या का, संध्या के समय होनेवाला । | ಸಂಧ್ಯಾಕಾಲದ | संध्याकालद | relating to the twilight or evening, relating to or of evening. |
| सांप | पुं. | पेट के बल रेंगनेवाला एक प्रसिद्ध विषैला कीड़ा । | ಹಾವು | हावु | snake, serpent. |
| सांप्रदायिक | वि. | संप्रदाय संबंधी, संप्रदाय का, किसी विशेष संप्रदाय से ही संबद्ध रहकर शेष संप्रदायों का विरोध करनेवाला । | ಸಂಪ್ರದಾಯ ಸಂಬಂಧವಾದ | संप्रदाय संबंधवाद | communal, communalist. |
| सांप्रदायिकता | स्त्री. | सांप्रदायिक होने का भाव, केवल अपने संप्रदाय का हित चाहना और दूसरों की उपेक्षा करना । | ಸಾಂಪ್ರದಾಯಿಕತೆ | सांप्रदायिकते | communalism. |
| सांवला | वि. | जिसके शरीर का रंग हलका कालापन लिए हुए हो । | ಶ್ಯಾಮಲ ವರ್ಣದ | श्यामल वर्णद | of a dark or sallow complexion. |
| सांविधिक | वि. | संविधि सम्बन्धी । | ಸಂವಿಧಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | संविधानक्के संबंधिसिद | constitutional. |
| सांस | स्त्री. | नाक या मुंह से अंदर खींची और बाहर निकाली जानेवाली हवा । | ಶ್ವಾಸ, ಉಸಿರು | श्वास, उसिरु | breath, breathing, respiration. |
| सांसत | स्त्री. | 1. बहुत अधिक शारीरिक कष्ट मानना;<br>2. परेशानी । | ಶರೀರ ಶ್ರಮ;<br>ಕಷ್ಟ, ತಿಣುಕಾಟ | शरीर श्रम;<br>कष्ट, तिणुकाट | physical pain;<br>trouble, distress. |
| सांसा | पुं. | 1. श्वास, सांस;<br>2. डर, खटका । | ಶ್ವಾಸ;<br>ಹೆದರಿಕೆ | श्वास;<br>हेदरिके | breath;<br>fear, apprehension. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सांसारिक** | वि. | संसार संबंधी, लौकिक, ऐहिक । | ಪ್ರಪಂಚ ಸಂಬಂಧವಾದ, ಲೌಕಿಕ | प्रपंच संबंधवाद, लौकिक | belonging to the world, worldly material. |
| **सांस्कृतिक** | वि. | संस्कृति से संबंध रखनेवाला या उसके क्षेत्र में आनेवाला । | ಸಾಂಸ್ಕೃತಿಕ | सांस्कृतिक | cultural. |
| **सा (स्त्री. सी)** | अव्य. | सदृश, समान, जैसा । | ಸದೃಶವಾಗಿ, ಹಾಗೆ, ಅಂತೆ | सदृशवागि, हागें, अंतें | like, as. |
| **साइत** | स्त्री. | 1. पल, क्षण, लमहा;<br>2. मुहूर्त । | ಕ್ಷಣ;<br>ಮುಹೂರ್ತ | क्षण;<br>मुहूर्त | moment;<br>omen. |
| **साई** | स्त्री. | दे. 'सांई' । | ನೋಡಿ "**सांई**" | नोडि "सांई" | same as '**सांई**'. |
| **साईस** | पुं. | घोड़े की देखभाल करनेवाला, नौकर । | ಕಾಸದಾರ | कासदार | groom, horse-keeper. |
| **साकार** | वि. | 1. आकारयुक्त, मूर्त;<br>2. बात या योजना जिसे क्रियात्मक रूप प्राप्त हुआ हो । | ಆಕಾರವುಳ್ಳ;<br>ಕಾರ್ಯರೂಪಕ್ಕೆ ಬಂದ | आकारवुळ्ळ;<br>कार्यरूपक्कें बंद | possessed of form or shape;<br>implemented (scheme, etc.). |
| **साकी** | पुं. | शराब पिलानेवाला | ಮದ್ಯ ಹಂಚುವವ | मद्य हंचुवव | cup-bearer. |
| **साक्षर** | वि. | पढ़ा-लिखा, शिक्षित । | ಓದು ಬರೆಹ ಬಲ್ಲ | ओंदु बरॆह बल्ल | literate. |
| **साक्षरता** | स्त्री. | पढ़े-लिखे होने का भाव । | ಸಾಕ್ಷರತೆ | साक्षरतें | literacy. |
| **साक्षात** | क्रि. वि. | 1. आंखों के सामने, प्रत्यक्ष;<br>2. शरीरधारी व्यक्ति के रूप में । | ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷವಾಗಿ | प्रत्यक्षवागि | before the eyes, in sight (of);<br>visible in person. |
| **साक्षात्कार** | पुं. | 1. सामने आना या होना, प्रत्यक्ष उपस्थित होना;<br>2. प्रत्यक्ष रूप में होनेवाली भेंट, मुलाकात । | ಸಾಕ್ಷಾತ್ಕಾರ | साक्षात्कार | being face to face;<br>interview. |
| **साक्षी** | स्त्री.<br>पुं. | गवाही, गवाह का बयान ।<br>प्रत्यक्षदर्शी, अपनी आंखों से देखनेवाला । | ಸಾಕ್ಷಿ<br>ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷ ಕಂಡವ | साक्षि<br>प्रत्यक्ष कंडव | evidence.<br>eye-witness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **साक्ष्य** | पुं. | **आंखों से देखी हुई घटना का कथन, गवाही ।** | ಸಾಕ್ಷ್ಯ | साक्ष्य | testimony, evidence. |
| **साक्ष्यांकन** | पुं. | **किसी पत्र,हस्ताक्षर आदि के संबंध में साक्षी के रूप में यह लिखवाना कि यह ठीक है, प्रमाणीकरण ।** | ಕಂಡ ಪ್ರತ್ಯಕ್ಷ ಪ್ರಮಾಣಕ್ಕಾಗಿ ರುಜು ಹಾಕುವಿಕೆ | कंड प्रत्यक्ष प्रमाणक्कागि रुजु हाकुविकॆ | attestation. |
| **साख** | स्त्री. | **लेनदेन संबंधी प्रतिष्ठा ।** | ಪ್ರತಿಷ್ಠೆ | प्रतिष्ठॆ | credit. |
| **साग** | पुं. | **कुछ विशिष्ट प्रकार के पौधों की वे पत्तियां जो तरकारी की तरह खाई जाती हैं, शाक, भाजी ।** | ಸೊಪ್ಪಿನ ಪಲ್ಯ | सॊप्पिन पल्य | vegetable greens. |
| **सागर** | पुं. | **समुद्र ।** | ಸಮುದ್ರ | समुद्र | ocean, sea. |
| **सागूदाना (साबूदाना)** | पुं. | **सागू के तने के अन्दर का भाग पीसकर बनाया हुआ दाना ।** | ಸಬ್ಬಕ್ಕಿ | सब्बक्कि | sago. |
| **सागौन (सागवान)** | पुं. | **एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसकी लकड़ी बहुत सुन्दर तथा मजबूत होती है ।** | ತೇಗದ ಮರ, ಸಾಗವಾನಿ ಮರ | तेगद मर, सागवानि मर | teak tree. |
| **साग्रह** | वि. | **आग्रहपूर्वक ।** | ಆಗ್ರಹಪೂರ್ವಕವಾದ | आग्रहपूर्वकवाद | with pertinacity, persistent. |
| **साज** | पुं. | **1. गाने के साथ बजाये जानेवाले बाजे; 2. घोड़े की सवारी के लिये तैयार करने या सजाने का सामान ।** | ಸಂಗೀತ ವಾದ್ಯಗಳು; ಕುದುರೆ ಸವಾರಿಗೆ ಸಜ್ಜುಗೊಳಿಸುವ ವಸ್ತುಗಳು | संगीत वाद्यगळु; कुदुरॆ सवारिगॆ सज्जु गॊळिसुव वस्तुगळु | musical instruments; harness. |
| **साजन** | पुं. | **1. पति, स्वामी; 2. प्रेमी ।** | ಪತಿ, ಗಂಡ; ಪ್ರೇಮಿ | पति, गंड; प्रेमि | husband; lover, paramour. |
| **साज-सामान** | पुं. | **सामग्री, उपकरण, असबाब ।** | ಸಾಮಾನು ಸರಂಜಾಮು | सामानु सरंजामॆ | material, apparatus, luggage. |
| **साजिंदा** | पुं. | **साज बजानेवाला ।** | ವಾದ್ಯಗಾರ | वाद्यगार | player of musical instrument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **साजिश** | पुं. | अपराधमय कार्य में गुप्त सहयोग, षड्यंत्र । | ಪಿತೂರಿ | पितूरि | conspiracy, intrigue. |
| **साझा** | पुं. | 1. हिस्सेदारी;<br>2. पत्ती । | ಪಾಲುಗಾರಿಕೆ;<br>ಷೇರು ಧನ | पालुगारिकॆ;<br>षेरु धन | partnership;<br>share (in a company etc.). |
| **साझी** | पुं. | शरीक होनेवाला, हिस्सेदार । | ಭಾಗಸ್ತ | भागस्त | partner. |
| **साझेदार** | पुं. | दे. 'साझी' । | ಭಾಗಸ್ತ | भागस्त | see **'साझी'**. |
| **साटना** | स. क्रि. | 1. मिलाना, जोड़ना;<br>2. चिपकाना । | ಜೋಡಿಸು;<br>ಅಂಟಿಸು | जोडिसु;<br>अंटिसु | to combine, to join, to unite;<br>to stick, to paste. |
| **साठ** | वि. | जो गिनती में पचास से दस अधिक हो । | ಅರುವತ್ತು | अरुवत्तु | sixty. |
| **साड़ी** | स्त्री. | स्त्रियों के पहनने की धोती । | ಸೀರೆ | सीरॆ | a kind of dress worn by women. |
| **साढू** | पुं. | सम्बन्ध के विचार से पत्नी की बहन का पति । | ಷಡ್ಡಕ | षड्डक | wife's sister's husband. |
| **साढ़े** | वि. | आधे के साथ । | ಅರೆ ಸಹಿತ,<br>ಅರ್ಧದೊಂದಿಗೆ | अरॆ सहित,<br>अर्धदॊंदिगॆ | together with (qa's) half. |
| **सात** | वि. | जो गिनती में पांच और दो हो । | ಏಳು | एळु | seven. |
| **सातवां** | वि. | क्रम या गिनती में सात के स्थान पर पड़नेवाला । | ಏಳನೆಯ | एळनॆय | seventh. |
| **सात्विक** | वि. | सत्वगुणयुक्त, सत्वगुणप्रधान, सत्वगुणसंबंधी । | ಸಾತ್ವಿಕ | सात्विक | endowed with the Sattva guna, pertaining to that quality. |
| **साथ** | पुं. | वह अवस्था जिसमें दो या अधिक वस्तुएं एक दूसरे के निकट स्थित हों । | ಒಂದಿಗಿರುವಿಕೆ | ऒंदिगिरुविकॆ | company, accompaniment, with. |
| **साथी** | पुं. | वह जो साथ रहता हो, मित्र, दोस्त । | ಮಿತ್ರ, ಸ್ನೇಹಿತ | मित्र, स्नेहित | companion, comrade, friend. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सादगी** | स्त्री. | 1. **सरलता, भोलापन, व्यवहार की सिधाई;** | ಸರಳತೆ, ಭೋಳೆತನ; | सरळतॆ, भोळॆतन; | openness; |
| | | 2. **खान-पान, रहन-सहन आदि में आडंबर, कृत्रिमता आदि का अभाव ।** | ಆಡಂಬರವಿಲ್ಲ ದಿರುವಿಕೆ | आडंबरविल्ल-दिरुविकॆ | simplicity of living, etc. |
| **सादर** | क्रि. वि. | **आदरपूर्वक, इज्जत से ।** | ಆದರಪೂರ್ವಕವಾಗಿ | आदरपूर्वकवागि | with respect, respectfully. |
| **सादा** | वि. | 1. **खालिस, बेमेल;** | ಅಪ್ಪಟ; | अप्पट; | pure, unmixed; |
| | | 2. **जिसमें किसी तरह की उलझन, पेंच की बात या बनावट न हो;** | ತೊಂದರೆ ತೊಡಕು ಗಳಿಲ್ಲದ; | तॊंदरॆ तॊडकु-गळिल्लद; | plain; |
| | | 3. **जो छलकपट से रहित हो, सीधा, भोला;** | ಸರಳ ಸ್ವಭಾವದ; | सरळ स्वभावद; | simple, guileless; |
| | | 4. **जिस पर किसी तरह के बेलबूटे सजावट आदि का काम न हो ।** | ಸಾದಾ | सादा | without any painting or ornament etc. |
| **सादृश्य** | पुं. | **समानता, तुल्यता, बराबरी ।** | ಸಮಾನತೆ | समानतॆ | similarity, likeness, equality. |
| **साध** | स्त्री. | **ऐसी अभिलाषा जो बहुत समय से मन में हो और जिसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति उत्कंठित हो ।** | ಅಭಿಲಾಷೆ | अभिलाषॆ | wish, desire. |
| **साधक** | वि., पुं. | 1. **साधना करनेवाला, किसी प्रकार की साधना में लगा हुआ;** | ಸಾಧಕ | साधक | accomplisher, practiser; |
| | | 2. **सहायता देनेवाला ।** | | | helping. |
| **साधन** | पुं. | 1. **किसी कार्य का आरंभ करके उसे सिद्ध या पूरा करना;** | ಸಾಧಿಸುವಿಕೆ; | साधिसुविकॆ; | accomplishment, completion; |
| | | 2. **कोई वस्तु तैयार करने का सामान, सामग्री;** | ಸಾಧನಗಳು, ಉಪಕರಣಗಳು; | साधनगळु, उपकरणगळु; | materials; |
| | | 3. **कोई कार्य पूरा करने में सहायता देनेवाली वस्तु या वस्तुएं, उपकरण ।** | ಸಾಧನ ಸಾಮಗ್ರಿ | साधन सामग्रि | means, instrument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| साधना | स्त्री. | ऐसी आराधना तथा उपासना जो विशेष कष्ट सहन करते हुए बहुत दिनों तक करनी पड़ती हो । | ಸಾಧನೆ, ತಪಸ್ಸು | साधनॆ, तपस्सु | penance. |
| साधर्म्य | पुं. | समान धर्म से युक्त होने की अवस्था या भाव, समान-धर्मता, तुल्यधर्मता । | ಸಮಾನ ಧರ್ಮಿ, ಸಮಾನ ಧರ್ಮ | समान धर्मि, समान धर्म | being of the same quality etc. |
| साधारण | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली;<br>2. जो सब जगह पाया जाता या होता हो, आम;<br>3. सहज, सुगम, सरल । | ಸಾಧಾರಣ | साधारण | ordinary;<br>general, common;<br>simple, plain. |
| साधारणत: | क्रि. वि. | आमतौर पर, प्राय: । | ಸಾಮಾನ್ಯವಾಗಿ | सामान्यवागि | generally, often. |
| साधु | वि., पुं. | 1. बढ़िया, उत्तम;<br>2. संत, महात्मा, मुनि;<br>3. सज्जन, भला आदमी । | ಉತ್ತಮ;<br>ಸಂತ, ಮಹಾತ್ಮ, ಸಾಧು;<br>ಒಳ್ಳೆಯ ಮನುಷ್ಯ | उत्तम;<br>संत, महात्म, साधु;<br>ऒळ्ळॆय मनुष्य | good, excellent;<br>saint, sage;<br>gentleman. |
| साधुवाद | पुं. | प्रशंसा करना, शाबाशी देना । | ಪ್ರಶಂಸೆ ತೋರುವಿಕೆ | प्रशंसॆ तोरुविकॆ | approbation. |
| साध्य | वि. | 1. जो सिद्ध या पूरा किया जा सके;<br>2. प्रमाणित करने योग्य;<br>3. (रोग) जो चिकित्सा के द्वारा दूर किया जा सकता हो । | ಸಾಧ್ಯ | साध्य | to be accomplished or to be attained;<br>to be proved;<br>curable. |
| साध्वी | वि. | 1. भली तथा शुद्ध आचरण-वाली;<br>2. पतिपरायण, पतिव्रता । | ಸಾಧ್ವಿ | साध्वि | good and virtuous (woman).<br>faithful (wife). |
| सान | स्त्री. | पत्थर की वह चक्की जिस पर कैंची आदि की धार तेज की जाती है । | ಸಾಣೆಕಲ್ಲು | साणॆकल्लु | whetstone. |
| सानना | स. क्रि. | 1. किसी चूर्ण आदि को तरल पदार्थ में मिलाकर गीला करना, गूंदना; | ನಾದು; | नादु; | to knead, to mash, to wet up (as flour, dough, larth etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी को दोषी या उत्तरदायी ठहराने के उद्देश्य से कोई काम ऐसा करना जिसमें वह औरों को अपराध या दोष में सम्मिलित जान पड़े, शरीक करना । | ಯುಕ್ತಿಯಿಂದ ನಿರಪರಾಧಿಯನ್ನು ಅಪರಾಧಕ್ಕೆ ಗುರಿಮಾಡು | युक्तियिंद निरपराधियन्नु अपराधक्कं गुरिमाडु | to implicate. |
| सानन्द | वि. | आनन्दयुक्त, प्रसन्न । | ಆನಂದದಿಂದ ಕೂಡಿದ | आनंददिंद कूडिद | happy, delighted. |
| सानी | वि. | 1. जोड़े का, बराबरी का, तुल्य, समान; | ಸರಿಸಮನಾದ; | सरिसमनाद; | match, equal; |
| | | 2. दूसरा । | ಎರಡನೆಯದು | एरडनेयदु | second. |
| सान्निध्य | पुं. | निकटता, समीपता । | ಸಾನ್ನಿಧ್ಯ. ಸಮೀಪತೆ | सान्निध्य, समीपतॆ | nearness, proximity. |
| सापेक्ष | वि. | जो किसी की अपेक्षा रखता हो, जो दूसरे पर अवलंबित हो । | ಸಾಪೇಕ್ಷ | सापेक्ष | relative. |
| साप्ताहिक | वि. | 1. सप्ताह संबंधी; | ಸಪ್ತಾಹದ; | सप्ताहद; | relating to a week; |
| | | 2. सात दिनों तक चलने-वाला; | ಸಪ್ತಾಹ; | सप्ताह; | continuing for a week; |
| | | 3. हर सातवें दिन होनेवाला । | ವಾರಕ್ಕೊಮ್ಮೆ ಆಗುವ | वारक्कॊम्मॆ आगुव | weekly. |
| साफ | वि. | 1. जिसमें मैल न हो, स्वच्छ, निर्मल; | ನಿರ್ಮಲ; | निर्मल; | clean, clear; |
| | | 2. जिसमें किसी प्रकार का छल कपट न हो; | ಕಳಂಕವಿಲ್ಲದ; | कळंकविल्लद; | innocent, sincere; |
| | | 3. जिसमें किसी प्रकार का भ्रम या संदेह न रह गया हो; | ಸಂದೇಹರಹಿತ; | संदेहरहित; | clear; |
| | | 4. जिसका तल ऊबड़-खाबड़ न हो । | ಒಂದೇ ಸಮನಾದ | ऒंदे समानाद | level. |
| साफा | पुं. | सिरपर बांधने की पगड़ी । | ಪೇಟಾ | पेटा | turban. |
| साफी | स्त्री. | 1. हाथ में रखने का रुमाल, दस्ती; | ಕರವಸ್ತ್ರ; | करवस्त्र; | handkerchief; |
| | | 2. पोंछने के काम आने-वाले कपड़े का टुकड़ा; | ಒರೆಸುವ ಬಟ್ಟೆ; | ऒरॆसुव बट्टॆ; | duster, wiper; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कपड़े का टुकड़ा जो छानने के काम आए; | ಶೋಧಿಸುವ ಬಟ್ಟೆ; | शोधिसुव बट्टॆ; | piece of cloth through which liquids etc. are filtered; |
| | | 4. वह कपड़ा जिसकी सहायता से बरतन चूल्हे पर से उतारा जाता है । | ಬಿಸಿ ಪಾತ್ರೆ ಇಳಿಸುವ ಬಟ್ಟೆ | बिसि पात्रॆ इळिसुव बट्टॆ | piece of cloth with which a kettle or a pot is lifted off the fire. |
| **साबित** | वि. | सबूत द्वारा सिद्ध किया हुआ, प्रमाणित । | ಆಧಾರಗಳಿಂದ ಪ್ರಮಾಣಿತವಾದ | आधारगळिंद प्रमाणितवाद | proved. |
| **साबुत** | वि. | जो सम्पूर्ण इकाई के रूप में हो, समूचा । | ಒಡೆಯದ, ಸಂಪೂರ್ಣವಾದ | ऒडॆयद, संपूर्णवाद | complete. |
| **साबुन** | पुं. | सोडा, तेल आदि के योग से बना हुआ एक प्रसिद्ध पदार्थ जिससे शरीर के अंग और कपड़े आदि साफ किए जाते हैं । | ಸಾಬೂನು, ಸೋಪು | साबूनु, सोपु | soap. |
| **साबूदाना (सागूदाना)** | पुं. | दे. 'सागूदाना' । | ನೋಡಿ "सागूदाना" | नोडि "सागूदाना" | see '**सागूदाना**'. |
| **साभिप्राय** | वि. | 1. अभिप्राय से युक्त; | ಅಭಿಪ್ರಾಯಪೂರ್ಣ; | अभिप्रायपूर्ण; | having a distinct aim or purpose; |
| | | 2. जिसका कोई विशिष्ट प्रयोजन या हेतु हो । | ವಿಶಿಷ್ಟ ಉದ್ದೇಶ್ಯದಿಂದ ಕೂಡಿದ | विशिष्ट उद्‌देश्यदिंद कूडिद | intentional. |
| **सामंजस्य** | पुं. | वह स्थिति जिसमें परस्पर किसी प्रकार की विपरीतता या विषमता न हो, संगति । | ಸಮಂಜಸವಾಗಿರುವಿಕೆ | समंजसवागि-रुविकॆ | adjustment, consistency. |
| **सामंत** | पुं. | राजा के अधीन रहनेवाला बड़ा सरदार । | ಸಾಮಂತ | सामंत | feudatory prince, chieftain. |
| **सामंतवाद** | पुं. | यह सिद्धान्त कि राजनीतिक और सामाजिक आदि क्षेत्रों में सामंततंत्र ही अधिक उपयोगी सिद्ध होता है । | ಸಾಮಂತವಾದ, ಸಾಮಂತ ರಾಜ್ಯಭಾರದ ಸಿದ್ಧಾಂತ | सामंतवाद, सामंत राज्यभारद सिद्धांत | feudalism. |
| **सामंती** | वि. | सामंत से संबंधित, सामंत का । | ಸಾಮಂತಿಕೆಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | सामंतिकॆगॆ संबंधिसिद | feudal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सामग्री | स्त्री. | 1. आवश्यक वस्तुओं का समूह, सामान, माल-असबाब; | ಸಾಮಾನು ಸರಂಜಾಮು; | सामानु सरंजामु; | material, baggage, article; |
| | | 2. किसी उत्पादन आदि के सहायक अंग या तत्व, उपकरण । | ಸಹಾಯಕ ಉಪಕರಣಗಳು | सहायक उपकरणगळु | material, mplements or apparatus. |
| सामना | पु. | 1. किसी के समक्ष होने की अवस्था या भाव; | ಸಮಕ್ಷ; | समक्ष; | facing, front. |
| | | 2. भेंट, मुलाकात; | ಭೇಟಿ; | भेटि; | meeting; |
| | | 3. भिड़ंत, मुठभेड़ । | ಎದುರಿಸುವಿಕೆ | एदुरिसुविके | confrontation, encounter. |
| सामने | क्रि. वि. | 1. आगे, समक्ष; | ಎದುರಿಗೆ; | एदुरिगे; | in front of; |
| | | 2. मुकाबले में; | ವಿರೋಧವಾಗಿ; | विरोधवागि; | opposite; |
| | | 3. जिस ओर मुंह हो सीधे उसी ओर । | ಮುಂದೆ | मुंदे | before. |
| सामयिक | वि. | 1. समयोचित, समय के विचार से उपयुक्त; | ಸಮಯೋಚಿತ; | समयोचित; | seasonable, timely, opportune; |
| | | 2. ठीक समय पर होनेवाला; | ಸಮಯಕ್ಕೆ ಸರಿಯಾದ; | समयक्के सरियाद; | punctual; |
| | | 3. वर्तमान समय का । | ಸಮಕಾಲಿಕ | समकालिक | contemporary. |
| सामरिक | वि. | समर संबंधी, युद्ध का । | ಯುದ್ಧ ಸಂಬಂಧವಾದ | युद्ध संबंधवाद | belonging to war or battle, martial. |
| सामर्थ्य | स्त्री. | 1. कोई कार्य करने की योग्यता और शक्ति; | ಯೋಗ್ಯತೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ ಶಕ್ತಿ; | योग्यतेयिंद कूडिद शक्ति; | capability, capacity; |
| | | 2. शब्द की अर्थ शक्ति, शब्द की वह शक्ति जिसमें वह भाव प्रकट करता है । | ಶಬ್ದ ಶಕ್ತಿ | शब्द शक्ति | force of words. |
| सामाजिक | वि. | समाज से संबंध रखनेवाला । | ಸಾಮಾಜಿಕ | सामाजिक | social. |
| सामान | पु. | 1. किसी कार्य के लिए आवश्यक साधनरूप वस्तुएं, सामग्री; | ಸಾಮಾನು | सामानु | material, accessories; |
| | | 2. असबाब । | | | luggage, baggage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सामान्य** | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली; | ಮಾಮೂಲಿ; | मामूलि; | ordinary; |
| | | 2. अनेक से संबंध रखनेवाला या बहुतों में पाया जानेवाला, सार्वजनिक, आम; | ಸಾಧಾರಣವಾದ; | साधारणवाद; | common; |
| | | 3. जो अपनी साधारण अवस्था, स्थिति आदि में हो, विशेष घटा बढ़ा न हो । | ಏರಿಳಿತಗಳಿಲ್ಲದೆ ಒಂದೇ ಸಮನಾಗಿರುವ | एरिळितगळिल्लदे ओंदे समनागिरुव | normal. |
| **सामासिक** | वि. | 1. समाससंबंधी, समास का; | (ವ್ಯಾಕರಣ) ಸಮಾಸಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | (व्याकरण) समासक्कं संबंधिसिद; | relating to or belonging to a compound; |
| | | 2. लघु या संक्षिप्त किया हुआ । | ಸಂಕ್ಷಿಪ್ತಗೊಳಿಸಿದ | संक्षिप्तगॊळिसिद | concised, brief. |
| **सामिष** | वि. | मांस युक्त (भोजन) । | ಮಾಂಸದಿಂದ ಕೂಡಿದ | मांसदिंद कूडिद | non-vegetarian (food). |
| **सामुदायिक** | वि. | समुदाय संबंधी, समुदाय का । | ಸಮುದಾಯದ | समुदायद | belonging to or of a community. |
| **सामूहिक** | वि. | समूह से संबंध रखनेवाला । | ಸಾಮೂಹಿಕ | सामूहिक | collective. |
| **साम्य** | पुं. | 1. समानता; | ಹೋಲಿಕೆ; | होलिकं; | equality, likeness; |
| | | 2. सादृश्य । | ಸಮಾನತೆ | समानतं | similarity. |
| **साम्यवाद** | पुं. | मार्क्स द्वारा प्रतिपादित एक सिद्धान्त जिसका उद्देश्य ऐसे वर्गहीन समाज की स्थापना है जिसमें संपत्ति पर समाज का समान अधिकार हो और व्यक्ति से शक्तिभर काम लेकर उसकी समस्त आवश्यकताएं पूरी की जाएं । | ಸಾಮ್ಯವಾದ | साम्यवाद | communism. |
| **साम्राज्य** | पुं. | वे अनेक राष्ट्र या देश जिन पर कोई एक शासनसत्ता राज्य करती हो, सार्वभौम राज्य । | ಸಾಮ್ರಾಜ್ಯ | साम्राज्य | empire. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **साम्राज्यवाद** | पुं. | वह सिद्धान्त जिसमें यह माना जाता है कि किसी देश को अपने अधिकृत क्षेत्रों में वृद्धि करते हुए अपने साम्राज्य का बराबर विस्तार करते रहना चाहिए । | ಸಾಮ್ರಾಜ್ಯವಾದ | साम्राज्यवाद | imperialism. |
| **सायंकाल** | पुं. | दिन का अंतिम भाग, शाम, संध्या । | ಸಾಯಂಕಾಲ | सायंकाल | evening. |
| **सायबान** | पुं. | कमरे आदि के आगे बनाई जानेवाली टीन आदि की छाजन । | ಬಿಸಿಲು ಕೊಡೆ, ಬಿಸಿಲು ಮರೆ | बिसिलु कॊडॆ, बिसिलु मरॆ | sunshade. |
| **साया** | पुं. | 1. छाया, छांह, परछाई; | ನೆರಳು; | नॆरळु; | shade, shadow; |
| | | 2. ऐसा संपर्क या संबंध जो किसी को अपने अधीन रखते हुए उसे अपने गुण, प्रभाव आदि से युक्त करता हो ; | ಸಹವಾಸದ ಪ್ರಭಾವ; | सहवासद प्रभाव; | influence (of company); |
| | | 3. घाघरे की तरह का एक पहनावा जो प्राय: पाश्चात्य देशों की स्त्रियां पहनती हैं । | ಲಂಗ | लंग | skirt. |
| **सारंग** | पुं. | 1. चितकबरा रंग; | ವರ್ಣ-ವರ್ಣಗಳು | वर्ण-वर्णगळु; | variegated colour; |
| | | 2. भौंरा, भ्रमर; | ದುಂಬಿ; | दुंबि; | large bee; |
| | | 3. कोयल; | ಕೋಗಿಲೆ; | कोगिलॆ; | cuckoo; |
| | | 4. मृग, हिरन । | ಜಿಂಕೆ | जिंकॆ | deer. |
| **सारंगी** | स्त्री. | एक प्रकार का प्रसिद्ध तंत्र-वाद्‌य । | ಒಂದು ತಂತಿ ವಾದ್ಯ | ऒंदु तंति वाद्य | kind of stringed instrument like violin. |
| **सार** | पुं. | 1. मूल भाग, सत; | ಸತ್ವ; | सत्व; | substance, essence; |
| | | 2. गूदा; | ತಿರುಳು; | तिरुळु; | soft or choicest part of a fruit; |
| | | 3. तात्पर्य या निष्कर्ष, सारांश । | ಸಾರಾಂಶ | सारांश | abstract, summary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सारगर्भित** | वि. | **जिसमें सार या तत्व भरा हो, तत्वपूर्ण ।** | ಸಾರಭರಿತ, ತತ್ತ್ವಪೂರ್ಣ | सारभरित, तत्त्वपूर्ण | substantial, having essence or meaning. |
| **सारणी** | स्त्री. | कोई ऐसा कागज या **फलक जिसमें बहुत से खाने होते हैं तथा जिनमें किसी विशेष प्रकार के अध्ययन गणना आदि के लिए कुछ अंक, शब्द आदि लिखे होते हैं ।** | ಅಂಕಿ ಅಂಶಗಳ ಪಟ್ಟಿ, ಸಾರಣಿ | अंकि अंशगळ पट्टि, सारणि | table of figures. |
| **सारथी** | पुं. | **रथ चलानेवाला, सूत ।** | ರಥಚಾಲಕ, ಸೂತ | रथचालक, सूत | charioteer. |
| **सारस** | पुं. | **हंस की जाति का एक लंबी टांगोंवाला पक्षी ।** | ಹಂಸದ ಜಾತಿಗೆ ಸೇರಿದ ಪಕ್ಷಿ, ಸಾರಸ ಪಕ್ಷಿ | हंसद जातिगं सेरिद पक्षि, सारस पक्षि | crane. |
| **सारांश** | पुं. | 1. **सार, निचोड़;**<br>2. **तात्पर्य, मतलब;**<br>3. **परिणाम, नतीजा, उपसंहार ।** | ಸಾರಾಂಶ | सारांश | substance, essence;<br>meaning;<br>conclusion. |
| **सारा** | वि. | 1. **जितना हो वह सब, कुल;**<br>2. **आदि से अंत तक जितना हो वह सब, पूरा, समग्र ।** | ಸಂಪೂರ್ಣ;<br>ಸಮಗ್ರ | संपूर्ण;<br>समग्र | all, the whole;<br>beginning to an end, complete, entire. |
| **सारिका** | स्त्री. | **मैना नामक पक्षी ।** | ಮೈನಾ ಹಕ್ಕಿ | मैना हक्कि | a kind of bird, Gracula religiosa. |
| **सार्थक** | वि. | 1. **(शब्द या पद) जिसका कुछ अर्थ हो, अर्थवान्;**<br>2. **उपयोगी तथा लाभप्रद ।** | ಸಾರ್ಥಕ | सार्थक | meaningful;<br>significant. |
| **सार्थकता** | स्त्री. | 1. **उपयोगिता;**<br>2. **महत्व ।** | ಸಾರ್ಥಕತೆ | सार्थकतॆ | utility;<br>importance. |
| **सार्वजनिक** | वि. | **सबसे संबंध रखनेवाला, समानरूप से सब लोगों के काम आनेवाला ।** | ಸಾರ್ವಜನಿಕ | सार्वजनिक | public, universal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सार्वभौम** | वि. | सम्पूर्ण भूमि से संबंध रखने-वाला, सब देशों से संबंध रखनेवाला । | ಸಾರ್ವಭೌಮ, ಸಂಪೂರ್ಣ ಭೂಮಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ | सार्वभौम, संपूर्ण भूमिगे संबंधिसिद | relating to or consisting of the whole earth or all the countries. |
| **साल** | पुं. | 1. वर्ष, बारह महीने का काल; | ವರ್ಷ; | वर्ष; | year; |
| | | 2. एक प्रकार का वृक्ष । | ಸಾಲವೃಕ್ಷ | सालवृक्ष | name of a tree. |
| **सालगिरह** | स्त्री. | वर्षगांठ, जन्मदिन । | ಹುಟ್ಟಿದ ಹಬ್ಬ | हुट्टिद हब्ब | anniversary, birthday. |
| **सालना** | स. क्रि. | कष्ट देना, चुभाना । | ಇರಿ, ತಿವಿ, ಕಷ್ಟಕ್ಕೀಡುಮಾಡು | इरि, तिवि, कष्टक्कीडुमाडु | to cause pain, to pierce or to prick. |
| **साला** (**स्त्री. साली**) | पुं. | पत्नी का भाई । | ಹೆಂಡತಿಯ ಸೋದರ | हेंडतिय सोदर | wife's brother, brother-in-law. |
| **सालाना** | वि. | हर साल होनेवाला, वार्षिक । | ಪ್ರತಿವರ್ಷವೂ ಆಗುವ | प्रतिवर्षवू आगुव | yearly, annual. |
| **सावधान** | वि. | सचेत, सतर्क, खबरदार । | ಎಚ್ಚರ, ಜೋಕೆ | एच्चर, जोके | cautious, alert, diligent. |
| **सावधानी** | स्त्री. | सतर्कता, होशियारी । | ಎಚ್ಚರಿಕೆ | एच्चरिके | alertness, diligence. |
| **सावन** | पुं. | आषाढ़ के बाद और भाद्रपद से पूर्व का महीना । | ಶ್ರಾವಣ ಮಾಸ | श्रावण मास | fourth Hindu month. |
| **साष्टांग** | वि. | आठों अंगों से युक्त । | ಸಾಷ್ಟಾಂಗ | साष्टांग | with eight parts of the body. |
| **सास** | स्त्री. | पत्नी या पति की माता । | ಅತ್ತೆ | अत्ते | mother-in-law. |
| **साहचर्य** | पुं. | साथ रहना, साथ, संगति । | ಜತೆಯಲ್ಲಿರುವಿಕೆ | जतेयल्लिरुविके | association, company. |
| **साहब** | पुं. | 1. मालिक, स्वामी; | ಯಜಮಾನ; | यजमान; | master, lord; |
| | | 2. आदरणीय व्यक्तियों के नाम या पेशे के साथ प्रयुक्त किया जानेवाला संबोधन । | ಗೌರವದ ಸಂಬೋಧನೆ | गौरवद संबोधने | title of courtesy, Mr., Sir. |
| **साहस** | पुं. | किसी असाधारण कार्य में दृढ़तापूर्वक प्रवृत्त होने की वृत्ति, हिम्मत । | ಸಾಹಸ | साहस | boldness, daring, courage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **साहसिक** | वि. | 1. साहससंबंधी, साहस का; 2. हिम्मतवर, दिलेर, निर्भीक । | ಸಾಹಸಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; ಸಾಹಸವಂತ | साहसक्कॆ संबंधिसिद; साहसंवत | daring, courageous; bold. |
| **साहसी** | वि. | जिसमें साहस हो, हिम्मतवर । | ಸಾಹಸಿ | साहसि | bold, courageous. |
| **साहाय्य** | पुं. | सहायता, मदद । | ಸಹಾಯ | सहाय | assistance, help. |
| **साहित्य** | पुं. | 1. गद्यात्मक या पद्यात्मक रचना, लिपिबद्ध विचार, ज्ञान आदि; | ಸಾಹಿತ್ಯ | साहित्य | literary composition; |
| | | 2. वाङ्‌मय; | | | literature; |
| | | 3. काव्यशास्त्र । | | | poetics. |
| **साहित्यकार** | पुं. | साहित्य की रचना करनेवाला । | ಸಾಹಿತ್ಯಕಾರ | साहित्यकार | one who composes literature, writer. |
| **साहित्यिक** | वि. | साहित्य से संबंध रखनेवाला अथवा उसके अनुरूप होनेवाला, साहित्य का ज्ञाता अथवा साहित्य की रचना करना जिसका पेशा हो । | ಸಾಹಿತ್ಯ ಸಂಬಂಧವಾದ | साहित्य संबंधवाद | literary (composition and person both). |
| **साहू** | पुं. | 1. महाजन; 2. बनियों का आदरपूर्ण संबोधन । | ಸಾಲದ ವ್ಯಾಪಾರಿ; ವೈಶ್ಯರ ಆದರದ ಸಂಬೋಧನೆ | सालद व्यापारि; वैश्यर आदरद संबोधनॆ | a banker; title of a trader. |
| **साहूकार** | पुं. | बड़ा व्यापारी, धनाढ्य, महाजन । | ಸಾವಕಾರ | सावकार | wealthy trader or banker. |
| **साहूकारी** | स्त्री. | साहूकार का काम, महाजनी । | ಸಾವಕಾರತನ | सावकारतन | banking business. |
| **सिंगार (शृंगार)** | पुं. | सजधज, सजावट । | ಅಲಂಕಾರ | अलंकार | decoration of body by women. |
| **सिंगारदान** | पुं. | श्रृंगार की सामग्री रखने का छोटा संदूक । | ಅಲಂಕಾರ ಸಾಮಗ್ರಿಗಳ ಪೆಟ್ಟಿಗೆ | अलंकार सामग्रिगळ पॆट्टिगॆ | dressing-case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सिंघाड़ा** | पुं. | 1. पानी में पैदा होनेवाला एक तिकोना फल;<br>2. सिंघाड़े के आकार का एक पकवान । | ಕಮಲದ ಹೂವಿನ ಬೀಜ;<br>ಒಂದು ಬಗೆಯ ತಿನಿಸು | कमलद हूविन बीज;<br>ऒंदु बगॆय तिनिसु | the water-chestnut;<br>a kind of pastery. |
| **सिंचाई** | स्त्री. | 1. पानी छिड़कने का काम या भाव, आबपाशी;<br>2. सींचने के काम का पारिश्रमिक । | ನೀರು ಹಾಯಿಸುವಿಕೆ, ಸಿಂಪಡಿಸುವಿಕೆ;<br>ನೀರು ಹಾಯಿಸಿದ ಕೂಲಿ | नीरु हायिसुविकॆ, सिंपडिसुविकॆ;<br>नीरु हायिसिद कूलि | irrigation;<br>wages paid for the work of irrigation. |
| **सिंदूर** | पुं. | एक प्रकार का लाल चूर्ण जिससे स्त्रियां मांग भरती हैं । | ಸಿಂದೂರ, ಕುಂಕುಮ | सिंदूर, कुंकुम | red lead, vermilion. |
| **सिंदूरी** | वि. | सिंदूर के रंग का । | ಕುಂಕುಮದ ಬಣ್ಣದ | कुंकुमद बण्णद | of vermilion colour. |
| **सिंह** | पुं. | 1. बिल्ली की जाति का एक प्रसिद्ध हिंसक जंतु, शेर;<br>2. बारह राशियों में से एक । | ಸಿಂಹ | सिंह | lion;<br>the sign of Leo of the zodiac. |
| **सिंहद्वार** | पुं. | प्रासाद आदि का प्रधान द्वार, सदर दरवाजा । | ಹೆಬ್ಬಾಗಿಲು, ಸಿಂಹದ್ವಾರ | हॆब्बागिलु, सिंहद्वार | main entrance to a palace. |
| **सिंहनाद** | पुं. | 1. सिंह का गर्जन;<br>2. युद्ध आदि के समय गरज कर की जानेवाली ललकार;<br>3. जोर देकर कोई बात कहना । | ಸಿಂಹ ಗರ್ಜನೆ;<br>ಯುದ್ಧದ ಕರೆ;<br>ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿ ಕೂಗುವಿಕೆ | सिंह गर्जनॆ;<br>युद्धद करॆ;<br>गट्टियागि कूगुविकॆ | lion's roar;<br>war cry, war whoop;<br>a confident assertion. |
| **सिंहावलोकन** | पुं. | संक्षेप में पिछली बातों का दिग्दर्शन या वर्णन, बीती हुई बातों का स्वरूप जानने पर बतलाने के लिए उन पर दृष्टिपात करना । | ಸಿಂಹಾವಲೋಕನ | सिंहावलोकन | retrospection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सिंहासन** | पुं. | राजाओं के बैठने या देवमूर्तियों की स्थापना के लिए बना हुआ एक विशेष प्रकार का आसन जो चौकी के आकार का होता है तथा जिसके दोनों ओर शेर के मुंह की आकृति बनी होती है । | ಸಿಂಹಾಸನ | सिंहासन | a throne. |
| **सिकुड़न** | स्त्री. | 1. सिकुड़ने की क्रिया, संकोच, वह स्थिति जिसमें कोई वस्तु पहले की अपेक्षा कम जगह घेरती है; | ಬಾಡಿ ಮುದುರಿ ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ; | बाडि मुदुरि कोळ्ळुविके; | contraction, shrinking; |
| | | 2. किसी वस्तु के सिकुड़ने के कारण उसके तल या विस्तार में पड़नेवाला बल, शिकन । | ಸುಕ್ಕು | सुक्कु | wrinkle, shrink. |
| **सिकुड़ना** | अ. क्रि. | 1. संकुचित होना, सिमटना; 2. शिकन पड़ना । | ಬಾಡಿ ಮುದುರಿ ಸಣ್ಣನಾಗು | बाडि, मुदुरि सण्णनागु | to contract, to shrink; to wrinkle. |
| **सिकोड़ना** | स. क्रि. | संकुचित करना, समेटना । | ಮುದುರು, ಸಂಕುಚಿತವಾಗುವಂತೆ ಮಾಡು | मुदुरु, संकुचितवागुवंते माडु | to contract, to compress, to brace up. |
| **सिक्का** | पुं. | 1. निर्दिष्ट मूल्य का वह धातुखंड जो किसी राजकीय टकसाल में ढला हो तथा पदार्थों के क्रय-विक्रय में विनिमय के साधन के रूप में काम आता हो; | ನಾಣ್ಯ; | नाण्य; | coin; |
| | | 2. किसी व्यक्ति का ऐसा प्रभाव या प्रभुत्व जिसके आगे सभी लोग दबते हों । | ಪ್ರಭಾವ ಬೀರುವಿಕೆ | प्रभाव बीरुविके | influence, awe. |
| **सिक्त** | वि. | सिंचित, भीगा हुआ, तर । | ತೊಯ್ದ | तोय्द | soaked, wet, moistured. |
| **सिखाना** | स. क्रि. | शिक्षा देना, पढ़ाना, बतलाना । | ಕಲಿಸು | कलिसु | to teach, instruct. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सिझाना** | स. क्रि. | 1. आंच पर पकाकर गलाना; | ಕರಗಿಸು; | करगिसु; | to boil; |
| | | 2. खाल को विशिष्ट प्रक्रियाओं से पक्का और मुलायम करना । | (ಚರ್ಮ) ಹದಮಾಡು | (चर्म) हदमाडु | to tan. |
| **सिटपिटाना** | अ. क्रि. | प्राय: असमंजस में पड़ने के कारण और किसी के प्रश्न का तत्काल ठीक या स्पष्ट उत्तर न दे सकने की दशा में कुछ लज्जित होकर इधर-उधर करने लगना । | ಅಸಮಂಜಸ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿ ಹಿಂದು ಮುಂದು ನೋಡುತ್ತಾ, ನಾಚು | असमंजस स्थितियल्लि हिंदु मुंदु नोडुत्ता नाचु | to be confounded, to be stupefied. |
| **सिट्टी** | स्त्री. | बढ़चढ़ कर बातें करना, वाचालता । | ವಾಚಾಳತನ | वाचाळतन | talkativeness. |
| **सिड़** | पुं. | झड, सनक, खब्त, धुन, पागलपन का एक हल्का रूप जिसमें व्यक्ति हठपूर्वक कोई काम करता है और समझाने पर भी नहीं मानता । | ಮರುಳುತನ, ಬೆಪ್ಪುತನ | मरुळुतन, बेप्पुतन | craze, whim, eccentricity. |
| **सिड़ी** | वि. | झक्की, सनकी । | ಬೆಪ್ಪು, ಮರುಳ | बेप्प, मरुळ | crazy, whimsical, eccentric. |
| **सितार** | पुं. | एक प्रसिद्ध तंत्रवाद्य या वाद्ययंत्र । | ಸಿತಾರು (ವಾದ್ಯ) | सितारु (वाद्य) | a kind of guitar. |
| **सितारा** | पुं. | 1. तारा, नक्षत्र; | ನಕ್ಷತ್ರ; | नक्षत्र; | star; |
| | | 2. भाग्य; | ಭಾಗ್ಯ; | भाग्य; | fortune, fate, destiny; |
| | | 3. सोने-चांदी के पत्तरों के गोलाकार छोटे टुकड़े जो कपड़ों आदि में शोभा के लिए लगाए जाते हैं । | ಚಿನ್ನ ಬೆಳ್ಳಿನಕ್ಕಿ | चिन्न बेळ्ळि नक्कि | starlets of gold or silver sewn on cloth for decoration. |
| **सिद्ध** | वि. | 1. अच्छी तरह पूरा किया हुआ; | ಸಿದ್ಧವಾದ; | सिद्धवाद; | accomplished. |
| | | 2. जिसने किसी काम में पूरी दक्षता प्राप्त की हो; | ಸಫಲ ಹೊಂದಿದ; | सफल हॊंदिद; | successful; |
| | | 3. जिसने योग की सिद्धियां प्राप्त कर ली हों; | ಸಿದ್ಧಿ ಹೊಂದಿದ; | सिद्धि हॊंदिद; | accomplished in Yoga; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. तर्क द्वारा प्रमाणित; | ಪ್ರಮಾಣಿತಗೊಳಿಸಿದ; | प्रमाणित गॉळिसिद; | validated, substantiated; |
| | | 5. आग पर रखकर उबाला या पकाया हुआ । | ಕಾಯಿಸಿ ಬೇಯಿಸಿ ತಯಾರಿಸಿದ | कायिसि बेयिसि तयारिसिद | cooked or dressed on fire. |
| सिद्धसंप्रदाय | पुं. | साधुओं का एक संप्रदाय विशेष । | ಸಿದ್ಧ ಸಂಪ್ರದಾಯ | सिद्ध संप्रदाय | a particular sect of mendicants. |
| सिद्धसाहित्य | पुं. | हिन्दी साहित्य के आरंभिक काल में सिद्ध संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा रचित साहित्य । | ಸಿದ್ಧ ಸಾಹಿತ್ಯ | सिद्ध साहित्य | early Hindi literature composed by mendicants. |
| सिद्धहस्त | वि. | जिसका हाथ किसी काम में मंजा हो, दक्ष, कार्यकुशल । | ಕಾರ್ಯಕುಶಲ, ದಕ್ಷ | कार्यकुशल, दक्ष | skilled. |
| सिद्धान्त | पुं. | 1. पूर्व पक्ष के खंडन के बाद सिद्ध मत; 2. निश्चित मत जिसे सत्य के रूप में ग्रहण किया जाए, उसूल; 3. कला, विज्ञान आदि के संबंध में ऐसी कोई मूल बात जो किसी विद्वान द्वारा प्रतिपादित हो और जिसे बहुत-से लोग ठीक मानते हों; 4. कोई ऐसा ग्रंथ जिसमें उक्त प्रकार की बातें या मत निरूपित हों । | ಸಿದ್ಧಾಂತ | सिद्धांत | established truth; principle; theory; treatise on a system of some science or art. |
| सिद्धि | स्त्री. | 1. किसी कार्य या उद्देश्य का पूरा होना; 2. ऐसी विशिष्ट क्षमता या योग्यता जो प्रयत्न से प्राप्त हुई हो; | ಸಿದ್ಧಿ | सिद्धि | accomplishment, fulfilment; complete mastery or knowledge of some subject; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. तपस्या, तांत्रिक उपासना द्वारा साधक को प्राप्त हुई विशेष प्रकार की अलौकिक शक्ति । | | | the acquisition of supernatural powers by magical means or through the performance of certain mystical processes. |
| **सिधारना** | अ. क्रि. | 1. जाना, प्रस्थान करना; | ಹೊರಡು, ದಯಮಾಡು; | हॉरडु, दयमाडु; | to set out, to go, to depart; |
| | | 2. परलोकवासी होना, मर जाना । | ಸಾಯು | सायु | to die. |
| **सिनकना (छिनकना)** | स. क्रि. | अन्दर से जोर की वायु निकालते हुए नाक का मल बाहर करना । | ಸೀನು | सीनु | to blow the nose. |
| **सिपाही** | पुं. | 1. फौजी आदमी, सैनिक, योद्धा; | ಸಿಪಾಯಿ, ಸೈನಿಕ; | सिपायि, सैनिक; | soldier; |
| | | 2. पुलिस विभाग में साधारण कर्मचारी जो पहरे आदि का काम करता है । | ಪೊಲೀಸು ಸಿಪಾಯಿ | पॉलीसु सिपायि | police-man. |
| **सिफत** | स्त्री. | गुण, विशेषता । | ಗುಣ, ವಿಶೇಷತೆ | गुण, विशेषतॆ | a quality, attribute, property. |
| **सिफारिश** | स्त्री. | किसी का कोई काम कराने के लिए दूसरे से कहना, किसी के गुण, योग्यता आदि का परिचय देने वाली ऐसी बात जो किसी ऐसे दूसरे व्यक्ति से कही जाए जो उस पहले व्यक्ति का कोई उपकार कर सकता हो । | ಶಿಫಾರಸು | शिफारसु | recommendation. |
| **सिफारिशी** | वि. | 1. सिफारिश संबंधी; | ಶಿಫಾರಸ್ಸಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | शिफारस्सिगॆ संबंधिसिद; | recommendatory; |
| | | 2. जो सिफारिश के द्वारा हुआ हो । | ಶಿಫಾರಸ್ಸಿನಿಂದಾದ | शिफारस्सिनिंदाद | of recommendation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सिमटना** | अ. क्रि. | 1. **दूर तक फैली या बिखरी हुई वस्तु का खिंचकर थोड़े विस्तार या स्थान में आना, सिकुड़ना, संकुचित होना;** | ಸಂಕೋಚಗೊಳ್ಳು; | संकोचगॊळ्ळु; | to be collected; |
| | | 2. **काम पूरा या समाप्त होना ।** | ಕಾರ್ಯ ಪೂರೈಸು | कार्य पूरैसु | to be wound up. |
| **सियार** | पुं. | **गीदड़, श्रृगाल ।** | ನರಿ | नरि | jackal. |
| **सियासत** | स्त्री. | **राजनीति ।** | ರಾಜನೀತಿ | राजनीति | politics. |
| **सियासी** | वि. | **राजनीतिक ।** | ರಾಜಕೀಯ | राजकीय | political. |
| **सिर** | पुं. | 1. **मनुष्य तथा अन्य पशुओं का गरदन के ऊपर का भाग, कपाल, खोपड़ी;** | ತಲೆ; | तलॆ; | head, skull; |
| | | 2. **किसी वस्तु का ऊपर का हिस्सा ।** | ಮೇಲ್ಭಾಗ, ಅಗ್ರ | मेल्भाग, अग्र | top, highest part or point. |
| **सिरका** | पुं. | **धूप में सड़ाकर खमीर उठाया हुआ अंगूर, जामुन, ईख आदि का रस ।** | ಬಿಸಿಲಿನಲ್ಲಿ ಹುಳಿ ಬರುವಂತೆ ಇಟ್ಟ ದ್ರಾಕ್ಷಿ, ನೇರಳೆ, ಕಬ್ಬುಗಳ ರಸ | बिसिलिनल्लि हुळि बरुवंतॆ इट्ट द्राक्षि, नेरळॆ, कब्बुगळ रस | vinegar. |
| **सिरकी** | स्त्री. | 1. **सरकंडा, सरहरी;** | ಲಾಳದ ಕಡ್ಡಿ ಹುಲ್ಲು; | लाळद कड्डि हुल्लु; | reed-grass; |
| | | 2. **सरकंडे की बनी हुई टट्टी या चटाई ।** | ಲಾಳದ ಕಡ್ಡಿಯ ಚಾಪೆ | लाळद कड्डिय चापॆ | curtain or mat made of this reed. |
| **सिरनामा** | पुं. | 1. **पत्र के आरंभ में पत्र पानेवाले का नाम, उपाधि, अभिवादन आदि;** | ಶಿರೋನಾಮೆ, ಒಕ್ಕಣೆ; | शिरोनामॆ, ऑक्कणॆ; | salutation (in a letter); |
| | | 2. **पानेवाले का नाम और पता जो पत्र या लिफाफे के ऊपर लिखा जाता है ।** | ವಿಳಾಸ | विळास | address (on a letter). |
| **सिरहाना** | पुं. | 1. **खाट का वह हिस्सा जिधर सर रहता है;** | ತಲೆದಿಸೆ, ತಲೆ ಇರುವ ಭಾಗ; | तलॆदिशॆ, तलॆ इरुव भाग; | head (of a bedstead); |
| | | 2. **तकिया जिसे सिर के नीचे रखते हैं ।** | ತಲೆದಿಂಬು | तलॆदिंबु | pillow. |
| **सिरा** | पुं. | 1. **किसी वस्तु का शीर्ष भाग;** | ತುದಿ, ಶೀರ್ಷಭಾಗ; | तुदि, शीर्ष भाग; | top or head of a thing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी लम्बी वस्तु के दोनों छोरों में से हर एक । | ಎರಡೂ ಕಡೆಯ ತುದಿಗಳು | एरडू कडॆय तुदिगळु | each of the two ends of a thing. |
| सिराना | स. क्रि. | 1. ठंडा करना; | ತಣ್ಣಗೆ ಮಾಡು, ಆರಿಸು; | तण्णगॆ माडु, आरिसु; | to make cold, to cool; |
| | | 2. पानी में डुबाना; | ನೀರಿನಲ್ಲಿ ಮುಳುಗಿಸು; | नीरिनल्लि मुळुगिसु; | to sink; |
| | | 3. खत्म करना । | ಪೂರೈಸು | पूरैसु | to finish. |
| सिर्फ | वि. | बस, इतना ही या यही और कुछ नहीं । | ಕೇವಲ, ಮಾತ್ರ | केवल, मात्र | only, sheer, mere. |
| सिल | स्त्री. | 1. पत्थर की शिला, चट्टान; | ಕಲ್ಲುಗುಂಡು; | कल्लुगुंडु; | a slab; |
| | | 2. मसाला आदि पीसने की पत्थर की चौकोर पटिया । | ಮಸಾಲೆ ಅರೆಯುವ ಕಲ್ಲು | मसालॆ अरॆयुव कल्लु | flat stone or slab on which condiments etc. are ground with a muller. |
| सिलना | अ. क्रि. | सिलाई होना, सिया जाना । | ಹೊಲಿ, ಹೊಲಿಯಲ್ಪಡು | हॊलि, हॊलियल्पडु | to be sewn. |
| सिलबट्टा | पुं. | सिल और लोढ़िया । | ಮಸಾಲೆ ಅರೆಯುವ ಕಲ್ಲುಗುಂಡು | मसालॆ अरॆयुव कल्लुगुंडु | slab and muller. |
| सिलवट | स्त्री. | शिकन, सिकुड़न । | ಸುಕ್ಕು | सुक्कु | crease, rumple. |
| सिलवाना | स. क्रि. | सीने का काम कराना । | ಹೊಲಿಸು | हॊलिसु | to cause to be sewn or stitched. |
| सिलसिला | पुं. | 1. एक के बाद एक करके चलता रहनेवाला क्रम; | ಕ್ರಮ; | क्रम; | succession, chain, series; |
| | | 2. ठीक तरह से लगा हुआ क्रम । | ಸರಿಪಡಿಸಿದ ಕ್ರಮ | सरिपडिसिद क्रम | arrangement. |
| सिलसिलेवार | क्रि. वि. | क्रम का ध्यान रखते हुए, क्रमिक रूप से । | ಕ್ರಮ ಪ್ರಕಾರವಾಗಿ | क्रम प्रकारवागि | in line or series, seriatim. |
| | वि. | सिलसिले या क्रम से लगा हुआ । | ಕ್ರಮವಾಗಿರಿಸಿದ | क्रमवागिरिसिद | systematic. |
| सिलाई | स्त्री. | 1. सीने की क्रिया, ढंग या भाव; | ಹೊಲೆಯುವಿಕೆ; | हॊलॆयुविकॆ; | sewing; |
| | | 2. सीने पर दिखाई पड़नेवाले टांके; | ಹೊಲಿಗೆ; | हॊलिगॆ; | seam; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सीने के बदले में मिलने-वाली मजदूरी । | ಹೊಲಿದ ಕೂಲಿ | हॊलिद कूलि | price paid for sewing. |
| **सिलाना** | स. क्रि. | दे. सिलवाना । | ಹೊಲಿಸು | हॊलिसु | see 'सिलवाना' |
| **सिल्ली** | स्त्री. | 1. एक विशेष प्रकार के पत्थर का छोटा टुकड़ा जिसपर रगड़ कर नाई उस्तरे को तेज करते हैं; | ಮಸೆಯುವ ಕಲ್ಲು; | मसॆयुव कल्लु; | whet stone; |
| | | 2. उक्त आकार का सोने या चांदी का खंड । | ಚಿನ್ನಬೆಳ್ಳಿಗಳ ಗಟ್ಟಿ | चिन्न बॆळ्ळिगळ गट्टि | solid piece of gold or silver. |
| **सिवाय** | अव्य. | जो है या हो, उसको छोड़कर । | ಹೊರತಾಗಿ, ಬಿಟ್ಟು | हॊरतागि, बिट्टु | except. |
| **सिवार (सेवार, सेवाल)** | पुं. | एक जलीय पौधा, शैवाल । | ನೀರಿನ ಮೇಲೆ ಕಟ್ಟುವ ಪಾಚಿ | नीरिन मेलॆ कट्टुव पाचि | the aquatic plant **vallisneria octandra.** |
| **सिसकना** | अ. क्रि. | इस प्रकार धीरे-धीरे रोना कि नाक और मुंह से सी-सी की ध्वनि निकले । | ಬಿಕ್ಕಿ ಬಿಕ್ಕಿ ಅಳು | बिक्कि बिक्कि अळु | to sob. |
| **सिसकारना** | अ. क्रि. | मुंह से सीटी की सी आवाज निकालना । | ಸಿಳ್ಳು ಹೊಡೆಯು | सिळ्ळ हॊडॆयु | to hiss. |
| **सिसकारी** | स्त्री. | मुंह से निकली हुई सीटी की सी आवाज । | ಸಿಳ್ಳು | सिळ्ळ | hissing sound. |
| **सिसकी** | स्त्री. | 1. सिसकने की क्रिया या भाव; | ಬಿಕ್ಕುವಿಕೆ; | बिक्कुविकॆ; | sobbing, sob; |
| | | 2. सिसकारी । | ಸಿಳ್ಳು | सिळ्ळ | hissing sound. |
| **सिहरन** | स्त्री. | सिहरने की क्रिया, कंपन । | ಕಂಪಿಸುವಿಕೆ | कंपिसुविकॆ | trembling, shuddering. |
| **सिहरना** | अ. क्रि. | 1. शीत आदि के कारण कांपना; | ನಡುಗು; | नडुगु; | to shiver; |
| | | 2. भयभीत होना, दहल जाना । | ಭಯಪಡು | भयपडु | to quake or to tremble (with fear). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सींक** | स्त्री. | 1. किसी वनस्पति का लंबा पतला डंठल, लंबा तिनका; | ಕಡ್ಡಿ; | कड्डि; | shoot of the grass; |
| | | 2. नाक में पहनने का कील या लौंग नाम का गहना । | ಮೂಗುತಿ | मूगुति | an ornament for nose. |
| **सींकिया** | वि. | सींक-सा पतला । | ಕಡ್ಡಿಯಂತೆ ತೆಳ್ಳನೆಯ | कड्डियंते तेळ्ळनेय | stick-like thin. |
| **सींग** | पुं. | वे कठोर नुकीले, लंबे अवयव जो खुरवाले पशुओं के सिरपर दोनों ओर निकलते हैं । | ಕೊಂಬು | कोंबु | a horn. |
| **सींचना** | स. क्रि. | 1. खेत में पानी देना, पेड़-पौधों को पानी देना, आबपाशी करना; | ನೀರು ಹಾಯಿಸು; | नीरु हायिसु; | to irrigate, to water; |
| | | 2. तर करना, भिगोना । | ತೋಯಿಸು, ನೆನೆಸು | तोयिसु, नेनेसु | to moisture. |
| **सीकर** | पुं. | 1. पानी की बूंदे, जलकण; | ನೀರಿನ ಹನಿ; | नीरिन हनि; | drop of water; |
| | | 2. पसीने की बूंदे । | ಬೆವರಿನ ಹನಿ | बेवरिन हनि | drop of sweat. |
| **सीख** | स्त्री. | 1. शिक्षा, तालीम; | ಪಾಠ; | पाठ; | instruction, tuition; |
| | | 2. परामर्श, सलाह; | ಸಲಹೆ; | सलहे; | advice, counsel; |
| | | 3. लोहे की छड़ । | ಸಲಾಕೆ | सलाके | iron rod. |
| **सीखचा** | पुं. | लोहे की पतली लंबी छड़ जो खिड़कियों आदि में रोक के लिए लगायी जाती है । | ಕಿಟಕಿಗಳಿಗೆ ಹಾಕುವ ಕಬ್ಬಿಣದ ಸಲಾಕೆ | किटकिगळिगे हाकुव कब्बिणद सलाके | small iron rod as fixed in windows etc. |
| **सीखना** | स. क्रि. | किसी विषय या कला का ज्ञान प्राप्त करना, पढ़ना । | ಕಲಿ | कलि | to acquire knowledge, to learn. |
| **सीझना** | अ. क्रि. | 1. आग पर पकना या गलना; | ಕೆಂಡದ ಮೇಲೆ ಬೇಯು, ಕರಗು; | केंडद मेले बेयु, करगु; | to boil, to become soft or to sodden (by boiling); |
| | | 2. शारीरिक कष्ट सहना, दु:ख भोगना । | ಬೇನೆ ಪಡು, ಕಷ್ಟ ಅನುಭವಿಸು | बेने पडु, कष्ट, अनुभविसु | to bear physical pains. |
| **सीटी** | स्त्री. | 1. दोनों होठों को सिकोड़-कर बीच से हवा निकालने से पैदा होनेवाली आवाज; | ಸಿಳ್ಳೆ; | सिळ्ळे; | whistling sound through mouth; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक प्रकार का छोटा उपकरण या बाजा जिसे मुंह से बजाने से उक्त प्रकार की ध्वनि निकलती है । | ಪೀಪಿ | पीपि | whistle. |
| सीठा | वि. | बिना रस या स्वाद का, नीरस, फीका । | ಸಪ್ಪೆಯಾಗಿರುವ, ರುಚಿರಸಗಳಿಲ್ಲದ | सप्पॅयागिरुव, रुचिरसगळिल्लद | tasteless, insipid. |
| सीढ़ी | स्त्री. | ऊंचे स्थान पर पहुंचने के लिए बना हुआ पत्थर, लकड़ी, लोहे आदि के डंडों या पायों का सिलसिला, जीना, निसैनी । | ಮೆಟ್ಟಲು, ಹಂತ | मॅट्टलु, हंत | stair-case, ladder. |
| सीताफल | पुं. | 1. कुम्हड़ा; | ಕುಂಬಳ; | कुंबळ; | a kind of vegetable; |
| | | 2. शरीफा । | ಸೀತಾಫಲ | सीताफल | the custard apple. |
| सीत्कार | पुं. | सी-सी की ध्वनि । | ಸೀತ್ಕಾರ | सीत्कार | hissing sound. |
| सीध | स्त्री. | 1. ठीक सामने होने की स्थिति; | ಎದುರಿಗೆ ಸರಿಯಾಗಿ ಇರುವಿಕೆ; | ऍदुरिगॅ सरियागि इरुविकॅ; | state of being in front of; |
| | | 2. सीधे होने की अवस्था, गुण या भाव । | ನೆಟ್ಟಗಿರುವಿಕೆ | नॅट्टगिरुविकॅ | straightness, directness. |
| सीधा | वि. | 1. जिसमें टेढ़ापन या घुमाव न हो; | ಅಂಕು-ಡೊಂಕುಗಳಿಲ್ಲದ, ನೆಟ್ಟಗಿರುವ; | अंकु-डॉंकु-गळिल्लद, नॅट्टगिरुव; | straight; |
| | | 2. जिसमें छल-कपट न हो; | ಮೋಸ ದ್ರೋಹಗಳಿಲ್ಲದ; | मोस द्रोहगळिल्लद; | honest, fair; |
| | | 3. अनुकूल और लाभदायक; | ಲಾಭಕಾರಿ; | लाभकारि; | favourable; |
| | | 4. सरल और सुगम, आसान; | ಸುಲಭ, ಸರಳ; | सुलभ, सरळ; | simple, easy; |
| | | 5. दाहिना, दक्षिण । | ಬಲಭಾಗದ | बलभागद | right (hand). |
| सीधा-सादा | वि. | भोलाभाला, सरल स्वभाव । | ಸರಳ ಸ್ವಭಾವದ | सरळ स्वभावद | simple, artless, etc. |
| सीधे | क्रि. वि. | 1. बिना इधर-उधर घूमे या मुड़े हुए; | ತಿರಿವು ಮುರಿವಿಲ್ಲದ, ನೆಟ್ಟಗೆ; | तिरिवु मुरि-विल्लदॅ, नॅट्टगॅ; | straight; |
| | | 2. बिना कहीं ठहरे या रुके हुए; | ಎಲ್ಲೂ ನಿಲ್ಲದೆ ನೆಟ್ಟಗೆ ಹೋಗುವ; | ऍल्लू निल्लदॅ नॅट्टगॅ होगुव; | non-stop; |
| | | 3. नरमी या शिष्ट व्यवहार में । | ದೊಡ್ಡತನದ | दॉड्डतनद | gentlemanly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सीना** | पुं. | छाती, वक्षस्थल । | ಎದೆ | एंदें | breast, chest. |
| | स. क्रि. | 1. सूई-धागे आदि की सहायता से कपड़े आदि के टुकड़ों को साथ-साथ जोड़ना; | ಹೊಲಿಗೆ ಹಾಕು | हॉलिगें हाकु | to stitch; |
| | | 2. सिलाई करना । | | | to sew. |
| **सीनाजोरी** | स्त्री. | जबरदस्ती, धींगा-मस्ती । | ಜೋರು ಜಬರ್ದಸ್ತು | जोरु जबर्दस्तु | use of violence or force, oppression, harassing. |
| **सीपी (सीप)** | स्त्री. | घोंघे-शंख आदि की जाति का एक जलचर प्राणी जो किश्तीनुमा दोहरे खोल के भीतर रहता है और तालाब, झील, समुद्र आदि में रहता है । | ಸಿಂಪಿ | सिंपि | oyster-shell. |
| **सीमांकन** | पुं. | अधिकार-क्षेत्र आदि की सीमा निर्धारित या निश्चित करना । | ಹದ್ದು ಬಸ್ತು, ಎಲ್ಲಕಟ್ಟು | हद्दुबस्तु एंल्लकट्टु | limitation. |
| **सीमांत** | पुं. | 1. वह स्थान जहां किसी सीमा का अंत होता है, सरहद; | ಸರಹದ್ದು; | सरहद्दु; | boundary-line, border, frontier-line; |
| | | 2. सीमावर्ती प्रदेश । | ಸರಹದ್ದು ಪ್ರದೇಶ | सरहद्दु प्रदेश | border area. |
| **सीमा** | स्त्री. | 1. हद, सरहद; | ಸರಹದ್ದು, ಎಲ್ಲೆ; | सरहद्दु, एंल्लें; | boundary, frontier; |
| | | 2. वह अंतिम स्थान जहां तक कोई बात हो सकती हो या होनी उचित हो, नियम या मर्यादा की हद । | ಮಿತಿ | मिति | limit, extremity. |
| **सीमाबद्ध** | वि. | जिसकी सीमा निश्चित कर दी गई हो । | ಎಲ್ಲೆ (ಹದ್ದುಬಸ್ತು) ನಿಶ್ಚಯಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | एंल्लें (हद्दुबस्तु) निश्चयिसल्पट्ट | bounded, limited. |
| **सीमाशुल्क** | पुं. | वह कर जो किसी राज्य की सीमा पर कुछ विशिष्ट पदार्थों के आयात-निर्यात के समय लिया जाता है । | ಸುಂಕ | सुंक | customs duty. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सीर** | स्त्री. | 1. वह जमीन जिसकी उपज कई हिस्सेदारों में बंटती हो; | ಉತ್ಪಾದನೆಯಲ್ಲಿ ಪಾಲುಗಾರಿಕೆಯುಳ್ಳ ಜಮೀನು; | उत्पादनॅयल्लि पालुगारिकॅयुळ्ळ जमीनु; | land the produce of which is divided amongst many partners; |
| | | 2. हिस्सेदारी, साझेदारी । | ಭಾಗಸ್ಥಿಕೆ | भागस्थिकॅ | partnership. |
| **सील (सीलन)** | स्त्री. | जमीन की नमी । | ಭೂಮಿಯ ತೇವ | भूमिय तॅव | dampness, moisture (of land). |
| **सीला** | वि. | नम, जिसमें सील हो । | ತೇವವಿರುವ | तेवविरुव | wet, damp, moist. |
| **सीवन** | स्त्री. | सीने के कारण पड़े हुए टांके, सिलाई के जोड़ । | ಹೊಲಿಗೆ | हॉलिगॅ | sewing, stitching, seam. |
| **सीसा** | पुं. | मटमैले रंग की एक मूल धातु जो अपेक्षाकृत बहुत भारी होती है । | ಸೀಸ | सीस | lead, black lead. |
| **सुंघनी** | स्त्री. | तम्बाकू के पत्ते का बारीक चूर्ण जिसे लोग सूंघते हैं, नास । | ನಸ್ಯ, ನಶ್ಯ | नस्य, नश्य | snuff prepared of tobacco leaves. |
| **सुंघाना** | स. क्रि. | किसी की नाक के पास कोई वस्तु इस उद्देश्य से लगाना कि वह उसकी गंध ग्रहण करे । | ಮೂಸುವಂತೆ ಮಾಡು | मूसुवंतॅ माडु | to cause to smell, to make one smell. |
| **सुंदर** | वि. | जो आंखों को अच्छा लगे, खूबसूरत । | ಸುಂದರವಾದ | सुंदरवाद | handsome, beautiful, charming, lovely. |
| **सुंदरता** | स्त्री. | सौंदर्य, खूबसूरती । | ಸೌಂದರ್ಯ | सौंदर्य | beauty, handsomeness. |
| **सुंदरी** | वि., स्त्री. | सुन्दर रूपवाली स्त्री, रूपवती, अच्छी सूरत शक्लवाली । | ಸೌಂದರ್ಯವತಿ | सौंदर्यवति | a beautiful woman, a beauty. |
| **सुंबी** | स्त्री. | लोहा काटने की छेनी । | ಕಬ್ಬಿಣ ಕತ್ತರಿಸುವ ಉಳಿ | कब्बिण कत्तरिसुव उळि | chisel. |
| **सुआ** | पुं. | 1. बड़ी सूई; | ಸೂಜಿ, ದಬ್ಬಳ; | सूजि, दब्बळ; | big needle; |
| | | 2. तोता, शुक । | ಗಿಳಿ | गिळि | parrot. |
| **सुई (सूई)** | स्त्री. | 1. लोहे का बारीक नोकदार तार जिसके सिरे पर के छेद में तागा डालकर कपड़ा सीते हैं; | ಹೊಲಿಯುವ ಸಣ್ಣ ಸೂಜಿ; | हॉलियुव सण्ण सूजि; | needle; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी विशेष परिमाण, अंक, दिशा आदि का सूचक,सूए के आकार का छिद्ररहित कांटा; | (ಗಡಿಯಾರ) ಮುಳ್ಳು; | (गडियार) मुळ्ळु; | hand (of a watch); |
| | | 3. चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध छोटा उपकरण जिसकी सहायता से तरल दवा शरीर की रगों में पहुंचाई जाती है । | ಚುಚ್ಚು ಸೂಜಿ | चुच्चु सूजि | syringe. |
| **सुकड़ना** | अ. क्रि. | सिमटना, फैलाव का घटना । | ಸುತ್ತಿಕೊಳ್ಳು | सुत्तिकॊळ्ळु | to contract, to shrink. |
| **सुकर** | वि. | सरल, आसान, जो सहज में किया जा सके । | ಸುಲಭವಾದ | सुलभवाद | simple, easy. |
| **सुकुमार** | वि. | बहुत नाजुक, कोमल अंगोंवाला । | ಕೋಮಲವಾದ, ಸುಕುಮಾರ | कोमलवाद, सुकुमार | very soft or tender. |
| **सुकृत** | वि. | जो अच्छे ढंग से किया गया हो । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ | चॆन्नागि माडल्पट्ट | well-done. |
| | पुं. | पुण्य, सत्कर्म । | ಪುಣ್ಯದ ಕೆಲಸ, ಸುಕೃತ | पुण्यद कॆलस सुकृत | good deed. |
| **सुख** | पुं. | वह अनुभूति जो तन, मन को भाए,चैन, आराम । | ಸುಖ | सुख | pleasure, joy, comfort, solace, relief. |
| **सुखद** | वि. | सुख देनेवाला, आरामदेह । | ಸುಖವನ್ನುಂಟು ಮಾಡುವ | सुखवन्नुंटुमाडुव | pleasant, comfortable. |
| **सुखदायक** | वि. | दे. 'सुखद' । | ನೋಡಿ "सुखद" | नोडि "सुखद" | see 'सुखद' |
| **सुखशान्ति** | स्त्री. | सुख-चैन । | ಸುಖಶಾಂತಿ | सुखशांति | happiness and comfort. |
| **सुखान्त** | वि. | जिसका अंत, परिणाम सुखमय हो । | ಸುಖಾಂತ | सुखांत | ending in happiness. |
| **सुखाना** | स. क्रि. | तरी, गीलापन दूर करना, गीली वस्तु को खुश्क करना । | ಒಣಗಿಸು | ऒणगिसु | to dry, to dry up. |
| **सुखी** | वि. | जिसे सुख की अनुभूति हो रही हो, जिसे सुख प्राप्त हो । | ಸುಖಿ | सुखि | pleased, happy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुगंध** | स्त्री. | अच्छी गंध, खुशबू, प्रिय महक । | ಸುಗಂಧಿ, ಸುವಾಸನೆ | सुगंध, सुवासनॆ | good or pleasant smell, perfume, fragrance. |
| **सुगंधि** | स्त्री. | दे. 'सुगंध' । | ನೋಡಿ "सुगंध" | नोडि "सुगंध" | same as 'सुगंध'. |
| **सुगंधित** | वि. | सुगंध से युक्त, खुशबूदार । | ಸುವಾಸನೆಯುಳ್ಳ | सुवासनॆयुळ्ळ | perfumed, sweet smelling, fragrant. |
| **सुगम** | वि. | 1. सहज में आने या पाने योग्य;<br>2. आसान, सरल । | ಸುಲಭ ಲಭ್ಯ;<br>ಸುಲಭವಾದ, ಸರಳ | सुलभ लभ्य;<br>सुलभवाद, सरळ | easy of access or approach;<br>easy. |
| **सुघटित** | वि. | जिसका गठन सुन्दर हो, सुडौल । | ಅಂದವಾದ, ಅಚ್ಚುಕಟ್ಟಾದ | अंदवाद, अच्चुकट्टाद | well-constituted, well-built. |
| **सुघड़** | वि. | 1. जिसकी बनावट सुन्दर हो, सुडौल;<br>2. कुशल, निपुण, होशियार । | ನಾಣ್ಯವಾದ, ಚೆನ್ನಾಗಿರುವ;<br>ನಿಪುಣತೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ | नाण्यवाद, चॆन्नागिरुव;<br>निपुणतॆयिंद कूडिद | well-formed, well-made;<br>skilled, efficient. |
| **सुघड़ाई** | स्त्री. | 1. सुघड़पन, सुन्दरता;<br>2. कुशलता, निपुणता । | ಸೌಂದರ್ಯ;<br>ನೈಪುಣ್ಯ | सौंदर्य;<br>नैपुण्य | state of being well-formed, prettiness, beauty;<br>skilfulness. |
| **सुचारु** | वि. | अति सुन्दर, मनोहर, बहुत खूबसूरत । | ಮನೋಹರವಾದ | मनोहरवाद | very lovely or beautiful. |
| **सुजान** | वि. | 1. समझदार, चतुर;<br>2. कुशल, निपुण, प्रवीण;<br>3. सज्जन । | ಚತುರ;<br>ನಿಪುಣ;<br>ಸಜ್ಜನ | चतुर;<br>निपुण;<br>सज्जन | intelligent, clever;<br>skilful, accomplished;<br>gentleman. |
| **सुझाना** | स. क्रि. | 1. किसी के ध्यान में कोई नई बात लाना, नई तरकीब बताना;<br>2. सुझाव के रूप में किसी के सामने कोई नई बात रखना । | ತಿಳಿವಳಿಕೆಗೆ ತರುವಂತೆ ಮಾಡು, ತಿಳಿಸು;<br>ಸಲಹೆ ಮುಂದಿರಿಸು | तिळिवळिकॆगॆ तरुवंतॆ माडु, तिळिसु;<br>सलहॆ मुंदिरिसु | to cause to perceive;<br>to suggest, to propose. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुझाव** | पुं. | वह नई बात जो किसी को सुझाई गई हो या जिसकी ओर ध्यान आकृष्ट किया गया हो । | ಸಲಹೆ | सलहे | suggestion, proposal. |
| **सुड़कना** | स. क्रि. | 1. किसी तरल पदार्थ को नाक की राह से सांस के साथ भीतर खींचना; | ಮೂಗಿನಿಂದ ಸೇದು; | मूगिनिंद सेदु; | to drink through nose; |
| | | 2. पी जाना, उदरस्थ करना । | ಅರಗಿಸಿಕೊಳ್ಳು | अरगिसिकॊळ्ळु | to gulp. |
| **सुडौल** | वि. | सुन्दर डीलडौल या आकारवाला । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ರೂಪುಗೊಂಡ | चॆन्नागि रूपुगॊंड | well-formed, well-shaped. |
| **सुत** | पुं. | पुत्र, आत्मज, बेटा । | ಮಗ | मग | son. |
| **सुतली** | स्त्री. | रुई, सन या पटसन के रेशों को बटकर बनाई हुई डोरी, रस्सी । | ಸುತಲಿ ದಾರ | सुतलि दार | thin rope. |
| **सुता** | स्त्री. | पुत्री, बेटी । | ಮಗಳು | मगळु | daughter. |
| **सुतारी** | स्त्री. | 1. जूता सीने का सूआ; | ಚರ್ಮ ಹೊಲೆಯುವ ಸೂಜಿ; | चर्म हॊलियुव सूजि; | bodkin, awl; |
| | | 2. बढ़ईगिरी । | ಬಡಗಿತನ | बडगितन | carpentry. |
| **सुथना** | पुं. | पाजामा । | ದೊಗಳೆ ಷರಾಯಿ | दॊगळॆ षरायि | loose pyjama. |
| **सुथनी** | स्त्री. | स्त्रियों के पहनने का एक प्रकार का ढीला पाजामा । | ಹೆಂಗಸರು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಸಡಿಲವಾದ ಪಾಯಿಜಾಮ | हॆंगसरु उपयोगिसुवा, ऒंदु बगॆय सडिलवाद पायिजाम | same as 'सुथनी' (esp. applied to those worn by women). |
| **सुथरा** | वि. | स्वच्छ, निर्मल, साफ । | ನಿರ್ಮಲ, ಸ್ವಚ್ಛ | निर्मल, स्वच्छ | tidy, clean, neat. |
| **सुदर्शन** | वि. | जो देखने में अच्छा और भला लगे, सुन्दर । | ಅಂದಕಾಣುವ, ಸುಂದರ | अंदकाणुव, सुंदर | good-looking, beautiful, handsome, pleasing. |
| **सुदी** | स्त्री. | चान्द्रमास का शुक्ल पक्ष । | ಶುಕ್ಲಪಕ್ಷ | शुक्लपक्ष | light half of the lunar month. |
| **सुदूर** | वि. | बहुत दूर, अति दूर । | ಬಹುದೂರದ | बहुदूरद | very distant or remote. |
| **सुदृढ़** | वि. | खूब मजबूत । | ದೃಢವಾದ | दृढवाद | very firm or strong. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुध (सुधि)** | स्त्री. | 1. होश, सचेतनता; | ಚೇತನ; | चेतन; | consciousness, senses; |
| | | 2. स्मृति, याद । | ನೆನಪು | नेनपु | memory, remembrance. |
| **सुध-बुध** | स्त्री. | 1. होश हवास, चेत; | ಚೈತನ್ಯ; | चैतन्य; | consciousness, sense; |
| | | 2. याद । | ಸ್ಮರಣೆಯ ಶಕ್ತಿ | स्मरणेय शक्ति | memory. |
| **सुधरना** | अ. क्रि. | 1. त्रुटि, दोष आदि का दूर होना, बिगड़े हुए का बनना; | ಸರಿಯಾಗು; | सरियागु; | to be rectified, be corrected, to be set right, to be mended, to be repaired; |
| | | 2. अच्छे आचरणों की ओर प्रवृत्त होना । | ಒಳ್ಳೆಯ ನಡತೆಯಲ್ಲಿರು | ऑळ्ळेय नडतॅयल्लिरु | to be reformed, to be improved. |
| **सुधांशु** | पुं. | 1. चन्द्रमा; | ಚಂದ್ರ; | चंद्र; | the moon; |
| | | 2. कपूर । | ಕರ್ಪೂರ | कर्पूर | camphor. |
| **सुधा** | स्त्री. | 1. अमृत, पीयूष; | ಅಮೃತ; | अमृत; | nectar; |
| | | 2. चूना, सफेदी । | ಬಳಿದ ಸುಣ್ಣ | बळिद सुण्ण | white-wash. |
| **सुधार** | पुं. | 1. दोष दूर करने या होने का भाव; | ಸುಧಾರಣೆ; | सुधारणॅ; | reform, improvement, repair; |
| | | 2. वह काट-छांट या संशोधन जो किसी रचना को अच्छा रूप देने के लिए किया जाता है । | ಸಂಶೋಧನೆ | संशोधनॅ | modification, amendment. |
| **सुधारक** | पुं. | 1. सुधार करनेवाला, दोषों को दूर करनेवाला; | ಸುಧಾರಕ | सुधारक | one who corrects or amends, repairer; |
| | | 2. धार्मिक या सामाजिक सुधार के लिए प्रयत्न करनेवाला । | | | reformer. |
| **सुधारना** | स. क्रि. | दोष या त्रुटि दूर करना दुरुस्त करना । | ಶುದ್ಧಪಡಿಸಿ ತಪ್ಪು ಸರಿಮಾಡು | शुद्धपडिसि तप्पु सरिमाडु | to reform, to improve, to mend, to repair. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुनना** | स. क्रि. | 1. श्रवणेन्द्रिय से शब्द ग्रहण करना, कानों से आवाज मालूम करना; | ಕಿವಿಯಿಂದ ಕೇಳು, ಆಲಿಸು; | किवियिंद केळु, आलिसु; | to hear, to listen; |
| | | 2. ध्यान देना; | ಗಮನವಿಡು; | गमनविडु; | to heed, attend to; |
| | | 3. बुरा-भला सहना, फटकारा जाना । | ಬೈಗಳ, ಬೆದರಿಕೆ ಸಹಿಸು | बैगळ, बॆदरिकॆ सहिसु | to bear abuse, to be abused. |
| **सुनवाई** | स्त्री. | 1. सुनने की क्रिया या भाव; | (ಕಿವಿ) ಆಲಿಸುವಿಕೆ; | (किवि) आलिसुविकॆ; | the act of hearing; |
| | | 2. मुकदमे या फरियाद का सुना जाना । | (ಮೊಕದ್ದಮೆ) ವಿಚಾರಣೆ | (मॊकद्दमॆ) विचारणॆ | hearing. |
| **सुनसान** | वि. | निर्जन, जनशून्य, वीरान । | ನಿರ್ಜನವಾದ | निर्जनवाद | lonely, deserted, desolate. |
| **सुनहरा (सुनहला)** | वि. | 1. सोने के रंग का; | ಹೊಂಬಣ್ಣದ; | हॊंबण्णद; | gold-coloured; |
| | | 2. सोने का बना हुआ । | ಚಿನ್ನದಿಂದ ಮಾಡಿದ | चिन्नदिंद माडिद | of gold, golden. |
| **सुनाना** | स. क्रि. | 1. दूसरों को सुनने में प्रवृत्त करना; | ಕಿವಿಗೊಟ್ಟು ಕೇಳುವಂತೆ ಮಾಡು; | किविगॊट्टु केळुवंतॆ माडु; | to cause to hear; |
| | | 2. किसी के सामने या किसी को संबोधित करके कुछ कहना; | ಹೇಳು; | हेळु; | to relate, to recite, to pronounce; |
| | | 3. खरीखोटी कहना, फटकारना । | ಬೈದು ಬೆದರಿಸು | बैदु बॆदरिसु | to rebuke, to chide. |
| **सुनार** | पुं. | सोने-चांदी के आभूषण बनानेवाला, स्वर्णकार । | ಅಕ್ಕಸಾಲೆ | अक्कसालॆ | goldsmith. |
| **सुन्न** | वि. | संवेदनरहित, स्पंदन-हीन । | ಜೋಮು ಹಿಡಿದ, ಸ್ಪರ್ಶಾನುಭವ ಶೂನ್ಯ | जोमु हिडिद, स्पर्शानुभव शून्य | benumbed, etherised. |
| **सुपथ्य** | पुं. | ऐसा आहार या भोजन जो रोगी के लिए हितकर हो, अच्छा पथ्य । | ಒಳ್ಳೆ ಪಥ್ಯ | ऒळ्ळॆ पथ्य | salubrious diet. |
| **सुपात्र** | पुं. | कोई अधिकारी तथा योग्य व्यक्ति । | ಯೋಗ್ಯ, ಪಾತ್ರ | योग्य, पात्र | a very fit or worthy person, a deserving person. |
| **सुपारी** | स्त्री. | 1. नारियल की जाति का एक पेड़; | ಅಡಿಕೆ ಮರ; | अडिकॆ मर; | Areca catechu; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त वृक्ष का फल जो छोटी कड़ी गोलियों के रूप में होता है तथा यों ही अथवा पान के साथ खाया जाता है; | ಅಡಿಕೆ; | अडिकॆ; | arecanut, betal-nut. |
| | | 3. शिश्न का अग्रभाग । | ಶಿಶ್ನಾಗ್ರ | शिश्नाग्र | glans of penis. |
| **सुपुत्र** | पुं. | अच्छा सुशील और योग्य पुत्र । | ಯೋಗ್ಯ ಮಗ | योग्य मग | a good or excellent son. |
| **सुपुर्द** | वि. | किसी को सौंपा हुआ, हवाले किया हुआ । | ವಶಪಡಿಸಿದ | वशपडिसिद | entrusted, committed, charged (with). |
| **सुपुर्दगी** | स्त्री. | सौंपने की क्रिया या भाव । | ವಶಪಡಿಸುವಿಕೆ, ಒಪ್ಪಿಸುವಿಕೆ | वशपडिसुविकॆ, ऑप्पिसुविकॆ | charge, care, delivery. |
| **सुप्त** | वि. | 1. निद्रित, सोया हुआ; | ನಿದ್ರಿಸಿದ; | निद्रिसिद; | sleeping, asleep; |
| | | 2. मुंदा हुआ, संकुचित; | (ಹೂ) ಮುಚ್ಚಿದ; | (हू) मुच्चिद; | closed (as a flower); |
| | | 3. जो अन्दर वर्तमान होते हुए भी कुछ कारणों से दबा हुआ हो और सक्रिय न हो । | ಒಳಗೆ ಅಡಗಿದ | ऑळगॆ अडगिद | latent, dormant. |
| **सुप्रसिद्ध** | वि. | बहुत मशहूर । | ಸುಪ್ರಸಿದ್ಧ | सुप्रसिद्ध | well-known. |
| **सुबह** | स्त्री. | सवेरा, भोर, प्रात:काल । | ಪ್ರಾತಃಕಾಲ | प्रात:काल | dawn, day-break, morning. |
| **सुबुद्धि** | वि. | अच्छी बुद्धिवाला, बुद्धिमान् । | ಬುದ್ಧಿವಂತ | बुद्धिवंत | of good understanding, intelligent, wise. |
| | स्त्री. | अच्छी और उत्तम बुद्धि । | ಒಳ್ಳೆಯ ಬುದ್ಧಿ | ऑळ्ळॆय बुद्धि | good understanding, wisdom . |
| **सुबोध** | वि. | (विषय) जो सहज में समझ में आ जाए, सरल और बोधगम्य । | ಸುಲಭವಾಗಿ ತಿಳಿವಳಿಕೆಗೆ ಬರುವ | सुलभवागि तिळिवळिकॆगॆ बरुव | intelligible, easy. |
| | पुं. | अच्छा बोध या ज्ञान । | ಉತ್ತಮ ಜ್ಞಾನ | उत्तम ज्ञान | good knowledge or intelligence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुभग | वि. | 1. सुन्दर; | ಸುಂದರ; | सुंदर; | beautiful, lovely, charming; |
| | | 2. भाग्यवान् । | ಭಾಗ್ಯವಂತ | भाग्यवंत | possessing good fortune. |
| सुभाषित | पुं. | सुन्दर रूप में कथित उक्ति, सूक्ति । | ಸೂಕ್ತಿ | सूक्ति | a maxim, quotable saying. |
| सुभिक्ष | पुं. | वह काल जब देश में अन्न की बहुतायत हो । | ಸುಭಿಕ್ಷ | सुभिक्ष | period of abundant food. |
| सुभीता | पुं. | 1. आसानी;<br>2. आराम । | ಸುಗಮತೆ;<br>ಅನುಕೂಲತೆ | सुगमतॅ;<br>अनुकूलतॅ | convenience;<br>comfort, ease. |
| सुमन | पुं. | पुष्प, फूल । | ಹೂ | हू | flower. |
| सुमरनी | स्त्री. | जाप करने की छोटी माला । | ಜಪಮಾಲೆ | जपमालॅ | a small rosary. |
| सुयश | पुं. | अच्छा यश, कीर्ति । | ಕೀರ್ತಿ | कीर्ति | good repute, fame,renown. |
| सुयोग | पुं. | बढ़िया मौका, अनुकूल अवसर । | ಉಪಯುಕ್ತ ಸಮಯ | उपयुक्त समय | a favourable juncture, good opportunity. |
| सुरंग | स्त्री. | 1. जमीन खोदकर उसके नीचे बनाया हुआ रास्ता; | ಸುರಂಗ | सुरंग | a tunnel; |
| | | 2. जमीन या समुद्र में रखा जानेवाला बारूद का एक प्रकार का गोला जिसका स्पर्श होने पर विस्फोट होता है और व्यक्ति या जहाज नष्ट हो जाता है । | | | a mine. |
| सुर (स्वर) | पुं. | गले, बाजे आदि से निकलने वाला स्वर । | ಸ್ವರ | स्वर | tone, tune, note (in music). |
| सुरक्षा | स्त्री. | सम्यक्, समुचित रक्षा । | ಭದ್ರತೆ, ರಕ್ಷಣೆ | भद्रतॅ, रक्षणॅ | security. |
| सुरक्षित | वि. | भलीभांति, अच्छी तरह रक्षित । | ರಕ್ಷಣೆಯಲ್ಲಿರಿಸಿದ | रक्षणॅयल्लिरिसिद | well-protected, carefully gaurded. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त वृक्ष का फल जो छोटी कड़ी गोलियों के रूप में होता है तथा यों ही अथवा पान के साथ खाया जाता है; | ಅಡಿಕೆ; | अडिकॆ; | arecanut, betal-nut. |
| | | 3. शिश्न का अग्रभाग । | ಶಿಶ್ನಾಗ್ರ | शिश्नाग्र | glans of penis. |
| सुपुत्र | पुं. | अच्छा सुशील और योग्य पुत्र । | ಯೋಗ್ಯ ಮಗ | योग्य मग | a good or excellent son. |
| सुपुर्द | वि. | किसी को सौंपा हुआ, हवाले किया हुआ । | ವಶಪಡಿಸಿದ | वशपडिसिद | entrusted, committed, charged (with). |
| सुपुर्दगी | स्त्री. | सौंपने की क्रिया या भाव । | ವಶಪಡಿಸುವಿಕೆ, ಒಪ್ಪಿಸುವಿಕೆ | वशपडिसुविकॆ, ऑप्पिसुविकॆ | charge, care, delivery. |
| सुप्त | वि. | 1. निद्रित, सोया हुआ; | ನಿದ್ರಿಸಿದ; | निद्रिसिद; | sleeping, asleep; |
| | | 2. मुंदा हुआ, संकुचित; | (ಹೂ) ಮುಚ್ಚಿದ; | (हू) मुच्चिद; | closed (as a flower); |
| | | 3. जो अन्दर वर्तमान होते हुए भी कुछ कारणों से दबा हुआ हो और सक्रिय न हो । | ಒಳಗೆ ಅಡಗಿದ | ऑळगॆ अडगिद | latent, dormant. |
| सुप्रसिद्ध | वि. | बहुत मशहूर । | ಸುಪ್ರಸಿದ್ಧ | सुप्रसिद्ध | well-known. |
| सुबह | स्त्री. | सवेरा, भोर, प्रात:काल । | ಪ್ರಾತಃಕಾಲ | प्रात:काल | dawn, day-break, morning. |
| सुबुद्धि | वि. | अच्छी बुद्धिवाला, बुद्धिमान् । | ಬುದ್ಧಿವಂತ | बुद्धिवंत | of good understanding, intelligent, wise. |
| | स्त्री. | अच्छी और उत्तम बुद्धि । | ಒಳ್ಳೆಯ ಬುದ್ಧಿ | ऑळ्ळॆय बुद्धि | good understanding, wisdom . |
| सुबोध | वि. | (विषय) जो सहज में समझ में आ जाए, सरल और बोधगम्य । | ಸುಲಭವಾಗಿ ತಿಳಿವಳಿಕೆಗೆ ಬರುವ | सुलभवागि तिळिवळिकॆगॆ बरुव | intelligible, easy. |
| | पुं. | अच्छा बोध या ज्ञान । | ಉತ್ತಮ ಜ್ಞಾನ | उत्तम ज्ञान | good knowledge or intelligence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुर्खी (सुरखी)** | स्त्री. | 1. लाली, ललाई; | ಕೆಂಬಣ್ಣ; | कंबण्ण; | redness; |
| | | 2. लेखों आदि का शीर्षक; | ಶೀರ್ಷಿಕೆ; | शीर्षिकं; | headline; |
| | | 3. ईटों का चूरा जो ईटों की जुड़ाई और फर्श बनाने के काम आता है; | ಇಟ್ಟಿಗೆ ಪುಡಿ; | इट्टिगं पुडि; | brick-dust; |
| | | 4. होठों पर लगाई जानेवाली लाली । | ತುಟಿರಂಗು, ಲಿಪ್‌ಸ್ಟಿಕ್ಕು | तुटिरंगु, लिप्स्टिक्कु | lipstick. |
| **सुलक्षणा** | स्त्री. | अच्छे लक्षणोंवाली स्त्री । | ಲಕ್ಷಣವಂತೆ | लक्षणवंतं | lady having auspicious characteristics. |
| **सुलगना** | अ. क्रि. | इस प्रकार जलना कि उसमें से लपट न निकले बल्कि धुंआ निकले । | ಹೊಗೆಯಾಡು | होंगंयाडु | to smoulder, to begin to burn. |
| **सुलगाना** | स. क्रि. | 1. ऐसा प्रयास करना जिससे कोई वस्तु सुलगने लगे; | (ಬೆಂಕಿ) ಹತ್ತಿಸು; | (बंकि) हत्तिसु; | to kindle, to ignite, to burn; |
| | | 2. भड़काना, झगड़ा उकसाना । | ಕೆರಳಿಸು | कंरळिसु | to incite, to rouse. |
| **सुलझना** | अ. क्रि. | किसी समस्या अथवा उलझी हुई डोर आदि की पेचीदगी का दूर होना । | ಸಿಕ್ಕು ಬಿಡು | सिक्कु बिडु | to be disentangled, to be solved. |
| **सुलझाना** | स. क्रि. | किसी समस्या अथवा उलझी हुई डोर आदि की पेचीदगी को दूर करना । | ಸಿಕ್ಕು ಬಿಡಿಸು | सिक्कु बिडिसु | to solve, to set right, to disentangle. |
| **सुलफा** | पुं. | 1. चरस; | ಚರಸ್, ಬಂಗಿ; | चरस्, बंगि; | intoxicating drug; |
| | | 2. तम्बाकू की चिलम भरने का वह प्रकार जिसमें मिट्टी के तवे का प्रयोग नहीं होता है । | ಹೆಂಚಿನ ಬಿಲ್ಲೆಯನ್ನು ಬಳಸದೆಯೆ ಚುಂಗಾಣಿಯಲ್ಲಿ ತಂಬಾಕುವನ್ನು ತುಂಬುವ ಒಂದು ಪದ್ಧತಿ | हंचिन बिल्लंयन्नु बळसदंयं चुंगाणि-यल्लि तंबाकुवन्नु तुंबुव आंदु पद्धति | tobacco smoked in an earthen pipe without placing a tile in the pipe. |
| **सुलभ** | वि. | जो आसानी से मिल जाए, जिसे प्राप्त करने में विशेष कठिनाई न हो । | ಸುಲಭ | सुलभ | easily available, handy. |
| **सुलह** | स्त्री. | 1. दो राष्ट्रों में युद्ध के बाद होनेवाला मेल, संधि; | ಸಂಧಿ, ಯುದ್ಧಾನಂತರದ ಸ್ನೇಹ ; | संधि, युद्धानंतरद स्नेह; | truce, treaty; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. लड़ाई या झगड़े के बाद किया जानेवाला समझौता । | ಜಗಳದ ನಂತರ ಸಮಾಧಾನವಾಗುವಿಕೆ | जगळद नंतर समाधानवागुविकें | reconciliation, compromise. |
| सुलहनामा | पुं. | वह कागज जिसमें सुलह की शर्तें लिखी गई हों, राजीनामा, संधिपत्र । | ಸಂಧಿಪತ್ರ | संधिपत्र | treaty of peace, deed of compromise. |
| सुलाना | स. क्रि. | किसी को सोने में प्रवृत्त करना । | ಮಲಗಿಸು | मलगिसु | to cause to sleep, to lull. |
| सुलेख | पुं. | अच्छा या उत्तम लेख, सुन्दर लेख । | ಒಳ್ಳೆಯ ಬರವಣಿಗೆ | ओळ्ळेय बरवणिगें | good handwriting. |
| सुवर्ण | पुं. | सोना नामक धातु, स्वर्ण । | ಚಿನ್ನ | चिन्न | gold. |
| सुवास | स्त्री. | अच्छी महक, खुशबू, सुगंध । | ಸುವಾಸನೆ | सुवासनें | sweet smell, fragrance. |
| सुवासित | वि. | सुवासयुक्त, सुगंधित । | ಸುವಾಸನೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ | सुवासनेंयिंद कूडिद | well-scented or perfumed. |
| सुविचारित | वि. | अच्छी तरह सोचा-समझा हुआ । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಆಲೋಚಿಸಿದ | चेन्नागि आलोचिसिद | well-considered. |
| सुविधा | स्त्री. | दे. 'सुभीता' । | ಅನುಕೂಲತೆ | अनुकूलतें | see 'सुभीता'. |
| सुशील | वि. | जिसका शील (प्रवृत्ति तथा स्वभाव) अच्छा हो, सज्जन तथा सदाचारी । | ಶೀಲವಂತ, ಸದಾಚಾರಿ | शीलवंत, सदाचारि | good natured, good tempered. |
| सुश्री | स्त्री. | आजकल स्त्रियों के नाम के पूर्व आदरसूचनार्थ लगाया जानेवाला शब्द, सुंदर, अच्छी श्री से युक्त । | ಹೆಂಗಸರ ಹೆಸರಿ ನೊಂದಿಗೆ ಗೌರವ ಸೂಚಿಸಲು ಸೇರಿ ಸುವ ಶಬ್ದ-ಸುಶ್ರೀ | हेंगसर हेंसरि-नोंदिगें गौरव सूचिसलु सेरिसुव शब्द- सुश्री | an honorific word prefixed to the name of a woman. |
| सुषमा | स्त्री. | परम शोभा, अति सुन्दरता । | ಸುಂದರ, ಸೌಂದರ್ಯ | सुंदर, सौंदर्य | exquisite beauty, splendour. |
| सुषुप्त | वि. | 1. गहरी नींद में सोया हुआ; 2. (गुण या तत्व) जो निष्क्रिय अवस्था में किसी वस्तु में स्थित हो । | ನಿದ್ರಿಸಿದ; ಸುಷುಪ್ತಿ | निद्रिसिद; सुषुप्ति | fast asleep; dormant. |
| सुषुप्तावस्था | स्त्री. | प्रगाढ़ नींद की अवस्था । | ನಿದ್ರಾವಸ್ಥೆ | निद्रावस्थें | state of deep |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुषुप्ति** | स्त्री. | 1. गहरी नींद; | ಗಾಢ ನಿದ್ರೆ; | गाढ निद्रे; | deep or profound sleep; |
| | | 2. वेदान्त के अनुसार जीवन की अज्ञानावस्था । | (ವೇದಾಂತ) ಅಜ್ಞಾನದ ಸ್ಥಿತಿ | (वेदांत) अज्ञानद स्थिति | spiritual ignorance. |
| **सुसंगति** | स्त्री. | अच्छा संग-साथ, सत्संग । | ಉತ್ತಮ ಸಹವಾಸ | उत्तम सहवास | good company, association or companionship of the good. |
| **सुसंस्कृत** | वि. | 1. सुन्दर संस्कारों से युक्त; 2. भलीभांति संस्कार किया हुआ । | ಒಳ್ಳೆಯ ಸಂಸ್ಕಾರಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ; ಸಂಸ್ಕಾರದಿಂದ ಉತ್ತಮಗೊಳಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | ऑळ्ळॆय संस्कार-गळिंद कूडिद; संस्कारदिंद उत्तमगॊळिसल्पट्ट | well-cultured; refined. |
| **सुसज्जित** | वि. | भलीभांति सजा या सजाया हुआ । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಸಜ್ಜುಗೊಳಿಸಿದ, ಅಲಂಕರಿಸಿದ | चॆन्नागि सज्जुगॊळिसिद, अलंकरिसिद | well-equipped. |
| **सुस्त** | वि. | 1. जिसकी तीव्रता या प्रबलता कम हो गई हो, जिसकी गति या वेग मंद हो गया हो; | ಮಂದಗತಿಯುಳ್ಳ; | मंदगतियुळ्ळ; | slow; |
| | | 2. जिसे कोई काम करने पर कोई बात समझने में उचित से अधिक समय लगता हो; | ಮಂದಬುದ್ಧಿ; | मंदबुद्धि; | dull, lazy, slack, idle; |
| | | 2. उदास, उत्साहरहित । | ಉತ್ಸಾಹವಿಲ್ಲದ | उत्साहविल्लद | depressed, spiritless. |
| **सुस्ताना** | अ. क्रि. | थकावट दूर करना, थोड़ी देर के लिए आराम करना । | ಆಯಾಸ ಪರಿಹಾರವಾಗು, ವಿಶ್ರಮಿಸು | आयास परिहारवागु, विश्रमिसु | to take repose, to relax, to rest. |
| **सुस्ती** | स्त्री. | सुस्त होने की अवस्था या भाव । | ಸೋಮಾರಿತನ, ಆಲಸ್ಯ | सोमारितन, आलस्य | dullness, indolence, idleness, laziness, slowness. |
| **सुस्वादु** | वि. | बहुत जायकेदार, अत्यन्त स्वादयुक्त । | ರುಚಿಯಾಗಿರುವ | रुचियागिरुव | delicious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुहाग** | पुं. | 1. विवाहिता स्त्री की वह स्थिति जिसमें उसका पति जीवित हो, सौभाग्य; | ಸೌಭಾಗ್ಯ; | सौभाग्य; | the happy state of a wife when her husband is alive, good fortune; |
| | | 2. विवाह के समय कन्यापक्ष में गाये जानेवाले मांगलिक गीत । | ಮದುವೆ ಹಾಡು | मदुवॆ हाडु | a kind of marriage song. |
| **सुहागा** | पुं. | एक क्षार द्रव्य जो सोना गलाने और दवा के काम आता है । | ಬಿಳಿಗಾರ | बिळिगार | borax. |
| **सुहागिन (सुहागिनी)** | स्त्री. | वह स्त्री जिसका पति जीवित हो, सधवा । | ಸುಮಂಗಲಿ | सुमंगलि | a woman whose husband is alive. |
| **सुहाना** | अ. क्रि. | 1. भला लगना, पसन्द आना, भाना; | ಶೋಭಿಸು; | शोभिसु; | to be pleasing, to be agreeable, to appeal; |
| | | 2. शोभित होना । | ಅಂದಕಾಣು | अंदकाणु | to look charming. |
| **सुहावना (सुहाना)** | वि. | सुन्दर, भला लगनेवाला । | ಅಂದವಾದ | अंदवाद | pleasant, beautiful, charming. |
| **सुहृद** | पुं. | मित्र । | ಮಿತ್ರ, ಸ್ನೇಹಿತ | मित्र, स्नेहित | friend. |
| **सूंघना** | स. क्रि. | 1. नाक से गंध ग्रहण करना, बास लेना; | ಮೂಸು; | मूसु; | to sniff, to smell; |
| | | 2. बहुत कम खाना । | ಮಿತವಾಗಿ ತಿನ್ನು | मितवागि तिन्नु | to eat very little. |
| **सूंड** | स्त्री. | हाथी की स्तंभाकार नाक जो नीचे लटकती रहती है । | ಸೊಂಡಿಲು | सॊंडिलु | elephant's trunk. |
| **सूअर** | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध जन्तु जो मुख्यत: दो प्रकार का होता है – (1) पालतू (2) जंगली । पालतू छोटा और डरपोक होता है तथा जंगली शक्तिशाली और हिंसक; | ಹಂದಿ; | हंदि; | boar, pig; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक प्रकार की गाली । | ಒಂದು ಬೈಗಳ | आंदु बैगळ | a word of abuse – swine. |
| **सूक्ति** | स्त्री. | अच्छे और सुन्दर ढंग में कही हुई कोई बात, अच्छी उक्ति । | ಸೂಕ್ತಿ, ಒಳ್ಳೆಯ ಮಾತು, ಒಳ್ಳೆಯ ನುಡಿ | सूक्ति, आॅळ्ळॆय मातु, आॅळ्ळॆय नुडि | maxim, epigram. |
| **सूक्ष्म** | वि. | 1. जो जल्दी सबकी समझ में न आ सके; | ಶೀಘ್ರ ಗ್ರಹಣ ಶಕ್ತಿಯುಳ್ಳ; | शीघ्र ग्रहण शक्तियुळ्ळ; | subtle, minute; |
| | | 2. बहुत बारीक, पतला, अणुरूप; | ನವಿರಾದ; | नविराद; | fine, thin, atomic; |
| | | 3. बारीक बातों को देखने-समझने में समर्थ (दृष्टि, बुद्धि) । | ಸಣ್ಣ ವಿಷಯ ಗಳನ್ನೂ ನೋಡುವ ದೃಷ್ಟಿ-ಬುದ್ಧಿ | सण्ण विषयगळन्नू नोडुव दृष्टि-बुद्धि | sharp. |
| **सूक्ष्मदर्शक** | पुं. | खुर्दबीन, अण्वीक्षण यंत्र । | ಸೂಕ್ಷ್ಮದರ್ಶಕ | सूक्ष्मदर्शक | microscope. |
| **सूक्ष्मदर्शी** | वि. | बारीक बातें सोचने समझने-वाला, बहुत बुद्धिमान् । | ಸೂಕ್ಷ್ಮ ಬುದ್ಧಿಯುಳ್ಳ | सूक्ष्म बुद्धियुळ्ळ | keen observer, keen-eyed. |
| **सूखना** | अ. क्रि. | 1. आर्द्रता या तरी का नष्ट हो जाना; | ಒಣಗು; | आॅणगु; | to dry up, to evaporate; |
| | | 2. दुबला होना, क्षीण होना; | ಕ್ಷಯಿಸು; | क्षयिसु; | to become emaciated, to get lean and thin; |
| | | 3. वनस्पति आदि का मुरझाना । | ಬಾಡು | बाडु | to wither. |
| **सूखा** | वि. | 1. शुष्क, रसहीन; | ಒಣಗಿದ; | आॅणगिद; | dry, sapless; |
| | | 2. जिसमें सरसता, भावुकता आदि कोमल गुणों का अभाव हो । | ರಸಜ್ಞತೆಯಿಲ್ಲದ | रसज्ञतॆयिल्लद | not given to emotion. |
| | पुं. | पानी न बरसने की दशा या समय, अनावृष्टि । | ಕ್ಷಾಮ, ಅನಾವೃಷ್ಟಿ | क्षाम, अनावृष्टि | drought. |
| **सूचक** | पुं. | सूचित करने या बतानेवाला व्यक्ति । | ಸೂಚನೆ ಕೊಡುವ ವ್ಯಕ್ತಿ | सूचनॆ कॊडुव व्यक्ति | indicator. |
| | वि. | बोधक, ज्ञापक । | ಸೂಚಿಸುವ | सूचिसुव | indicative. |
| **सूचना** | स्त्री. | कुछ बताने या जताने के लिए कही या लिखी गई बात, इत्तिला । | ಸೂಚನೆ | सूचनॆ | information, intimation, notice. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सूचि (सूचिका)** | स्त्री. | 1. छेद करने का कोई आला; | ರಂಧ್ರ ಮಾಡುವ ಸೂಜಿ; | रंध्र माडुव सूजि; | needle or any sharp pointed instrument; |
| | | 2. ग्रन्थ के विषयों की तालिका । | (ಗ್ರಂಥದ) ವಿಷಯ ಸೂಚಿ | (ग्रंथद) विषय सूचि | index, table of contents (of a book). |
| **सूची** | स्त्री. | 1. कपड़ा आदि सीने की सुई; | ಸೂಜಿ; | सूजि; | needle; |
| | | 2. किसी प्रकार की वस्तुओं, नामों, बातों आदि का क्रमबद्ध लेखा या विवरण । | ವಿವರಣೆಯ ಪಟ್ಟಿ | विवरणेय पट्टि | list. |
| **सूचीपत्र** | पुं. | वह पुस्तक या पत्र जिसमें पुस्तकों या किसी वस्तु की नामावली, विषय और दाम आदि दिए गए हों । | ಸೂಚಿಪತ್ರ | सूचिपत्र | catalogue. |
| **सूजन** | स्त्री. | सूजने का भाव या स्थिति, वरम, शोथ | ಊತ, ಬಾವು | ऊत, बावु | swelling, inflammation. |
| **सूजना** | अ. क्रि. | रोग, चोट, वात आदि के कारण शरीर के किसी अंग का अधिक फूल या फैल जाना। | ಊದು, ಬಾತುಕೊಳ್ಳು | ऊदु, बातुकोळ्ळु | to swell, to be or become inflamed. |
| **सूजी** | स्त्री. | गेहूं का रवेदार आटा जो हलवा आदि बनाने के काम आता है । | ರವೆ | रवे | semola, semolina. |
| **सूझ** | स्त्री. | 1. मन में उत्पन्न होनेवाली कोई ऐसी नई बात जो अनोखी और असाधारण हो, उद्‌भावना, उपज; | ತಿಳಿವಳಿಕೆಗೆ ಬಂದದ್ದು, ಕಲ್ಪನೆ; | तिळिवळिकॆगॆ बंददु, कल्पनॆ; | idea, concept, imagination; |
| | | 2. दृष्टि या नज़र । | ದೃಷ್ಟಿಗೋಚರವಾದದ್ದು | दृष्टिगोचरवाददु | sight, vision, perception. |
| **सूझना** | अ. क्रि. | 1. दिमाग या ध्यान में आना; | ಹೊಳೆಯು, ಬುದ್ಧಿಗೋಚರವಾಗು; | हॊळॆयु, बुद्धिगोचरवागु; | to occur to one's mind; |
| | | 2. दृष्टि में आना, दिखाई देना । | ಗೋಚರಿಸು | गोचरिसु | to be or become visible, to appear. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सूझबूझ | स्त्री. | सोचने-समझने की शक्ति । | ಯೋಚಿಸಿ ತಿಳಿದು ಕೊಳ್ಳುವ ಶಕ್ತಿ | योचिसि तिळिदु-कॊळ्ळुव शक्ति | intelligence, understanding, imaginadon. |
| सूत | पुं. | 1. तंतु, धागा, डोरा; | ದಾರ; | दार; | thread, string, yarn; |
| | | 2. लकड़ी या पत्थर पर निशान डालने की डोरी; | ಸೂತ್ರದ ದಾರ | सूत्रद दार; | a thread to mark on stone or wood; |
| | | 3. एक प्रकार का नाप; | ಒಂದು ಅಳತೆ; | ऒंदु अळतॆ; | a measure of length; |
| | | 4. रथ हांकने वाला, सारथि; | ಸಾರಥಿ; | सारथि; | a charioteer; |
| | | 5. चारण, भाट । | ಚಾರಣ | चारण | bard. |
| सूतक | पुं. | 1. जन्म; | ಜನ್ಮ, ಹುಟ್ಟುವಿಕೆ; | जन्म, हुट्टुविकॆ; | birth. |
| | | 2. घर में संतान उत्पन्न होने पर परिवारवालों को लगनेवाला अशौच । | ಆಶೌಚ | आशौच | impurity caused by child-birth. |
| सूतिका | स्त्री. | वह स्त्री या मादा जिसने हाल ही में बच्चा जना हो, सद्य:प्रसूता । | ಹೊಸ ಬಾಣಂತಿ, ಆಗತಾನೆ ಹಡೆದವಳು | हॊस बाणंति, आगताने हडॆदवळु | a woman or female who has recently given birth to a child. |
| सूती | वि. | सूत का बना हुआ । | ಹತ್ತಿ ದಾರದಿಂದ ತಯಾರಿಸಿದ | हत्ति दारदिंद तयारिसिद | made of cotton thread. |
| सूत्र | पुं. | 1. पतला और महीन डोरा या तागा; | ದಾರ; | दार; | thread, string; |
| | | 2. यज्ञोपवीत, जनेऊ; | ಜನಿವಾರ; | जनिवार; | sacred thread; |
| | | 3. बहुत थोड़े शब्दों में कहा हुआ कोई ऐसा कथन या पद जिसमें गूढ़ अर्थ भरा हो; | ಸೂತ್ರ; | सूत्र; | precept, axiom; |
| | | 4. संकेत, पता, सुराग; | ಸಂಕೇತ; | संकेत; | clue; |
| | | 5. वह सांकेतिक पद या शब्द जिसमें कोई वस्तु बनाने या कार्य करने के मूल सिद्धान्त, प्रक्रिया आदि का संक्षिप्त विधान निहित हो । | ಸಂಕೇತದಿಂದ ಸಿದ್ಧಾಂತವನ್ನು ತಿಳಿಸುವ ಪದ | संकेतदिंद सिद्धांतवन्नु तिळिसुव पद | formula. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सूत्रधार** | पुं. | नाट्यशाला का व्यवस्थापक या प्रधान नट । | (ನಾಟಕ) ಸೂತ್ರಧಾರ | (नाटक) सूत्रधार | stage-manager or the principal actor in a dramatic performance. |
| **सूत्रपात** | पुं. | किसी नए तथा बड़े कार्य का होनेवाला आरम्भ, शुरूआत । | ಪ್ರಾರಂಭ | प्रारंभ | beginning, commencement. |
| **सूद** | पुं. | ऋण के रूप में दिए गए धन के बदले में दिया या लिया जानेवाला वह धन जो मूलधन के अतिरिक्त होता है, ब्याज । | ಬಡ್ಡಿ | बड्डि | interest. |
| **सूदखोर** | पुं. | ब्याज लेनेवाला, ब्याज से जीविका चलानेवाला । | ಬಡ್ಡಿಯಿಂದಲೇ ಜೀವಿಸುವವ | बड्डियिंदले जीविसुवव | usurer. |
| **सूददरसूद** | पुं. | उधार दिए हुए धन के ब्याज पर भी जोड़ा जानेवाला ब्याज । | ಬಡ್ಡಿಗೆ ಬಡ್ಡಿ, ಚಕ್ರಬಡ್ಡಿ | बड्डिगे बड्डि, चक्रबड्डि | compound interest. |
| **सूना** | वि. | जनहीन, निर्जन । | ನಿರ್ಜನ, ಶೂನ್ಯವಾದ | निर्जन, शून्यवाद | lonely, desolate. |
| **सूप** | पुं. | अनाज फटकने के लिए सींक आदि का बना पात्र, छाज । | ಮೊರ | मॊर | winnowing basket. |
| **सूफियाना (सोफियाना)** | वि. | सूफियों की तरह का सादा परन्तु सुन्दर । | ಆಡಂಬರವಿಲ್ಲದ ಸುಂದರವಾಗಿರುವ | आडंबरविल्लद सुंदरवागिरुव | like a sufi, simple, plain. |
| **सूफी** | वि. | 1. संत; | ಸಂತ ಮಹಾತ್ಮ; | संत महात्म; | saintly; |
| | | 2. पवित्र । | ಪವಿತ್ರವಾದ | पवित्रवाद | pious. |
| | पुं. | 1. मुसलमानों का एक रहस्यवादी सम्प्रदाय; | ಮುಸಲ್ಮಾನರ ಒಂದು ಮತ ಸಂಪ್ರದಾಯ; | मुसल्मानर ऒंदु मत संप्रदाय; | a Muslim sect; |
| | | 2. उक्त सम्प्रदाय का अनुयायी । | ಸೂಫೀ ಸಂಪ್ರದಾಯದ ಅನುಯಾಯಿ | सूफी संप्रदायद अनुयायि | follower of Sufi sect. |
| **सूबा** | पुं. | किसी देश का कोई विशिष्ट खंड या भाग, प्रांत, प्रदेश । | ಪ್ರಾಂತ | प्रांत | province. |
| **सूबेदार** | पुं. | 1. किसी सूबे या प्रांत का प्रधान अधिकारी; | ಪ್ರಾಂತದ ಪ್ರಧಾನ ಅಧಿಕಾರಿ; | प्रांतद प्रधान अधिकारि; | the chief or Governor of a province; |
| | | 2. फौज का एक छोटा अफसर । | ಸೈನ್ಯದ ಚಿಕ್ಕ ಅಧಿಕಾರಿ | सैन्यद चिक्क अधिकारि | a military rank and the junior commissioned officer who holds |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सूम** | पुं. | कंजूस, कृपण । | ಜಿಪುಣ | जिपुण | miser, niggard. |
| **सूरज** | पुं. | सूर्य, रवि । | ಸೂರ್ಯ | सूर्य | the sun. |
| **सूरजमुखी** | पुं. | एक प्रकार का पौधा जिसमें पीले रंग का बहुत बड़ा फूल लगता है, इस पौधे का फूल जो प्रात: से संध्या तक प्राय: सूर्य की ओर ही मुंह किए रहता है । | ಸೂರ್ಯಕಾಂತಿ ಗಿಡ, ಹೂ | सूर्यकांति गिड, हू | sunflower, its plant and flower. |
| **सूरत** | स्त्री. | 1. आकृति, शकल; | ಆಕೃತಿ; | आकृति; | figure, shape, face, form; |
| | | 2. अवस्था, दशा; | ಸ್ಥಿತಿ; | स्थिति; | state, condition; |
| | | 3. किसी जटिल समस्या के निराकरण के लिए सोचा हुआ उपाय या युक्ति । | ಯುಕ್ತಿ | युक्ति | idea, manner, way out. |
| **सूरमा** | पुं. | योद्धा, वीर, बहादुर । | ವೀರ | वीर | warrior, brave, valiant. |
| **सूराख** | पुं. | छेद, छिद्र । | ರಂಧ್ರ | रंध्र | hole, opening, orifice. |
| **सूर्य** | पुं. | सौर मंडल का प्रधान पिंड या तारा जिसकी प्रदक्षिणा पृथ्वी और मंडल के अन्य ग्रह करते हैं तथा जो पृथ्वी को प्रकाश और उष्णता देता है, आदित्य, रवि । | ಸೂರ್ಯ | सूर्य | the sun. |
| **सूर्यग्रहण** | पुं. | चन्द्रमा की छाया पड़ने से सूर्यबिम्ब का छिप जाना । | ಸೂರ್ಯಗ್ರಹಣ | सूर्यग्रहण | solar eclipse. |
| **सूर्यास्त** | पुं. | 1. सूर्य का अस्त होना; | ಸೂರ್ಯಾಸ್ತ; | सूर्यास्त; | sun-set; |
| | | 2. सूर्य के अस्त होने का समय । | ಸೂರ್ಯನ ಮುಳುಗುವ ಸಮಯ | सूर्यन मुळुगुव समय | time of sun-set. |
| **सूर्योदय** | पुं. | 1. सूर्य का उदित होना या निकलना; | ಸೂರ್ಯೋದಯ; | सूर्योदय; | sunrise; |
| | | 2. सूर्य के उदित होने का समय, प्रात:काल । | ಪ್ರಾತಃಕಾಲ | प्रात:काल | time of sunrise, morning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सूली** | स्त्री. | प्राण-दंड की एक प्राचीन प्रणाली जिसमें दंडित मनुष्य एक नुकीले लोहे के डंडे पर बैठा दिया जाता था और उसके सिर पर मुंगरे से आघात किया जाता था जिससे उसका सारा शरीर ऊपर से नीचे तक पिस जाता था और वह मर जाता था । | ಶೂಲ, ಮರಣ ದಂಡನೆಗಾಗಿ ಅಪರಾಧಿಯನ್ನು ಏರಿಸಿ ಕೂಡಿಸುತ್ತಿದ್ದ ಶೂಲ | शूल, मरण दंडनॆगागि अपराधियन्नु एरिसि कूडिसुत्तिद्द शूल | gallows, gibbet. |
| **सृष्टि** | स्त्री. | 1. यह सारा विश्व तथा इसके सभी प्राणी तथा पदार्थ; | ಸೃಷ್ಟಿ; | सृष्टि; | world; universe; |
| | | 2. निर्माण, रचना । | ನಿರ್ಮಾಣ | निर्माण | creation. |
| **सेंक** | पुं. | 1. सेंकने की क्रिया या भाव; | ಕಾವಿನಲ್ಲಿ ಸುಡುವಿಕೆ; | काविनल्लि सुडुविकॆ; | act of fomenting, baking; |
| | | 2. ताप, गरमी । | ಕಾವು | कावु | heat, warmth. |
| **सेंकना** | स. क्रि. | 1. आग पर पकाना; | ಕೆಂಡದ ಮೇಲೆ ಸುಡು; | कॆंडद मेलॆ सुडु; | to toast, parch; |
| | | 2. गरम करना; | ಬಿಸಿ ಮಾಡು; | बिसि माडु; | to warm, heat; |
| | | 3. शरीर को गरमी या धूप देना । | ಕಾವು ಕೊಡು | कावु कॊडु | to foment. |
| **सेंत-मेंत** | क्रि. वि. | मुफ्त में, बिना काम दिए । | ಉಚಿತವಾಗಿ | उचितवागि | free of cost, gratis, free of charge. |
| **सेंतना** | स. क्रि. | 1. संभालकर रखना; | ಎಚ್ಚರದಿಂದ ಭದ್ರಪಡಿಸು; | ऎच्चरदिंद भद्रपडिसु; | to preserve carefully, to take care of; |
| | | 2. एकत्र करना, बटोरना । | ಸೇರಿಸು, ಒಂದು ಗೂಡಿಸು | सेरिसु, ऒंदुगूडिसु | to collect, accumulate. |
| **सेंध** | स्त्री. | चोर द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर वह किसी कमरे आदि में घुसता है । | ಕನ್ನ, ಮನುಷ್ಯ ಹಿಡಿಸುವಷ್ಟು ದೊಡ್ಡ ರಂಧ್ರ | कन्न, मनुष्य हिडिसुवष्टु दॊड्ड रंध्र | hole in a wall made by the burglars for house-breaking. |
| **सेंधा** | पुं. | सिंधु नदी के पास में निकलने वाला एक खनिज नमक । | ಸೈಂಧವ ಲವಣ | सैंधव लवण | rock-salt. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सेंहुड़** | पुं. | थूहर । | ಕಳ್ಳಿ ಗಿಡ | कळ्ळि गिड | a kind of cactus. |
| **से** | प्रत्य. | करण और अपादान कारक का चिह्न । | ಇಂದ, ದೆಶೆಯಿಂದ – ಗಳ ಪ್ರತ್ಯಯ | इंद, दॆशॆयिंद – गळ प्रत्यय | from, out of, with. |
| **सेक** | पुं. | पानी से सींचने की क्रिया या भाव, सिंचाई, आर्द्र करना । | ಸಿಂಪಡಿಸುವಿಕೆ | सिंपडिसुविकॆ | sprinkling, watering (trees). |
| **सेचन** | पुं. | सिंचाई, छिड़काव । | ಚಿಮುಕಿಸುವಿಕೆ | चिमुकिसुविकॆ | sprinkling, watering, irrigation. |
| **सेज** | स्त्री. | बिछौना, विशेषतः सुन्दर और कोमल बिछौना । | ಸುಪ್ಪತ್ತಿಗೆ | सुप्पत्तिगॆ | bed, couch. |
| **सेठ** | पुं. | बहुत धनवान या सम्पन्न व्यक्ति । | ಸೇಟು, ಹಣವಂತ | सेटु, हणवंत | moneyed man, wealthy merchant. |
| **सेतु** | पुं. | नदी आदि पार करने के लिए बनाया हुआ रास्ता, पुल । | ಸೇತುವೆ | सेतुवॆ | bridge in general. |
| **सेना** | स्त्री. | रण-शिक्षा प्राप्त सशस्त्र व्यक्तियों का दल, फौज । | ಸೈನ್ಯ | सैन्य | army, military, body of troops. |
| **सेनानी** | पुं. | सेनापति, सिपहसालार । | ಸೇನಾಪತಿ | सेनापति | commander of the army. |
| **सेनापति** | पुं. | सेना का नायक, फौज का अफसर । | ಸೇನಾನಾಯಕ | सेनानायक | military chief, commander. |
| **सेम** | स्त्री. | एक प्रकार की फली जिसकी तरकारी खाई जाती है । | ಚಪ್ಪರದವರೆ ಕಾಯಿ | चप्परदवरॆ कायि | bean. |
| **सेमल** | पुं. | एक बहुत बड़ा पेड़ जिसके फल में से एक प्रकार की रूई निकलती है, उक्त वृक्ष के फल की रूई । | ಬೂರುಗದ ಗಿಡ, ಹತ್ತಿ, ಹೂ | बूरुगद गिड, हत्ति, हू | silk-cotton tree and its flower. |
| **सेर** | पुं. | एक मान या तोल जो सोलह छटाक या अस्सी तोले की होती है । | (ಅಳತೆ-ತೂಕ) ಸೇರು | (अळते-तूक) सेरु | seer, a measure or weight equivalent to sixteen chhatanks or a little over two lbs. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सेवई (सेंवई)** | स्त्री. | मैदे के सुखाये हुए बहुत पतले सेव या लच्छे जो घी में तलकर या दूध में पकाकर खाये जाते हैं । | ಶಾವಿಗೆ | शाविगॆ | vermicelli. |
| **सेला** | पुं. | 1. रेशमी चादर या साफा (वर आदि का); | ರೇಶ್ಮೆ ಶಲ್ಯ, ತಲೆಪಾಗು; | रेश्मॆ शल्य, तलॆपागु; | a kind of silken sheet of cloth or turban; |
| | | 2. भुंजिया चावल । | ಕುಸುಬಲಕ್ಕಿ | कुसुबलक्कि | a kind of rice. |
| **सेव** | पुं. | तेल से बननेवाला सूत या डोरी जैसा पकवान जो नमकीन या मीठा होता है । | ಸಿಹಿ ಸೇವು, ಕಾರಾ ಸೇವು | सिहि सेवु, कारा सेवु | a kind of sweet or saltish like preparation of gram flour. |
| **सेवक** | पुं. | 1. सेवा या खिदमत करने-वाला, नौकर; | ಸೇವಕ, ಆಳು; | सेवक, आळु; | servant, attendant; |
| | | 2. भक्त, आराधक । | ಭಕ್ತ | भक्त | worshipper, devotee. |
| **सेवन** | पुं. | 1. नियमित रूप से किया जानेवाला प्रयोग या व्यवहार; | ಉಪಯೋಗ; | उपयोग; | regular use; |
| | | 2. उपभोग । | ಉಪಭೋಗ | उपभोग | consumption. |
| **सेवनीय** | वि. | जिसका सेवन करना आवश्यक या उचित हो । | ಉಪಯೋಗಾರ್ಹ | उपयोगार्ह | worth-taking, worth-using. |
| **सेवा** | स्त्री. | 1. परिचर्या, खिदमत; | ಸೇವೆ; | सेवॆ; | service, attendance; |
| | | 2. पूजा, आराधना; | ಪೂಜೆ; | पूजॆ; | worship, homage; |
| | | 3. सार्वजनिक अथवा राजकीय कार्यों का कोई विशेष विभाग जिसके जिम्मे कोई विशेष प्रकार का काम हो । | ನೌಕರಿ | नौकरि | service in general. |
| **सेवा-टहल** | स्त्री. | खिदमत, शुश्रूषा, परिचर्या । | ಪರಿಚರ್ಯೆ, ಸೇವೆ, ಶುಶ್ರೂಷೆ | परिचर्यॆ, सेवॆ, शुश्रूषॆ | service, servitude. |
| **सेवावृत्ति** | स्त्री. | सेवा द्वारा प्राप्त जीविका, नौकरी । | ನೌಕರಿ, ಸೇವಾವೃತ್ತಿ | नौकरि, सेवावृत्ति | service. |
| **सेविका** | स्त्री. | दासी, परिचारिका, नौकरानी । | ಸೇವಿಕೆ, ಪರಿಚಾರಿಕೆ | सेविकॆ, परिचारिकॆ | female servant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सेवित** | वि. | 1. जिसकी सेवा या टहल की गई हो; | ಸೇವಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | सेविसल्पट्ट; | served, attended, waited on; |
| | | 2. जिसका उपयोग या व्यवहार किया गया हो । | ಉಗಭೋಗಿಸಿದ | उपभोगिसिद | enjoyed, used. |
| **सेव्य** | वि. | 1. सेवा करने योग्य; | ಸೇವಾಯೋಗ್ಯ; | सेवायोग्य; | to be served, fit or deserving; |
| | | 2. आराध्य, पूज्य; | ಪೂಜಾರ್ಹ; | पूजार्ह; | worthy of being worshipped; |
| | | 3. व्यवहार में लाने योग्य । | ಉಪಭೋಗ ಯೋಗ್ಯ | उपभोग योग्य | consumable. |
| **सेहत** | स्त्री. | स्वास्थ्य, तन्दुरुस्ती, आरोग्य । | ಆರೋಗ್ಯ ಸ್ಥಿತಿ | आरोग्य स्थिति | health, soundness of body. |
| **सेहरा** | पुं. | 1. विवाह के समय वर के पहनने का फूलों आदि का बना मुकुट, मोर; | ಮದುವೆ ಸಮಯದಲ್ಲಿ ವರನ ತಲೆಗೆ ಕಟ್ಟುವ ಬಾಸಿಂಗ; | मदुवे समयदल्लि वरन तलॆगॆ कट्टुव बासिंग; | head-dress worn at the time of marriage; |
| | | 2. वह गाना जो सेहरा बांधने के समय गाया जाता है । | ಬಾಸಿಂಗ ಕಟ್ಟುವಾಗ ಹಾಡುವ ಹಾಡು | बासिंग कट्टुवाग हाडुव हाडु | eulogy composed for such occasion. |
| **सेंतालीस** | वि. | जो गिनती में चालीस से सात अधिक हो । | ನಲವತ್ತೇಳು | नलवत्तेळु | forty–seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 47 । | ನಲವತ್ತೇಳರ ಸಂಖ್ಯೆ | नलवत्तेळर संख्यॆ | the number forty-seven. |
| **सैंतीस** | वि. | जो गिनती में तीस से सात अधिक हो; | ಮೂವತ್ತೇಳು | मूवत्तेळु | thirty-seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 37 । | ಮೂವತ್ತೇಳರ ಸಂಖ್ಯೆ | मूवत्तेळर संख्यॆ | the number thirty-seven. |
| **सैंया** | पुं. | पति । | ಪತಿ, ಗಂಡ | पति, गंड | husband. |
| **सैंकड़ा** | पुं. | सौ का समूह या समष्टि । | ನೂರರ ಮೊತ್ತ | नूरर मॊत्त | collection of one hundred. |
| **सैंकड़े** | क्रि. वि. | प्रति सौ के हिसाब से,प्रतिशत, फी सदी । | ಪ್ರತಿಶತ, ಸೇಕಡಾ | प्रतिशत, सेकडा | per cent, per hundred. |
| **सैंकड़ों** | वि. | 1. कई सौ; 2. बहुत अधिक । | ನೂರಾರು | नूरारु | hundreds; numerous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सैद्धांतिक** | वि. | 1. सिद्धान्त संबंधी; | ಸಿದ್ಧಾಂತ ಸಂಬಂಧ ವಾದ; | सिद्धांत संबंधवाद; | theoretical, pertaining to some theory or doctrine; |
| | | 2. सिद्धान्तों के अनुसार चलनेवाला । | ಸಿದ್ಧಾಂತಾನುಸಾರ ನಡೆಯುವ | सिद्धांतानुसार नडॅयुव | one who abides by established doctrine. |
| **सैनिक** | पुं. | फौज का सिपाही, फौजी । | ಸೈನಿಕ, ಸಿಪಾಯಿ | सैनिक, सिपायि | soldier. |
| | वि. | सेना-संबंधी, सेना का । | ಸೈನ್ಯ ಸಂಬಂಧವಾದ | सैन्य संबंधवाद | relating to an army, martial, military. |
| **सैन्य** | वि. | सेना संबंधी । | ಸೈನ್ಯ ಸಂಬಂಧದ | सैन्य संबंधद | military, pertaining to army. |
| | पुं. | 1. सेना; | ಸೈನ್ಯ; | सैन्य; | body of troops, army; |
| | | 2. सैनिक । | ಸೈನಿಕ | सैनिक | soldier. |
| **सैर** | स्त्री. | मन बहलाने के लिए घूमना-फिरना, भ्रमण । | ವಿನೋದ ವಿಹಾರ, ಅಡ್ಡಾಟ | विनोद विहार, अड्डाट | excursion, outing. |
| **सैर-सपाटा** | पुं. | सैर करने के लिए घूमना-फिरना । | ವಿಹಾರಕ್ಕಾಗಿ ಅಡ್ಡಾಟ, ತಿರುಗಾಟ | विहारक्कागि अड्डाट, तिरुगाट | same as 'सैर'. |
| **सैलानी** | पुं. | सैर करने का शौकीन, घुमक्कड़ । | ಯಾತ್ರಾಪ್ರಿಯ | यात्राप्रिय | tourist, wanderer. |
| **सोटा** | पुं. | लाठी, डंडा । | ದೊಣ್ಣೆ, ಬಡಿಗೆ | दॊण्णॆ, बडिगॆ | staff, club, cudgel. |
| **सोंठ** | स्त्री. | सुखाया हुआ अदरक । | ಒಣಶುಂಠಿ | ऒणशुंठि | dry ginger. |
| **सोंधा** | वि. | 1. सुगंधित, सुवासित, खुशबूदार; | ಸುವಾಸನೆಯುಳ್ಳ; | सुवासनॆयुळ्ळ; | aromatic, sweet smelling; |
| | | 2. मिट्टी के नए बरतन या सूखी जमीन पर पानी पड़ने या बेसन आदि भूनने से निकलनेवाली सुगन्ध से युक्त । | ಹೊಸ ಮಡಕೆ ಅಥವಾ ಮಣ್ಣಿನ ಮೇಲೆ ನೀರು ಹಾಕಿದಾಗ ಬರುವ ಒಂದು ಬಗೆಯ ಸುಗಂಧ | हॊस मडकॆ अथवा मण्णिन मेलॆ नीरु हाकिदाग बरुव ऒंदु बगॆय सुगंध | having the smell of a new earthen vessel when first wetted, smelling like that of parched pulse or fried grain, flour etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सोआ** | पुं. | एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियों का साग बनाया जाता है । | ಸಬಸೀಗೆ ಸೊಪ್ಪು | सबसीगॆ सॊप्पु | grave olens. |
| **सोखना** | स. क्रि. | किसी वस्तु के जल या तरल पदार्थ को अपने में खींच लेना । | ಹೀರು | हीरु | to soak up, to absorb. |
| **सोख्ता** | पुं. | स्याही सोखनेवाला एक प्रकार का मोटा खुरदुरा कागज । | (ಮಸಿ ವಗೈರೆ) ಹೀರುವ ಕಾಗದ | (मसि वगैरॆ) हीरुव कागद | blotting paper. |
| **सोच** | पुं. | 1. सोचने की क्रिया या भाव; | ಯೋಚಿಸುವಿಕೆ; | योचिसुविकॆ; | musing, brooding; |
| | | 2. चिंता, फिक्र; | ಚಿಂತೆ; | चिंतॆ; | anxiety, concern; |
| | | 3. पछतावा, पश्चाताप । | ಪಶ್ಚಾತ್ತಾಪ | पश्चात्ताप | regret, repentence. |
| **सोचना** | स. क्रि. | 1. किसी विषय पर मन में विचार करना; | ಯೋಚಿಸು; | योचिसु; | to think over, to ponder on, to consider; |
| | | 2. कल्पना करना, अनुमान करना । | ಮನದಲ್ಲಿ ವಿಚಾರ ಮಾಡು | मनदल्लि विचार माडु | to imagine, to conceive. |
| | अ. क्रि. | चिंता या फिक्र में पड़ना । | ಚಿಂತೆಗೀಡಾಗು | चिंतॆगीडागु | to worry. |
| **सोच-विचार** | पुं. | 1. किसी विषय का विवेचन, गौर; | ವಿಚಾರ ಮಾಡುವಿಕೆ; | विचार माडुविकॆ; | pondering, consideration; |
| | | 2. हिचकिचाहट । | ಹಿಂದು ಮುಂದು ನೋಡುವಿಕೆ | हिंदु मुंदु नोडुविकॆ | hesitation. |
| **सोडा** | पुं. | एक प्रकार का क्षार जो सज्जी को रासायनिक क्रिया से साफ करके बनाते हैं । | ಸೋಡಾ ಉಪ್ಪು | सोडा उप्पु | soda. |
| **सोता** | पुं. | जल की बराबर बहनेवाली या निकलनेवाली छोटी धारा, चश्मा । | ಸ್ರೋತ, ಜಲಧಾರೆ | स्रोत, जलधारॆ | spring, brook, rivulet. |
| **सोदर** | पुं. | सगा भाई । | ಸೋದರ, ಸಹೋದರ | सोदर, सहोदर | uterine brother, own brother. |
| **सोना** | पुं. | एक प्रसिद्ध बहुमूल्य पीली धातु, स्वर्ण । | ಚಿನ್ನ | चिन्न | gold. |
| | अ. क्रि. | 1. निद्राग्रस्त होना, नींद लेना; | ನಿದ್ರಿಸು; | मिद्रिसु; | to sleep, to lie down; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक ही स्थिति में रहने के कारण किसी अंग का कुछ समय के लिए सुन्न हो जाना । | ಜೋಮು ಹಿಡಿ | जोमु हिडि | to be numbed. |
| **सोपान** | पुं. | सीढ़ी, जीना । | ಮೆಟ್ಟಲು, ಸೋಪಾನ | मॆट्टलु, सोपान | staircase, ladder. |
| **सोमवार** | पुं. | सात वारों में से एक वार जो चन्द्रमा का दिन माना जाता है । | ಸೋಮವಾರ | सोमवार | monday. |
| **सोलह** | वि. | जो गिनती में दस से छह अधिक हो । | ಹದಿನಾರು | हदिनारु | sixteen. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 16 । | ಹದಿನಾರರ ಸಂಖ್ಯೆ | हदिनारर संख्यॆ | number sixteen. |
| **सौंदर्य** | पुं. | सुन्दरता, खूबसूरती । | ಸೌಂದರ್ಯ | सौंदर्य | beauty, loveliness, gracefulness, elegance. |
| **सौंपना** | स. क्रि. | (कोई वस्तु आदि) किसी के जिम्मे या सुपुर्द करना, किसी के अधिकार में देना । | ವಶಪಡಿಸು, ಒಪ್ಪಿಸು | वशपडिसु, ऑप्पिसु | to delegate, to hand over, to entrust. |
| **सौंफ** | स्त्री. | सोए जैसा एक पौधा जिसका फल दवा और मसाले के काम आता है । | ಸೋಂಬು, ಸೋಪುಬೀಜ | सोंबु, सोपुबीज | aniseed, fennel. |
| **सौ** | वि. | जो गिनती में पचास का दूना हो, नब्बे और दस । | ನೂರು | नूरु | one hundred. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 100 । | ನೂರರ ಸಂಖ್ಯೆ | नूररसंख्यॆ | number hundred. |
| **सौख्य** | पुं. | सुख, आराम । | ಸುಖ | सुख | happiness, comfort. |
| **सौगंध** | स्त्री. | शपथ, कसम । | ಆಣೆ | आणॆ | oath, swearing. |
| **सौगात** | स्त्री. | भेंट, उपहार, तोहफा । | ಉಡುಗೊರೆ | उडुगॊरॆ | present, gift. |
| **सौजन्य** | पुं. | भलमनसी, सज्जनता । | ಸೌಜನ್ಯ | सौजन्य | goodness, courtesy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सौत** | स्त्री. | पति की दूसरी पत्नी, सपत्नी । | ಸವತಿ, ಉಪಪತ್ನಿ, ಸಪತ್ನಿ | सवति, उपपत्नि, सपत्नि | co–wife. |
| **सौतिया डाह** | स्त्री. | दो सौतों में होनेवाली ईर्ष्या, द्वेष आदि । | ಸವತಿಯರ ಹೊಟ್ಟೆಕಿಚ್ಚು | सवतियर हॉट्टॆकिच्चु | rivalry or jealousy between two or more wives. |
| **सौतेला (स्त्री. सौतेली)** | वि. | 1. सौत संबंधी, जिसका संबंध सौत से हो । | ಸವತಿಯ; | सवतिय; | of or belonging to a co–wife; |
| | | 2. सौत से उत्पन्न । | ಸವತಿಯಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ | सवतियल्लि हुट्टिद | born of a co–wife. |
| **सौदा** | पुं. | 1. क्रय-विक्रय की वस्तु या माल; | ವ್ಯಾಪಾರದ ಮಾಲು; | व्यापारद मालु; | goods; |
| | | 2. खरीदने-बेचने की बातचीत या व्यवहार । | ವ್ಯಾಪಾರ ವ್ಯವಹಾರ | व्यापार व्यवहार | transaction, bargain. |
| **सौदागर** | पुं. | व्यापारी, तिजारत करनेवाला । | ವ್ಯಾಪಾರಿ | व्यापारि | trader, merchant. |
| **सौदामिनी** | स्त्री. | बिजली, विद्युत । | ಮಿಂಚು | मिंचु | lightning. |
| **सौध** | पुं. | प्रासाद, महल । | ಉಪ್ಪರಿಗೆ, ಮಹಲು | उप्परिगॆ, महलु | palace. |
| **सौभाग्य** | पुं. | 1. अच्छा भाग्य, अच्छी किस्मत; | ಭಾಗ್ಯ; | भाग्य; | good fortune or luck; |
| | | 2. समृद्धि; | ಸಮೃದ್ಧಿ; | समृद्धि; | prosperity; |
| | | 3. सुहाग । | ಮುತ್ತೈದೆತನ | मुत्तैदॆतन | the auspicious state of wifehood. |
| **सौभाग्यचिह्न** | पुं. | सुहाग का चिह्न (जैसे सिंदूर आदि) । | ಸುಮಂಗಲಿಯು ಚಿಹ್ನೆಗಳು | सुमंगलिय चिन्हॆगलु | any sign of the blessed state of wifehood. |
| **सौभाग्यवती** | स्त्री. | सुहागिन, सधवा, जिसका पति जीवित हो । | ಸುಮಂಗಲಿ | सुमंगलि | married woman whose husband is alive. |
| **सौभाग्यवान** | वि. | खुशकिस्मत, खुशनसीब । | ಭಾಗ್ಯವಂತ, ಅದೃಷ್ಟವಂತ | भाग्यवंत, अदृष्टवंत | possessing good fortune, fortunate. |
| **सौम्य** | वि. | 1. कोमल, नम्र और शांत प्रकृतिवाला; | ಶಾಂತ ಪ್ರಕೃತಿಯು; | शांत प्रकृतिय; | mild, placid; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सुन्दर, मनोहर । | ಮನೋಹರವಾದ | मनोहरवाद | gentle, lovely, charming, pleasing. |
| **सौम्यता** | स्त्री. | 1. सुशीलता; | ಸೌಮ್ಯತೆ; | सौम्यतॆ; | gentleness, placidity; |
| | | 2. सुन्दरता । | ಸುಂದರತೆ | सुंदरतॆ | beauty. |
| **सौर** | वि. | सूर्य संबंधी, सूर्य का । | ಸೂರ್ಯನ ಸಂಬಂಧವಾದ | सूर्यन संबंधवाद | belonging or relating to the sun, solar. |
| **सौरभ** | पुं. | सुगंध, खुशबू, महक । | ಸುಗಂಧ | सुगंध | fragrance, odour, aroma. |
| **सौरी** | स्त्री. | वह कोठरी जहां स्त्री बच्चा प्रसव करती है, सूतिकागार, जच्चाखाना । | ಪ್ರಸವ ಗೃಹ | प्रसव गृह | lying-in-chamber, confinement room, labour room. |
| **सौष्ठव** | पुं. | सौन्दर्य । | ಸೌಷ್ಠವ, ಸುಂದರತೆ | सौष्ठव, सुंदरतॆ | beauty, elegance, charm. |
| **सौहार्द** | पुं. | प्रेम-भाव, मैत्री, मित्रता, दोस्ती । | ಮಿತ್ರತೆ, ಸ್ನೇಹ, ಸೌಹಾರ್ದ | मित्रतॆ, स्नेह, सौहार्द | good-heartedness, affection, friendliness, friendship. |
| **स्कंध** | पुं. | 1. कंधा; | ಭುಜ; | भुज; | shoulder; |
| | | 2. पेड़ का तना; | ಮರದ ಕಾಂಡ; | मरद कांड; | trunk or stem of a tree; |
| | | 3. ग्रंथ का वह विभाग जिसमें कोई विषय पूरा हो, अध्याय; | ಗ್ರಂಥದ ಅಧ್ಯಾಯ; | ग्रंथद अध्याय; | chapter, section, division; |
| | | 4. सेना का कोई अंग या भाग । | ಸೈನ್ಯದ ಭಾಗ | सैन्यद भाग | division or detachment of an army. |
| **स्कूल** | पुं. | 1. मदरसा, पाठशाला, विद्यालय; | ಶಾಲೆ, ಪಾಠಶಾಲೆ; | शालॆ, पाठशालॆ; | institution for educating children or giving instruction, school; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी ज्ञान या विज्ञान की कोई विशिष्ट शाखा और उसके अनुयायियों का वर्ग। | ಜ್ಞಾನ ವಿಜ್ಞಾನಗಳ ವಿಶಿಷ್ಟ ಶಾಖೆ ಮತ್ತು ಶಾಖಾನುಯಾಯಿಗಳ ವರ್ಗ | ज्ञान विज्ञानगळ विशिष्ट शाखे मत्तु शाखानुयायिगळ वर्ग | branch or system, followers of a thought or school. |
| स्कूली | वि. | 1. स्कूल संबंधी, स्कूल का; | ಪಾಠಶಾಲೆಯ; | पाठशालॅय; | of or pertaining to a school; |
| | | 2. स्कूल जानेवाला। | ಶಾಲೆಗೆ ಹೋಗುವ | शालॅगॅ होगुव | school-going. |
| स्खलन | पुं. | 1. नीचे गिरना, फिसल जाना, पतन; | ಜಾರುವಿಕೆ; | जारुविकॅ; | falling down, slipping; |
| | | 2. मार्ग से विचलित होना, नैतिक पतन; | ಹಾದಿ ತಪ್ಪುವಿಕೆ; | हादि तप्पुविकॅ; | deviating from the right course, moral lapse; |
| | | 3. काम में गलती या भूल करना; | ತಪ್ಪು ಮಾಡುವಿಕೆ; | तप्पु माडुविकॅ; | blundering, error, mistake; |
| | | 4. (वीर्य का) क्षरण, स्राव; | ವೀರ್ಯ ಸ್ಖಲನ; | वीर्य स्खलन; | discharge, emission; |
| | | 5. बोलने में हकलाना। | ಮಾತಿನಲ್ಲಿ ತೊದಲುವಿಕೆ | मातिनल्लि तॊदलुविकॅ | stammering, blundering in speech or pronunciation, faltering. |
| स्खलित | वि. | 1. अपने स्थान से गिरा हुआ पतित, फिसला हुआ; | ಜಾರಿದ; | जारिद; | fallen, dropped down, slipped; |
| | | 2. सही मार्ग से विचलित, च्युत; | ಮಾರ್ಗಚ್ಯುತ; | मार्गच्युत; | deviated from the right course, morally lapsed; |
| | | 3. जिससे भूल हुई हो, गलती करनेवाला; | ತಪ್ಪು ಮಾಡಿದ; | तप्पु माडिद; | erring, blundering; |
| | | 4. टपका हुआ, क्षरित; | ಸ್ರವಿಸಿದ; | स्रविसिद; | discharged, dropped; |
| | | 5. हकलाता हुआ। | ಬಿಕ್ಕಲು ಮಾತನಾಡುವ | बिक्कलु मातनाडुव | stammering, faltering. |
| स्टूल | पुं. | एक प्रकार की ऊंची छोटी चौकी। | ಸ್ಟೂಲು | स्टूलु | stool. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्टेशन** | पुं. | 1. वह स्थान जहां रेलगाड़ियां मोटरें आदि यात्रियों को चढ़ाने या उतारने के लिए ठहरती हों; | ರೈಲು ನಿಲ್ದಾಣ, ಸ್ಟೇಷನ್ನು; | रैलु निल्दाण, स्टेषन्नु; | station (of railways etc.); |
| | | 2. किसी विशेष कार्य के लिए नियत स्थान या केन्द्र । | ಕಾರ್ಯ ಕೇಂದ್ರ | कार्य केंद्र | appointed place, centre, station (for conducting any special work). |
| **स्तंभ** | पुं. | 1. खंभा; | ಕಂಭ; | कंभ; | pillar, post; |
| | | 2. पेड़ का तना; | ಮರದ ಕಾಂಡ; | मरद कांड; | stem, trunk (of a tree); |
| | | 3. समाचारपत्र के पृष्ठों, सारणियों आदि में खड़े बल का विभाग; | ಸಮಾಚಾರ ಪತ್ರದಲ್ಲಿನ ಕಾಲಂಗಳು; | समाचार पत्रदल्लिन कालंगळु; | vertical division of page for figures etc. or to reduce length of lines especially in newspapers, tables etc.; |
| | | 4. समाचार पत्रों में उक्त प्रकार के विभागों का वह वर्ग जिसमें किसी विशेष विषय का प्रतिपादन या निरूपण होता है; | ವಾರ್ತಾ ಪತ್ರಿಕೆಯಲ್ಲಿ ವಿಶೇಷ ವಿಷಯಗಳಿಗಾಗಿ ಮಾಡಿದ ಕಾಲಂಗಳು; | वार्ता पत्रिकॆयल्लि विशेष विषयगळिगागि माडिद कालंगळु; | part of a newspaper devoted to special subject, column (of writing in newspaper); |
| | | 5. जड़ता । | ಜಡತೆ | जडतॆ | stupefaction. |
| **स्तंभक** | वि. | स्तंभन करने या रोकनेवाला, रोधक । | ತಡೆಗಟ್ಟುವಂತಹ | तडॆगट्टुवंतह | stopping, arresting, restraining. |
| **स्तंभन** | पुं. | 1. रोकने की क्रिया या भाव, रुकावट, अवरोध; | ತಡೆಗಟ್ಟುವಿಕೆ; | तडॆगट्टुविकॆ; | stopping, obstructing, hindering, arresting, restraining; |
| | | 2. वीर्य आदि को स्खलित होने से रोकना; | | | stopping the flow of semen, retention; |
| | | 3. जड़ या निश्चेष्ट करना, जड़ीकरण । | ಚಲಿಸದಂತೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | चलिसदंतॆ माडुविकॆ | paralysing, benumbing, stupefying. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्तंभित** | वि. | 1. जो जड़ या अचल कर दिया गया हो या हो गया हो, जड़ीभूत, निश्चल; | ತಡೆಗಟ್ಟಲ್ಪಟ್ಟ; | तडॆगट्टल्पट्ट; | benumbed, paralysed, motionless; |
| | | 2. हक्का-बक्का, विस्मित । | ಆಶ್ಚರ್ಯಚಕಿತ | आश्चर्यचकित | flabbergasted, amazed. |
| **स्तन** | पुं. | 1. स्त्रियों की छाती जिसमें से दूध निकलता है, कुच; | ಮೊಲೆ; | मॊलॆ; | breast of a woman, mammary glands; |
| | | 2. मादा पशुओं का थन । | ಕೆಚ್ಚಲು | कॆच्चलु | udder. |
| **स्तब्ध** | वि. | 1. जड़ीभूत, निश्चेष्ट; | ಸ್ತಬ್ಧವಾದ, ನಿಶ್ಚೇಷ್ಟ; | स्तब्धवाद, निश्चेष्ट | motionless, numb, paralysed; |
| | | 2. हक्का-बक्का । | ಚಕಿತಗೊಂಡ | चकितगॊंड | wonderstruck. |
| **स्तर** | पुं. | 1. एक दूसरी के ऊपर पड़ी या लगी हुई तह, परत; | ಮಡಿಕೆ; | मडिकॆ; | fold; |
| | | 2. ऊपर का वह सपाट भाग जो कुछ दूर तक समान रूप से चला गया हो और वैसे दूसरे भागों से अलग या स्वतंत्र हो, तल; | ಸಮತಳ, ಎತ್ತರ ತಗ್ಗುಗಳಿಲ್ಲದೆ ಸಮನಾಗಿರುವಿಕೆ; | समतळ, ऎत्तर तग्गुगळिल्लदॆ समनागिरुविकॆ; | level; |
| | | 3. भूमि आदि का एक प्रकार का विभाग जो भिन्न-भिन्न कालों में बनी हुई उसकी तहों के आधार पर किया गया हो; | ಭೂಮಿಯ ಮೇಲೆ ಕಾಲಕಾಲಕ್ಕೆ ಕುಳಿತ ಮಣ್ಣಿನ ಪದರ; | भूमिय मेलॆ काल कालक्कॆ कुळित मण्णिन पदर; | strata, stratum; |
| | | 4. श्रेणी, कोटि, दरजा । | ಶ್ರೇಣಿ, ಹಂತ | श्रेणि, हंत | standard, grade. |
| **स्तवन** | पुं. | 1. स्तुति करने की क्रिया या भाव; | ಸ್ತುತಿ; | स्तुति; | praising, praise, eulogy; |
| | | 2. स्तुति । | ಸ್ತೋತ್ರ | स्तोत्र | a hymn, song of praise, panegyric. |
| **स्तुति** | स्त्री. | 1. आदर-भाव से किसी के गुणों का कथन करना; | ಗುಣವರ್ಣನೆ; | गुणवर्णनॆ; | praise, eulogy, commendation, laudation; |
| | | 2. वह पद या रचना जिसमें किसी देवता आदि के गुण का बखान हो; | ಸ್ತೋತ್ರಪಾಠ; | स्तोत्रपाठ; | a hymn of praise, panegyric; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. चापलूसी, चाटुकारी, बड़ाई, खुशामद । | ಮುಖ ಸ್ತುತಿ | मुख स्तुति | adulation, flattery, empty or false praise. |
| **स्तुत्य** | वि. | स्तुति या प्रशंसा का अधिकारी या पात्र, प्रशंसनीय । | ಸ್ತೋತ್ರಾರ್ಹ | स्तोत्रार्ह | laudable, commendable, praiseworthy, admirable. |
| **स्तूप** | पुं. | 1. मिट्टी, पत्थर आदि का ऊंचा ढूह; | ಮಣ್ಣುಗುಡ್ಡೆ; | मण्णुगुड्डे; | a heap, pile, mound (of earth etc); |
| | | 2. वह ढूह या टीला जो भगवान बुद्ध या किसी बौद्ध महात्मा की अस्थि, दांत, केश आदि स्मृति-चिह्नों को सुरक्षित रखने के लिए उनके ऊपर बनाया गया हो; | ಸ್ತೂಪ; | स्तूप; | a Buddhistic monument, or kind of Top erected for keeping sacred relics, as those of Buddha); |
| | | 3. ऊंचा ढेर । | ಎತ್ತರವಾದ ರಾಶಿ | एत्तरवाद राशि | a large or tall heap or pile. |
| **स्तोत्र** | पुं. | 1. स्तव, स्तुति; | ಸ್ತೋತ್ರ; | स्तोत्र; | a hymn of praise, panegyric; |
| | | 2. वह रचना, विशेषत: पद्यबद्ध रचना जिसमें किसी देवता आदि की स्तुति हो । | ಸ್ತೋತ್ರದ ಪದ್ಯಗಳು | स्तोत्रद पद्यगळु | a panegyrical composition or work especially in verses. |
| **स्त्री** | स्त्री. | 1. मनुष्य जाति की वयस्क मादा, पुरुष का विपर्याय; | ಹೆಂಗಸು; | हॆंगसु; | a woman; |
| | | 2. पत्नी, जोरू; | ಹೆಂಡತಿ; | हॆंडति; | a wife; |
| | | 3. मादा जन्तु, नर या पुरुष का विपर्याय । | ಹೆಣ್ಣು ಜಾತಿ | हॆण्णु जाति | a female of any animal. |
| **स्त्रीलिंग** | पुं. | हिन्दी व्याकरण में, दो लिंगों में से एक जो स्त्री जाति का अथवा किसी शब्द के अल्पार्थक रूप का वाचक होता है । | ಸ್ತ್ರೀಲಿಂಗ | स्त्रीलिंग | feminine gender. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्त्रैण** | वि. | 1. स्त्री या पत्नी के वश में रहनेवाला; | ಹೆಂಗಸಿನ (ಹೆಂಡತಿಯ) ವಶದಲ್ಲಿರುವ; | हॆंगसिन (हॆंडतिय) वशदल्लिरुव; | henpecked, devoted to women; |
| | | 2 सदा स्त्रियों की मंडली में रहने की प्रवृत्ति रखनेवाला; | ಹೆಂಗಸರ ಮಧ್ಯದಲ್ಲೇ ಇರುವ ಪ್ರವೃತ್ತಿಯುಳ್ಳ; | हॆंगसर मध्यदल्ले इरुव प्रवृत्तियुळ्ळ; | effeminate, being among women; |
| | | 3. स्त्रियों का सा, स्त्रियों की तरह का । | ಹೆಣ್ಣಿಗ | हॆण्णिग | suited or belonging to woman, feminine, womanish, womanly. |
| **स्थगन** | पुं. | 1. सभा की बैठक, बात की सुनवाई अथवा कोई चलता हुआ काम कुछ समय के लिए रोक रखना; | ಮುಂದೆ ಹಾಕುವಿಕೆ; | मुंदॆ हाकुविकॆ; | adjournment; |
| | | 2. विचार आदि के लिए कुछ समय तक रोकना । | ವಿಚಾರ ಮಾಡಲು ಮುಂದೂಡುವಿಕೆ | विचार माडलु मुंदूडुविकॆ | postponement, suspension. |
| **स्थगन प्रस्ताव** | पुं. | वह प्रस्ताव जो विधानसभा, संसद आदि में यह कहकर उपस्थित किया जाता है कि और काम छोड़कर पहले इसी पर विचार होना चाहिए । | ಕೂಡಲೇ ವಿಚಾರ ಮಾಡಬೇಕೆಂದು ಸಭೆಯ ಮುಂದಿಟ್ಟ ಠರಾವು | कूडले विचारमाडबेकॆंदु सभॆय मुंदिट्ट ठरावु | adjournment motion. |
| **स्थगित** | वि. | 1. ठहराया या रोका गया; | ತಾತ್ಕಾಲಿಕವಾಗಿ ತಡೆದ, ಮುಂದೂಡಿದ; | तात्कालिकवागि तडॆद, मुंदूडिद; | stopped, interrupted, postponed; |
| | | 2. जो कुछ समय के लिए रोक दिया गया हो, मुलतवी । | ಸ್ವಲ್ಪ ಸಮಯದ ವರೆಗೆ ಮುಂದೂಡಿದ | स्वल्प समयद वरॆगॆ मुंदूडिद | adjourned. |
| **स्थपति** | पुं. | वास्तुशास्त्र का ज्ञाता या पंडित, वास्तुविद्, वास्तुशिल्पी । | ಸ್ಥಪತಿ, ವಾಸ್ತುಶಿಲ್ಪಿ | स्थपति, वास्तुशिल्पि | architect. |
| **स्थल** | पुं. | 1. भूमि, जमीन; | ಭೂಮಿ; | भूमि; | ground, land, soil (in general); |
| | | 2. जल से रहित भूमि, खुश्की; | ಖುಷ್ಕಿ ಜಮೀನು, ಕುಷ್ಕಿ ಭೂಮಿ; | खुष्कि जमीनु, कुष्कि भूमि; | firm or dry ground, dry land; |
| | | 3. स्थान, जगह; | ಜಾಗ, ಸ್ಥಳ; | जाग, स्थळ; | place, spot; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. कोई ऐसी जगह जहां कोई विशेष बात, रचना आदि हो या होने को हो; | ಸೈಟು; | सैटु; | site, location; |
| | | 5. भूमि का खंड या विभाग, भूभाग; | ಭೂಭಾಗ; | भूभाग; | field, tract, venue; |
| | | 6. विषय, प्रकरण, प्रसंग, मज़मून । | ವಿಷಯ, ಪ್ರಕರಣ | विषय, प्रकरण | a topic, case, subject, the point under discussion, a part (as of a book). |
| **स्थलचर** | वि., पु. | **स्थल पर रहने या विचरण करनेवाला, नमचर और जलचर से भिन्न ।** | ಭೂಮಿಯ ಮೇಲೆ ಚಲಿಸುವ, ಸ್ಥಳಚರಗಳು | भूमिय मेले चलिसुव, स्थळचरगळु | living on land, non-aquatic, terrestrial. |
| **स्थलसेना** | स्त्री. | **स्थल या जमीन पर लड़नेवाली फौज, पैदल सिपाही और घुड़सवार आदि, वायु सेना और जलसेना से भिन्न ।** | ಭೂಸೈನ್ಯ | भूसैन्य | land forces, army. |
| **स्थली** | स्त्री. | **1. ऐसा मैदान जिसमें सुन्दर प्राकृतिक दृश्य हो;** | ಸುಂದರ ಮೈದಾನ; | सुंदर मैदान; | a natural spot of ground, site, scene; |
| | | **2. जल शून्य भू-भाग, खुश्क जमीन, भूमि;** | ಖುಷ್ಕಿ ಜಮೀನು, ಕುಷ್ಕಿ ಜಮೀನು; | खुष्कि जमीनु, कुष्कि जमीनु; | dry ground, firm land; |
| | | **3. जगह, स्थान ।** | ಜಾಗ | जाग | place, spot, space. |
| **स्थान** | पु. | **1. खुला हुआ भूमिभाग, जमीन, मैदान;** | ಸ್ಥಾನ | स्थान | open land, ground, field; |
| | | **2. निश्चित और परिमित स्थितिवाला वह भू-भाग जिसमें कोई बस्ती, प्राकृतिक रचना या कोई विशेष बात हो, जगह, स्थल;** | | | place, site, spot, location, locality; |
| | | **3. रहने की जगह;** | | | abode, house, dwelling place, residence; |
| | | **4. पद, ओहदा;** | | | post, office, rank; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. बैठने का वह विशिष्ट स्थान जो निर्वाचित अथवा प्रतिनिधित्व करनेवाले लोगों के लिए होता है; | | | place of sitting, seat; |
| | | 6. मुंह के अन्दर का वह अंग या स्थल जहां से किसी वर्ण का उच्चारण हो; | | | a place or organ of utterance of any letter; |
| | | 7. अभिनय में अभिनेता का कार्य या चरित्र; | | | character or part of an actor; |
| | | 8. अवकाश, (जगह की) गुंजाइश । | | | space, room, accommodation. |
| **स्थानांतर** | पुं. | 1. एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया या भाव, बदली; | ಸ್ಥಾನಾಂತರ | स्थानांतर | transfer; |
| | | 2. प्रकृत या प्रस्तुत से भिन्न कोई और स्थान, दूसरा स्थान । | | | another place, different place. |
| **स्थानांतरण** | पुं. | किसी वस्तु या व्यक्ति को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंचाना या भेजना, बदली । | ಸ್ಥಾನಾಂತರಣ, ಬದಲಿ | स्थानांतरण, बदलि | transfer, transferrence. |
| **स्थानांतरित** | वि. | जो अपने पहले स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर भेज दिया गया हो । | ಬದಲಿ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ, ಜಾಗ ಬದಲಾಯಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | बदलि माडल्पट्ट, जाग बदलायिसल्पट्ट | transferred, removed from one place to another. |
| **स्थानापन्न** | वि. | 1. जिसने किसी दूसरे का स्थान ग्रहण किया हो, एवजी; | ಬದಲಿಗೆ ಬಂದ; | बदलिगॆ बंद; | substituted in place of another, a substitute; |
| | | 2. शासनिक क्षेत्र में किसी अधिकारी की अस्वस्थता, अनुपस्थिति या अविद्यमानता में उसके स्थान पर अस्थायी रूप से काम करने वाला । | ಒಬ್ಬರಿದ್ದ ಸ್ಥಾನದಲ್ಲಿ ಇನ್ನೊಬ್ಬರು ಇದ್ದು ಕಾರ್ಯ ನಿರ್ವಹಿಸುವ ಅಸ್ಥಾಯಿ ಅಧಿಕಾರದಲ್ಲಿರುವ | ऒब्बरिद्द स्थानदल्लि इन्नॊब्बरु इद्दु कार्य निर्वहिसुव अस्थायि अधिकारदल्लिरुव | acting, officiating. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थानिक** | वि. | किसी स्थान विशेष में ही होने-वाला, जिसका क्षेत्र किसी स्थान विशेष तक ही सीमित हो, स्थानीय । | ಸ್ಥಾನೀಯ | स्थानीय | belonging to a place, local, endemic. |
| **स्थानीकरण** | पुं. | इधर-उधर या दूर तक फैले हुए कामों, व्यापारों आदि को नियंत्रित करके एक केंद्र या स्थान में आबद्ध या सीमित करना । | ಸ್ಥಾನೀಯವನ್ನಾಗಿ ಮಾಡುವಿಕೆ | स्थानीयवन्नागि माडुविके | localisation. |
| **स्थानीय** | वि. | उस स्थान या नगर का जिसके संबंध में कोई उल्लेख हो, स्थान विशेष का, मुकामी, स्थानिक । | ಸ್ಥಾನೀಯ | स्थानीय | belonging to a place, local, endemic. |
| **स्थापक** | पुं. | 1. स्थापन या स्थापना करने-वाला, बनानेवाला, प्रवर्तक, संस्थापक; | ಸಂಸ್ಥಾಪಕ; | संस्थापक; | founder, establisher; |
| | | 2. खड़ा करनेवाला, स्थिर करनेवाला; | ಸ್ಥಿರಗೊಳಿಸುವವ; | स्थिरगॊळिसुवव; | fixer, erector; |
| | | 3. भारतीय नाट्यशास्त्र में वह नट जो पूर्वरंग में सूत्रधार के मंगलाचरण करके चले जाने पर रंगमंच पर आकर नाटक की कथावस्तु और उसके काव्यार्थ की स्थापना करता अर्थात् सूचना देता है | ಸೂತ್ರಧಾರ, ನಾಟಕ ನಿರ್ದೇಶಕ | सूत्रधार, नाटक निर्देशक | (in drama) a kind of stage director. |
| **स्थापत्य** | पुं. | 1. स्थपति का अर्थात् मकान आदि बनाने का कार्य, वास्तुकला, राजगीरी, मेमारी; | ವಾಸ್ತುಕಲೆ; | वास्तुकलॆ; | architecture; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. भवन बनाने की विद्या, वास्तुविज्ञान । | ವಾಸ್ತು ಶಾಸ್ತ್ರ | वास्तु शास्त्र | science of architecture. |
| स्थापत्य-कला | स्त्री. | वास्तुकला । | ವಾಸ್ತುಕಲೆ | वास्तु कलॆ | architecture. |
| स्थापन | पुं. | 1. उठाना या खड़ा करना; | ಕಟ್ಟಿ ನಿಲ್ಲಿಸುವಿಕೆ; | कट्टि निल्लिसुविकॆ; | erection; |
| | | 2. दृढ़तापूर्वक जमाना, रखना या बैठाना; | ಸ್ಥಾಪನೆ; | स्थापनॆ; | placing, fixing, installing up; |
| | | 3. कोई नई संस्था या व्यापारिक कारोबार खड़ा करना; | ಸ್ಥಾಪಿಸುವಿಕೆ; | स्थापिसुविकॆ; | establishing, establishment, setting up; |
| | | 4. कोई मत या विचार युक्तिपूर्वक लोगों के सामने रखना, प्रतिपादन । | ಪ್ರತಿಪಾದಿಸುವಿಕೆ | प्रतिपादिसुविकॆ | propounding, founding, enunciating. |
| स्थापना | स्त्री. | 1. स्थापित करने की क्रिया या भाव, स्थापन, दृढ़ता-पूर्वक जमाना, खड़ा करना या व्यवस्थित रूप देना; | ಸ್ಥಾಪನೆ | स्थापनॆ | placing, fixing, erecting, establishing, setting up, installing; |
| | | 2. तर्क, प्रमाण, युक्ति आदि के द्वारा अपना पक्ष या मत ठीक सिद्ध करते हुए दूसरों के सामने रखना, प्रतिपादन, निरूपण; | | | propounding, enunciation, exposition; |
| | | 3. स्थापित किया गया एकक, संस्था या संगठन; | | | establishment; |
| | | 4. भारतीय नाट्यशास्त्र में नाटक के पूर्वरंग में सूत्रधार के द्वारा मंगलाचरण हो चुकने के बाद स्थापक नामक नट के द्वारा इस बात का सूचित किया जाना कि नाटक की कथावस्तु और उसका काव्यार्थ क्या है । | | | prologue of the drama. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थापित** | वि. | 1. जिसकी स्थापना की गई हो, कायम किया हुआ; | ಸ್ಥಾಪಿಸಿದ; | स्थापिसिद; | founded, instituted, established; |
| | | 2. प्रतिपादित, प्रस्तुत किया हुआ, प्रवर्तित; | ಪ್ರತಿಪಾದಿಸಲ್ಪಟ್ಟ; | प्रतिपादि सल्पट्ट; | propounded, enunciated; |
| | | 3. खड़ा किया हुआ; | ಕಟ್ಟಿ ನಿಲ್ಲಿಸಿದ; | कट्टि निल्लिसिद; | set up, raised, erected; |
| | | 4. स्थिर किया हुआ, किसी स्थान पर जमाया हुआ । | ಭದ್ರವಾಗಿರಿಸಿದ | भद्रवागिरिसिद | placed, fixed, located, deposited, installed. |
| **स्थायित्व** | पुं. | 1. स्थायी होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव, सदा स्थित या बने रहने का भाव; | ಸ್ಥಾಯಿಯಾಗಿರುವಿಕೆ; | स्थायि-यागिरुविकॆ; | permanency; |
| | | 2. टिकाऊपन । | ಭದ್ರವಾಗಿರುವಿಕೆ | भद्रवागिरुविकॆ | stability, durability. |
| **स्थायिवत्** | वि. | स्थायी के समान । | ಸ್ಥಾಯಿಯಾಗಿದ್ದಂತೆ | स्थायि-यागिद्दंतॆ | quasi-permanent, as good as permanent. |
| **स्थायी** | वि. | 1. सदा स्थित रहनेवाला, हमेशा बना रहने वाला; | ಸದಾ ಇರುವಂತಹ; | सदा इरुवंतह; | permanent; |
| | | 2. बहुत दिनों तक चलने-वाला, टिकाऊ; | ಬಾಳಿಕೆ ಇರುವ; | बाळिकॆ इरुव; | stable, durable, lasting; |
| | | 3. स्थिर, अटल, नियत । | ಸ್ಥಿರವಾದ | स्थिरवाद | steady, firm, regular, invariable. |
| **स्थायीकरण** | पुं. | 1. किसी वस्तु, कार्य या बात को स्थायी रूप देना; | ಸ್ಥಿರಪಡಿಸುವಿಕೆ; | स्थिरपडिसुविकॆ; | prepetuation; |
| | | 2. किसी पद पर अस्थायी रूप से या परीक्षण के रूप में काम करनेवाले व्यक्ति को उस पद पर स्थायी रूप से नियत करना, पुष्टीकरण । | ಅಸ್ಥಾಯಿ ಸ್ಥಿತಿಯನ್ನು ಸ್ಥಿರಪಡಿಸುವಿಕೆ | अस्थायि स्थिति यन्नु स्थिर-पडिसुविकॆ | confirmation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थावर** | वि. | 1. एक ही जगह स्थिर रहनेवाला, अपनी जगह से न हटनेवाला; | ಸ್ಥಿರ; | स्थिर; | fixed to one spot, stable, stationary, not moving; |
| | | 2. अचल (उदा. अचल संपत्ति) । | ಸ್ಥಿರ ಆಸ್ತಿ | स्थिर आस्ति | not mobile, immovable (as property). |
| **स्थित** | वि. | 1. किसी स्थान पर खड़ा, ठहरा या बना हुआ; | ನಿಂತ, ಇರುವ; | निंत, इरुव; | stood, remained, stayed, situated; |
| | | 2. बसा हुआ; | ನೆಲೆಸಿರುವ; | नॅलॅसिरुव; | staying, resting, living, being, existing, situated, happened, occurred; |
| | | 3. दृढ़, पक्का; | ದೃಢವಾದ; | दृढवाद; | steady, firm, determined, resolved; |
| | | 4. प्रतिष्ठित या प्रस्थापित किया हुआ; | ಸ್ಥಾಪಿಸಿದ; | स्थापिसिद; | established; |
| | | 5. बैठा हुआ; | ಕುಳಿತ; | कुळित; | sitting, set; |
| | | 6. अचल; | ಚಲಿಸದ; | चलिसद; | stable, immovable, stationary; |
| | | 7. उपस्थित, मौजूद । | ಹಾಜರಿರುವ | हाजरिरुव | present. |
| **स्थिति** | स्त्री. | 1. स्थित होने की क्रिया, दशा या भाव, रहना या होना, अवस्थान; | ಸ್ಥಿತಿ | स्थिति | situation, location, site; |
| | | 2. एक ही स्थान पर या एक ही रूप में बना रहना, टिकाव, ठहराव; | | | stopping, standing still, continuance in one state; |
| | | 3. दशा, हालत, अवस्था; | | | state, condition, natural state, nature, habit; |
| | | 4. पद, मर्यादा आदि के विचार से समाज में किसी को प्राप्त होनेवाला स्थान; | | | rank, dignity, position; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. किसी व्यक्ति, संस्था आदि की वह विधि, दशा या मर्यादा जो उसे अपने क्षेत्र में कुछ निश्चित सीमा में प्राप्त होती है और जो इसके पद, सम्मान आदि की सूचक होती है; | | | status; |
| | | 6. वे बातें जो कोई पक्ष अपने वक्तव्य, अभियोग, आरोप आदि के संबंध में कहता या उपस्थित करता है; | | | case; |
| | | 7. अस्तित्व; | | | existence; |
| | | 8. किसी कार्य आदि की प्रगति की अवस्था, चरण, मंजिल । | | | stage, phase. |
| **स्थिर** | वि. | 1. सदा एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहनेवाला, अचल, निश्चल; | ಸ್ಥಿರ | स्थिर | constant, steady, firm, permanent; |
| | | 2. बहुत दिनों तक या सदा ज्यों का त्यों रहनेवाला, स्थायी; | | | stable, enduring, lasting, permanent; |
| | | 3. इस प्रकार निश्चित किया हुआ जिसमें जल्दी या सहज में कोई परिवर्तन या हेरफेर न हो सके; | | | established, fixed; |
| | | 4. जो किसी स्थान पर पहुंच कर स्थायी रूप से रुक या ठहर गया हो, एक ही जगह पर बहुत दिनों तक टिका रहनेवाला; | | | stationary, not moving, immovable, still; |
| | | 5. धीर, शांत; | | | quiescent, calm, pacific; |
| | | 6. एक ही स्थान पर पड़ा, बैठा या लगाया हुआ । | | | placed, fixed, located. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थिरता** | स्त्री. | 1. स्थिर रहने या होने की अवस्था, गुण या भाव, एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहना, निश्चलता, स्थैर्य; | ನಿಶ್ಚಲ (ಸ್ಥೈರ್ಯ) ತೆ; | निश्चल (स्थैर्य) तॆ; | constancy, steadiness, firmness; |
| | | 2. स्थायित्व; | ಸ್ಥಾಯಿತ್ವ; | स्थायित्व; | stability, permanence; |
| | | 3. धीरता; | ಧೀರತೆ; | धीरतॆ; | quiescence, poise, calmness; |
| | | 4. दृढ़ता, मजबूती । | ಭದ್ರವಾಗಿರುವಿಕೆ | भद्रवागिरुविकॆ | fixity, firmness. |
| **स्थूल** | वि. | 1. भारी और मोटे अंगोंवाला, मोटा; | ಸ್ಥೂಲ | स्थूल | fat, corpulent, stout, bulky, massive; |
| | | 2. तुरन्त या बिना परिश्रम के समझ में आनेवाला; | | | plain, which has no subtlety; |
| | | 3. जिसमें छोटे और बारीक अंगों का विचार न हो, मोटे तौर पर अनुमान किया हुआ; | | | rough; |
| | | 4. अभी जिसमें से लागत, व्यय आदि न निकाला गया हो, कुल, सकल, समग्र; | | | gross; |
| | | 5. अपरिष्कृत, मोटा । | | | coarse, thick. |
| **स्थूलकाय** | वि. | भारी भरकम शरीरवाला । | ಸ್ಥೂಲಕಾಯ, ಭಾರಿ ಶರೀರವುಳ್ಳ | स्थूलकाय, भारि शरीरवुळ्ळ | fat, corpulent, bulky. |
| **स्थूलता** | स्त्री. | 1. स्थूल होने की अवस्था, गुण या भाव, स्थूलत्व, सूक्ष्मता से रहित होना; | ಸ್ಥೂಲ ವಾಗಿರುವಿಕೆ; | स्थूलवागिरुविकॆ; | the state of being easily understood, ordinary, unsubtle-ness; |
| | | 2. मोटाई, मोटापा; | ಸ್ಥೌಲ್ಯ; | स्थौल्य; | fatness, corpulence, stoutness; |
| | | 3. भारीपन; | ಭಾರಿಯಾಗಿರುವಿಕೆ; | भारियागिरुविकॆ; | bulkiness, largeness; |
| | | 4. (कपड़े आदि का) मोटापन, गाढ़ापन । | (ಬಟ್ಟೆ ವಗೈರೆ) ದಪ್ಪನಾಗಿರುವಿಕೆ | (बट्टॆ वगैरॆ) दप्पनागिरुविकॆ | coarseness, thickness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्नात** | वि. | जिसने स्नान किया हो, नहाया हुआ । | ಸ್ನಾನ ಮಾಡಿದ | स्नान माडिद | bathed, washed, purified by ablution. |
| **स्नातक** | पुं. | 1. वह जिसने किसी विश्व-विद्यालय की कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो; | ವಿಶ್ವವಿದ್ಯಾಲಯದ ಪರೀಕ್ಷೋತ್ತೀರ್ಣ; | विश्वविद्यालपद परीक्षोत्तीर्ण; | graduate, bachelor; |
| | | 2. वह जिसने विद्या का अध्ययन और ब्रह्मचर्य व्रत समाप्त कर लिया हो । | ವಿದ್ಯಾಧ್ಯಯನ ಮತ್ತು ಬ್ರಹ್ಮಚರ್ಯ ವ್ರತವನ್ನು ಪೂರೈಸಿದವ | विद्याध्ययन मत्तु ब्रह्मचर्य व्रतवन्नु पूरैसिदव | one who has completed his studies and Brahmacharya period. |
| **स्नातकोत्तर** | वि. | स्नातक हो जाने के बाद का अध्ययन या परीक्षा । | ಸ್ನಾತಕಾನಂತರದ ವಿಶೇಷ ವಿದ್ಯಾಭ್ಯಾಸ | स्नातकानंतरद विशेष विद्याभ्यास | post-graduate. |
| **स्नान** | पुं. | 1. स्वच्छ या शीतल करने के लिए सारा शरीर जल से धोना या जलराशि में प्रवेश कर नहाना; | ಸ್ನಾನ | स्नान | bathing, washing, ablution, to take a dip in water; |
| | | 2. किसी वस्तु या व्यक्ति का धूप, वायु आदि के सामने इस प्रकार रखना या बैठना, लेटना अथवा होना कि सारे शरीर या पूरे पदार्थ पर उसका प्रभाव पड़े । | | | to place or bask in sun. |
| **स्नानागार** | पुं. | स्नान-गृह, गुसलखाना । | ಸ್ನಾನದ ಮನೆ | स्नानद मनॆ | bath–room. |
| **स्नायविक** | वि. | स्नायु-संबंधी, स्नायु का, स्नायवीय । | ಸ್ನಾಯು (ನರ) ಸಂಬಂಧವಾದ | स्नायु (नर) संबंधवाद | pertaining to nerves, nervous, ligamentary. |
| **स्नायु** | पुं. | रग, नाड़ी, नस, तंत्रिका । | ನರ, ನಾಡಿ | नार, नाडि | nerve, sinew, tendon, muscle, ligament. |
| **स्नायुमंडल** | पुं. | तंत्रिका-तंत्र । | ನರಗಳ ಸಮೂಹ | नरगळ समूह | nervous system. |
| **स्निग्ध** | वि. | 1. जिसमें स्नेह या तेल रहता हो या लगा हो, चिकनाहट युक्त; | ಜಿಡ್ಡಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ; | जिड्डिनिंद कूडिद; | oily, unctuous, greasy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो खुरदरा न हो, चिकना, मसृण; | ನುಣುಪಾದ; | नुणुपाद; | smooth, not rough, glossy; |
| | | 3. जिसमें स्नेह या प्रेम हो । | ಪ್ರೇಮಭರಿತ | प्रेमभरित | loving, affectionate, friendly, attached, tender. |
| स्नेह | पुं. | 1. प्रेमियों, हमजोलियों, बच्चों आदि के प्रति होने-वाला प्रेमभाव; | ಸ್ನೇಹ | स्नेह | affection, love, kindness, tenderness; |
| | | 2. चिकना पदार्थ, चिकनाहट-वाली चीज़; | | | grease, fat, any unctuous substance, lubricant; |
| | | 3. तेल; | | | oil; |
| | | 4. चिकनाहट, चिकनापन, लसीलापन । | | | oiliness, viscidity, unctuousness, lubricity. |
| स्नेहक | पुं. | तेल या वह चिकना पदार्थ जो यंत्रों के कल-पुर्जों आदि में उन्हें सरलता से चलाने के लिए डाला जाता है । | ಯಂತ್ರಗಳ ಚಕ್ರ ವಗೈರೆಗಳಿಗೆ ಹಾಕುವ ಜಿಡ್ಡು | यंत्रगळ चक्र वगैरे गळिगे हाकुव जिड्डु | a lubricant, lubrication oil. |
| | वि. | 1. चिकना करनेवाला; | ಜಿಡ್ಡಾಗಿರಿಸುವ; | जिडडागिरिसुव; | lubricating; |
| | | 2. स्नेही, प्रेमी । | ಪ್ರೇಮಿ | प्रेमि | kind, affectionate. |
| स्नेहपात्र | वि. | जिसके प्रति स्नेह हो, स्नेह-भाजन, प्यारा व्यक्ति, प्रेम पात्र । | ಸ್ನೇಹಪಾತ್ರ, ಪ್ರೀತಿಪಾತ್ರ | स्नेहपात्र, प्रीतिपात्र | object of love, beloved. |
| स्नेही | वि. | स्नेह करनेवाला, प्रेमयुक्त । | ಪ್ರೀತಿಸುವ | प्रीतिसुव | affectionate, tender, loving. |
| | पुं. | 1. प्रेमी; | ಪ್ರಿಯ; | प्रिय; | lover; |
| | | 2. मित्र । | ಸ್ನೇಹಿತ | स्नेहित | friend. |
| स्पंद | पुं. | 1. धीरे-धीरे हिलना या कांपना, कंपन; | ಮೆಲುವಾದ ಕಂಪನ; | मेलुवाद कंपन; | vibration, tremor, quiver; |
| | | 2. स्पंदन की क्रिया में होनेवाला हल्का आघात या फड़क, प्रस्फुरण; | ಕಂಪನದ ಘಾತ | कंपनद घात; | pulse, throb; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. गति । | ಗತಿ | गति | motion, movement. |
| **स्पंदन** | पुं. | 1. धीरे-धीरे हिलना या कांपना; | ಕಂಪನ; | कंपन; | vibration, tremor, quivering, trembling; |
| | | 2. जीवों के शरीर में रक्त के प्रवाह या संचार के कारण कुछ रुक-रुक कर होनेवाली वह गति जो हृदय के बार-बार फूलने और संकुचित होने से आघात या खटक के रूप में उत्पन्न होती है, धड़कन, फड़क, प्रस्फुरण; | ರಕ್ತದ ಒತ್ತಡ; | रक्तद ओत्तड; | beat, pulsation; |
| | | 3. गति । | ಗತಿ | गति | movement, motion. |
| **स्पंदित** | वि. | 1. जिसमें स्पंदन उत्पन्न हुआ हो या किया गया हो, हिलता या कांपता हुआ; | ಕಂಪಿಸುತ್ತಿರುವ; | कंपिसुत्तिरुव; | vibrated, quivered, trembled; |
| | | 2. धड़कता हुआ (हृदय), फड़कता हुआ, प्रस्फुरित । | ಹೃದಯ ಡಬಡಬಿಸುತ್ತಿರುವ | हृदय डबडबिसुत्तिरुव | throbbed, pulsated. |
| **स्पर्द्धा (स्पर्धा)** | स्त्री. | 1. प्रतियोगिता आदि में किसी से होनेवाली होड़; | ಪೈಪೋಟಿ; | पैपोटि; | rivalry, competition; |
| | | 2. किसी में कोई अच्छी बात देखकर सद्भावपूर्वक उसके समान होने की कामना; | ಹುರುಡು; | हुरुडु; | emulation; |
| | | 3. ईर्षा, डाह । | ಅಸೂಯೆ | असूये | jealousy, envy. |
| **स्पर्श** | पुं. | 1. त्वचा का वह गुण जिससे छूने, दबने आदि का अनुभव होता है; | ಸ್ಪರ್ಶ | स्पर्श | the quality of tangibility, touch, feel; |
| | | 2. एक वस्तु के तल का दूसरी वस्तु के तल से सटना या छूना, संपर्क, संस्पर्श । | | | contact. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्पष्ट** | वि. | 1. जिसे देखने, समझने, सुनने आदि में नाम की भी कोई कठिनता या बाधा न हो, बिलकुल साफ;<br>2. (बात या व्यवहार) जिसमें किसी तरह का छल-कपट या धोखा न हो, निष्कपट, सत्यतापूर्ण । | ಸ್ಪಷ್ಟ | स्पष्ट | distinct, clear, apparent, evident, obvious, manifest, intelligible, easy, plain;<br>straightforward, honest, real. |
| **स्पष्टता** | स्त्री. | 1. स्पष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव;<br>2. निष्कपटता । | ಸ್ಪಷ್ಟತೆ | स्पष्टते | distinctness, clearness, plainness, obviousness, clarity;<br>straight-forwardness. |
| **स्पष्टवादिता** | स्त्री. | स्पष्टवादी होने की अवस्था, गुण या भाव । | ಸ್ಪಷ್ಟವಾದಿತೆ | स्पष्टवादिते | quality of being outspoken, out-spokenness, plain, speaking, straight-forwardness. |
| | | 5. छोड़ना, त्याग करना; | ತ್ಯಜಿಸು; | त्यजिसु; | to give up; |
| | | 6. किसी स्थान से अवकाश ग्रहण करना । | ನಿವೃತ್ತಿ ಹೊಂದು | निवृत्ति हॊंदु | to retire (from a service or post), to take leave of. |
| **हटवाना** | स. क्रि. | हटाने का काम दूसरे से करवाना । | ಸರಿಸುವಂತೆ ಮಾಡಿಸು | सरिसुवंतॆ माडिसु | to cause to remove, to terminate etc. |
| **हटाना** | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु या व्यक्ति को उसके स्थान से हटने में प्रवृत्त करना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना या रखना, स्थानांतरित करना, खिसकाना; | ತೆಗೆದು ಹಾಕು, ಸ್ಥಾನದಿಂದ ಕದಲುವಂತೆ ಮಾಡು, ಬದಲಾಯಿಸು; | तॆगॆदु हाकु, स्थानदिंद कदलुवंतॆ माडु, बदलायिसु; | to take away, to remove, to move out, to set aside; |
| | | 2. दूर करना, भगाना, खदेड़ना; | ಹಿಂದೂಡು; | हिंदूडु; | to cause to recede, to drive back or off, to repel, to chase; |
| | | 3. काम या पद से अलग करना; | ಕೆಲಸದಿಂದ ತೆಗೆದು ಹಾಕು; | कॆलसदिंद तॆगॆदु हाकु; | to dismiss, to discharge; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. समाप्त करना, दबा देना, मिटाना; | ತೊಡೆದು ಹಾಕು; | तॊडॆदु हाकु; | to put down, to make an end of, to terminate, to destroy, to remove; |
| | | 5. ध्यान न देना, उपेक्षा करना । | ಗಮನಿಸದಿರು | गमनिसदिरु | to disregard, to ignore. |
| **हट्टा-कट्टा** | वि. | हृष्ट-पुष्ट, मोटा-ताजा, बलवान । | ದಷ್ಟ-ಪುಷ್ಟ, ಬಲವಾದ | दष्ट-पुष्ट, बलवाद | stout and active, strong and sturdy, well built, robust. |
| **हठ** | पुं. | 1. जिद, टेक, दुराग्रह; | ಹಟ; | हट; | stubbornness, obstinacy; |
| | | 2. दृढ़ प्रतिज्ञा या संकल्प । | ದೃಢ ಪ್ರತಿಜ್ಞೆ, ಸಂಕಲ್ಪ | दृढ प्रतिज्ञॆ, संकल्प | firm pledge, determination, resolve. |
| **हठधर्मी** | स्त्री. | 1. सत्य-असत्य, उचित-अनुचित का विवेक किए बिना अपनी बात पर जमे रहना, दूसरे की बात जरा भी न मानना, दुराग्रह; | ವಿವೇಚನೆ ಮಾಡದೆ ಹಿಡಿದ ಪಟ್ಟು ಸಾಧಿಸುವ ಗುಣ, ದುರಾಗ್ರಹ; | विवेचनॆ माडदॆ हिडिद पट्टु साधिसुव गुण, दुराग्रह; | obstinacy, stubbornness; |
| | | 2. धार्मिक कट्टरपन, जो विचारों की संकीर्णता का सूचक हो । | ಧರ್ಮಾಂಧತೆ, ಧಾರ್ಮಿಕ ಗೊಡ್ಡುತನ | धर्मांधतॆ, धार्मिक गॊड्डुतन | bigotry. |
| **हठात्** | वि., क्रि.वि. | 1. दुराग्रही, जिद्दी; | ದುರಾಗ್ರಹಿ; | दुराग्रहि; | obstinate, perverse, stubborn; |
| | | 2. बलपूर्वक, जबरदस्ती; | ಬಲಪೂರ್ವಕ; | बलपूर्वक; | forcibly, perforce; |
| | | 3. निश्चित रूप से, अवश्य; | ಕಡ್ಡಾಯ; | कड्डाय; | definitely; |
| | | 4. अचानक, सहसा । | ಥಟ್ಟನೆ, ಅಕಸ್ಮಾತ್ತಾಗಿ, ಹಠಾತ್ತಾಗಿ | थट्टनॆ, अकस्मात्तागि, हठात्तागि | suddenly, all of a sudden. |
| **हठी** | वि. | हठ करनेवाला, जिद्दी । | ಹಟಗಾರ | हटगार | obstinate, stubborn. |
| **हठीला** | वि. | 1. हठी, जिद्दी स्वभाववाला; | ಹಟಮಾರಿ; | हटमारि; | of obstinate disposition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विरोध, विवाद आदि के समय अपनी प्रतिज्ञा या स्थान पर दृढ़तापूर्वक जमा रहनेवाला, दृढ़-संकल्प, दृढ़प्रतिज्ञ । | ಪಟ್ಟು ಹಿಡಿದ, ದೃಢ ಸಂಕಲ್ಪ | पट्टु हिडिद, दृढ संकल्प | of firm pledge, determined, resolved. |
| हड़ (हर्र) | स्त्री. | 1. एक बड़ा पेड़ जिसके पत्ते महुए के पत्तों की तरह चौड़े होते हैं, हरीतकी; | ಅಳಲೆ ಗಿಡ; | अळले गिड; | myrobalan (tree); |
| | | 2. उक्त पेड़ का फल । | ಅಳಲೆ ಕಾಯಿ | अळले कायि | myrobalan (fruit). |
| हड़कंप | पुं. | भारी हलचल, तहलका, आतंक । | ಭಾರಿ ಆಂದೋಳನ | भारि आंदोळन | turmoil, panic, terror. |
| हड़कना | अ. क्रि. | किसी प्रकार के अभाव से दुःखी होना, तरसना । | ದುಃಖದಿಂದ ಸೊರಗು, ಹಾತೊರೆ | दुःखदिंद सोरगु, हातोरे | to feel a great desire, to have longing (for), to long, to crave, to yearn. |
| हड़काया | वि. | 1. जिसे हड़का या उत्तेजित कर किसी के पीछे उस पर आक्रमण करने के लिए लगाया गया हो; | ಉತ್ತೇಜನ ಕೊಟ್ಟು ರೇಗಿಸಿದ; | उत्तेजन कोट्टु रेगिसिद; | turned violent or rabid; |
| | | 2. उतावला या विकल किया हुआ, तरसाया हुआ; | ಹಾತೊರೆದ; | हातोरेद; | rendered impatient, tantalized; |
| | | 3. पागल, बावला । | ಉತ್ತೇಜನದಿಂದ ಹುಚ್ಚಾದ | उत्तेजनदिंद हुच्चाद | mad, rabid. |
| हड़ताल | स्त्री. | दुःख, विरोध या असंतोष व्यक्त करने के लिए कल-कारखानों, कार्यालयों आदि के कर्मचारियों या जनसाधारण का सब कारोबार, दुकानें आदि बन्द कर देना । | ಮುಷ್ಕರ, ಸಂಪು, ಹರತಾಳ | मुष्कर, संपु, हरताळ | strike. |
| हड़ताली | वि. | हड़ताल संबंधी, हड़ताल का । | ಹರತಾಳ ಸಂಬಂಧವಾದ | हरताळ संबंधवाद | pertaining to strike. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | वह व्यक्ति या वे लोग जो हड़ताल कर रहे हों । | ಹರತಾಳ ಮಾಡುವವರು | हरताळ माडुववरु | a striker. |
| **हड़पना** | स. क्रि. | 1. किसी की कोई वस्तु अनुचित रूप से लेकर दबा बैठना या कभी न देना; | ನುಂಗಿ ಹಾಕು; | नुंगि हाकु; | to usurp, to purloin; |
| | | 2. निगलना; | ಮುಳುಗಿಸು; | मुळुगिसु; | to swallow, to gulp; |
| | | 3. जल्दी (और प्रायः अधिक) खाना । | ಗಬಗಬ ತಿನ್ನು | गबगब तिन्नु | to eat hastily. |
| **हड़बड़ाना** | अ. क्रि. | 1. जल्दी मचाते हुए आतुर होना; | ಆತುರ ಪಡು; | आतुर पडु; | to be in a hurry, to act hastily, to be impetuous; |
| | | 2. घबरा जाना, घबड़ाहट में कोई काम करना । | ಗಾಬರಿಗೊಳ್ಳು | गाबरिगॊळ्ळु | to be perplexed, to be confused, to be agitated, to be non–plussed, to be in a hurry. |
| | स. क्रि. | जल्दी मचाते हुए कोई काम करने के लिए किसी से कहना या किसी को विवश करना । | ಆತುರ ಆತುರವಾಗಿ ಕೆಲಸ ಮಾಡಿಸು | आतुर आतुरवागि कॆलस माडिसु | to flurry, to confuse, to perplex. |
| **हड़बड़िया** | वि. | हड़बड़ी करनेवाला, जल्दी मचानेवाला, उतावला । | ತರಾತುರಿ ಮಾಡುವ | तरातुरि माडुव | hasty, precipitate, impetuous, agitated. |
| **हड़बड़ी** | स्त्री. | 1. जल्दबाजी, उतावली; | ತರಾತುರಿ; | तरातुरि; | haste, hastiness, rashness, impetuosity; |
| | | 2. घबराहट । | ಗಾಬರಿ | गाबरि | confusion. |
| **हड्डी** | स्त्री. | रीढ़ वाले जीव-जंतुओं के शरीर के ढांचे का वह प्रमुख अंग या तत्व जो बहुत कड़ा और सफेद होता है, प्रायः नली के रूप का होता है और जोड़ों के बीच में रहता है, अस्थि । | ಮೂಳೆ | मूळॆ | bone. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हत** | वि. | 1. जो मार डाला गया हो, वध किया हुआ; | ಕೊಲ್ಲಲ್ಪಟ್ಟ; | कोल्लल्पट्ट; | killed, slain; |
| | | 2. आहत, घायल; | ಪೆಟ್ಟು ತಿಂದ; | पेट्टु तिंद; | hurt, struck, injured; |
| | | 3. रहित, विहीन (समास में); | (ಸಮಾಸದಲ್ಲಿ) ಬಿಟ್ಟ, ಹೊರತಾದ; | (समासदल्लि) बिट्ट, होरताद; | deprived or bereft of (in Com.); |
| | | 4. नष्ट । | ನಾಶಗೊಂಡ | नाशगोंड | ruined, extingui-shed, destroyed. |
| **हतप्रभ** | वि. | 1. जिसकी प्रभा अर्थात् कांति नष्ट हो गई हो; | ಕಾಂತಿಹೀನ, ಪ್ರಭಾಶೂನ್ಯ; | कांतिहीन, प्रभाशून्य; | dimmed in lustre; |
| | | 2. किंकर्तव्य-विमूढ़, निरुत्तर । | ಕಿಂಕರ್ತವ್ಯ ವಿಮೂಢ, ನಿರುತ್ತರ | किंकर्तव्य विमूढ, निरुत्तर | out of wits, non-plussed. |
| **हतभागा** | वि. | अभागा, भाग्यहीन, हतभागी । | ದುರ್ಭಾಗ್ಯಶಾಲಿ, ಭಾಗ್ಯಹೀನ | दुर्भाग्यशालि भाग्यहीन | unfortunate, luckless, unlucky, ill-fated. |
| **हतभाग्य** | वि. | दे. 'हतभागा' । | ಹತಭಾಗ್ಯ | हतभाग्य | same as 'हतभागा'. |
| **हताहत** | वि. | हत और आहत, मारे हुए और घायल । | ಮೃತ ಹಾಗೂ ಗಾಯಗೊಂಡ | मृत हागू गायगोंड | casualties, killed and wounded. |
| **हतोत्साह** | वि. | जिसका उत्साह भंग हो गया हो । | ಉತ್ಸಾಹ ಭಂಗವಾದ | उत्साह भंगवाद | demoralised, disheartened. |
| **हत्था** | पु. | 1. हस्तचालित मशीनों या उपकरणों का वह भाग जिसे हाथ से पकड़कर घुमाने या चलाने से वे चलते हैं, अथवा काम में लाये जाते हैं, दस्ता; | ಹಿಡಿ, ಕಾವು; | हिडि, कावु; | a handle; |
| | | 2. कुन्दा, मूठ । | ಮುಷ್ಟಿ, ಹಿಡಿಕೆ; | मुष्टि, हिडिके; | butt; |
| | | 3. हाथ का वह छापा जो पूजन आदि के अवसरों पर हल्दी अथवा लेपन से कपड़े या दीवारों पर लगाया जाता है; | ಅರಿಸಿನ ಹಚ್ಚಿ ಗೋಡೆಯ ಮೇಲೆ ತಟ್ಟುವ ಕೈ ಗುರುತು; | अरिसिन हच्चि गोडेय मेले तट्टुव कै गुरुतु; | imprint or impression by hand; |
| | | 4. कुर्सी की बांहा; | ಕುರ್ಚಿಯ ಕೈ; | कुर्चिय कै; | arm (of a chair); |
| | | 5. केले के फलों का बड़ा गुच्छा, घोद । | ಬಾಳೆಗೊನೆ | बाळेगोने | a large bunch of fruits (of plantain). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हत्थे** | क्रि. वि. | 1. हाथ में; | ಕೈಯಲ್ಲಿ; | कैयल्लि; | in hand; |
| | | 2. हाथ से, द्वारा । | ಕೈಯಿಂದ | कैयिंद | by hand. |
| **हत्या** | स्त्री. | 1. किसी को जान से मार डालने की क्रिया या काम, वध, खून; | ಕೊಲೆ | कॊलॆ; | killing, slaying, slaughter, murder, assassination; |
| | | 2. हत्या करने का पाप । | ಕೊಲೆಯ ಪಾಪ | कॊलॆय पाप | a sin consequent upon a murder, killing etc. |
| **हत्यारा** | पुं. | हत्या करनेवाला व्यक्ति, खूनी । | ಕೊಲೆಪಾತಕ, ಕೊಲೆಗಾರ | कॊलॆपातक, कॊलॆगार | murderer, assassin. |
| **हत्यारिन** | स्त्री. | हत्या करनेवाली स्त्री । | ಕೊಲೆಪಾತಕಿ | कॊलॆपातकि | murderess. |
| **हथकंडा** | पुं. | 1. कोई उद्देश्य सिद्ध करने के लिए अपनाई गई ऐसी युक्ति या कौशल जो चालाकी तथा धूर्तता से युक्त हो, चालबाजी, हाथ की सफाई; | ಹಸ್ತಲಾಘವ, ಕೈಚಳಕ; | हस्तलाघव, कैचळक; | manual skill, hand–skill, handi craft, sleight of hand; |
| | | 2. हाथ से किए जानेवाले कामों में दिखाई पड़नेवाला कौशल और सफाई, हाथ की सफाई, हस्तलाघव । | ಚಾಕಚಕ್ಯ | चाकचक्य | trick, tactics, ruse. |
| **हथकड़ी** | स्त्री. | लोहे का विशेष ढंग का बना कड़ा जो कैदी या अपराधी को विवश करने के लिए उसके हाथ में पहनाते हैं । | ಬೇಡಿ, ಸಂಕೋಲೆ | बेडि, संकोलॆ | handcuffs, manacle. |
| **हथकल** | स्त्री. | 1. हाथ से चलाई जानेवाली छोटी कल या यंत्र; | ಕೈಯಿಂದ ನಡೆಸುವ ಯಂತ್ರ; | कैयिंद नडॆसुव यंत्र; | hand–operated machine; |
| | | 2. लोहारों आदि का एक प्रकार का पेचकस, रिंच, पाना । | ತಿರುಗಿಸುವ ಸಲಕರಣೆ, ತಿರಿಚುಳಿ, ಬಿಲ್ಮುಡಿಕೆ | तिरुगिसुव सलकरणॆ, तिरिचुळि बिल्मुडिकॆ | spanner, wrench. |
| **हथगोला** | पुं. | शत्रुओं पर हाथ से फेंका जानेवाला कोई विस्फोटक गोला । | ಕೈಯಿಂದ ಎಸೆಯುವ ಮದ್ದಿನ ಗುಂಡು | कैयिंद ऎसॆयुव मद्दिन गुंडु | hand–grenade. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हथिनी** | स्त्री. | मादा हाथी । | ಹೆಣ್ಣಾನೆ | हॆण्णानॆ | female elephant. |
| **हथियाना** | स. क्रि. | 1. अपने प्रभुत्व या अधिकार में कर लेना; | ವಶಪಡಿಸಿಕೊಳ್ಳು; | वशपडिसिकॊळ्ळु; | to occupy, to have in one's possession, to grab; |
| | | 2. दूसरे की वस्तु पर कौशल से या जबरदस्ती कब्जा कर लेना; | ಬಲಪೂರ್ವಕವಾಗಿ ಕೈವಶ ಮಾಡಿಕೊಳ್ಳು; | बलपूर्वकवागि कैवश माडिकॊळ्ळु; | to usurp, to seize, to acquire by force; |
| | | 3. हाथ में लेना, हाथ से पकड़ना । | ಕೈಯಲ್ಲಿ ಹಿಡಿದು ಕೊಳ್ಳು | कैयल्लि हिडिदु कॊळ्ळु | to take in hand. |
| **हथियार** | पुं. | 1. अस्त्र-शस्त्र; | ಆಯುಧ,ಅಸ್ತ್ರ-ಶಸ್ತ್ರ ಗಳು; | आयुध,अस्त्र-शस्त्रगळु; | weapon, arms; |
| | | 2. कोई ऐसा उपकरण जिसकी सहायता से हाथ से कोई चीज बनाई जाए, औजार । | ಕೆಲಸದ ಮುಟ್ಟುಗಳು | कॆलसद मुट्टुगळु | tool, implement, instrument. |
| **हथियारबंद** | वि. | अस्त्र-शस्त्र से सज्जित, सशस्त्र । | ಸಶಸ್ತ್ರ, ಆಯುಧ ಗಳಿಂದ ಸಜ್ಜಾದ | सशस्त्र,आयुधगळिंद सज्जाद | armed, equipped with arms. |
| **हथेली** | स्त्री. | हाथ की कलाई के आगे का ऊपरी चिकना और चौड़ा भाग, करतल । | ಅಂಗೈ | अंगै | palm of the hand. |
| **हथौड़ा** | पुं. | धातु, पत्थर, ईंट आदि ठोंकने-पीटने का लोहे का एक औजार । | ಸುತ್ತಿಗೆ | सुत्तिगॆ | (large) hammer. |
| **हथौड़ी** | स्त्री. | छोटा हथौड़ा । | ಚಿಕ್ಕ ಸುತ್ತಿಗೆ | चिक्क सुत्तिगॆ | (small) hammer. |
| **हद** | स्त्री. | 1. किनारा, अंतिम पार्श्व; | ಎಲ್ಲೆಯ ಅಂಚು; | ऎल्लॆय अंचु; | limit, extent; |
| | | 2. सीमा; | ಎಲ್ಲೆ; | ऎल्लॆ; | boundary; |
| | | 3. अंत, चरम सीमा; | ಕೊನೆಯ ಅಂಚು, ಎಲ್ಲೆಕಟ್ಟು; | कॊनॆय अंचु, ऎल्लॆकट्टु; | extreme, extremity; |
| | | 4. औचित्य की सीमा, मर्यादा । | ಔಚಿತ್ಯ, ಅಧಿಕಾರಗಳ ಹದ್ದು, ಪರಿಮಿತಿ | औचित्य अधिकारगळ हद्दु, परिमिति | limit of propriety. |
| **हनन** | पुं. | 1. मार डालना, वध करना; | ಕೊಲ್ಲುವಿಕೆ; | कॊल्लुविकॆ; | killing, slaying, murder, slaughter, assassination; |
| | | 2. आघात या प्रहार करना, पीटना, ठोंकना; | ಹೊಡೆಯುವಿಕೆ; | हॊडॆयुविकॆ; | striking, beating; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. (भावनाओं आदि का) दमन करना । | ಮನೋಭಾವಗಳನ್ನು ತಡೆಗಟ್ಟುವಿಕೆ | मनोभावगळन्नु तडॆगट्टुविकॆ | suppression (of emotions). |
| हफ्ता | पुं. | सप्ताह । | ಸಪ್ತಾಹ, ವಾರ | सप्ताह, वार | week. |
| हम | सर्व. | मैं का बहुवचन रूप, उत्तम पुरुष का सूचक सर्वनाम । | ನಾವು | नावु | plural form of the first person pronoun मैं (I), we. |
| हमजोली | पुं. | साथी, सखा । | ಸ್ನೇಹಿತ, ಒಡನಾಡಿ | स्नेहित, ऑडनाडि | associate, companion, friend. |
| | वि. | समान उम्र का । | ಸಮವಯಸ್ಕ | समवयस्क | of the same age-group. |
| हमदर्द | पुं. | किसी के दु:ख में शरीक होने या सहानुभूति रखनेवाला व्यक्ति । | ಸಹಾನುಭೂತಿ ತೋರುವವ | सहानुभूति तोरुवव | sympathizer. |
| | वि. | दूसरे के दु:ख से द्रवित होनेवाला, कोमलहृदय । | ಮೃದುಮನದ, ಕೋಮಲ ಹೃದಯವುಳ್ಳ | मृदुमनद, कोमल हृदयवुळ्ळ | sympathetic, tender-hearted. |
| हमराही | पुं. | रास्ते का साथी, साथ चलनेवाला पथिक या यात्री, सहयात्री । | ಸಹಯಾತ್ರಿ | सहयात्रि | fellow-traveller, co-traveller. |
| हमला | पुं. | 1. आक्रमण, धावा, चढ़ाई; 2. प्रहार, वार, चोट; 3. किसी को नीचा दिखाने या हानि पहुंचाने के लिए किया जानेवाला कार्य या कही जानेवाली बात । | ಆಕ್ರಮಣ; ಪ್ರಹಾರ, ಹೊಡೆತ ಪೆಟ್ಟು; ಹೀಯಾಳಿಸಲು ಮಾಡುವ ಕೆಲಸ, ಆಡುವ ಮಾತು | आक्रमण; प्रहार, हॉडॆत, पॆट्टु; हीयाळिसलु माडुव कॆलस, आडुव मातु | attack, invasion; assault, blow, stroke; accusation, charge. |
| हमलावर | पुं. | हमला करनेवाला, आक्रमणकारी । | ಆಕ್ರಮಣಕಾರಿ | आक्रमणकारि | assailant, invader, aggressor. |
| हमाम | पुं. | स्नान करने का कमरा, स्नानागार । | ಸ್ನಾನಾಗಾರ | स्नानागार | bath room. |
| हमारा | सर्व. | "हम" का संबंध कारक रूप । | ನಮ್ಮ | नम्म | possessive form of हम, of us, our, ours. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हमें** | सर्व. | "हम" का कर्म और संप्रदान कारक का रूप, हमको । | ನಮಗೆ | नमगें | the objective and dative form of the first person plural pronoun हम, to us. |
| **हमेशा** | क्रि. वि. | सदा, सर्वदा, सदैव । | ಸದಾ, ಯಾವಾಗಲೂ | सदा, यावागलू | always, ever, continually, perpetually, incessantly. |
| **हया** | स्त्री. | स्वाभाविक शील के कारण उत्पन्न होनेवाली लज्जा या शर्म, संकोच । | ಸಂಕೋಚ, ನಾಚಿಕೆ | संकोच, नाचिकें | shame, sense of shame, modesty. |
| **हर** | वि. | 1. प्रत्येक; | ಪ್ರತ್ಯೇಕ; | प्रत्येक; | every, each; |
| | | 2. हरण करनेवाला, छीननेवाला (समास में); | (ಸಮಾಸದಲ್ಲಿ) ಅಪಹರಿಸುವ; | (समासदल्लि) अपहरिसुव; | taking away, depriving one of, seizing, grasping, (in comp.); |
| | | 3. दूर करने या हटानेवाला (समास में); | (ಸಮಾಸದಲ್ಲಿ) ದೂರೀಕರಿಸುವ; | (समासदल्लि) दूरीकरिसुव; | removing (comp.); |
| | | 4. लानेवाला या ले जानेवाला (समास में); | (ಸಮಾಸ) ತರುವ, ತೆಗೆದುಕೊಂಡು ಹೋಗುವ; | (समास) तरुव, तेगॆदुकॊंडु होगुव; | bringing, conveying, carrying, taking (in comp.); |
| | | 5. नष्ट करनेवाला, वध करनेवाला (समास में) । | (ಸಮಾಸ) ಹರಿಸುವ, ನಾಶಪಡಿಸುವ | (समास) हरिसुव नाशपडिसुव | destroying, killing (in comp.). |
| | पु. | 1. महादेव, शिव; | ಶಿವ, ಮಹಾದೇವ; | शिव, महादेव; | the Lord Siva; |
| | | 2. भाजक (गणित); | (ಗಣಿತ) ಭಾಜಕ; | (गणित) भाजक; | divisor (in Maths.) |
| | | 3. भिन्न में नीचे का अंक या संख्या (गणित) । | (ಗಣಿತ) ಭಿನ್ನಾಂಕದ ಕೆಳಭಾಗದ ಅಂಕಿ | (गणित) भिन्नांकद कॆळभागद अंकि | denominator of a fraction (in Maths. |
| **हरएक** | वि. | प्रत्येक । | ಪ್ರತಿಯೊಂದು | प्रतियॊंदु | every (or each) one, each and every. |
| **हरकत** | स्त्री. | 1. हिलना-डोलना, गति, चाल; | ಗತಿ, ಚಲನ; | गति, चलन; | motion, movement, actioı activity; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्पंदन या कंपन जो सजीवता और क्रिया-शीलता का सूचक हो; | ಕಂಪನ; | कंपन; | vibration, pulsation, throbbing; |
| | | 3. अनुचित चेष्टा या व्यवहार, शरारत । | ಅನುಚಿತ ವ್ಯವಹಾರ | अनुचित व्यवहार | improper or bad action, mis-demeanour, mischief. |
| हरकारा | पुं. | 1. चिट्ठी-पत्री या संदेश लाने-ले जानेवाला कर्मचारी, सन्देशहर, वार्ताहर; | ಕಾಗದ-ಪತ್ರ ಒಯ್ಯುವವ, ಹರಿಕಾರ; | कागद-पत्र ओय्युवव, हरिकार; | courier; |
| | | 2. (डाकिये से भिन्न) वह व्यक्ति जो गांवों आदि में डाक की चिट्ठियां, पार्सल आदि एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाता है, डाक ढोनेवाला । | ಅಂಚೆಯನ್ನು ಒಯ್ಯುವ ಆಳು | अंचेयन्नु ओय्युव आळु | dak runner. |
| हरगिज | अव्य. | कभी, कदापि, किसी हालत में (केवल 'न' या 'नहीं' के साथ प्रयुक्त) । | (ನಿಷೇಧಾರ್ಥಕ) ಎಂದಿಗೂ, ಯಾವ ಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲೂ (ಇಲ್ಲವೆಂಬರ್ಥ) | (निषेधार्थक) एंदिगू, याव-स्थितियल्लू (इल्लवेंबर्थ) | ever, under any circumstances (used with negation words). |
| हरचन्द | अव्य. | 1. कितना ही, कितनी ही तरह से; | ಎಷ್ಟಾದರೂ, ಎಲ್ಲ ರೀತಿಯಲ್ಲೂ; | एंष्टादरू, एंल्ल रीतियल्लू; | however much, how much soever; |
| | | 2. बहुत बार । | ಬಹಳ ಸಲ | बहळ सल | many times. |
| हरजाना (हर्जाना) | पुं. | नुकसान के बदले में दी जानेवाली रकम, क्षतिपूर्ति । | ಕ್ಷತಿಪೂರ್ತಿ | क्षतिपूर्ति | damages, com-pensation, indemnity. |
| हरण | पुं. | 1. छीनना, लूटना; | ಕಿತ್ತು ತೆಗೆದು ಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ; | कित्तु तेंगेदु कॊळ्ळुविकें; | taking away, seizing; |
| | | 2. अपहरण, उठा लेजाना, भगा ले जाना; | ಅಪಹರಿಸುವಿಕೆ; | अपहरिसुविकें; | kidnapping, abduction; |
| | | 3. दूर करना, हटाना; | ದೂರೀಕರಿಸುವಿಕೆ; | दूरीकरिसुविकें; | removing; |
| | | 4. नष्ट करना; | ನಾಶಪಡಿಸುವಿಕೆ; | नाशपडिसुविकें; | destroying; |
| | | 5. वंचित करना । | ಇಲ್ಲದಂತೆ ಮಾಡುವಿಕೆ | इल्लदंतें माडुविकें | depriving of. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हरदम** | क्रि. वि. | हमेशा, सदैव । | ಯಾವಾಗಲೂ | यावागलू | ever, always. |
| **हरना** | स. क्रि. | 1. हरण करना, छीनना, लूटना; | ಅಪಹರಿಸು; | अपहरिसु; | to take away, to seize,to grasp; |
| | | 2. दूर करना, हटाना; | ದೂರ ಮಾಡು; | दूर माडु; | to remove; |
| | | 3. नष्ट करना; | ನಾಶ ಮಾಡು; | नाश माडु; | to destroy; |
| | | 4. आकृष्ट करना; | (ಮನಸ್ಸು) ಆಕರ್ಷಿಸು; | (मनस्सु) आकर्षिसु; | to captivate; to charm, to attract; |
| | | 5. अपहरण करना, उठा ले जाना, भगा ले जाना । | ಓಡಿಸಿಕೊಂಡು ಹೋಗು | ओडिसिकोंडु होगु | to kidnap, to abduct. |
| **हरम** | पुं. | 1. रनिवास, अंतःपुर, जनानखाना; | ಅಂತಃಪುರ; | अंत:पुर; | a harem, women's apartment in a royal household, female apartment; |
| | | 2. जनानखाने में रहनेवाली स्त्रियां । | ರಾಣಿವಾಸದ ಹೆಂಗಸರು | राणिवासद हेंगसरु | women of the thalamus. |
| **हरसिंगार** | पुं. | मंझोले कद का एक पेड़ तथा उसके फूल जो बहुत सुगंधित होते हैं, परजाता । | ಪಾರಿಜಾತ | पारिजात | a particular plant and its flowers which are very sweet smelling. |
| **हरा** | वि. | 1. ताजी उगी हुई घास या पत्ती के रंग का, सब्ज, हरित; | ಹಸುರಾಗಿರುವ; | हसुरागिरुव; | green, verdant; |
| | | 2. हरियाली से भरा हुआ; | ಹಸುರಿನಿಂದ ತುಂಬಿದ; | हसुरिनिंद तुंबिद; | verdurous, covered with green verdant, green; |
| | | 3. अधपका, कच्चा; | ಮಾಗದ, ಅಪಕ್ವ; | मागद, अपक्व; | half raw, unripe; |
| | | 4. तरोताजा; | ಹೊಸ, ಆಗತಾನೆ ತಂದ; | होस, आगताने तंद; | fresh; |
| | | 5. प्रफुल्ल, प्रसन्न । | ಕಳಕಳಿಸುವ | कळकळिसुव | gay, delighted. |
| | पुं. | हरा रंग । | ಎಳೆಹಸುರು ಬಣ್ಣ | एळेहसुरु बणण | green colour. |
| **हराना** | स. क्रि. | 1. परास्त करना, पछाड़ना; | ಸೋಲಿಸು; | सोलिसु; | to defeat, overcome, overthrow, conquer; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. दौड़ा-दौड़ा कर शिथिल और पस्त करना, थकाना । | ಬಳಲಿಸು | बळलिसु | to weary, live out. |
| **हरामरा** | वि. | 1. हरे पेड़-पौधों, घास आदि से भरा हुआ, हरियाली से पूर्ण; | ಗಿಡಮರಗಳಿಂದ ತುಂಬಿ ಹಸುರಾಗಿರುವ; | गिडमरगळिंद तुंबि हसुरागिरुव; | verdurous, covered with green, green, verdant; |
| | | 2. प्रसन्न, प्रफुल्ल; | ಸೊಂಪಾಗಿರುವ; | सोंपागिरुव; | delighted, gay, happy; |
| | | 3. सम्पन्न; | ಸಂತೋಷ ಸಮೃದ್ಧಿಗಳಿಂದ ಕೂಡಿದ; | संतोष समृद्धि-गळिंद कूडिद; | prosperous, flourishing; |
| | | 4. ताजा । | ಕಳಕಳಿಸುವ. ಹೊಸ | कळकळिसुव, होस | fresh. |
| **हराम** | वि. | 1. निषिद्ध, वर्जित, अविहित; | ತ್ಯಾಜ್ಯ, ವರ್ಜಿತ; | त्याज्य, वर्जित; | forbidden, prohibited, unlawful; |
| | | 2. त्याज्य, अग्राह्य; | ನಿಷೇಧಿಸಿದ; | निषेधिसिद; | abandonable, renounceable, unacceptable; |
| | | 3. बहुत ही कटु, कष्टदायक या अप्रिय; | ಪ್ರಿಯಕರವಲ್ಲದ; | प्रियकरवल्लद; | troublesome, painful, distressing, unpleasant; |
| | | 4. अनुचित, बुरा । | ಅನುಚಿತ | अनुचित | improper. |
| | पुं. | 1. पाप, अधर्म; | ಪಾಪ, ಅಧರ್ಮ; | पाप, अधर्म; | sin, unrighteousness; |
| | | 2. धर्मशास्त्र द्वारा निषिद्ध बात या कर्म आदि; | ಶಾಸ್ತ್ರವಿರುದ್ಧ ಕರ್ಮ; | शास्त्रविरुद्ध कर्म; | forbidden, prohibited or unlawful act etc.; |
| | | 3. व्यभिचार । | ವ್ಯಭಿಚಾರ | व्यभिचार | adultery. |
| **हरारत** | स्त्री. | 1. गर्मी, ताप; | ಬೇಗೆ, ತಾಪ; | बेगे, ताप; | heat, warmth; |
| | | 2. हलका ज्वर; | ಲಘುಜ್ವರ; | लघुज्वर; | feverishness, temperature; |
| | | 3. जोश (ला.) । | (ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ಉತ್ಸಾಹ | (लाक्षणिक) उत्साह | fervour, zeal. |
| **हरिजन** | पुं. | 1. अस्पृश्य या अछूत जाति का व्यक्ति; | ಮುಟ್ಟಬಾರದ ಜಾತಿಯ ಜನ; | मुट्टबारद जातिय जन; | an untouchable; |
| | | 2. भगवान का भक्त या सेवक । | ದೇವರ ಸೇವಕ, ಭಕ್ತ | देवर सेवक, भक्त | a devotee of God. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हरिण** | पुं. | मृग, हिरन । | ಜಿಂಕೆ | जिंक | a deer, antelope. |
| **हरित** | वि. | 1. हरे रंग का, हरा;<br>2. ताजा;<br>3. हरियाली से युक्त, हरा-भरा । | ಹಸುರಾದ;<br>ಹೊಸ, ಕಳಕಳಿಸುವ;<br>ಹಸುರು ಹುಲ್ಲಿನಿಂದ ಕೂಡಿದ | हसुराद;<br>हांस, कळकळिसुव;<br>हसुरु हुल्लिनिंद कूडिद | of a green colour, green;<br>fresh;<br>verdurous, covered with green, verdant, grassy. |
| **हरियाली** | स्त्री. | 1. हरे-भरे पेड़-पौधों का विस्तृत फैलाव या समूह;<br>2. हरा रंग;<br>3. आनन्द, प्रसन्नता । | ಹಸುರು ತುಂಬಿದ ಪ್ರದೇಶ;<br>ಹಸುರು ಬಣ್ಣ;<br>ಸೊಂಪು, ಸಂತೋಷ | हसुरु तुंबिद प्रदेश;<br>हसुरु बण्ण;<br>सांपु, संतोष | green vegetation, verdure, greenery;<br>greenness;<br>delight, happiness. |
| **हर्ज** | पुं. | 1. हानि, क्षति;<br>2. काम में होनेवाली रुकावट, देरी । | ಹಾನಿ;<br>ಕೆಲಸದಲ್ಲಾಗುವ ತೊಂದರೆ, ನಿಧಾನ | हानि;<br>कलसदल्लागुव तोंदर,निधान | loss, harm, damage;<br>interruption, obstacle, delay. |
| **हर्ष** | पुं. | 1. प्रसन्नता, आनन्द, खुशी;<br>2. साहित्य में संयोग श्रृंगार के अन्तर्गत एक संचारी भाव जिसमें प्रसन्नता के कारण रोएं खड़े हो जाते हैं या चेहरे पर पसीना आ जाता है । | ಹರ್ಷ | हर्ष | joy, delight, pleasure, jubilation, gladness, rapture, glee;<br>joy, considered as a subordinate feeling (in lit.). |
| **हर्षित** | वि. | 1. प्रसन्न, आनंदित;<br>2. प्रसन्न किया हुआ । | ಆನಂದಭರಿತ;<br>ಸಂತೋಷಪಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ | आनंदभरित;<br>संतोषपडिसल्पट्ट | delighted, happy, cheerful;<br>made happy, gladdened. |
| **हल** | पुं. | 1. खेत जोतने का एक प्रसिद्ध उपकरण, लांगल; | ನೇಗಿಲು; | नेगिलु; | a plough; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. हिसाब लगाने की क्रिया, गणित के प्रश्न का उत्तर निकालने की पूरी प्रक्रिया या विवरण; | (ಗಣಿತ) ಉತ್ತರ ಕಂಡು ಹಿಡಿಯುವಿಕೆ; | (गणित) उत्तर कंडु हिडियुविकॆ; | solving, solution, process of solving a mathematical problem; |
| | | 3. किसी कठिन विषय या समस्या का निराकरण, समाधान; | ಸಮಸ್ಯೆ ಬಿಡಿಸುವಿಕೆ; | समस्यॆ बिडिसुविकॆ; | solution (of a difficulty); |
| | | 4. सवाल का जवाब । | ಪ್ರಶ್ನೆಗೆ ಉತ್ತರ | प्रश्नॆगॆ उत्तर | answer, solution (of a question). |
| हलक | पुं. | गले की नली, कंठ, गला । | ಕಂಠನಾಳ | कंठनाळ | throat, gullet, wind pipe. |
| हलका | वि. | 1. कम भारी, मात्रा में अपेक्षाकृत थोड़ा, कम; | ಹಗುರ (ತೂಕ); | हगुर (तूक); | of less weight, light; |
| | | 2. मन्द, मामूली; | ಸಾಧಾರಣ; | साधारण; | mild, soft, gentle, faint, dim; |
| | | 3. ओछा, तुच्छ; | ನೀಚ, ತುಚ್ಛ; | नीच, तुच्छ; | trivial, petty, mean, shallow; |
| | | 4. सहज, सुगम; | ಸುಲಭವಾದ; | सुलभवाद; | easy; |
| | | 5. भारमुक्त, दायित्व से मुक्त; | ಭಾರ (ಜವಾಬ್ದಾರಿ) ಮುಕ್ತ; | भार (जवाब्दारि) मुक्त; | free from burden or responsibility; |
| | | 6. जो गरिष्ठ न हो, सुपाच्य; | ಸುಲಭವಾಗಿ ಜೀರ್ಣಿಸುವ; | सुलभवागि जीर्णिसुव; | easy of digestion, digestible; |
| | | 7. कम मूल्य का, सस्ता; | ಕಮ್ಮಿ ಬೆಲೆಯ; | कम्मि बॆलॆय; | cheap, of low price; |
| | | 8. ताजा, थकानरहित, प्रफुल्ल; | ಹಗುರ (ಮನಸ್ಸು); | हगुर (मनस्सु); | fresh, free from tiredness, light; |
| | | 9. कम अच्छा, घटिया; | ಉತ್ತಮ ತರಹೆಯ ದಲ್ಲದ; | उत्तम तरहॆय-दल्लद; | inferior, lower (in quality); |
| | | 10. झीना, महीन । | ತೆಳುವಾದ | तॆळुवाद | thin. |
| हलका | पुं. | शासनिक आदि कार्यों के लिए निर्धारित विशिष्ट क्षेत्र या भूखंड । | ಆಡಳಿತದ ಸೌಕರ್ಯಕ್ಕಾಗಿ ಮಾಡಿದ ಭೂಭಾಗ, ಇಲಾಕೆ | आडळितद सौकर्यक्कागि माडिद भूभाग, इलाकॆ | circle, area. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हलकापन** | पुं. | हल्के होने की अवस्था, गुण या भाव । | ಹಗುರವಾಗಿರುವಿಕೆ | हगुरवागिरुविकॆ | lightness, mildness, shallowness, easiness, cheapness, freshness, inferiority, thinness etc. |
| **हलचल** | स्त्री. | 1. वह अवस्था या स्थिति जिसमें किसी स्थान पर लोगों का चलना-फिरना लगा रहता है, चहल-पहल, शोरगुल; | ಚಳುವಳಿ, ಗಲಭೆ; | चळुवळि, गलभॆ; | commotion, hustle, tumult; |
| | | 2. उपद्रव, हड़कंप, अशांति; | ಉಪದ್ರವ, ಅಶಾಂತಿ; | उपद्रव, अशांति; | agitation, movement; |
| | | 3. व्याकुलता, बेचैनी, उद्विग्नता । | ವ್ಯಾಕುಲತೆ | व्याकुलतॆ | perturbation. |
| **हलफ** | पुं. | शपथ, सौगंध । | ಶಪಥ | शपथ | oath. |
| **हलफनामा** | पुं. | लिखा हुआ हलफी बयान, शपथ-पत्र । | ಪ್ರತಿಜ್ಞಾಪತ್ರ | प्रतिज्ञापत्र | declaration on oath, an affidavit. |
| **हलवा (हलुवा)** | पुं. | आटे, बेसन, मैदे, सूजी, गाजर आदि को घी में भूनकर और उसमें चीनी, दूध आदि मिलाकर तैयार किया जानेवाला एक प्रसिद्ध व्यंजन । | ಹಲ್ವ | हल्व | a typical Indian pudding made of flour, suji, milk, sugar and ghee, etc. |
| **हलवाई** | पुं. | मिठाई बनाने-बेचनेवाला दुकानदार । | ಮಿಠಾಯಿ ಮಾಡುವವ, ಮಾರುವವ | मिठायि माडुवव, मारुवव | confectioner, sweet–seller. |
| **हलवाहा** | पुं. | वह जो दूसरे के यहां हल जोतने का काम करता हो, हलवाह । | ಉಳಿಮೆಗಾರ, ರೈತ | उळिमॆगार, रैत | ploughman, tiller. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हलाल** | पुं. | 1. ऐसा पशु जिसका मांस खाने की मुसलमानी धर्मपुस्तक में आज्ञा हो; | ಮುಸಲ್ಮಾನ ಧರ್ಮಕ್ಕನುಸಾರ ತಿನ್ನಬಹುದಾದ ಪಶು ಮಾಂಸ; | मुसल्मान धर्मक्कनुसार तिन्नबहुदाद पशुमांस; | an animal whose flesh or meat is considered suitable for eating according to Mohammeden scriptures; |
| | | 2. मुसलमानी धर्म के अनुसार कलमा पढ़कर और धारदार शस्त्र से मारा गया पशु । | ಮುಸಲ್ಮಾನರು ಮಂತ್ರ ಹೇಳಿ ಕೊಂದ ಪಶು | मुसल्मानरु मंत्र हेळि कोंद पशु | an animal slaughtered in accordance with conventional prescription of Mohammedan religion. |
| | वि. | 1. जायज, विहित; | ವಿಧಿ ವಿಹಿತ; | विधि विहित; | legitimate, lawful, having religious sanction; |
| | | 2. कठोर परिश्रम से कमाया हुआ । | ಬೆವರು ಸುರಿಸಿ ಸಂಪಾದಿಸಿದ | बेवरु सुरिसि संपादिसिद | hard earned. |
| **हलाहल** | पुं. | 1. एक प्रचंड विष जो समुद्र मंथन के समय निकला था; | ಸಮುದ್ರ ಮಂಥನದಲ್ಲಿ ಹುಟ್ಟಿದ ವಿಷ; | समुद्र मंथनदल्लि हुट्टिद विष; | a sort of deadly poison produced at the churning of the ocean; |
| | | 2. उग्र विष, कालकूट; | ಕಾಲಕೂಟ ವಿಷ ; | कालकूट विष; | a deadly poison; |
| | | 3. एक विषैला पौधा । | ಪ್ರಾಣಹರ ವಿಷದ ವನಸ್ಪತಿ | प्राणहर विषद वनस्पति | a kind of poisonous plant. |
| **हल्दी (हलदी)** | स्त्री. | 1. एक प्रसिद्द पौधे की जड़ जो कड़ी गांठ के रूप में होती है तथा मसाले और रंगाई के काम आती है; | ಅರಿಸಿನದ ಬೇರು; | अरिसिनद बेरु; | turmeric, curcuma; |
| | | 2. उक्त जड़ का पौधा । | ಅರಿಸಿನದ ಗಿಡ | अरिसिनद गिड | turmeric plant. |
| **हल्ला** | पुं. | 1. एक या अनेक व्यक्तियों का जोर-जोर से चिल्लाना, कोलाहल, शोरगुल; | ಗಲಾಟೆ; | गलाटे; | uproar, tumult; |
| | | 2. धावा, हमला । | ಆಕ್ರಮಣ | आक्रमण | attack, assault. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हवन** | पुं. | मंत्र पढ़कर किसी देवता के लिए अग्नि में आहुति देने की क्रिया, होम । | ಮಂತ್ರಪೂರ್ವಕವಾದ ಹೋಮ | मंत्रपूर्वकवाद होम | offering an oblation with fire, a fire sacrifice. |
| **हवलदार** | पुं. | पुलिस या सेना का एक पदाधिकारी जिसके मातहत कुछ सिपाही होते हैं । | ಪೊಲೀಸು ಅಥವಾ ಸೈನ್ಯದ ಅಧಿಕಾರಿ | पॉलीसु अथवा सैन्यद अधिकारि | Havildar. |
| **हवस (हविस)** | स्त्री. | वह इच्छा जिसकी संतुष्टि बार-बार की जाती हो पर फिर भी जो और अधिक संतुष्टि के लिए उत्कट रूप धारण किए रहती हो, चाह, लालसा, वासना, लोभ, लालच । | ಅತೃಪ್ತ ಆಸೆ, ಲಾಲಸೆ, ಲೋಭ, ವಾಸನೆ | अतृप्त आसॆ, लालसॆ, लोभ, वासनॆ | longing, lust, concupiscence, inordinate appetite, passion. |
| **हवा** | स्त्री. | 1. प्राय: सर्वत्र चलता रहनेवाला वह तत्व जो सारी पृथ्वी में व्याप्त है और जिसमें प्राणी सांस लेते हैं, वायु, पवन; | ಗಾಳಿ; | गाळि; | air, wind, breeze; |
| | | 2. सांस; | ಶ್ವಾಸ, ಉಸಿರು ; | श्वास, उसिरु; | breath, breathing; |
| | | 3. संबंधजन्य कुप्रभाव । | ಸಂಬಂಧದಿಂದುಂಟಾದ ಕುಪ್ರಭಾವ | संबंधदिंदुंटाद कुप्रभाव | undesirable effect or impact, consequence of association. |
| **हवाई** | वि. | 1. हवा से संबंधित; | ಗಾಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; | गाळिगॆ संबंधिसिद; | of or pertaining to air, airy; |
| | | 2. हवा में उड़ने, चलने, रहने या होनेवाला, वायव; | ಗಾಳಿಯಲ್ಲಿ ಓಡಾಡುವ, ಹಾರಾಡುವ ; | गाळियल्लि ओडाडुव, हाराडुव; | aerial; |
| | | 3. काल्पनिक, निर्मूल, निराधार । | ಅಡಿಬುಡ ವಿಲ್ಲದ (ಕಲ್ಪನೆ) | अडिबुडविल्लद (कल्पनॆ) | false, imaginary. |
| **हवाई अड्डा** | पुं. | वायुयानों के उतरने, रुकने या प्रस्थान करने का स्थान । | ವಿಮಾನ ನಿಲ್ದಾಣ | विमान निल्दाण | aerodrome, airport. |
| **हवाई जहाज** | पु. | हवा में उड़नेवाली सवारी, वायुयान । | ವಿಮಾನ | विमान | aeroplane, aircraft. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हवाई डाक | स्त्री. | वायुयान द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान में भेजी जाने-वाली डाक । | ವಿಮಾನದ ಮೂಲಕ ಸಾರಿಗೆಯಾಗುವ ಅಂಚೆ | विमानद मूलक सारिगेयागुव अंचे | air mail. |
| हवादार | वि. | (कमरा, मकान, स्थान) जहां खूब या ताजी हवा बराबर चलती या आती-जाती रहती हो । | ಚೆನ್ನಾಗಿ ಗಾಳಿ ಸಂಚಾರವುಳ್ಳ (ಕೋಣೆ, ಮನೆ) | चेन्नागि गाळि संचारवुळ्ळ (कोणे, मने) | airy, open, well ventilated. |
| हवापानी | पुं. | जलवायु, आबहवा, वाता-वरणिक स्थिति । | ಜಲವಾಯು, ವಾತಾವರಣದ ಸ್ಥಿತಿ | जलवायु, वातावरणद स्थिति | climate. |
| हवाबाज | पुं. | हवाई जहाज चलानेवाला, वायुयान चालक । | ವಿಮಾನ ಚಾಲಕ | विमान चालक | pilot, airman. |
| हवाला | पुं. | 1. किसी बात की पुष्टि के लिए किसी के वचन या किसी घटना का किया जानेवाला उल्लेख या संकेत, निर्देश; | ಪುಷ್ಟೀಕರಣಕ್ಕಾಗಿ ಉದಾಹರಣೆ, ಸಂಕೇತ; | पुष्टीकरणक्कागि उदाहरणे, संकेत; | reference, allusion; |
| | | 2. किसी के कथन या लेख का वह अंश जो प्रमाण स्वरूप उद्धृत किया जाए, उद्धरण । | ಉದ್ಧರಣ | उद्धरण | citation, quotation. |
| हवालात | स्त्री. | जेल या थाने आदि की वह कोठरी या भवन जिसमें विचाराधीन कैदी रखे जाते हैं । | ಜೈಲು, ಬಂಧನದಲ್ಲಿರಿಸುವಿಕೆ | जैलु, बंधनदल्लि-रिसुविके | custody–room, custody, lock–up. |
| हवि | पुं. | 1. हवन की वस्तु या सामग्री, चढ़ावा; | ಹವಿಸ್ಸು; | हविस्सु; | an oblation to gods,offering in general, things offered as oblation into fire; |
| | | 2. बलि, कुर्बानी । | ಬಲಿ | बलि | sacrifice. |
| हवेली | स्त्री. | रहने का ऊंचा, बड़ा और पक्का मकान, महल । | ಮಹಲು | महलु | mansion, a palatial house of brick or stone. |
| हस्त | पुं. | 1. हाथ; | ಕೈ; | कै; | the hand; |
| | | 2. एक हाथ (करीब 20 इंच) की नाप; | ಮೊಳ, 20 ಇಂಚಿನ ಅಳತೆ; | मोळ, 20 इंचिन अळते; | cubit; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे होते हैं; | ಹಸ್ತ ನಕ್ಷತ್ರ; | हस्त नक्षत्र; | name of the thirteenth asterism consisting of five stars; |
| | | 4. हाथी की सूंड; | ಆನೆಯ ಸೊಂಡಿಲು; | आनय सांडिलु; | the trunk of an elephant; |
| | | 5. हाथ की लिखावट । | ಕೈ ಬರವಣಿಗೆ | कै बरवणिगं | handwriting. |
| **हस्तकौशल** | पुं. | हाथ से किए जानेवाले कामों से संबंधित कौशल, दक्षता, सफाई । | ಹಸ್ತಕೌಶಲ | हस्तकौशल | skilfulness of hand, manual dexterity. |
| **हस्तक्षेप** | पुं. | 1. किसी चलते या होते हुए काम या बात में कुछ संशोधन करने के उद्देश्य से हाथ डालना या उसके कर्त्ताओं से कुछ कहना; | ಹಸ್ತಕ್ಷೇಪ | हस्तक्षेप | interference; |
| | | 2. किसी के काम या बात में अनावश्यक रूप से अनाधिकार दखल देना, दस्तंदाजी । | | | meddling. |
| **हस्तगत** | वि. | हाथ में आया हुआ, प्राप्त, मिला हुआ । | ಕೈವಶವಾದ, ಪ್ರಾಪ್ತವಾದ | कैवशवाद, प्राप्तवाद | come to hand, fallen into one's possession, obtained, secured, received. |
| **हस्तरेखा** | स्त्री. | हथेली पर बनी हुई रेखाएं (जिनके आधार पर मनुष्य के भाग्य का विचार किया जाता है) । | ಹಸ್ತರೇಖೆ | हस्तरेखं | the lines of one's palm (studied in palmistry). |
| **हस्तलाघव** | पुं. | हाथ से काम करने की उत्कृष्ट कुशलता, हाथ की फुर्ती, हाथ की सफाई या चालाकी । | ಹಸ್ತ ಕೌಶಲ್ಯ, ಕೈಚಳಕ, ಕಾರ್ಯ ಕುಶಲತೆ | हस्त कौशल्य, कैचळक, कार्य कुशलतं | dexterity of hand, manual skill. |
| **हस्तलिखित** | वि. | हाथ से लिखा हुआ । | ಕೈಯಿಂದ ಬರೆದ | कैयिंद बरंद | handwritten, in manuscript form. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हस्तलिपि** | स्त्री. | 1. हाथ की लिखावट;<br>2. हस्तलेख, हस्तलिखित लेख या ग्रंथ, पांडुलिपि । | ಕೈ ಬರೆಹ;<br>ಕೈಬರವಣಿಗೆಯ ಕೃತಿ, ಪಾಂಡುಲಿಪಿ | कै बरॆह;<br>कैबरवणिगॆय कृति, पांडुलिपि | handwriting;<br>manuscript. |
| **हस्तशिल्प** | पुं. | मुख्यत: हाथों से तैयार किया जानेवाला शिल्प, दस्तकारी । | ಹಸ್ತಶಿಲ್ಪ | हस्तशिल्प | handicraft. |
| **हस्तांतरण** | पुं. | (सम्पत्ति, स्वत्व आदि का) एक हाथ से दूसरे हाथ में जाना या दिया जाना, अंतरण । | ಒಬ್ಬರ ಕೈಯಿಂದ (ಆಸ್ತಿ ಸ್ವತ್ವಗಳು) ಮತ್ತೊಬ್ಬರ ಕೈವಶವಾಗುವಿಕೆ | ऑब्बर कैयिंद (आस्ति स्वत्वगळु) मत्तॊब्बर कैवशवागुविकॆ | transfer, transference. |
| **हस्तांतरणीय** | वि. | जिसका हस्तांतरण हो सकता हो । | ಕೈವಶಪಡಿಸಬಹುದಾದ | कैवशपडिसबहुदाद | transferable. |
| **हस्तांतरित** | वि. | जिसका हस्तांतरण हुआ हो । | ಬೇರೆಯವರ ಕೈವಶವಾದ | बेरॆयवर कैवशवाद | transferred (to another hand). |
| **हस्ताक्षर** | पुं. | 1. किसी व्यक्ति द्वारा लिखा जानेवाला अपना नाम जो इस बात का सूचक होता है कि ऊपर लिखी हुई बातें मैंने लिखी हैं और उनका उत्तरदायित्व मुझ पर है, दस्तखत, सही;<br>2. हाथ से बनाए हुए अक्षर । | ಸಹಿ, ರುಜು;<br>ಕೈ ಬರವಣಿಗೆ | सहि, रुजु;<br>कै बरवणिगॆ | signature;<br>handwriting. |
| **हस्ताक्षरित** | वि. | जिस पर किसी के हस्ताक्षर हुए हों । | ರುಜು ಹಾಕಲ್ಪಟ್ಟ | रुजु हाकल्पट्ट | signed. |
| **हस्तामलक** | पुं. | 1. हाथ में लिया हुआ आंवला, जो बिलकुल स्पष्ट दिखाई देता हो; | (ಕೈಯಲ್ಲಿರಿಸಿದ ನೆಲ್ಲಿಕಾಯಿಯಂತೆ) ಎಲ್ಲ ರೀತಿಯಲ್ಲೂ ಸ್ಪಷ್ಟವಾಗಿ ಕಂಡುಬರುವ ವಸ್ತು; | (कैयल्लिरिसिद नॆल्लिकायियंतॆ) ऍल्ल रीतियल्लू स्पष्टवागि कंडुबरुव वस्तु; | (lit.) the fruit or seed of the emblic myrobalan in the hand, a thing which is perfectly clear from every point of view; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह वस्तु या बात जिसका हर पहलू हथेली पर रखे हुए आंवले की तरह स्पष्ट होता है, भली-भांति जाना और समझा हुआ विषय या वस्तु । | ಸ್ಪಷ್ಟವಾಗಿ ಕಂಡು ಬರುವ ವಿಷಯು | स्पष्टवागि कंडुबरुव विषय | absolutely clear and readily comprehensible subject (like the fruit of the emblic myrobalan in hand). |
| | वि. | पूर्णतया स्पष्ट और ज्ञात । | ಸಂಪೂರ್ಣವಾಗಿ ಅರಿವಾದ | संपूर्णवागि अरिवाद | absolutely clear and known. |
| **हस्ती** | पु. | हाथी । | ಆನೆ | आनें | elephant. |
| | स्त्री. | 1. वर्तमान होने की अवस्था, अस्तित्व, जीवन; | ಅಸ್ತಿತ್ವ; | अस्तित्व; | existence, being, life; |
| | | 2. महत्व, मूल्य; | ಮಹತ್ವ; | महत्व; | worth, value, significance; |
| | | 3. मान्य या श्रेष्ठ व्यक्ति । | ಶ್ರೇಷ್ಠ ವ್ಯಕ್ತಿ | श्रेष्ठ व्यक्ति | personage. |
| **हस्ते** | अव्य. | किसी के हाथ से, मारफत, द्वारा । | ಮೂಲಕ, ಮುಖಾಂತರ | मूलक, मुखांतर | through, through the agency of. |
| **हहरना** | अ. क्रि. | 1. कांपना, थरथराना; | ಗಡಗಡ ನಡುಗು; | गडगड नडुगु; | to tremble, to shiver, to quiver; |
| | | 2. चकित होना, दंग होना; | ಬೆಚ್ಚು; | बेच्चु; | to be wonder-struck, to be astonished; |
| | | 3. ईर्ष्या से क्षुब्ध होना । | ಹೊಟ್ಟೆಕಿಚ್ಚಿನಿಂದ ಕ್ಷುಬ್ಧಗೊಳ್ಳು | होट्टें किच्चिनिंद क्षुब्धगोळ्ळु | to be agitated with jealousy. |
| **हां** | अव्य. | स्वीकृति, सहमति, समर्थन, निश्चय, आत्मतोष, स्मृति आदि का सूचक शब्द । | (ಸಮ್ಮತಿ ಸೂಚಕ) ಹೌದು | (सम्मति सूचक) हौदु | a word denoting agreement, fulfilment, affirmation, satisfaction. |
| | स्त्री. | स्वीकृति, स्वीकृति देने, 'हां' कहने का कार्य । | ಸ್ವೀಕೃತಿ ಸೂಚಿಸುವಿಕೆ | स्वीकृति सूचिसुविकें | yes, yea, truly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हांक** | स्त्री. | 1. किसी को पुकारने या बुलाने अथवा कोई बात सूचित करने के लिए जोर से कहा जानेवाला शब्द, पुकार; | ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿ ಕೂಗಿ ಕರೆಯುವಿಕೆ; | गट्टियागि कूगि करॅयुविकॅ; | calling aloud; |
| | | 2. सहायता प्राप्त करने के लिए मचाई जानेवाली पुकार, दुहाई; | ಸಹಾಯಕ್ಕಾಗಿ ಕೂಗುವಿಕೆ; | सहायक्कागि कूगुविकॅ; | outcry or entreaty for help; |
| | | 3. किसी को डांटने-डपटने, बढ़ावा देने या ललकारने आदि के लिए जोर से कहा जानेवाला शब्द । | ಹೆದರಿಸಲು ಬೆದರಿಸಲು ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿ ಕೂಗಾಡುವಿಕೆ | हॅदरिसलु बॅदरिसलु गट्टियागि कूगाडुविकॅ | halloo, cry of challenge. |
| **हांकना** | स. क्रि. | 1. जोर से चिल्लाकर बुलाना; | ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿ ಕೂಗು; | गट्टियागि कूगु; | to call aloud; |
| | | 2. शत्रु को ललकारना; | (ಯುದ್ಧಕ್ಕೆ) ತೊಡೆ ತಟ್ಟಿ ನಿಲ್ಲು; | (युद्धक्कॅ) तॉडॅ तट्टि निल्लु; | to halloo, to challenge loudly; |
| | | 3. जानवरों को आगे बढ़ाने के लिए मुंह से कुछ कहते हुए चाबुक आदि लगाना; | (ದನವನ್ನು) ಮುಂದೆ ಹೊಡೆ; | (दनवन्नु) मुंदॅ हॉडॅ; | to drive (an animal), to urge on, to goad; |
| | | 4. पशुवाली सवारी चलाना; | (ಎತ್ತು, ಕುದುರೆ) ಗಾಡಿ ಹೊಡೆ, ನಡೆಸು; | (ऍत्तु कुदुरॅ) गाडि हॉडॅ, नडॅसु; | to drive animal-driven vehicle; |
| | | 5. बहुत बढ़-चढ़कर बातें करना; | ಜಂಭ ಕೊಚ್ಚು; | जंभ कॉच्चु; | to indulge in boastful gossip, to brag and boast; |
| | | 6. (पंखा) झलना; | ಪಂಖ ಬೀಸು; | पंख बीसु; | to oscillate (a fan); |
| | | 7. हवा आदि करके (मक्खी आदि) हटाना, उड़ाना; | (ನೊಣ) ಹೊಡೆ; | (नॉण) हॉडॅ; | to drive away (fly etc.) by fan air; |
| | | 8. (जानवर आदि) भगाना, खदेड़ना । | ಪಶುಗಳನ್ನು ಹೊಡೆದು ಓಡಿಸು | पशुगळन्नु हॉडॅदु ओडिसु | to drive out or away. |
| **हांका** | पुं. | 1. जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए उन्हें हांक कर ऐसी जगह ले जाना जहां सहज में उनका शिकार हो सके; | ಬೇಟೆಯಾಡಲು ಕಾಡು ಪ್ರಾಣಿಗಳನ್ನು ಬಲೆ ಬೀಳುವ ಜಾಗಕ್ಕೆ ಅಟ್ಟಿಕೊಂಡು ಹೋಗುವಿಕೆ; | बेटॅयाडलु काडु प्राणिगळन्नु बलॅ बीळुव जागक्कॅ अट्टिकॉंडु होगुविकॅ; | driving the prey towards the spot where the hunter is seated; |
| | | 2. पुकार, टेर; | ಕೂಗಾಡುವಿಕೆ; | कूगाडुविकॅ; | call, outcry for help, bawling, calling aloud; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. ललकार । | ತೋಳು ತಟ್ಟಿ ಮಾಡುವ ಯುದ್ಧ ಗರ್ಜನೆ | तोळु तट्टि माडुव युद्ध गर्जने | a halloo, cry of challenge. |
| **हाँपना (हाँफना)** | अ. क्रि. | थकावट, भय आदि के कारण फेफड़ों का जल्दी-जल्दी और लम्बे-लम्बे सांस लेना । | ಏದು, ಮೇಲುಸಿರು ಹೊಯ್ಯು | एदु, मेलुसिरु होय्यु | to pant, to be out of breath, to breathe heavily. |
| **हाकिम** | पुं. | 1. हुकूमत करनेवाला व्यक्ति, शासक; | ಅಧಿಕಾರಿ; | अधिकारि; | ruler; |
| | | 2. प्रधान या बड़ा अधिकारी । | ಮುಖ್ಯಾಧಿಕಾರಿ | मुख्याधिकारि | boss, officer, superior officer. |
| **हाजत** | स्त्री. | 1. ऐसी अपेक्षा या आवश्यकता जिसकी पूर्ति यथासाध्य शीघ्र की जाने को हो; | (ಶೌಚಾದಿಗಳಿಗಾಗಿ) ಅವಸರ; | (शौचादिगळिगागि) अवसर; | call of nature, pressure in the bowels; |
| | | 2. वह स्थान जहां हिरासत में लिया हुआ आदमी बन्द रखा जाता है । | ಕೈದಿಗಳನ್ನು ಶಿಕ್ಷಿಸುವ ಮುನ್ನ ಇರಿಸುವ ಠಾಣೆ | कैदिगळन्नु शिक्षिसुव मुन्न इरिसुव ठाणे | a place of detention (for prisoners pending trial), custody. |
| **हाजमा** | पुं. | 1. पाचन क्रिया; | ಜೀರ್ಣಶಕ್ತಿ | जीर्णशक्ति | digestion, digestive function; |
| | | 2. पाचनशक्ति । | | | digestive power, digestion. |
| **हाजिर** | वि. | 1. उपस्थित, मौजूद; | ಹಾಜರಿರುವ; | हाजरिरुव; | present, in attendance; |
| | | 2. प्रस्तुत । | ಪ್ರಸ್ತುತವಿರುವ | प्रस्तुतविरुव | ready, prepared. |
| **हाजिरजवाब** | वि. | प्रश्न या बात का यथोचित उत्तर तुरन्त देनेवाला, उत्तर देने में निपुण, प्रत्युत्पन्नमति । | ಪ್ರಶ್ನೆಗೆ ತಕ್ಷಣ ಉತ್ತರಿಸ ಬಲ್ಲವ, ಪ್ರತ್ಯುತ್ಪನ್ನಮತಿ | प्रश्नेगे तक्षण उत्तरिस बल्लव, प्रत्युत्पन्नमति | quick witted, ready witted, witty. |
| **हाजिर-जवाबी** | स्त्री. | हाजिर जवाब होने की अवस्था या भाव, प्रत्युत्पन्नमतित्व । | ಪ್ರತ್ಯುತ್ಪನ್ನಮತಿತ್ವ | प्रत्युत्पन्नमतित्व | qucik wittedness, ready wit. |
| **हाजिरी** | स्त्री. | 1. हाजिर रहने या होने की अवस्था या भाव, विद्यमानता, मौजूदगी, उपस्थिति; | ಹಾಜರಿರುವಿಕೆ; | हाजरिरुविके; | presence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. छात्रों, नौकरों आदि की अपने कार्य, पद, समय पर होनेवाली उपस्थिति । | ಹಾಜರಿ | हाजरि | attendance, roll–call. |
| **हाजी** | पुं. | वह मुसलमान जो हज अर्थात् मक्का की यात्रा करने जा रहा हो या कर आया हो । | ಮಕ್ಕಾಯಾತ್ರೆ ಮಾಡಿದ ಅಥವಾ ಯಾತ್ರೆಗೆ ಹೊರಟ ಮುಸಲ್ಮಾನ ಧರ್ಮೀಯ | मक्का यात्रॆ माडिद अथवा यात्रॆगॆ हॊरट मुसल्मान धर्मीय | a Mohammedan pilgrim to Mecca or a Mohammedan who has performed the pilgrimage of Mecca. |
| **हाट** | स्त्री. | 1. कुछ नियत या विशिष्ट स्थानों तथा विशिष्ट अवसरों पर या विशिष्ट दिनों में लगनेवाला बाजार, पैंठ; | ಪೇಟೆ; | पेटॆ; | a temporary and periodic market; |
| | | 2. स्थायी रूप से बना और बसा हुआ बाजार । | ಸ್ಥಾಪಿತವಾದ ಅಂಗಡಿ ಬೀದಿ | स्थापितवाद अंगडि बीदि | a permanent market, a mart, bazar. |
| **हाड़** | पुं. | अस्थि, हड्डी । | ಮೂಳೆ | मूळॆ | bone. |
| **हाता** | पुं. | दे. 'अहाता' । | ಅಂಗಳ | अंगळ | same as 'अहाता'. |
| **हाथ** | पुं. | 1. मनुष्य के शरीर में कंधे से अंगुलियों तक का वह अंग जिससे अधिकतर काम किए जाते हैं और चीजें खाई, पकड़ी, ली या दी जाती हैं, कर, हस्त; | ಕೈ; | कै; | arm; |
| | | 2. लम्बाई की एक नाप जो मनुष्य की कोहनी से लेकर पंजे के छोर तक मानी जाती है, चौबीस अंगुल का मान; | 24 ಅಂಗುಲ ಉದ್ದದ ಅಳತೆ; | 24 अंगुल उद्दद अळतॆ; | the fore–arm, a cubit (measured from the elbow to the tip of the middle finger); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी कार्य के संचालन में होनेवाला किसी का अंश या प्रेरणा, योगदान; | ಕಾರ್ಯದಲ್ಲಿ ಯೋಗದಾನ; | कार्यदल्लि योगदान; | inspiration, cooperation, contribution, share etc. of some one in the performance of a work; |
| | | 4. हाथ से काम करने का विशिष्ट कौशल, हस्तकौशल; | ಹಸ್ತಕೌಶಲ್ಯ; | हस्तकौशल्य; | manual skill; |
| | | 5. ताश से खेले जानेवाले खेलों में हर खिलाड़ी के खेलने की बारी, दांव; | ಆಟದಲ್ಲಿ ಸರದಿ; | आटदल्लि सरदि; | turn in a game of cards etc; |
| | | 6. औजार या हथियार का दस्ता, मुट्ठा, हत्था; | ಆಯುಧದ ಹಿಡಿ; | आयुधद हिडि; | handle; |
| | | 7. कुरसी का वह भाग जिस पर हाथ रखा जाता है । | ಕುರ್ಚಿ ಮೊದಲಾದುದರ ಕೈ | कुर्चि मोदलादुदर कै | arm (of a chair). |
| **हाथकरघा** | पुं. | हाथ से चलाया जानेवाला कपड़ा बुनने का करघा । | ಕೈ ಮಗ್ಗ | कै मग्ग | handloom. |
| **हाथापाई** | स्त्री. | वह लड़ाई जिसमें एक-दूसरे के हाथ को पकड़कर खींचते और ढकेलते हैं । | ಕೈ-ಕೈ ಮಿಲಾಯಿಸಿ ಮಾಡುವ ಜಗಳ | कै-कै मिलायिसि माडुव जगळ | scuffle, struggle, tussle, skirmish. |
| **हाथी** | पुं. | 1. एक बहुत बड़ा प्रसिद्ध स्तनपायी चौपाया जो अपने स्थूल और विशाल आकार तथा सूंड के कारण सब जानवरों से विलक्षण होता है, गज; | ಆನೆ; | आने; | elephant; |
| | | 2. शतरंज का एक मोहरा जिसे रुख या फील कहते हैं । | ಚದುರಂಗದ ಆಟದ ಆನೆ | चदुरंगद आटद आने | (at chess) the castle or rook. |
| **हाथी दाँत** | पुं. | नर हाथी के मुंह के दोनों छोरों पर निकले हुए सफेद दांत जो केवल दिखावटी होते हैं पर जिनसे अनेक प्रकार की सुन्दर और बहुमूल्य चीजें बनती हैं । | ಆನೆಯ ದಂತ | आनेय दंत | elephant's tusk, ivory. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हाथोंहाथ** | क्रि. वि. | 1. तत्काल, तुरन्त; | ತಕ್ಷಣ, ಕೂಡಲೆ ; | तक्षण, कूडले; | in no time, immediately, quickly, expeditiously; |
| | | 2. एक के हाथों से दूसरे के हाथों में होते हुए । | ಕೈಯಿಂದ ಕೈಗೆ | कैयिंद कैगे | from hand to hand. |
| **हानि** | स्त्री. | 1. ऐसी स्थिति जिसमें कोई विशेष अपकार, घाटा, त्रुटि या कोई बुरी बात हुई हो, क्षति, नुकसान; | ನಷ್ಟ; | नष्ट; | loss, damage, detriment, harm; |
| | | 2. पूरी तरह से नष्ट हो जाना, न रह जाना, नाश । | ನಾಶ | नाश | destruction. |
| **हानिकर (हानिकारक)** | वि. | हानि करनेवाला, नुकसान पहुंचानेवाला । | ಹಾನಿಕರ | हानिकर | causing loss or injury, etc., injurious, harmful, damaging, detrimental. |
| **हामी** | स्त्री. | हां करने या कहने की क्रिया या भाव, स्वीकृति । | ಒಪ್ಪಿಗೆ | ऑप्पिगे | acceptance. |
| | वि. | 1. हिमायत करनेवाला, पृष्ठपोषक; | ಅನುಮೋದಕ; | अनुमोदक; | supporter, champion of; |
| | | 2. सहायक, मददगार । | ಸಹಾಯಕ | सहायक | helper. |
| **हाय** | अव्य. | घोर मानसिक या शारीरिक कष्ट होने पर अथवा उसका भय उत्पन्न होने पर मुंह से निकलनेवाला व्यथासूचक शब्द । | ನಿಟ್ಟುಸಿರು | निट्टुसिरु | particle expressive of mental or physical agony, ah! alas! oh!. |
| | स्त्री. | शाप । | ಶಾಪ | शाप | curse. |
| **हायतोबा** | स्त्री. | 1. विलाप, रोना-धोना; | ಗೋಳಾಟ; | गोळाट; | lamentation, bewailing; |
| | | 2. कुहराम, वावेला । | ಗಲಾಟೆ, ಕೂಗಾಟ | गलाटे, कूगाट | outcry, tumult, uproar. |
| **हार** | स्त्री. | 1. पराजय; | ಸೋಲು; | सोलु; | defeat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पराजय के कारण होनेवाली हानि, क्षति, नुकसान । | ನಷ್ಟ | नष्ट | loss. |
| | पुं. | फूलों, मोतियों आदि की माला । | ಹೂಮಾಲೆ, ಹಾರ | हूमाले, हार | garland or necklace. |
| | प्रत्य. | ले जानेवाला, छीननेवाला, मुग्ध करनेवाला आदि अर्थों का बोधक प्रत्यय । | ಕೊಂಡುಹೋಗುವವ, ಕಸಿದುಕೊಳ್ಳುವವ, ಮುಗ್ಧಗೊಳಿಸುವವ ಆದಿ ಅರ್ಥಗಳಲ್ಲಿ ಪ್ರಯುಕ್ತ ಪ್ರತ್ಯಯ | कोंडुहोगुवव, कसिदुकोळ्ळुवव, मुग्धगोळिसुवव आदि अर्थगळल्लि प्रयुक्त प्रत्यय | suffix meaning one who or that carries away per force or usurps, charms etc. or denotes a doer. |
| **हार-जीत** | स्त्री. | 1. जय-पराजय; | ಜಯ-ಪರಾಜಯ; | जय-पराजय; | defeat and victory, losing and winning; |
| | | 2. हानि-लाभ । | ಲಾಭ-ನಷ್ಟ | लाभ-नष्ट | loss and gain. |
| **हारना** | अ. क्रि. | 1. युद्ध, खेल आदि में पराजित होना; | ಸೋಲು; | सोलु; | to be defeated, to lose (in battle, play etc.); |
| | | 2. विफल रहना; | ಅಸಫಲವಾಗು; | असफलवागु; | to be unsuccessful, to fail; |
| | | 3. थक जाना, शिथिल हो जाना । | ಬಳಲು | बळलु | to be fatigued, or to be tired out, to be wearied. |
| | स. क्रि. | 1. प्रतियोगिता, युद्ध आदि में पराजित होने के कारण हाथ से उसे या उससे संबंधित चीज जाने देना, गंवाना, खोना; | ಜೂಜು, ಆಟ ವಗೈರೆ ಗಳಲ್ಲಿ ಕಳಕೊಳ್ಳು; | जूजु, आट वगैरे-गळल्लि कळकोळ्ळु; | to lose; |
| | | 2. न रख सकने या निर्वाह न कर सकने के कारण छोड़ देना । | ನಿರ್ವಹಿಸಲಾಗದೆ ಬಿಟ್ಟುಬಿಡು | निर्वहिसलागदे बिट्टुबिडु | to let go. |
| **हार्दिक** | वि. | हृदय में रहने या होनेवाला, हृदय का । | ಹೃದಯಪೂರ್ವಕವಾದ, ಹೃದಯದ | हृदयपूर्वकवाद, हृदयद | hearty, cordial. |
| **हाल** | पुं. | 1. वर्तमान काल; | ವರ್ತಮಾನ ಕಾಲ; | वर्तमान काल; | present time; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कन्नड पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वर्तमान से कुछ ही पहले का समय; | ಇತ್ತೀಚಿನ ಕಾಲ; | इत्तीचिन काल; | recent time; |
| | | 3. अवस्था, दशा, हालत; | ಸ್ಥಿತಿ; | स्थिति; | condition, state; |
| | | 4. विवरण, वृत्तांत, समाचार; | ವೃತ್ತಾಂತ; | वृत्तांत; | account, news, statement; |
| | | 5. भक्ति के आवेश के कारण होनेवाली तन्मयता, आत्म-विस्मृति या विभोरता । | ಆತ್ಮ ವಿಸ್ಮೃತಿ | आत्म विस्मृति | trance, ecstasy |
| | स्त्री. | काठ के पहिए पर चारों ओर चढ़ाया जानेवाला लोहे का घेरा या गोलाकार बंद । | ಗಾಡಿಯ ಚಕ್ರಕ್ಕೆ ಹಾಕುವ ಲೋಹದ ಪಟ್ಟಿ | गाडिय चक्रक्के हाकुव लोहद पट्टि | hoop or metallic tyre over wooden wheel. |
| **हालचाल** | पुं. | 1. अवस्था, दशा, परिस्थिति, स्थिति; | ಸ್ಥಿತಿಗತಿ; | स्थितिगति; | general condition, state of affairs; |
| | | 2. विवरण, वृत्तांत, समाचार । | ವೃತ್ತಾಂತ | वृत्तांत | news. |
| **हालत** | स्त्री. | 1. अवस्था, दशा; | ಸ್ಥಿತಿ; | स्थिति; | state, condition; |
| | | 2. परिस्थिति, हालात । | ಪರಿಸ್ಥಿತಿ | परिस्थिति | circumstances, conditions. |
| **हालांकि** | अव्य. | यद्यपि । | ಆದಾಗ್ಯೂ | आदाग्यू | whereas, since, though, although. |
| **हाला** | स्त्री. | मद्य, शराब । | ಮದ್ಯ | मद्य | wine, spirituous liquor. |
